RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 40
लखनऊ, शनिवार, 27 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




पैट कमिंस बने आस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के कप्तान


स्पोर्ट्स-10


# उपनिवेशवादी मानसिकता वाले देश के विकास में बाधाः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एकमात्र देश है, जो पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने की ओर अग्रसर है लेकिन इसके बावजूद उपनिवेशवादी मानसिकता के चलते देश पर पर्यावरण के नाम पर तरह-तरह के दबाव बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से देश में भी ऐसी ही मानसिकता के चलते अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर या अन्य चीजों का सहारा लेकर अपने ही देश के विकास में रोड़े अटकाए जाते है।

राजधानी स्थित विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय संविधान दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस उपनिवेशवादी मानसिकता को दूर करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए सबसे बड़ी शक्ति और सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत भारत का संविधान ही है। उन्होंने कहा, सरकार और न्यायपालिका, दोनों का ही जन्म संविधान की कोख से हुआ है। इसलिए, दोनों ही जुड़वां संतानें हैं। संविधान की वजह से ही दोनों अस्तित्व में आए हैं। इसलिए, व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो अलग-अलग होने के बाद भी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। शास्त्रों का उद्धरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी समाज या देश की ताकत उसकी एकता और एकजुट प्रयासों में होती है और जो मजबूत राष्ट्र के हितैषी होते हैं, वह एकता की प्रशंसा करते हैं तथा उस पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि रखते हुए, यही एकता देश की सभी संस्थाओं के प्रयासों में होनी चाहिए।

आज जब देश अमृत काल में अपने लिए असाधारण लक्ष्य तय कर रहा है, दशकों पुरानी समस्याओं के समाधान तलाश करते हुए भविष्य के लिए संकल्प ले रहा है, तो यह सबके साथ से ही पूरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास संविधान की भावना का सबसे सशक्त प्रकटीकरण है। सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, संविधान के लिए समर्पित सरकार, विकास में भेद नहीं करती और यह हमने करके दिखाया है। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति न्यायमूर्ति एम वी रमण और कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कार्यक्रम


(शेष पेज 9)


## परिवारवादी पार्टियां नहीं कर सकतीं लोकतंत्र की रक्षाः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए पारिवारिक पार्टियों को संविधान के प्रति समर्पित राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बताया और दावा किया कि लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके दल, लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने किसी दल विशेष का नाम लिए बगैर इस आयोजन का बहिष्कार करने वाले दलों को भी आड़े हाथों लिया और इस पर चिंता जताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का स्मरण ना करने और उनके खिलाफ विरोध के भाव को यह देश


(शेष पेज 9)


# यूपी में आयकर रिटर्न में छह गुना हुई बढ़ोत्तरीः सीतारमण

- एनफोर्समेंट के बजाय संवाद से रेवेन्यू दोगुना हुआः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में कर वसूली और उसके प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आय में वृद्धि हो रही है और इससे आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है एवं कर से प्राप्त इस राशि का उपयोग विकास कार्यों में किया जा रहा है। लखनऊमें राम तीर्थ मार्ग पर स्थित आयकर विभाग के नवनिर्मित कार्यालय प्रत्यक्ष कर भवन का उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ लोकार्पण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए निर्मला सीतारमण ने राज्य में केंद्र सरकार द्वारा जनता के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आय बढ़ रही है, आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जिसका उपयोग विकास को दिशा देने में हो रहा है। वित्तमंत्री ने कहा कि जब एक राज्य से कर की वसूली होती है तो उसका असर तुरंत जनता में देखने को मिलता है। सीतारमण ने कहा कि मुझे दुख होता है कि अगर 10-15 साल पहले इतना बेहतर भवन मिल जाता तो काम करने में लोगों को आसानी होती और उसका बेहतर प्रभाव होता। केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि 2017 में इस भवन के निर्माण की शुरुआत हुई और तीन साल के भीतर यह भवन


(शेष पेज 9)


## सभी जिलों में वकीलों के चैम्बर बनवाएगी सरकारः योगी

**लखनऊ।** देश के 71वें संविधान दिवस पर उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च न्यायालय से जिला अदालतों तक सभी जिलों में वकीलों के लिए चैम्बर बनाए जाने और न्यायालय आने वाले वादियों के लिए भी उचित व्यवस्थाएं किए जाने की घोषणा की।

लोकभवन में शुक्रवार को अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाइव जुड़े थे। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन भी किया गया। योगी ने अपने संबोधन में कहा कि यह वर्ष हमारे सभी लोगों के लिए विशेष है क्योंकि एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव और दूसरी तरफ चौरी-चौरा का शताब्दी महोत्सव मनाया जा रहा है, ऐसे में संविधान दिवस का आयोजन भी देश के लिए खास महत्व रखता है। उन्होंने कहा, संविधान ने हम सभी को समान मताधिकार और अन्य अधिकार प्रदान किए हैं, इसलिए हमें संविधान को भी अपने घरों मे वैसे ही रखना चाहिए हम जैसे धार्मिक ग्रंथ को रखते हैं


(शेष पेज 9)


# कोरोना के नए वैरिएंट से हड़कंप कई देशों ने लगाए यात्रा प्रतिबंध

- दक्षिण अफ्रीका में मिले इस वैरिएंट से 25 साल तक के लोगों को ज्यादा खतरा
- भारत भी सतर्क, दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना और हांगकांग के यात्रियों की कड़ी जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दक्षिण** अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए संस्करण बी.1.1.529 का पता लगने के बाद से महामारी से पस्त अनेक देशों में घबराहट फैल गई है। एहतियाती कदम उठाते हुए कई देशों ने दक्षिण अफ्रीकी नागरिकों और अफ्रीकी देशों से होकर आने वाले अन्य यात्रियों पर क्वॉरंटीन तथा टीकाकरण जैसे नियम दोबारा लागू कर दिए हैं। भारत ने भी सतर्कता बरते हुए दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना और हांगकांग के यात्रियों की कठोर जांच करने का आदेश जारी किया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार कोविड-19 नया संस्करण मुख्य रूप से 25 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रहा है, जिन लोगों का टीकाकरण हुआ है, उनमें वायरस के खिलाफ दर प्रतिरोधक क्षमता केवल 26 फीसदी है। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान वैक्सीन इस वायरस के लिए उपयुक्तनहीं है जो इसके खिलाफ कम प्रभावी है, लेकिन उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि वे शून्य सुरक्षा प्रदान करेंगे। दक्षिण अफ्रीका में 100 से अधिक मामलों का पता चला है, जहां नया स्ट्रेन धीरे-धीरे प्रमुख होता जा रहा है। इज़राइल ने मलावी से लौटे एक व्यक्ति में बड़ी संख्या में उत्परिवर्तन के साथ एक कोविड -19 संस्करण के मामले की पहचान की है। बेल्जियम में भी एक मामला सामने आया है। हांगकांग में दो मामलों का


(शेष पेज 9)


## शेयर बाजार ने लगाया 1,688 अंक का गोता

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,688 अंक लुढ़क गया। कोविड-19 वायरस की नई किस्म को लेकर चिंता के बीच वैश्विक बाजारों में बिकवाली के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई। ऐसी खबरें हैं कि वायरस की नई किस्म टीका लेने वाले लोगों को भी संक्रमित करता है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक अब तक दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना और हांगकांग में पाए गए इस किस्म में उत्परिवर्तनों (म्यूटेशन) का आसाधारण मेल है। ब्रिटेन और जापान जैसे देश पहले ही यात्रा संबंधी प्रतिबंध लगा चुके हैं जिसके साथ लॉकडाउन का नया दौर शुरू होने की आशंका बढ़ गई है।

# कोविड टीकाकरण अभियान सही दिशा में: सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण कार्यक्रम पर इस दौर में संदेह व्यक्त नहीं कर सकता और लोगों के टीकाकरण में ढिलाई की बात को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि करोड़ों लोगों ने टीका लगवा लिया है और यहां तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी इसे मंजूरी दी है तथा पूरी दुनिया टीका लगवा रही है।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने याचिकाकर्ता अजय कुमार गुप्ता तथा अन्य को याचिका की प्रति सॉलिसिटर जनरल को उपलब्ध कराने को कहा और उनका जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हमारे पास टीकाकरण के बाद किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की निगरानी के लिए एक प्रणाली, दिशा-निर्देश मौजूद हैं। हमेशा असहमति व्यक्त करने वाले होंगे, लेकिन उनके अनुसार नीति नहीं बनाई जा सकती। पीठ ने कहा कि हमें समग्र रूप से राष्ट्र की भलाई देखनी है। दुनिया ने एक अभूतपूर्व महामारी देखी है, जिसे हमने अपने जीवनकाल में नहीं देखा है। हम इस दौर में टीकाकरण कार्यक्रम पर संदेह नहीं कर सकते हैं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय महत्व की बात है कि लोगों का टीकाकरण हो। लोगों का टीकाकरण न होने संबंधी ढिलाई की कीमत हम स्वीकार नहीं कर सकते।

गुप्ता और अन्य द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव के कारण हजारों मौत हुई हैं और केंद्र को इस टीकाकरण को पूरी तरह से स्वैच्छिक बनाने का निर्देश दिया जाना चाहिए। इसमें केंद्र को यह निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया गया है कि यूरोपीय देशों


(शेष पेज 9)


# भारत 15 दिसंबर से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू करेगाः मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली


**नागर** विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत आने-जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 दिसंबर से सामान्य रूप से संचालित होंगी। गौरतलब है कि भारत आने-जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कोविड-19 महामारी के कारण 23 मार्च, 2020 से ही बंद हैं। हालांकि, पिछले साल जुलाई से करीब 28 देशों के साथ हुए एयर बबल समझौते के तहत विशेष अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें संचालित हो रही हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने विमानन नियामक डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) को पत्र लिखकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक कार्वाई करने को कहा है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश में कहा, भारत आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक यात्री उड़ानों को फिर से शुरू करने के संबंध में फैसला गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की


(शेष पेज 9)


# पुतिन छह दिसंबर को भारत आएंगे मोदी के साथ करेंगे शिखर बैठक

**भाषा।** नई दिल्ली





**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन छह दिसंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तथा द्विपक्षीय एवं विशेष सामरिक संबंधों के सभी आयामों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह दिसंबर को 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता भी होगी जिसमें दोनों देशों के रक्षा एवं विदेश मंत्री हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता में हिस्सा लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु 5-6 दिसंबर को भारत आएंगे। बागची ने कहा कि इस बैठक में भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, छह दिसंबर को राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि पिछली भारत रूस शिखर बैठक सितंबर 2019 को ब्लादीबोस्तक में हुई थी तथा कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में यह बैठक नहीं आयोजित की जा सकी थी।

बागची ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान दोनों पक्ष द्विपक्षी संबंधों तथा विशेष सामरिक गठजोड़ की स्थिति की समीक्षा करेंगे तथा इसे और आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों नेता साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। वहीं, रूसी दूतावास के प्रवक्ता ने 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता के संदर्भ में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंत्री एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और अफगानिस्तान तथा सीरिया के घटनाक्रम सहित


(शेष पेज 9)


## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | ↓ | 1687 | |
| निफ्टी | 17,026 | ↓ | 509 | |
| सोना | 47,155 | ↑ | 570 | /10g |
| चांदी | 62,145 | ↑ | 190 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सेना ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम की पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। एक रक्षा प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि सेना के सतर्क जवानों ने बृहस्पतिवार देर रात भिंबर गली के अग्रिम इलाके में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिश का पता लगाया। उन्होंने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया। प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादी के शव के साथ हथियार और गोला बारूद बरामद किए गए है। अभियान अभी जारी है। खबर है कि सीमापार से कई आतंकी अभी घुसपैठ की फिराक में हैं। इसको लेकर सेना का अभियान चल रहा है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज पर सीबीआई चलाएगी मुकदमा

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस एन शुक्ला पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। उन पर अपने आदेशों के जरिए एक निजी मेडिकल कॉलेज को फायदा पहुंचाने का आरोप है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत इस साल 16 अप्रैल को सेवानिवृत्त न्यायाधीश पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी मांगी थी।

केंद्र सरकार के मंजूरी देने के बाद सीबीआई अब सेवानिवृत्त न्यायाधीश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। अधिकारियों ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊपीठ के न्यायाधीश शुक्ला के अलावा एजेंसी ने प्राथमिकी में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आई एम कुद्दुसी, प्रसाद एजुकेशन ट्रस्ट के भगवान प्रसाद यादव तथा पलाश यादव, ट्रस्ट और निजी व्यक्तियों भावना पांडेय और सुधीर गिरि को भी नामजद किया है।


उच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, सीबीआई को सेवानिवृत्त न्यायाधीश कुद्दुसी पर मुकदमा चलाने की मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कथित अपराध होने के वक्त वह सेवानिवृत्त हो गए थे और वह एक निजी व्यक्ति की हैसियत से इसमें कथित तौर पर शामिल हुए। न्यायाधीश शुक्ला पांच अक्टूबर 2005 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का हिस्सा बने और 17 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति शुक्ला, जो उच्च न्यायालय में एक खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे थे, ने 2017-18 के शैक्षणिक सत्र के लिए निजी कॉलेजों को छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने के लिए भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ द्वारा पारित स्पष्ट आदेशों की कथित तौर पर अवहेलना की थी।

उस समय तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा ने संज्ञान लिया था और आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्ईय आंतरिक समिति का गठन किया था। मद्रास उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश इंदिरा बनर्जी, सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एस.के. अग्निहोत्री और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.के जायसवाल की समिति ने निष्कर्ष निकाला था।

# देश में बिहार, झारखंड सबसे गरीब राज्य

- स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा और जीवन स्तर जैसे क्षेत्रों पर आधारित है रिपोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**नीति** आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के अनुसार बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश देश के सबसे गरीब राज्यों के रूप में सामने आए हैं। सूचकांक के अनुसार, बिहार की 51.91 प्रतिशत जनसंख्या गरीब है। वहीं झारखंड में 42.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत आबादी गरीब है। सूचकांक में मध्य प्रदेश (36.65 प्रतिशत) चौथे स्थान पर है, जबकि मेघालय (32.67 प्रतिशत) पांचवें स्थान पर है। केरल (0.71 प्रतिशत), गोवा (3.76 प्रतिशत), सिक्किम (3.82 प्रतिशत), तमिलनाडु (4.89 प्रतिशत) और पंजाब (5.59 प्रतिशत) पूरे देश में सबसे कम गरीब लोग वाले राज्य हैं और सूचकांक में सबसे नीचे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनीशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा विकसित विश्व स्तर पर स्वीकृत और मजबूत पद्धति का उपयोग कर तैयार किया जाता है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक में मुख्य रूप से परिवारकी आर्थिक हालात और अभाव की स्थिति को आंका जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत के एमपीआई में तीन समान आयामों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर का मूल्यांकन किया जाता है। इसका आकलन पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, प्रसवपूर्व देखभाल, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पीने के पानी, बिजली, आवास, संपत्ति तथा बैंक खाते जैसे 12 संकेतकों के जरिए किया जाता है। वर्ष 2015 में 193 देशों द्वारा अपनाए गए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रूपरेखा ने दुनिया भर में विकास की प्रगति को मापने के लिए विकास नीतियों और सरकारी प्राथमिकताओं को फिर से परिभाषित किया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सूचकांक की प्रस्तावना में कहा, भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक का विकास एक सार्वजनिक नीति उपकरण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। यह बहुआयामी गरीबी की निगरानी करता है, साक्ष्य-आधारित और केंद्रित हस्तक्षेप के बारे में बताता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी पीछे न छूटे। कुमार ने आगे कहा कि भारत के पहले राष्ट्रीय एमपीआई की यह आधारभूत रिपोर्ट राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की 2015-16 की संदर्भ अवधि पर आधारित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एमपीआई को 12 प्रमुख घटकों का उपयोग करके तैयार किया गया है जिसमें स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा और जीवन स्तर जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

# देश के लिये नजीर बनी यूपी की कानून व्यवस्था: योगी

## सीएम योगी ने मंत्रियों के साथ सुना संविधान दिवस पर राष्ट्रपति और पीएम का सम्बोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**संविधान** दिवस पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यालय लोक भवन के ऑडिटोरियम में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का सम्बोधन सुना। उनके साथ दोनों डिप्टी सीएम तथा सरकार के कई अन्य मंत्री मौजूद रहे। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संविधान दिवस एवं अधिवक्ता कल्याणार्थ आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश के संविधान को अंगीकृतए अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। इस दौरान अलग.अलग समितियों के प्रारूप को एक रूप देने के लिए एक शिल्पी के रूप में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को यह दायित्व दिया गया था। बाबा साहब की 125वें जयंती वर्ष में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। संविधान के ही कारण हम सभी को एक सामान मताधिकार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को न केवल संविधान से प्रदत्त अधिकार प्राप्त हुए हैंए बल्कि भारत को दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए हर नागरिक को कुछ कर्तव्य भी बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज हमने राष्ट्रपति के साथ संविधान की प्रस्तावना को दोहराया है। इसके साथ हमें राष्ट्रपतिएउपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने को प्राप्त हुआ है। भारत के संविधान निर्माताओं की भावनाओं के अनुरूप हम सब भी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक कर सकेंए इसके लिए आप सभी के प्रति मैं अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के लिए एक नजीर बन रही है।

## गांवों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

**लखनऊ।** प्रदेश के गांवों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण को भटकना न पड़े इसके लिये योगी सरकार ने गांवों में 5000 से ज्यादा उप स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र बनवा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे अभियान के रूप में ले रहे है और इसे तेजी से पूरा कराना चाहते हैं। हाल में ही हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन केंद्रों को जल्द शुरू कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। साढ़े चार साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं हमेशा प्राथमिकता में रही हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य पहुंचाने पर प्रदेश सरकार का खासा जोर रहा है। इसी के मद्देनजर प्रदेश में ग्रामीण इलाकों में 5000 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जा रहे हैं। इन नए उपकेन्द्रों पर जरूरी उपकरणए चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की व्य वस्था् स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी।

# देश की नयी अर्थ व्यवस्था बनकर उभरा उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री

### ● इण्डियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स की वार्षिक बैठक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास की प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाते हुए यूपी नई अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विगत 5 वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने अपने नागरिकों के हितों को ध्यान में रखकर प्रत्येक क्षेत्र में विकास का कार्य किया है। रोजगार की दृष्टि से निवेश की सम्भावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेण्ट सहित विकास के प्रत्येक क्षेत्र में रिफॉर्म को प्राथमिकता दी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को इण्डियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) की वार्षिक आम बैठक को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है। लगभग 25 करोड़ आबादी निवास करती है। प्रदेश का विकास आजादी के बाद जिस तेजी से आगे बढ़ना चाहिए था। कमोबेश कहीं न कहीं उसका अभाव दिखायी दिया। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी राष्ट्रव्यापी सोच ने भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की कानून.व्यवस्था देश के लिए नजीर बनी है। राज्य सरकार द्वारा कानून.व्यवस्था के लिए प्रदेश में सकारात्मक वातावरण बनाया गया। प्रदेश में नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। साथ हीए बेहतर ट्रेनिंग की भी व्यवस्था की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश ने देश में सबसे अच्छी छलांग लगायी है। वर्ष 2015.16 में उत्तर प्रदेश ष्ईज ऑफ डूइंग बिजनेसष् में 14वें स्थान पर था। आज दूसरे स्थान पर आ गया है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2015.16 में छठी अर्थव्यवस्था मानी जाती थी। आज राज्य देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रदेश में किसानों की आमदनी बढ़ी है।

योगी ने कहा कि राज्य में 5 वर्ष पूर्व बेरोजगारी की दर 18 प्रतिशत थी। आज प्रदेश में बरोजगारी की दर घटकर 4 प्रतिशत पर आ गयी है। पूर्व में प्रदेश को देश के विकास में बाधक माना जाता था। प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास की गति से हुए परिवर्तन के कारण आज देश में प्रदेश को विकास में अग्रणी माना जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वर्ष 1947 से वर्ष 2017 तक केवल 12 राजकीय मेडिकल कॉलेज बन पाए थे।

## देश में कोई जिन्नावादी पार्टी है तो वह है भाजपा: संजय सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी के नवे स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम में सत्ताधारी दल पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा देश में अगर कोई जिन्नावादी पार्टी है तो वह भाजपा है। जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी और आरएसएस पदाधिकारी वीर सावरकर का जिक्र करते हुए पूछा क्कि आखिर आजादी से पहले उन्होंने जिन्ना की मुस्लिम लीग से गठबंधन करके तीन राज्यों में सरकार क्यों बनाई। मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर में पुलिस की पिटाई से अंकुर शुक्ला की मौत पर संजय सिंह ने सवाल खड़े किए। कहा आखिर कौन इन मौतों का जवाब देगा। संजय सिंह ने केक काटकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। बोले.आपकी मेहनत से हमने दिल्ली में तीन बार सरकार बनाई। केजरीवाल के नेतृत्व में हम पंजाब में मुख्य विपक्षी दल के रूप में स्थापित हुए और उत्तराखंड, गोवा, गुजरात, राजस्थान से लेकर यूपी तक गांव-गांव में पार्टी का झंडा उठाने के लिए लोग तैयार हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, निर्मल मिश्रा, इमरान लतीफ, अमित श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# संविधान का ठीक से नहीं हो रहा पालन: मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी ने 26 नवंबर को मनाए गए संविधान दिवस से किनारा कर लिया है। शुक्रवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में संविधान का ठीक से पालन ना होने के विरोध में संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल ना होने का फैसला किया है।

मायावती ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों को विशेषकर शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण एवं अन्य जरूरी सुविधाओं का प्रावधान किया है। उसका पूरा लाभ इन वर्गों के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर इन वर्गों के लोग और हमारी पार्टी बहुत ज्यादा दुखी है। केन्द्र और राज्य की सभी सरकारें इस वर्ग पर जरूर ध्यान देंए यह बीएसपी इनको सलाह देती है। इन वर्गों के लोगों को सपा जैसी पार्टियों से जरूर सावधान रहना चाहिएए जिसने एससी और एसटी सम्बंधित बिल को सांसद में फाड़ दिया था। षड्यंत्र के तहत पास भी नहीं होने दिया था।

## लोगों का हक व सम्मान छीन रही सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने ऐसा संविधान बनाया है जो हम सबको बराबरी का हक और सम्मान देता है। संविधान से सामाजिक न्याय मिलता है। हमारा संविधान लोकतंत्र की आत्मा है लेकिन आज संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा सरकार लोगों से संविधान में दिये गये हक और सम्मान को छीन रही है। संविधान और कानून को कुचला जा रहा है। अखिलेश यादव भारतीय संविधान दिवस एवं संविधान बचाओ विराट महापंचायत के अवसर पर मान्यवर कांशीराम स्मृति उपवन लखनऊ में संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए 2022 में भाजपा का सफाया किया जाना चाहिए। जो कानून संसद से बनाये और खत्म किये जाते थे वे राष्ट्र के नाम एक संदेश से हो रहे हैं। एक बार राष्ट्र के नाम संदेश आया और भारत सरकार का दिया गया रुपया बंद हो गया। रुपया का पता ही नहीं चला कि कहां चला गया। एक बार और राष्ट्र के नाम संदेश आया तो तीन काले कृषि कानून वापस हो गये। जो कानून पार्लियामेंट से वापस होने थे वे टीण्वीण् पर एक संदेश से वापस हो गये।

# सपा मुखिया को हर बात राजनीति चश्मे से देखने की आदत: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवाा। लखनऊ



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को हर बात राजनीति के चश्मे से देखने की बुरी बीमारी लग गयी है यही कारण है कि संविधान दिवस जैसे पवित्र दिन भी वे कुत्सित राजनीति से ऊपर नहीं उठ पाए। उन्होंने कहा कि आज का दिन जब पूरा देश भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को याद कर रहा है और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प ले रहा है तो सपा मुखिया को चुनाव याद आ रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि जब मंच से अखिलेश यादव दबे-कुचले, वंचित, शोषितों और गरीबों के उत्थान की बड़ी-बडी बातें कर रहे थे तो वह भूल गए कि अनुसूचित जाति गरीबों और वंचितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार सपा कार्यकाल में ही हुआ था। सबसे ज्यादा दलित उत्पीड़न के मामलें सपा कार्यकाल में ही सामने आए थे। स्थिति यह थी कि दलितों की एफआईआर तक दर्ज नहीं की जाती थी। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया आज मंच से संविधानए जो दलित, वंचित, शोषित वर्ग की सुरक्षा के लिए बनाया गया थाए उसके बारे में बात कर रहे थे।

## उमाशंकर सिंह बने बसपा विधानमंडल दल के नेता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह को बसपा विधानमंडल दल का नेता नियुक्त किया है। उमाशंकर सिंह को शुक्रवार को विधानमंडल दल का नेता घोषित करने के बाद बसपा मुखिया मायावती ने उनको बधाई भी दी है। विधानमंडल दल के नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने एक दिन पूर्व अपने पद से इस्तीफा दिया था तभी से यह पद खाली चल रहा था। एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक उमाशंकर सिंह अधिक सम्पत्ति वाले प्रदेश के टॉप दस विधायकों में हैं। इनका नाम नौवें नम्बर पर दर्ज है।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने किया प्रदेश कांग्रेस के सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ

### ● जो लड़ाने व बरगलाने का काम कर रहें हैं उनसे सचेत रहने की आवश्यकता: बघेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री एंव उत्तर प्रदेश चुनाव की कमान संभाल रहे भूपेश बघेल ने संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सदस्यता महाअभियान की शुरूआत कराई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को आजादी अनगिनत नेताओं को जेल यातनाएं, शहादत, फांसी पर चढ़ने और लाखों कार्यकर्ताओं के जेल जाने के बाद मिली लेकिन यह आजादी अधूरी रहती अगर हमें संविधान न मिलता। यह संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है। सपने देखने काए सपने को सकार करने का अधिकार देता है। जिस पार्टी में महात्मा गांधीए पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, जैसे नेता जिन्होंने आजादी दिलाई एवं संविधान लिखने के लिए भीमराव अम्बेडकर जी को मौका दिया, रहें हों, उस कांग्रेस पार्टी का सदस्य होने पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर पार्टी सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी है। हमारा लक्ष्य हैए उत्तर प्रदेश में अगले 15 दिनों में एक करोड़ सदस्य बनाने काए जिसे हम पूरा करेंगे। कांग्रेस ने हमेशा देश के हित में कार्य किया है। पार्टी हित से ऊपर उठकर, देश हित में हमारी पार्टी के नेताओं ने देश की एकता और अखण्ता के लिए अपना खून बहाया है। यहां तक अपना बलिदान भी दिया है। बघेल ने कहा कि जब देश आजाद हुआ, भारत में सुई तक नहीं बनती थी। सुई से लेकर राकेट बनाने तक का कार्य कांग्रेस ने किया। और यह पूछते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया है कांग्रेस ने सब कुछ दिया है। जो लड़ाने का, बरगलाने का काम कर रहें हैं, उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन्दिरा जी ने हरित क्रान्ति का आह्वान किया जिसकी बदौलत अगर आज देश में सूखा पड़ जाये तो भी तीन साल तक अनाज की कमी नहीं होगी। यह हरित क्रान्ति की बदौलत संभव हुआ। आज किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहा है। वह एक साल से लड़ाई लड़ रहें हैं। राहुल गांधी ने ट्रैक्टर रैली की, प्रियंका गांधी ने बैठकें की, पंचायतें की, तब जाकर यह तानाशाही सरकार झुकी और तीन काले कृषि कानूनों को वापस लिया। आज किसान एमएसपी मांग रहा है। जब छत्तीसगढ़ में अनाज का समर्थन अब हम अगले सत्र में 2500 से अधिक 2540 रुपये देने जा रहें हैं।

## कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारत में रहने वाले बांग्लादेशी को 4 वर्ष का कारावास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कूटरचित** दस्तावेजों के आधार पर जाली पासपोर्ट बनवाकर भारत में रहने वाले बांग्लादेशी लीटन विश्वास को कोर्ट ने 4 वर्ष के कारावास व 5 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यूपी एटीएस द्वारा मई .2019 में कूट रचित दस्तावेज बनवाने और जाली पासपोर्ट रखने के आरोप में 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। जिसपर यूपी एटीएस द्वारा धारा 419, 420, 467, 468, 471 व 14 विदेशी अधिनियम, थाना . एटीएस, लखनऊ पर दर्ज किया गया था। जिसमें गिरफ्तार 6 अभियुक्त फर्जी दस्तावेज बनवाकर अवैध रूप से भारत में निवास कर रहे थे। जिसमें यूपी एटीएस की सघन पैरवी के कारण पांच अभियुक्तों हबीबुर्रहमान, कमालुद्दीन, काबिल ए जाकिर और ताईजुल ने न्यायलय के समक्ष अपना अपराध स्वीकार लिया था। जिस पर न्यायालय द्वारा उपरोक्त पांच अभियुक्तों को धारा 419 ए 420, 467, 468, 471 व 14 विदेशी अधिनियम में दोषी मानते हुए पांचो अभियुक्तों को 4.4 वर्ष के कारावास और 5.5 हज़ार के अर्थ दण्ड से 17.03.2021 को दण्डित किया था। छठे अभियुक्त लीटन विश्वास निवासी बिलासपुर थाना जोयदीपपुर जिला गाजीपुर बांग्लादेश जो न्यायालय में विचारणधीन था। जिसमें 24 नवम्बर को न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कस्टम) लखनऊ द्वारा अभियुक्त लीटन विश्वास को धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी व 14 विदेशी अधिनियम में दोषी पाते हुए 4 चार वर्ष की सज़ा व रुपए 5000 के जुर्माने से दंडित किया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद अकबरपुर अम्बेडकरनगर**

पत्रांकः 783/न0पा0परि0अ0/ई–निविदा/2021–22 दिनांक : 26.11.2021

**अति अल्पकालीन ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका परिषद अकबरपुर अम्बेडकरनगर में बायोरेमेडिएशन कार्य का कराये जाने हेतु इच्छुक फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर को 15वां वित्त के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से विभिन्न बायोरेमेडिएशन का कार्य कराये जाने हेतु निविदा ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम निविदा प्रकाशन की तिथि | 27 नवम्बर, 2021 अपरान्ह 10:00 बजे से। |
| वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड/डालने की तिथि | 27 नवम्बर, 2021 प्रातः 12:00 बजे से। |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 04 दिसम्बर, 2021 सायं 10:00 बजे तक। |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी व वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 04 दिसम्बर, 2021 सायं 03:00 बजे। |

निविदा से सम्बन्धित जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर एवं किसी कार्य दिवस में नगर पालिका कार्यालय में सम्बन्धित पटल से देखा जा सकता है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर–अम्बेडकरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर–अम्बेडकरनगर।

# भ्रष्टाचार पर योगी सरकार में हुई सख्त कार्रवाई

## एसआईटी के इतिहास में सर्वाधिक 114 जांच व विवेचनाओं का हुआ निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जीरो टालरेन्स की नीति के तहत भ्रष्टाचार एवं वित्तीय गड़बड़ियों पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) की सक्रियता बढ़ाये जाने के फलस्वरूप बेहतर परिणाम सामने आये है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विशेष अनुसंधान दल के इतिहास में सर्वाधिक 114 जांचध्विवेचनाओं का निस्तारण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि एसआईटी द्वारा बड़ेए असरदार एवं विभिन्न पदों पर आसीन प्रभावशाली व्यक्तियों और लोकसेवकों द्वारा अपनी पहुंच और पद का दुरूपयोग कर किये जाने वाले गंभीर आर्थिक अपराधों और अन्य जटिल मामलों की जांच और विवेचना की जाती है। गृह विभाग द्वारा एसआईटी को ऐसे प्रकरण भी संदर्भित किये जाते है जिनमें राज्य सरकार एवं उसके अधीन कार्य कर रहे विभिन्न विभागों, संगठनों, संस्थाओं, निगमों, अधिकरणों आदि लोकसेवकों द्वारा स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों से सांठ.गांठ कर गंभीर राजस्वध्वित्तीय हानि पहुंचाई गई हो।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि विशेष अनुसंधान दल को वर्ष 2017 में 30ए वर्ष 2018 में 14ए वर्ष 2019 में 49ए वर्ष 2020 में 40 तथा वर्ष 2021 में अगस्त तक 36 जांचे अर्थात वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कुल 116 जांचेध्विवेचनाएं अभिदिष्ट की गयीं। अवस्थी ने विशेष अनुसंधान दल द्वारा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में निस्तारित महत्वपूर्ण जांचध्विवेचनाओं का विवरण देते हुए बताया कि जनपद सोनभद्र प्रकरण की विवेचना में दोष निर्धारित किया गया है। जनपद सहारनपुर में टपरी स्थित देशी शराब की फैक्ट्री में शराब निकासी में अनियमितताओं से राजस्व की क्षति होना प्रमाणित हुआ है। इसमें लगभग 35 करोड़ रुपये की एक्साइज चोरी उजागर कर 11 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। इसके अलावा जिन प्रकरणों में जांच से अनियमिततायें प्रमाणित हुई हैं उनमें प्रमुख नाम क्रमश: मोण् अली जौहर प्रशिक्षण संस्थानध्जौहर विश्वविद्यालय रामपुर की जांचए उप्र राजकीय निर्माण निगम लिण् द्वारा 137 निर्माण कार्यों में अनियमितताए उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मण्डल द्वारा 40 भर्तियों में अनियमितताए 17 मण्डलों में पशुधन प्रसार अधिकारी की भर्ती में अनियमितता, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया में की गयी अनियमितता आदि। उप्र जल निगम में 1300 पदों पर भर्ती में अनियमितताओं तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में अनियमितताओं की भी जांच एसआईटी द्वारा की गई। अपर मुख्य सचिव गृह ने विशेष अनुसंधान दल में प्रचलित महत्वपूर्ण जांचध्विवेचनाओं के प्रमुख प्रकरणों का विवरण देते हुए बताया कि आगरा विश्वविद्यालय द्वारा फर्जी डिग्री के मामलेए उप्र परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध वसूली का प्रकरणए जनपद गोण्डा के 28 महाविद्यालयों में अनियमितताओं का मामलाए समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति में अनियमितता प्रकरणए हज हाउस में निर्माण संबंधी अनियमितताए जनपद आजमगढ़ एवं मिर्जापुर के मदरसों में अनियमितताए मुरादनगर ;गाजियाबाद में शमशान के निर्माण कार्यए कानपुर में शस्त्र लाइसेंसों में अनियमितता व सरकारी भूमि पर भू.माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने आदि के मामले प्रमुख हैं।

## मतदाता सूची से डुप्लीकेट नाम हटाने को लेकर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को मतदाता सूची से डुप्लीकेट नाम हटाने और फर्जी मतदाता को मतदान से रोकने के सम्बन्ध में पत्र लिखा है। उन्होंने कहा चूंकि 1 नवम्बर 2021 को प्रकाशित मतदाता सूची में भारी अनियमितता एवं गडबड़ी की शिकायत उजागर हुई है। अत: समाजवादी पार्टी मांग करती है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की अवधि 30 नवम्बर 2021 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2021 तक कर दिया जाये। ताकि प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा के प्रत्येक मतदेय स्थल (बूथवार) पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा डुप्लीकेट मतदाता की पहचान की जा सके और चिन्हित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी को सौपी जा सके तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त अवधि में चिन्हित डुप्लीकेट मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने का काम कर सके।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुधांशु अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सुधांशु सिंह है सुधांशु और सुधांशु सिंह दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं सुधांशु सिंह पुत्र राज चंद निवासी मकान नंबर सी– 2149/9 इंदिरा नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का नाम शैक्षिक प्रमाण पत्रों और आधार कार्ड के अनुसार हेमलता है, जो सही है। मेरे सर्विस रिकार्ड में गलती से उनका नाम हेमलता यादव अंकित हो गया है, जो गलत है। रामहर्ष यादव सेना सेवा नम्बर–जे0सी0 775849 एच रैंक नायब सूबेदार, 12 कोर जोनल वर्कशाप शिकारगढ़, जोधपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इन्द्रेश कुमार बिन्द पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम माधवपुर पोस्ट पैड़ापुर तहसील सदर का मूल निवासी हूँ। मैने एच०डी०एफ०सी० बैंक तेलियागंज मीरजापुर में खाता सं० 50100200435144 खोल रखा है। जिसमें मेरा नाम इन्देश कुमार है जोकि गलत है। मेरे सभी रिजल्ट, दस्तावेज व आधार में इन्द्रेश कुमार बिन्द है जोकि सही है। इसी को सही माना जावे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बिजौली सहसपुर विकास खण्ड मोहम्मदी**

पत्रांक 5/2/टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2021–22 दिनांक 26, नवम्बर 2021

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिजौली सहसपुर विकास खण्ड मोहम्मदी वर्ष 2021–22 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वाँ/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग/समस्त स्कूल में टायल निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 26.11.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 02.12.2021 का समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 बिजौली सहसपुर में इंटरलाकिंग कार्य। | मु0 369524.00 | 10000.00 |
| 2 | उ0प्रा0वि0 बिजौली सहसपुर में इंटरलाकिंग कार्य। | मु0 347025.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 26.11.2021 से 02.11.2021 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम बिजौली सहसपुर के नाम बंधक होनी चाहिए।

प्रधान
ग्राम पंचायत– बिजौली सहसपुर
मोहम्मदी खीरी

सचिव
ग्राम पंचायत– बिजौली सहसपुर
मोहम्मदी खीरी

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# वित्त मंत्री ने केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर के कार्मिकों को राष्ट्रपति पदक से नवाजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**लखनऊ** में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों को विशिष्ट सेवा रिकॉर्ड के लिए राष्ट्रपति प्रशंसा प्रमाण पत्र एवं पदक प्रदान करने के लिए अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन मुख्य अतिथि थीं और केंद्रीय वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी विशिष्ट अतिथि थे।

निर्मला सीतारमण ने सभा को संबोधित करते हुए पुरस्कार विजेताओं को उनके विशिष्ट सेवा के लिए बधाई दी और सीबीआईसी के अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान त्वरित कस्ट स क्लीयरेंस सुविधा के लिए सीमा शुल्क अधिकारियों के अच्छे काम के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कोविड .19 के दौरान सीमा शुल्क के उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचानने के लिए 26 जनवरी 2022 को राष्ट्रपति पुरस्कार विजेताओं के साथ एक बारगी विशेष कोरोना रिस्पांस अवार्ड की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि मासिक जीएसटी संग्रह आर्थिक विकास का बैरोमीटर बन गया है और विकास पथ पर तेजी से बने रहने के लिए आगामी वक्त में निरंतर जीएसटी संग्रह बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। ग्रुप-ए के अधिकारियों को पहले से ही लैपटॉप दिए गए हैं उसी तर्ज पर वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सीबीआईसी के सभी ग्रुप-बी अधिकारियों को लैपटॉप, टैबलेट भी दिए जाने चाहिए जिससे उनके प्रदर्शन में और भी सुधार हो सके। वित्तराज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सीबीआईसी ने जीएसटी के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से आर्थिक और कराधान सुधारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने पुरस्कार विजेताओं और विशेष रूप से उनके परिवार के सदस्यों को बधाई दी जिनके समर्थन के बिना शायद इन अधिकारियों द्वारा इतना विशिष्टप्रदर्शन संभव नहीं हो पाता। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। इस अलंकरण समारोह में सीबीआईसी के 26 अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके विशिष्ट सेवा रिकॉर्ड के लिए राष्ट्रपति प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इन अधिकारियों का चयन संबंधित सेवा क्षेत्र में वर्षों से उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। चुने गए पुरस्कार विजेताओं में सेवा के सभी संवर्गों के अधिकारी शामिल हैं जिन्होंने तस्करी की रोकथाम, कर चोरी का पता लगाने, व्यापार आधारित मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशी मुद्रा उल्लंघन का पता लगाने के अलावा कर संग्रह में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त इन अधिकारियों ने विभाग से स बंधित विभिन्न अन्य कार्यों जैसे नीति निर्माण, राजस्व संग्रह, व्यावसायिक प्रक्रियाओं का स्वचालन, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इनके अलावा भारत सरकार राजस्व सचिव तरुण बजाज भारत सरकार के विशेष सचिव और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष एम अजीत कुमार भारत सरकार के विशेष सचिव और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष जेबी महापात्रा एवं सीबीआईसी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सीबीआईसी के अध्यक्ष एम अजीत कुमार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सीबीआईसी ने डिजिटल परिवर्तन को अपनाते हुए विभागीय प्रक्रियाओं के स्वचालन पर विशेष ध्यान दिया है और करदाताओं की सेवा से स बंधित सुधार के लिए सभी स बंधित हितधारकों के साथ सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया है जिससे करदाताओं को व्यापार में सहूलियत मिल सके।

## कुशल प्रबंधन से ही योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिलता है: निर्मला सीतारमण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को भाजपा राज्य मुख्यालय पर प्रदेश महिला मोर्चा टीम के साथ बैठक करके आगामी अभियानों व कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की। महिला मोर्चा ने केंद्रीय वित्तमंत्री का अभिनन्दन करते हुए रसोई गैस की कीमतों को कम करने पर धन्यवाद दिया। वित्तमंत्री ने कहा कि कुशल प्रबंधन से ही योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप में जरूरतमंदों को मिलता है। केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ गरीब व वंचित वर्ग को सीधे मिल रहा है, जिससे उनका जीवन खुशहाल हो रहा है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती गीता शाक्य की अध्यक्षता में हुई बैठक को पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा प्रभारी विजय बहादुर पाठक तथा प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ताकर्दम ने भी सम्बोधित किया।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि शक्ति केन्द्र, बूथ व पन्ना प्रमुखों की टीम के गठन से भारतीय जनता पार्टी ने घर-घर व जन-जन तक संवाद के माध्यम से जनता के बीच अपनी पकड़ और भी मजबूत की है। उन्होंने कहा कि महिला चौपाल के माध्यम से महिला मोर्चा को आधी आबादी तक केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का काम करना है। सतत सम्पर्क व सतत संवाद के द्वारा 2022 की विजय का आधार महिला मोर्चा बनेगा। प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने 2022 के चुनाव में महिला मोर्चा की भूमिका को विस्तार से बैठक में रखते हुए कहा कि कमल शक्ति संवाद, प्रबुद्धवर्ग महिला सम्मेलन, महिला चौपाल आदि विभिन्न अभियान व कार्यक्रमों के माध्यम से महिला मोर्चा को 2022 के विधानसभा चुनाव में परिश्रम करना है।

## आप सांसद संजय सिंह को जान से मारने की धमकी

**लखनऊ।** आप सांसद संजय सिंह को शुक्रवार को शाम को किसी ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी । घटना के बाद संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि मुझे फिर गोली मारने की धमकी मिली है। शायद कुछ लोग मुझे जान से मारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी धमकियां पहले भी मिल चुकी हैं। इन बंदर घुड़कियों से डरने वाला नहीं। प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे कायरतापूर्ण हरकत करार दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे दु:साहस करने वाले पर पुलिस तत्काल कार्यवाही करें। आम आदमी पार्टी गरीबों.मजलूमों के हक में हमेशा आवाज उठाती है और आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी। इन कायरतापूर्ण हरकतों से हम डरने वाले नहीं हैं। सिंह ने कहा कि इस मामले में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। पुलिस जल्द कार्यवाही करे।

## डेंगू के सात नए मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू रोग के प्रभावी नियन्त्रण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा इब्राहिमपुर प्रथम, रकाबगंज, कदम रसूल, सआदतगंज, अलीगंज, राजीव गॉधी प्रथम, इन्दिरानगर वार्ड के आस.पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया। वहीं आज इन्दिरानगर, अलीगंज क्षेत्र में 7 डेंगू धनात्मक रोगी पाये गये। आज कुल 3989 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 3 घर में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। वहीं दूसरी तरफआज जीका वायरस रोगियों के क्षेत्रान्तर्गत अर्बन सीएचसी रेडक्रास की टीम द्वारा सफदलबाग कुर्मी टोला क्षेत्र में कुल 16 टीमों द्वारा 386 घरों में 2067 व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में सोर्स रिडक्शन के अन्तर्गत नगर मलेरिया इकाई की टीम द्वारा एण्टी लार्वा का छिडकाव तथा नगर निगम की टीम द्वारा फांगिग का कार्य कराया गया।

## अश्लील हकरत करने वाले को तीन साल का कारावास

**लखनऊ(विसं)।** विशेष जज डा. अवनीश कुमार ने एक विवाहित महिला के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में मुल्जिम राहुल गौतम को तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 15 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 13 अप्रैल, 2017 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता ने थाना पारा में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील पंकज श्रीवास्तव व दुर्गेश नंदिनी के मुताबिक पीड़िता छत पर अपने बच्चों के साथ सो रही थी। तभी मुल्जिम ने उसके साथ जबरिया गलत काम करने की कोशिश की। लेकिन शोर मचाने पर जानमाल की धमकी देते हुए भाग गया।

## चार दिन से लापता किशोरी को ढूंढने में नाकाम गुडम्बा पुलिस

**लखनऊ।** गुड़म्बा में 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिवारीजनों की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिवारीजन बेटी के साथ अनहोनी की आशंका से परेशान है। उनका आरोप है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद शांत बैठ गई है। गुड़म्बा के आदर्श कॉलोनी निवासी रामलाल साहू राजगीर मिस्त्री है। उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर की शाम करीब पांच बजे से उनकी 15 वर्षीय बेटी पूजा लापता है। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद पीड़ित ने 24 नवम्बर को गुड़म्बा थाने में बेटी को अज्ञात युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। रामलाल ने बताया कि बेटी ने दो मोबाइल नम्बरों से उसे फोन करके उसे न ढूंढने की बात कही है। दोनों मोबाइल नम्बर पुलिस को दे दिए हैं। पीड़ित का आरोप है कि बेटी को गायब हुए चार दिन हो गए हैं लेकिन पुलिस उसकी तलाश नहीं कर रही है। इंस्पेक्टर गुड़म्बा मुहम्मद अशरफने बताया कि किशोरी की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

## दारोगा भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफने पुलिस महकमे में दारोगा भर्ती की प्रचलित ऑनलाइन परीक्षा में अभ्यर्थियों से मोटी रकम लेकर सिस्टम हैक कर पेपर साल्व करने वाले एनएसइआईटी कम्पनी के सेंटर हेड सहित 3 सदस्यों को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया। एसटीएफको छानबीन के दौरान ज्ञात हुआ कि जनपद अलीगढ़ के कुछ परीक्षा केन्द्रों पर कम्प्यूटर हैक करके अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर पेपर हल कराया जा रहा है। इसी सूचना पर टीम सारसोल चौराहा जनपद अलीगढ़ पहुंची। जहां विशेष सूत्रों से जानकारी हुई कि महर्षि गौतम इण्टर कालेज खैर बाईपास जनपद अलीगढ़ में चल रही उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस की ऑनलाइन परीक्षा में कुछ लोग कम्प्यूटर सिस्टम हैक कर अभ्यर्थियों से मोटी रकम वसूल कर पेपर सॉल्व कराये जाते हैं जिसके लिए महर्षि गौतम इण्टर कालेज के पास किसी मकान में कम्प्यूटर स्थापित कर स्कूल की कम्प्यूटर लैब को हैक करने के लिए नेट व कम्प्यूटर स्थापित करने वाला कुछ देर में यहां आने वाला है ।

## नाबालिग किशोरी को भगाने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से दो वर्ष पहले एक नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को आज रिंग रोड चौकी इंचार्ज राकेश कुमार चौरसिया ने गिरफ्तार कर नाबालिग युवती को सकुशल बरामद कर उसके परिवार को सौंप दिया है। रिंग रोड चौकी इंचार्ज राकेश चौरसिया द्वारा आज महिपतमऊ पुरानी बस्ती काकोरी के रहने वाले मोह मद कैफ को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक राकेश चौरसिया ने बताया कि मोहम्मद कैफ चोर घाटी की रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग युवती को 2 वर्ष पूर्व बहला-फुसलाकर भगा ले गया था और वह महाराष्ट्र के पुणे में रह रहा था। कुछ दिन पूर्व ही मोह मद कैफ युवती के साथ लखनऊ आया था जिसके बाद उसे उसे रिंग रोड चौकी क्षेत्र से ही गिरफ्तार किया। हालांकि बताया जा रहा है कि मोह मद कैफ के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाई गई युवती से उसने शादी की है लेकिन क्योंकि युवती की उम्र महज 15 वर्ष है इसलिए कैफ के द्वारा युवती से विवाह किया भी गया है तो वह भी गैरकानूनी ही है क्योंकि नाबालिग युवती से विवाह कानून के हिसाब से गलत है।

## वीरगाथा सम्मान से सम्मानित हुआ शहीद कैप्टन विवेक सक्सेना का परिवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जवाहर** भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के कर्मचारियों को महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा सम्मानित किया गया। महासंघ द्वारा 15 वर्षों से स्थापित सम्मान वितरित किया गया। महापौर द्वारा वीरगाथा सम्मान अमर शहीद कैप्टन विवेक सक्सेना के परिवार को प्रदान किया गया।

शुक्रवार को जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ ने राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत वार्षिक समारोह का आयोजन किया। समारोह की मुख्य अतिथि महापौर संयुक्ता भाटिया ने महासंघ ने 15 वर्षों से स्थापित सम्मान वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हास्य कवि मुकुल महान ने किया और स्वागत भाषण महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पांडे ने कहा कि महासंघ द्वारा जनहित के कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे कार्यक्रम में महामंत्री सुशील कुमार बच्चा ने महासंघ की गतिविधियों को बताते हुए अतिथियों को धन्यवाद किया। इस मौके पर महापौर संयुक्ता भाटिया ने वीरगाथा सम्मान अमर शहीद कैप्टन विवेक सक्सेना के परिवार को प्रदान किया। साथ ही महापौर द्वारा परिसर गौरव सम्मान महासंघ के उपाध्यक्ष कैरम के राष्ट्रीय खिलाड़ी रामकुमार थानों को दिया गया साथ ही इस वर्ष ष्बाल्य कॉल साहस सम्मानष् भी प्रारंभ किया गया जो बच्चों द्वारा किए गए वीरता व साहस एवं उच्च प्रयासों को दिया जाता है के क्रम में अधीश कुमार गुन्नू गुरु को को दिया गया।

## शराब कम्पनी के निदेशक को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष जज मनोज पांडेय ने 35 करोड़ की राजस्व चोरी के एक मामले कोआपरेटिव कम्पनी लिमिटेड के निदेशक प्रणय अनेजा को आठ दिसंबर तक के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। सहारपुनर के टपरी में यह कम्पनी देसी शराब बनाती है। शुक्रवार को मुल्जिम अनेजा ने राजस्व चोरी के इस मामले में अदालत में आत्मसमर्पण किया था। चार मार्च 2021 को इस मामले की एफआईआर सहायक आबकारी आयुक्त मो. आरिफ ने सहारनपुर कोतवाली में दर्ज कराई थी। लेकिन बाद में इसकी जांच एसआईटी को सौंप दी गई। एसआईटी के विशेष वकील ओम प्रकाश राय के मुताबिक बीते गुरुवार को विशेष अदालत ने इसकी सम्पति कुर्क करने का आदेश जारी किया था। इस पर फर्जी बार कोड से एक ही बिल्टी पर शराब फैक्टरी से दो बार शराब लदी गाड़ी निकालने का आरोप है।

## टीकाकरण से पहले रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता खत्म

**लखनऊ।** शहर में टीकाकरण की पहली व दूसरी डोज़ के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता जिलाधिकारी द्वारा खत्म कर दी गई है। जनपद में वॉक इन टीकाकरण व्यवस्था शुरू की गई। बिना पूर्व रजिस्ट्रेशन सीधे केंद्र पर पहुँच कर जनपदवासी टीकाकरण करा सकेंगे। 28 नव बर से 2 दिस बर तक 5 दिनों का सघन अभियान चलाया जाएगा। सभी टीकाकरण केंद्रों पर यह व्यवस्था तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिये। शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में ज़िला प्रशासन के 26 नवंबर से टीकाकरण के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराने के अनिवार्यता को तत्काल से समाप्त करने का निर्देश दिया गया है। अब जनपदवासी बिना रजिस्ट्रेशन के सीधे टीकाकरण केंद्रों पर पहुँच के टीकाकरण करा सकते है। पहले से रजिस्ट्रेशन कराने की कोई आवश्यकता नही होगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में बडे स्तर पर कोविड.19 टीकाकरण अभियानो का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में जनपदवासियों को टीकाकरण के स बंध में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से टीकाकरण की पहली व दूसरी डोज़ के लिए पहले से रजिस्ट्रेशन कराने की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से खत्म कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जनपदवासियों से अपील की गई कि वॉक इन टीकाकरण व्यवस्था का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक सं या में टीकाकरण केंद्रों में पहुँच कर बिना कोई पूर्व रजिस्ट्रेशन कराए टीकाकरण करवाए। उन्होंने बताया कि उक्त अभियान में कोविशिल्ड एवं को वैक्सीन दोनों प्रकार की वैक्सीन का प्रयोग करते हुए लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय खुराक से लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जिन लोगो के द्वितीय डोज़ ड्यू हो गए है और उन्होंने अभी तक टीकाकरण नही कराया है उनके लिए 28 नवंबर से 2 दिसँबर तक 5 दिनों का सघन अभियान चलाया जाए।

## प्रेमिका ने घर बुलाकर परिवार के साथ मिलकर की थी हत्या



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** पारा थाना इलाके में सलेमपुर पतोरा निवासी स्नातक के छात्र रजनीश यादव की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि छात्र की प्रेमिका ने उसे घर बुलाकर अपने परिजनों के साथ मिलकर की थी। प्रेमी की हत्या करने के बाद उसके शव को अपने घर के सेप्टिक टैंक में छुपा दिया था।

अमरीश यादव हत्याकांड के 24 घंटों के अंदर पारा पुलिस ने इस सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए मृतक की प्रेमिका नैना यादव उसके रिश्तेदार सुशील यादव और एक छोटे नाबालिक भाई को गिरफ्तार कर आला कत्ल हथोड़ा ए छेनी और डंडा बरामद कर लिया है । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार की गई नैना यादव ने ही शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में स्नातक के छात्र मूल रूप से काकोरी के रहने वाले रजनीश यादव को अपने घर बुलाया था और अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर उसकी हत्या की और उसके शव को घर के सेफ्टी टैंक में डाल कर छुपा दिया था। मृतक के भाई मनीष यादव द्वारा जब पारा थाने पर अपने भाई की गुमशुदगी की शिकायत करते हुए नैना यादव के परिवार पर शक जताया तो पुलिस ने छानबीन की जिसके बाद यह सनसनीखेज खुलासा हुआ था। गिरफ्तार की गई नैना यादव के पिता अभी फरार हैं। आपको बता दें कि मूल रूप से काकोरी का रहने वाला 24 वर्षीय रजनीश यादव पारा थाना क्षेत्र के सलेमपुर पिथौरा गांव में अपनी नानी के घर में रहकर शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई कर रहा था काफी दिनों से उसका नैना यादव से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया यह भी जा रहा है कि मृतक रजनीश यादव नैना यादव को परेशान करता था जिससे परेशान होकर उसने अपने प्रेमी की हत्या की साजिश रची और नैना के द्वारा ही उसे फोन कर बुलाया गया और घर में उसकी हत्या करने के बाद शव को सेफ्टी टैंक में ही छुपा दिया गया था। कुछ इस अंदाज में मुख्य अभियुक्त ने गाजीपुर में किया सरेंडर राजधानी के पारा इलाके में छात्र रजनीश यादव की हत्या में मुख्य भूमिका निभाने वाले युवती के पिता प्रवेश यादव ने पुलिस की मार से डर कर शुक्रवार को गाजीपुर थाने में दोनों हाथ उठाकर पहुंचा और गुनाह कबूल करते हुए खुद को सरेंडर कर दिया। गाजीपुर इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया की आरोपी को हिरासत में लेने के बाद पारा पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

## पुलिस ने दो तस्करों को किया गिरफ्तार, अवैध असलहा बरामद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पुलिस** कमिश्नर डीके ठाकुर के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ठाकुरगंज पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक अवैध देशी रिवाल्वर व चार अवैध तमंचा बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक गिरोह यह असलहे यूपी किसी जनपद राजधानी लखनऊ में सप्लाई करने आए थेए लेकिन पुलिस असलहा खरीदने वालों का कुछ पता नहीं लगा सकी। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चन्द के मुताबिक शुक्रवार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक गुलाला घाट के पास खड़े हैं और इनके पास अवैध असलहों का जखीरा है वे कहीं बेचने की फिराक में हैं। इस सूचना पर इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चन्द वरिष्ठ उपनिरीक्षक ज्ञानेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक हिमाचल सिंह, उपनिरीक्षक संजीव कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार, हेड कांस्टेबल अमित कुमार यादव, कांस्टेबल शिवम सिंह, कांस्टेबल रविन्द्र यादव, कांस्टेबल नवीन कुंतल व कांस्टेबल मुकेश कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और घेरेबंदी कर दोनों को धर.दबोचा।

## केजीएमयू में मनाया गया संविधान दिवस



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**किंग** जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कलाम सेंटर में शुक्रवार को चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं पैरामेडिकल साइंसेस संकाय द्वारा राष्ट्रीय संविधान दिवस का आयोजन किया गया। हर वर्ष 26 नवंबर का दिन देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 26 नवंबर को राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। छात्रों के बीच भारतीय संविधान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए व्याख्यान प्रतियोगिता एवं क्विज कम्पडीशन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी ने कहा 26 नवंबर 1949 को डॉ भीमराव अम्बेडकर की अध्यक्षता में भारतीय संविधान राष्ट्र को समर्पित किया गया और 26 जनवरी 1950 में इसे लागू किया गया। भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ बीआर अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। कुलपति द्वारा सभी को सविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राजीव श्रीवास्तव ने कहा सभी नागरिक अपने अधिकारों के साथ साथ अपने कर्तव्यों दायित्वों की भी जानकारी रखें । उन्होंने कहा की अगर सविधान को देश का संस्कार भी कहे तो गलत नहीं होगा। कार्यक्रम में प्रो एसएन कुरील, डा सुरेश बाबु, प्रो अजय सिंह एवं डा विनोद जैन डीन पैरा मेडिकल साइंसेसद्ध द्वारा भी राष्ट्रीय संविधान दिवस पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने संविधान के महत्व और लोकतान्त्रिक व्यवस्था में भारतीय संविधान की विशेषताओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम फातिमा सिद्धिकी द्वितीय नित्यानंद श्रीवास्तव एवं तृतीय दिव्यांशी गुप्ता रही एवं क्विज में टीम जी मंजीत यादव अजय गौतम विनर एवं टीम आई अनुराग, स्वप्निल सिंह रनर अप रही।

## तय सीमा में सड़क गड्ढामुक्त न होने पर संस्था को डिबार करने का निर्देश

### लापरवाही पर दो नगर अभियंता सहित पांच से स्पष्टीकरण मांगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** की सड़कों के गड्ढामुक्ति कार्यों का नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों के कार्यादेश जारी होने के बाद भी कार्य पूरा न करने पर ठेकेदारों को शुक्रवार रात तक कार्य शुरू करने की चेतावनी दी है। साथ ही कार्य न करने पर निविदा निरस्त कर संस्था को डिबार करने का निर्देश दिए है। यही नहीं समीक्षा के दौरान लापरवाही पर दो नगर अभियंता सहित पांच से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

शुक्रवार को गोमतीनगर में 15वें वित्त आयोग के तहत स्वीकृत कार्यों की उनकी प्रगति और गड्ढामुक्ति कार्यों का नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने किया। निरीक्षण के दौरान दयाल चौराहे से जनेश्वर मिश्र पार्क तक एवं चिनहट द्वितीय वार्ड के तहत सपना स्वीट से एलपीएस मोड़ तक 2 कार्य प्रगतिधीन पाये गये। निरीक्षण के समय सड़क के किनारे गन्दगी और मिट्टी पाये जाने पर इन्हें समुचित ढंग से साफ कराने के लिए संबंधित अभियन्ता एवं ठेकेदार को चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान जिन ठेकेदारों को कार्यादेश जारी किया गया था उनके द्वारा स्थल पर अभी तक कार्य नहीं शुरू किया गयाए जबकि कार्यादेश के अनुसार कार्यो को ससमय पूर्ण करा लिया जाना था। इस के लिए नगर अभियन्ताए जोन.4 को निर्देशित किया गया कि वह सम्बन्धित ठेकेदार को अन्तिम रूप से इस आशय का नोटिस जारी करेंए कि आज रात्रि 12 बजे तक ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं शुरू किया जाता है तो उनकी निविदाओं को निरस्त किया जाए। साथ ही उन्हें नगर निगम की निविदाओं में भाग लेने से वंचित (डिबार) कर दिया जाय। निरीक्षण के बाद वीडियो कांफ्रेसिंग से सभी नगर अभियन्ताओं के साथ जोनवार समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा के दौरान जोन-5 में सिविल कार्यों में कोई प्रगति न होने के कारण सम्बन्धित नगर अभियन्ता डीडी गुप्ता से स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने के लिए मुख्य अभियन्ता राम केवल वर्मा को निर्देशित किया गया। साथ ही जोन-7 में सिविल कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूरा होने के बाद भी कार्य में पूरा गति से प्रगति न होने के कारण नगर अभियन्ता एसएफ जैदी एवं सहायक अभियन्ता संजय कुमार पाण्डेय, आलोक श्रीवास्तव और अवर अभियन्ता अशोक कुमार सिंह, अरूण कुमार मेहता से स्पष्टीकरण मॉगते हुए सम्पूर्ण कार्यों को नियत तिथि तक पूर्ण कराये जाने के लिए मुख्य अभियन्ता को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जोनवार तैनात अपर नगर आयुक्त व नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह प्रतिदिन दो शिफ्टों में अपने आवंटित जोन में संचालित सिविल कार्यों का पर्यवेक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि जिन अभियन्ताओं द्वारा अपने कार्य में लापरवाही बरती जा रही है उनके विरुद्ध कार्यवाई के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए यह भी सुनिश्चित करें कि जिन कार्यों में निविदायें प्राप्त हो गयी हैं उन समस्त कार्यों को 30 नवम्बर तक प्रत्येक दशा में युद्ध स्तर पर पूरा कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

# समाज व राष्ट्र के विकास के लिये करें ज्ञान का उपयोगः राज्यपाल

● लखनऊ विश्वविद्यालय का 64वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**विद्यार्थी** निरंतर अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ें। विश्वविद्यालय से प्राप्त ज्ञान का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ.साथ समाज तथा राष्ट्र के विकास के लिये करें। विद्यार्थी जिस भी क्षेत्र में रहें दुनिया के किसी भी हिस्से में रहें जीवन मूल्यों का हमेशा पालन करें। उक्त उद्गार शुक्रवार को प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के 64वें दीक्षांत समारोह में व्यक्त किये।

अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र अथवा सभ्यता का विकास उसके शिक्षा केन्द्रों में होता है। विशेष रूप से विश्वविद्यालय राष्ट्र की सतत् विकासशीलए चिंतनशील.वैश्विक संवेदना एवं सम्पन्न अंतर.आत्मा के प्रतीक हैं। राज्यपाल ने 15 विद्यार्थियों को समारोह में स्वयं पदक देकर तथा नई शिक्षा नीति के तहत पहली बार पोस्ट ग्रेजुएट दो विद्यार्थियों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा देकर सम्मानित किया। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति को लागू कर राष्ट्र का प्रथम विश्वविद्यालय बनने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा विश्वविद्यालय से पढ़कर निकले अनेक विद्यार्थियों ने सामाजिकए साहित्यिकए राजनीतिकए शिक्षा जगत सहित विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है और विश्वविद्यालय की प्रसिद्धी को उच्च आयाम तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पदक एवं उपाधि प्राप्त छात्र.छात्राएं विश्वविद्यालय के पुराने छात्र.छात्राओं से मिलकर उनकी सफलता के अनुभवों को जानेए इससे उन्हें शैक्षिक ज्ञान के बाद जीवन का व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त होगा। विद्यार्थी अपने आगामी जीवन में भी सफलता प्राप्त करेंए इस उद्देश्य से उन्होंने कहा कि वे अपने चयनित क्षेत्र के अनुभवीए प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट करकेए उनका अनुशीलन करें। राज्यपाल ने सम्बोधन में एनएफएचएस की हाल की रिपोर्ट का जिक्र भी किया। उन्होंने कहा कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2020.21 की रिपोर्ट के अनुसार देश में पहली बार पुरूषों की तुलना में महिलाओं की जनसंख्या बढ़ी है। उन्होंने नोएडा स्थित जेवर में एशिया के सबसे बड़े तथा दुनिया के चौथे सबसे बड़े इंटरनेशनल एअरपोर्ट के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना से सैकड़ों युवाओं को रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल ही में काशी से पूरे भारत के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के शुभारम्भ का जिक्र करते हुए इससे रोजगार एवं स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार का उल्लेख किया राज्यपाल ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारे संविधान में सभी नागरिकों के सामाजिकए आर्थिक और राजनैतिक न्याय की व्यवस्था है।

## इन्हें मिला मेडल

- ■ चांसलर गोल्ड मेडल: एलएलबी आनर्स की स्वाति सिंह
- ■ डॉ चक्रवर्ती गोल्ड मेडल: एलएलबी आनर्स नवें सेमेस्टर के देवधर दुबे
- ■ वाइस चांसलर गोल्ड मेडल: एनसीसी कैडेट मितेन्द्र श्रीवास्तव
- ■ चांसलर सिल्वर मेडल: लवी शुक्ला. ब्ल बेस्ट स्टूडेंट व विश्वविद्यालय की बेस्ट वूमेन स्टूडेंट
- ■ चांसलर ब्रांज मेडल: इकरा रिजवान वारसीए अभिनव कुमार वर्मा . बेस्ट स्टूडेंट इन बीए फाइनल ईयर
- ■ चांसलर ब्रांज मेडल: मो. अय्यूब अहमदए कुलदीप कुमार पटेल. बेस्ट स्टूडेंट इन बीएससी फाइनल ईयर
- ■ चांसलर ब्रांज मेडल: दिशा मिश्राए सुहानी कान्याल.बेस्ट स्टूडेंट बीकाम फाइनल ईयर
- ■ चांसलर ब्रांज मेडल: संजय सिंहए श्रद्धा पांडेय.बेस्ट स्टूडेंट बीएफ फाइनल ईयर
- ■ चांसलर ब्रांज मेडल: पुनीत देशवाल .बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी आनर्स
- ■ चांसलर ब्रांज मेडल: प्रियंवदा शुक्ला.बेस्ट स्टूडेंट इन एलएलबी त्रिवर्षीय

## जमीन कब्जे को लेकर मारपीट कई घायल

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने तकरीबन आधा दर्जन लोगो पर जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपितों ने उनके घर के बुजुर्गों को मारापीटा जिससे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे इलाज के लिए सरोजनीनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि तहरीर दिये जाने के बाद भी रिपोर्ट नही दर्ज कर रही है। थाना क्षेत्र के हनुमानपुरी में रहने वाली प्रीती का आरोप है कि बंजरगी यादव, अंगद यादव व राजेन्द्र यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके घर में घुस गये और छेड़छाड़ करने के साथ मारपीट भी की। उक्त लोगो की मारपीट से घायल हुई कौषल्या देवी को सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड **खुली ई-निविदा** अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 17.12.2021 को 14:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15:30 बजे के पश्चात् खोली जायेगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस/एनईएफटी अथवा सीधे **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या- 50200029446442, आईएफएससी कोड-HDFC0001914 बैंक का नाम- एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0, लखीमपुर** में जमा करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के कार्यालय से 17.12.2021 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in से भी अपलोड किये जा सकते है। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कृपया सम्बन्धित वेब साइट को समय–समय पर संभावित परिवर्तनों हेतु अवलोकित करें। **खुली ई–निविदा सूचना सं० 05/वि0पारे0ख0(लखी0)/2021–22** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र निघासन पर 160एम0वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना हेतु स्ट्रक्चर विद्युत रचना इकाई नैनी प्रयागराज में छाटने– गिनने तथा ट्रक पर लोड करने नैनी प्रयागराज से 220 के0वी० उपकेन्द्र निघासन तक ढोने एवं उतारने आदि कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0–1000.00/–मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)–590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **खुली ई–निविदा सूचना सं0 06/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2021–22** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 232 के0वी० उपकेन्द्र गोला पर बसबार एवं 3 अदद् 132 के०वी0 बे निर्माण के लिए स्ट्रक्चर के छाटने गिनने ट्रक पर लोड करने नैनी प्रयागराज से 132 के0वी0 उपकेन्द्र गोला तक ढोने एवं उतारने आदि कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0–1500.00/–मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)–590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **खुली ई–निविदा सूचना सं० 07/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2021–22** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत स्थापित 220 के0वी० उपकेन्द्र निघासन पर 4 न0, 132के0वी0 उपकेन्द्र पलिया पर 11 न0 एवं 132के0वी० उपकेन्द धौरहरा पर 5 न0 33के0वी0 फीडरों की ओव. रहालिंग का कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0–2000.00/–मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)–590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी–उ0प्र0 262701** पत्रांक–1180 दिनांकः–26.11.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''।

पूर्वोत्तर रेलवे
**खुली ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :– **ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2021-147 कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल–कैमपियरगंज–आनन्दनगर स्टेशनों के मध्य कि.मी. 39/0–2 पर नये नहर पुल सं० 16ए (1x6.1m) का पी.ए.सी. स्लैब द्वारा निर्माण। अनुमानित लागत (₹) :** 24704907.27, **समापन अवधि**–15 माह। 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2021-147** के लिये ई–निविदा दिनांक 20.12.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-282 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**
**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**
**गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।**

## विजयी प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** एसआर मेमोरियल इंटर कॉलेज आदर्श नगर कल्याणपुर में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मद्यनिषेध विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता नीरज सिंह के कर कमलों द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। इस अवसर पर संविधान दिवस के दिन संविधान के उद्देशिका आप पाठन भी किया गया कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य अंशुमान सिंह मंडल उपाध्यक्ष अजय सिंह , जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अविनाश यादव, वार्ड अध्यक्ष राजनंदन वर्मा, पूर्व पार्षद प्रत्याशी सावित्री वर्मा, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार गिरी आदि लोग मौजूद रहे

# संविधान दिवस पर राजभवन में क्विज प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश की** राज्यपाल की आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से शुक्रवार को संविधान दिवस के अवसर पर राजभवन के गांधी सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव.संविधान दिवस विषयक एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राजभवन में कार्यरत सभी अधिकारीए कर्मचारी एवं राजभवन में आवासित बच्चों ने भाग लिया। प्रतिभागिता पांच समूहों में आयोजित की गईए जिसमें कक्षा 1 से स्नातक तथा अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने प्रथमए द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को प्रमाण पत्रए पठन.पाठन सामग्री तथा बच्चों के लिए कुछ उपयोगी वस्तुएं देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

## भारतीय संविधान दिवस परन निकाली गई यात्रा

**मोहनलालगंज।** वीरांगना उदादेवी पासी की शहादत की स्मृति में शुक्रवार को केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर की अगुवाई में पीजीआई से भारतीय संविधान दिवस यात्रा निकाली गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने झण्डा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। यात्रा के काफिले में 1008 वाहन शामिल रहे जिसका प्रयागराज में समापन किया गया। मोहनलालगंज कस्बे में तहसील गेट के समीप केन्द्रीय राज्यमंत्री का भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अशोक तिवारी और अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला मंत्री हंसराज रावत ने फूल.माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। भारत माता के जयकारे और वंदेमातरम के उदघोष के मध्य किसान मोर्चे के मीडिया प्रभारी मुकेश द्विवेदी व निगोहां प्रधान अभयकान्त दीक्षित और भाजपा नेता रुद्र प्रताप सिंह समेत अन्य लोगों ने काफिले पर पुष्प वर्षा कर यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री के प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी मीडिया प्रभारी केके रघुवंशी और एडवोकेट सुशील रावत समेत अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वन विभाग व राजस्व की संयुक्त टीम करेगी तालाब की पैमाइश

**मोहनलालगंज।** जबरौली में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे चिन्हित करने के लिए प्रशासन वन विभाग के सर्वेयर और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के जरिए पैमाइश कराएगा। पायनियर में प्रमुखता से खबर छपने के बाद एसडीएम शुभी सिंह ने रेंजर सत्येन्द्र सिंह को जल्द से जल्द सर्वेयर बुलाने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं राजस्व निरीक्षक की अगुवाई में मातहतों को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर पैमाइश करने को कहा गया है। मोहनलालगंज के जबरौली गांव में तालाब की तकरीबन 28 बीघे जमीन के बड़े हिस्से पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान रेनू अवस्थी का आरोप है कि 12 अक्टूबर को एसडीएम से शिकायत कर तालाब की जमीन अवैध कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। लेकिन एसडीएम के आदेश पर भी राजस्व कर्मी तालाब की पैमाइश कर अवैध कब्जे चिन्हित करने में टालमटोल कर रहे हैं। एसडीएम शुभी सिंह ने बताया वन विभाग के रेंजर से बातचीत कर यथाशीघ्र सर्वेयर बुलाने के लिए कहा गया है। रेंजर ने रविवार तक पैमाइश कराने का भरोसा दिया है। वहीं राजस्व निरीक्षक को अपनी टीम लेकर वन विभाग के सर्वेयर के साथ मिलकर तालाब की पैमाइश जल्द से जल्द पूरी कराने को कहा गया है। पैमाइश के दौरान अवैध कब्जे मिलने पर एसडीएम ने फौरन खाली कराकर रिपोर्ट देने को कहा है।

## राजस्व विभाग की गलती का खामियाजा भुगत रहे खातेदार

**मोहनलालगंज।** राजस्व विभाग की गलती का खामियाजा फरियाद लेकर भटक रहे किसानों को भुगतना पड़ रहा है। लेकिन शिकायत पर गलती सुधारने के बजाए राजस्व कर्मी फरियादियों को महीनों से दौड़ा रहे हैं। फरियादियों को शुक्रवार तहसील में आयोजित विशेष शिविर में भी न्याय नहीं मिल सका। अलबत्ता राजस्वकर्मियों ने कानूनी दांवपेंच में उलझाकर उन्हें फिर से लौटा दिया। मोहनलालगंज के सलौली की खतौनी बदलते समय तहसील कर्मियों की लापरवाही से धर्मेन्द्र सिंह व पुष्पेन्द्र सिंह और रामेन्द्र सिंह के नाम खतौनी से हटा दिए गए। राजस्व कर्मियों से लेकर तहसीलदार तक शिकायत दर्ज कराई गई । लेकिन महीनों बाद भी फरियादी न्याय के लिए भटकते फिर रहे हैं। शुक्रवार को तहसील में आयोजित विशेष शिविर में गुहार लगाने पर भी उन्हें समाधान नहीं मिल सका। इसी तरह अम्बार खान ने महुराकला में कुछ जमीन खरीदी । लेकिन विक्रेता किसान की वरासत दर्ज करते समय तहसील कर्मियों ने विक्रय की गई भूमि पर भी किसान के वारिसानों के नाम दर्ज कर दिए। जिसे सुधरवाने के लिए अम्बार तहसील के चक्कर काट रहे हैं। शुक्रवार को तहसील के विशेष शिविर में भी राजस्व निरीक्षक ने उन्हें मुकदमा करने की सलाह देकर लौटा दिया।

## खेतों में लगे कटीले तार किसानों के लिए बने मुसीबत

**मोहनलालगंज।** आवारा पशुओं और नीलगायों से फसल बचाने के लिए खेतों में लगाए जा रहे तारबाड़ किसानों को जख्मी कर रहे हैं। वहीं खेतों में आवागमन के रास्ते की शिकायतें भी बढ़ रही हैं। मोहनलालगंज में रानीखेड़ा के कुछ किसानों की ऐसी ही शिकायत पर एसडीएम ने संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मोहनलालगंज के रानीखेड़ा निवासी राजेन्द्र और राजेश समेत अन्य किसानों का आरोप है कि फसलें बचाने के लिए किसान खेतों के चारों ओर कंटीले तारबाड़ लगा रहे हैं। लेकिन मेड़ से तारबाड़ सटाकर लगाए जाने से अक्सर किसानों के कपड़े इनमें फंसकर फट जा रहे हैं। जबकि जरा सा चूकते ही तारबाड़ किसानों को जख्मी कर रहे हैं। वहीं चारों तरफतारबाड़ लगा होने से पीछे के खेतों में जुताई और बुवाई के ट्रैक्टर ले जाना भी मुश्किल हो जा रहा है।

# केन्द्रीय अधिकारी ने लखनऊ में जानी फाइलेरिया अभियान की हकीकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**फाइलेरिया** अभियान की हकीकत जानने के लिए भारत सरकार में वेक्टर बोर्न डिजीज की संयुक्त निदेशक डॉक्टर छवि पंत ने शुक्रवार को लखनऊ का दौरा किया। फाइलेरिया का मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ;एमडीएद्ध राउंड 7 दिसंबर तक चलेगा।

राजधानी के ऐशबाग के सुदर्शनपुरी और तकिया इलाके का दौरा कर फाइलेरिया अभियान की हकीकत जानी और लोगों को फाइलेरिया रोग से होने वाली परेशानी के बारे में भी अवगत कराया। डॉक्टर छवि ने दवा खाने वालों से एडवर्स एफेक्ट समेत कई पहलुओं पर बात की। सुदर्शनपुरी क्षेत्र की 36 वर्षीय मिनाखी और 28 वर्षीय सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने सामने दवा खिला रहे हैं। भ्रमण के दौरान डॉ छवि ने स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर्स से अभियान के दौरान आ रही चुनौतियों पर भी बात की। साथ जनपद का आंकड़ा और फाइलेरिया का लक्ष्य भी जाना। डॉ छवि ने सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च ;सीफारद्ध संस्था के सहयोग से हुए नुक्कड़ नाटक की तारीफ। उन्होंने कहा कि यदि नुक्कड़ नाटक समेत अन्य माध्यमों से हम जनता के बीच सार्थक संदेश देने में सफल हो जाएं तो यह बीमारी सिर्फ जागरूकता से काफी कम की जा सकती है।

### नुक्कड़ नाटक कर फाइलेरिया की दवा खाने के लिए किया प्ररित

सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सहयोग से सुदर्शनपुरी में नुक्कड़ नाटक आयोजित हुआ। सभी कलाकार आकार फाउंडेशन के थे। इस दौरान कलाकारों ने अपने डाईलॉग्स के जरिए बीमारी की गंभीरता समझाई। साथ ही एमडीए राउंड के दौरान मुफ्त मिलने दवा खाने की अपील की। अभय शुक्ला डॉक्टर के किरदार में, शाश्वत शुक्ला सुखदेव चाचा के किरदार और ललिता कुमारी आशा दीदी के किरदार गजब का अभिनय किया। वहीं मोहित कश्यप गोपाल दादा के किरदार में और अभय सिंह रामधनी किरदार में काफी आकर्षक मंचन किया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल
**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 भेलूपुर पावर हाउस, वाराणसी**
**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागों में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई–टेण्डर के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 13.12.2021 समय 13.00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा अपलोड की जायेगी जो उसी दिन दिनांक 13.12.2020 को 16.00 बजे से खोली जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्तें संबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। **क्रम सं0** 1. **निविदा विशिष्टि संख्या** 83/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला मण्डल वाराणसी के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशाला केन्द्रों में प्रयुक्त होने वाली Flexible copper strip 45x1 mm, 60x1 mm and 40x5 mm Aluminium strip का क्रय। **धरोहर धनराशि रू0** 62000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 2. **निविदा विशिष्टि संख्या** 84/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र साहुपुरी चन्दौली में 10,25,63 एवं 100 केवीए क्षमता के क्षतिग्रसत परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 68400.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 3540.00 **क्रम सं0** 3. **निविदा विशिष्टि संख्या** 85/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड प्रयागराज के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र फेहपुर बेरूईहार में Cylindrical body C.R.G.O Shell type Core 25 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 14000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 3540.00 **क्रम सं0** 4. **निविदा विशिष्टि संख्या** 86/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत कार्यशाला खण्डों में मध्यम क्षमता के परिवर्तकों का स्थापित स्थल पर मरम्मत करने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 44520.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 3540.00 **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी** पत्रांक–2199 दिनांक–26.11.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड न्यू हाइडिल काला.नी, सिविल लाइन, गोण्डा–271001
**मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 12/वि0जा0खं0 (वि0)/गोण्डा/ई–टेण्डर/2021– 22** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्य को संपादित कराने हेतु दो भागों में अलग–अलग निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाइट ''http://www.mvvnl.in" तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाईट ''http://etender. up.nic.in" से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा का प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग वेबसाईट पर लोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.12.2021 समय 17:00 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि 14.12.2021 समय 14:30 बजे से तकनीकी भाग खोला जायेगा। ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि, जी0एस0टी0 पंजीकरण पत्र, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, कैंसिल्ड चेक की प्रति, श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र एवं सरकारी विभाग में जानपदीय कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र धारक निविदादाता ही ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पात्र होगें। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग–2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग के परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के द्वितीय भाग (वित्तीय भाग) को खोला जायेगा, जिसकी सूचना अर्ह निविदाकारों को ई–मेल द्वारा दी जायेगी। निविदा प्रस्ताव केवल ई–टेण्डरिंग वेबसाईट ''http://etender.up.nic.in" पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं घरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gonda" के पंजाब नेशनल बैंक, गोण्डा के A/c No. 2024002100005846 एवं IFSC Code-PUNB0202400 में दिनांक 27.11.2021 के पश्चात ही RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी तथा साक्ष्य के रूप में योज्य यू0टी0आर0 संख्या, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति पार्ट–1, के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रथम भाग खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को उपरोक्त समय तक खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होगी। निविदा के अन्तर्गत मात्रा 25 प्रतिशत कम या अधिक हो सकती है। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट ''http://etender.up.nic.in तथा म०वि0वि0नि0लि0 मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट– ''http://www.mvvnl.in" पर उपलब्ध कराई जायेगी। शीघ्र सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित करने वाले निविदादाता को कार्य आबंटन में प्राथमिकता दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदाओं को निरस्त कर अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त कर सकते हैं। निविदायें आनलाईन डालने हेतु निविदादाता को किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग अथारिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। **क्र0सं0** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 25/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई–निविदा/2021–22 **कार्य का नाम** न्यू हाइडिल कालोनी परिसर में स्थित सड़क, प्रांगण एवं नाली इत्यादि की दैनिक साफ–सफाई का कार्य। **कार्यावधि** 12–माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.12.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 14.12.2021 **क्र0सं0** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 26/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई–निविदा /2021–22 **कार्य का नाम** प्रबन्ध निदेशक कैम्प कार्यालय में जानपदीय अनुरक्षण का कार्य। **कार्यावधि** 12–माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.12.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 14.12.2021 **क्र0सं0** 3 **निविदा विशिष्ट संख्या** 27/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई–निविदा/2021–22 **कार्य का नाम** 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मोतीपुर जनपद बहराइच के कन्ट्रोलरूम की छत पर रूफ ट्रीटमेन्ट का कार्य। **कार्यावधि** 1–माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.12.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 14.12.2021 **अधिशासी अभियन्ता** पत्रांक– 495 दिनांक–26.11.2021 हेल्पलाइन नम्बर–1800 1800440 ''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें।''

## संविधान को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारीः कुंवर फतेह बहादुर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सामाजिक** संस्था बहुजन भारत के मुख्यालय पर शुक्रवार को संविधान दिवस का आयोजन करके बाबा साहब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष कुंवर फ़तेह बहादुर ने कहा कि़ बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में देश के 85 फीसदी बहुजन समाज को स्वाभिमान से जीने के अधिकार संरक्षित किये। भारतीय संविधान में दिए गए अधिकारों की बदौलत ही आज देश के दलितए पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज को उसके अधिकार मिल पा रहे हैं। अपने अधिकारों को पाने के लिए संविधान को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

कुंवर फ़तेह बहादुर ने कहा कि बाबा साहब द्वारा संविधान में दिलाये गए अधिकारों के प्रति बहुजन नायक कांशीराम ने इस वर्ग में जागरूकता लाकर इनकी वोट की ताकत को सत्ता में परवर्तित करके इन्हें इनके अधिकार दिलाये। उपाध्यक्ष नंदकिशोर ने कहा संविशन के बिना लोकतंत्र की कल्पना ही नहीं की जा सकती। संस्था के महासचिव चिंतामणि ने कहा कि बहुजन समाज में जागरूकता अभियान चलाये रखना बहुत जरूरी है। संस्था के कोषाध्यक्ष राम कुमार गौतम ने कहा बाबा साहब ने संविधान सभा में कहा था कि साधन योग्य उद्योग ए मूल उद्योग ए बीमा ए कृषि आदि राज उद्योग बनाये जाएँ तथा व्यक्तिगति लोगों से ऐसे उद्योग धंधें अपने अधिकार क्षेत्र में लेकर सार्वजनिक उद्योग धंधें घोषित किये जाएं जिससे पैदा होने वाले रोजगार जनसामान्य तक पहुंच सकें।

# यूपीनेडा के तत्वावधान में आयोजित किया गया यूपी ग्रीन एनर्जी समिट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**पीएचडी** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के यूपी चैप्टर ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण उत्तर प्रदेश (यूपीनेडा) विभाग के सहयोग से शुक्रवार को पीएचडी हाउस गोमती नगर में 'उत्तर प्रदेश ग्रीन एनर्जी' समिट-2 का आयोजन किया। समिट का उद्देश्य हितधारकों के लिए अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में उभरते निवेश के रास्ते के बारे में जानकारी देना था और साथ ही राज्य में इसके विकास को आगे बढ़ाने के लिए नवीन समाधानों पर प्रकाश डालना था। समिट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनिल कुमार सेक्रेटरी नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) ने दीप प्रज्ज्वलित किया तथा मुकेश सिंह स्टेट हेड, आर्थर डी लिटिल इंडिया प्रा. लिमिटेड लखनऊ आलोक वर्मा, वाईस वाईस प्रेसिडेंट एम्प्लस एनर्जी सॉल्यूशंस प्राण् लिमिटेडए गुरुग्रामय डॉ. डी एस चौहान, मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ योगेश श्रीवास्तव, असिस्टेंट सेक्रेटरी जनरल, पीएचडी चैंबर भी समारो में शामिल थे ।

मुख्य अतिथि अनिल कुमार सेक्रेटरी, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण उत्तर प्रदेश यूपीनेडा ने कहा कि सरकार राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन को कई गुना बढ़ाने के लिए भूमि के अलावा अन्य सौर ऊर्जा संयंत्रों को लागू करने के अन्य विकल्पों पर विचार कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के विशाल ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचने के लिए राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को बढ़ाने के लिए अक्षय ऊर्जा के विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे निर्णयों और कदमों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य के विकास में सौर ऊर्जा और जैव ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उनके विभाग ने सौर ऊर्जा के उत्पादन में निजी भागीदारी बढ़ाने के लिए कई व्यवस्थाएंध्नीतियां बनाई हैं। इस क्षेत्र में निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं।

# वाराणसी की सड़कें भगवा और तिरंगा से रंगी नजर आईं, गूंजे राष्ट्रप्रेम के गीत



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भगवान शिव** की नगरी काशी शुक्रवार को आस्था और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आ रही थी। मौका था आर्य महिला नागरमल मुरारका माडल स्कूल से निकले तिरंगा यात्रा का। जहां रास्ते भर सड़कें तिरंगा झंडा में नजर आ रही थीं तो दूसरी ओर वंदे मातरम और भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए छात्राओं का हुजूम निकला तो आजादी की 75 वीं जयंती पर भगवा के रूप में आस्था और देश प्रेम सड़कों पर उमड़ आया। तस्वीरों में देखिए शानदार आयोजन की झलकियां-तिरंगा यात्रा: विशाल तिरंगा यात्रा में राष्ट्रभक्ति के भाव में हजारों लोग सड़कों पर उतरे तो काशी राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आया।

**तिरंगा यात्रा में रथ पर तलवार**, ढाल के साथ स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा एवं झांकी आर्य महिला नागरमल मुरारका माडल स्कूल से प्रारम्भ हुई। तिरंगा यात्रा में इस विशाल तिरंगा यात्रा एवं झाकी में भारत माता रानी लक्ष्मी बाई एवं अहिल्या बाई के स्वरूप में झाकियां सजायी गयी थीं। तिरंगा यात्रा: यह तिरंगा यात्रा प्रात: 8.30 बजे आर्य महिला नागरमल मुरारका माडल स्कूल चेतगंज के प्रांगण से प्रारम्भ होकर लहुराबीर क्वींस कालेज , संस्कृत विश्वविद्यालय होते हुये वापस चेतगंज विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुयी। तिरंगा यात्रा में तिरंगा यात्रा में सबसे पहले शंख नाथ एवं डमरू की ध्वनि लोगों को स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं जयन्ती का आह्वान करा रहे थे। तिरंगा यात्रा में शंख व ध्वनि सुनकर भारत माता की जय के साथ लोग विशाल तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होते भारत माता के स्वरूप में तिरंगे झंडे से सजे एवं सैन्य बल के साथ एक विशाल यात्रा सुशोभित थी।

**तिरंगा यात्रा:** यात्रा के पीछे भारत की जनता भारत माता की जय एवं बन्दे मातरम के नारे लगाते हुये हाथ में तिरंगा लिये हुये चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा में झांसी की रानी के स्वरूप में छात्रा एक रथ में सुशोभित रहीं तो मराठा वेश धारण किये हुये विरांगनाये भाले से सुसज्जित जय भवानी के उद्घोष के साथ उनके साथ चल रही थी। तिरंगा यात्रा में अहिल्या बाई के स्वरूप में छात्रा एक रथ में सुशोभित थी। जिनके पीछे साधु सन्त रुद्राक्ष की माला, लोहबान एवं केशरिया ध्वज लिये हर हर महादेव के उदघोष के साथ चल रहे थे।

## संविधान दिवस पर कांग्रेस ने शुरू किया सदस्यता विस्तार अभियान

**गाज़ीपुर।** गाजीपुर जिला कांग्रेस कार्यालय पर आज एक आवश्यक बैठक में बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गयाए साथ ही आज कांग्रेस के महा सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की गईए संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश में एक करोड़ नए सदस्य बनाने का फैसला किया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय फुल्लनपुर दलित बस्ती के साथ सभी जिले के सभी ब्लाकों में अपने अभियान की शुरुआत कर दी है। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि इसके लिए पूरे प्रदेश में 23000 सदस्यता प्रभारियों के नेतृत्व में घर.घर जाकर कांग्रेस के सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए न्याय पंचायत और वार्डो के 23 हजार प्रभारी कांग्रेस पार्टी के नए सदस्य बनाएंगे। इसी के परिपेक्ष्य में जनपद के सभी सोलह ब्लाकों में 5-5 हजार नए सदस्य बनाए जाने का आह्वान किया गया है जो बूथ स्तर पर कार्यान्वित होगा। आज संविधान दिवस के दिन खास तौर पर दलित बस्तियों में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकरनगर के योगदान पर विशेष चर्चा होगी। रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया है। प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही भारतीय राजनीतिज्ञों और विद्वेताओं ने देश के अपने एक विशेष संविधान होने पर चर्चा शुरू कर दी थी। इसी क्रम में 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए एक प्रारूप समिति का निर्माण किया गया था, जिसके अध्यक्ष के रूप में डॉ भीमराव अंबेडकर को नियुक्त किया गया था और उन्हें संविधान के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# इफ्को ने शुरू किया नैनो यूरिया का उत्पादन: डॉ. अवस्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज




**इफ्को ने नैनो** तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया तरल का उत्पादन शुरू किया है। इफ्को नैनो यूरिया पर्यावरण के अनुकूल तो है ही साथ ही यह अनूठा उर्वरक है जो विश्व में पहली बार इफ्को द्वारा विकसित किया गया है। जिसे भारत सरकार से मान्यता भी मिल गयी है। इफ्को ने नैनो यूरिया की पांच सौ मिली लीटर की एक करोड़ बोतल तैयार कर लिया है। जो किसानों के बीच अधिक से अधिक मात्रा में पहुंचाई भी जा चुकी है। शुक्रवार को इफ्को फूलपुर ईकाई परिसर स्थित कारडेट चौपाल में इफ्को के प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी ने पत्रकारों को बताया कि नैनो यूरिया किसानों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। क्योंकि किसी भी फसल की क्रांतिक अवस्थाओं पर नैनो यूरिया का पत्तियों पर छिड़काव करने से नाइट्रोजन की सफलतापूर्वक आपूर्ति हो जाती है। जिसके चलते उत्पादन और उत्पाद दोनों की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है।

इफ्को के एमडी डा उदय शंकर अवस्थी ने बताया कि स्वदेशी नैनो फर्टिलाइजर को दुनिया में पहली बार इफ्को नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर कलोल गुजरात में पेटेंटेड तकनीक से तैयार किया गया है। डा अवस्थी ने बताया कि नैनो यूरिया तरल प्रमुख पोषक तत्व नाइट्रोजन का स्रोत है जो कि पौधों में कार्बोहाइड्रेट एवं प्रोटीन के निर्माण और पौधे की संरचना और वानस्पतिक वृद्धि के लिए बेहद उपयोगी भी साबित होगा। बताया कि नैनो यूरिया की दो चार मिली लीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर खड़ी सभी प्रकार की फसलों में छिड़काव किया जा सकता है। डा. अवस्थी ने बताया कि नैनो यूरिया परंपरागत यूरिया से अधिक उपयोगी तो होगी ही साथ ही इससे टिकाऊ खेती होगी। बताया कि इसका उपयोग नाइट्रोजन की कम आवश्यकता वाली फसलों में मात्र 2 मिली लीटर और अधिक आवश्यकता वाली फसलों में 4 मिली लीटर तक प्रति लीटर पानी में मिलाकर पत्तियों में छिड़काव किसान सकते हैं। एमडी डा यू एस अवस्थी ने मीडिया को बताया कि इफ्को उत्तर प्रदेश में स्थित अपने फूलपुर संयंत्र में नैनो उर्वरक उत्पादन संयंत्र लगा रही है।

# 67 बच्चों का हुआ नि:शुल्क उपचार

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नवम्बर माह में 03 बच्चों का वाराणसी स्थित हेरीटेज चिकित्सालय में कटे होठ का नि:शुल्क सर्जरी कराया। अप्रैल 2021 से अब तक इस प्रकार के 67 बच्चों का उपचार किया जा चुका हैए इस आशय की जानकारी कार्यक्रम के प्रबन्धक राकेश तिवारी ने दी। अपर मुख्य चिकित्सालय डाक्टर अरूण कुमार ने बताया कि जिले के 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा 263 सबसेन्टरों पर भी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगातार बच्चों का उपचार किया जा रहा है। नवम्बर माह में सामुदायिक स्वास्थ्य गुरूसण्डी दो बच्चे व अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक बच्चे का कटे होठ के मिलेए जिनकी उम्र 3.5 वर्ष का दो व एक 4 वर्ष तक के हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ऐसे बच्चों का उपचार बिल्कुल नि:शुल्क कराया जाता है।

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
पर्यवेक्षण विभाग, 8-9, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010
**शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सहारनपुर- प्रेस प्रकाशनी**
27 नवंबर 2021
**शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड के रूप में परिवर्तित होने पर शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द**
सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि आरबीआई के दिनांक 27 सितंबर 2018 के परिपत्र सं. डीसीबीआर.सीओ.एलएस.पीसीबी.परि.सं.5/07.01.000/ 2018-19 के माध्यम से आरंभ की गयी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) से लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) में स्वैच्छिक परिवर्तन संबंधी योजना के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ने शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लघु वित्त बैंक के रूप में परिवर्तित होने पर लाइसेंस रद्द कर दिया है। तदनुसार, अब यह बैंक बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 5 (सीसीआई) में परिभाषित सहकारी बैंक नहीं रह गया है और उक्त सहकारी बैंक पर लागू उक्त अधिनियम के सभी प्रावधान अब लागू नहीं हैं। परिवर्तित होने पर, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22(1) द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड को लघु वित्त बैंकिंग कारोबार करने के लिए दिनांक 01 जनवरी 2021 को लाइसेंस प्रदान किया गया था।
लखनऊ क्षेत्रीय निदेशक

## क्विक न्यूज

### उद्यमिता दिवस पर महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

**प्रयागराज।** महिला उद्यमिता दिवस पर अपने अग्रणी कार्यक्रम अमेजन सहेली के अंतर्गत अमेज़न इंडिया ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ प्रदेश भर की महिला उद्यमियों के साथ वह प्रयागराज की महिला उद्यमियों के विकास में तेजी लाने के लिए सहयोग की घोषणा की। इसके जरिए अमेज़न और सरकार लाखों महिला उद्यमियों की सहायता और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक साथ आएगी एवं अमेज़न संस्था समस्त राज्य की महिला एन्टरप्रेन्योर के साथ अपने व्यवसाय को ऑनलाइन पंजीकृत करने और व्यापक बाजार आधार तक पहुंचने के लिए सहायता करेगी। सरकार के साथ इस सहयोग के हिस्से के रूप में सहेली कार्यक्रम इसके प्रतिभा गियों के लिए ऑनलाइन बिक्री की बारीकियों को समझने के लिए उनसे जुड़ी महिला उद्यमियों की मदद करता है। साथ ही व्यापक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशालाओं की पेशकश करता है। जिससे महिला उद्यमियों पर अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए आवश्यक क्षमताएं और कौशल विकसित करना काफी आसान हो जायेगा। अमेज़ॅन इंडिया के सेलर पार्टनर सर्विसेज के निदेशक सुमित सहाय ने कहा 2025 तक एक करोड़ एमएसएमई को डिजिटाइज़ करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हम उत्तर प्रदेश में यूपीएसआरएलएम के साथ राज्य भर में लाखों महिला उद्यमियों को प्रभावित और सशक्त बनाने के लिए सीधे सहयोग कर रहे हैं।

### महामारी की प्रकोप फैलने के बाद शिक्षा प्रणाली में हुआ बदलाव

**प्रयागराज।** भारत के सबसे भरोसेमंद एडुटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एक्सट्रामार्क्स ने अपना नया लोगो विजुअल पहचान और कैटेगरी में अपनी पोजीशन के लॉन्च की आज घोषणा की। कंपनी की ब्राडिंग के मूल तत्व नए विजुअल एसेट्स बन गए हैं। इसमें एक तरोताजगी से भरपूर कंपनी का लोगो और वन स्टॉप लर्निंग ऐप सोल्यूशन शामिल है। इसमें एक्सट्रामार्क्स के सिद्धांतों और मूल्यों जैसे मनोरंजन दिलचस्पी एकीकृत और समावेशी शिक्षा की झलक मिलती है। यह नई ब्रांडिंग पहले ही आंतरिक और बाहरी कम्युनिकेशन चैनल पर लाइव हो चुकी है। द लर्निंग ऐप का लेटेस्ट वर्जन आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस के यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इस मौके पर एक्सट्रामार्क्स के सीईओ ऋत्विक कुलश्रेष्ठ ने कहा महामारी का प्रकोप फैलने के बाद पूरी शिक्षा प्रणाली में काफी बदलाव हुआ है और नए जमाने के स्?टूडेंट्स को डिजिटल शिक्षा प्रणाली ने अपनी ओर आकर्षित किया है। इसने हमें समय के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है। एक्सट्रामार्क्स की समावेशी सहज और पूरी तरह से तकनीक से लैस लर्निंग सोल्यूशंस प्रदान करने की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि हुई है।

### रचनात्मक और सकारात्मक बदलाव लाने के हैं प्रयास

**प्रयागराज।** सभी प्रक्रियाओं में सस्टेनेबिलिटी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके कुछ खास केंद्र बिंदु हैं। कार्बनमुक्त होना परिपत्र अर्थव्यवस्था सर्कुलर इकॉनमी जैव विविधता प्रबंधन जल सकारात्मकता सुरक्षित ऑपरेशन और सामाजिक उत्थान है। ग्रे सीमेंट सफेद सीमेंट और रेडी मिक्स कंक्रीट की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ फिक्की द्वारा आयोजित इंडियन सर्कुलर इकॉनमी अवार्ड जीता है। बड़े उद्यमों की श्रेणी में अल्ट्राटेक ने यह पुरस्कार संयुक्त रूप से जीता है। कंपनी की रचनात्मक और असरदार प्रथाओं को भी मान्यता प्रदान करता है। फिक्की द्वारा आयोजित इंडियन सर्कुलर इकॉनमी अवार्ड आईसीईए एक ऐसा पुरस्कार है। जो ख़ास तौर पर सर्कुलर अर्थव्यवस्था के प्रति समर्पित है। पुरस्कार समारोह 25 नवंबर को वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया और सभी विजेताओं की घोषणा नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कान्त की उपस्थिति में की गयी। आईसीईए का लक्ष्य ऐसे संस्थाओं और व्यक्तियों का सम्मान करना और उनके प्रयासों को पहचानना है जो अपनी नीतियों और रचनात्मक तरीके से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत हैं।

### एक युवक के विरूद्ध मकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** विद्यालय व्यवस्थापक से एक लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वादी दिलीप कुमार वर्मा पुत्र अंगद कुमार निवासी ग्राम पिपरी मोहम्मदी का आरोप है कि विपक्षी अंकित कुमार वर्मा पुत्र मंशा राम निवासी ग्राम खलीपत पुर ने फोन पर गाली धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग की नही तो जान से मार देंगे।और स्कूल व घर फूंक देंगें।विपक्षी ने बीते 23 नवम्बर को स्कूल पर जाकर धमकी दी और पिस्टल भी दिखाया और घर पर जाकर पत्नी व बच्चों को भी धमकी दिया।कोतवाली टाण्डा पुलिस ने अंकित के विरुद्ध धारा 386 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान का शपथ दिलाया गया

**अम्बेडकरनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर आज जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजिया, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, अपर उपजिलाधिकारी रोशनी यादव, अपर उपजिलाधिकारी सुनील ,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान का शपथ दिलाया गया-हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। संवैधानिक आदर्शों ,संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखंडता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगे। सामाजिक सांस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों को बढ़ावा देंगे।

### बंद दुकान के बाहर कई दिनों से रह रही दूसरे प्रदेश की अज्ञात महिला

**अयोध्या जाना बाजार।** कई दिनों से छिप छुपाकर हैदरगंज बाजार में बंद दुकान के चद्दर के नीचे रह रही 28 वर्षीय महिला आस पास के दूकानदारों के लिए बड़ी चुनौती बन गई । भाषा से महिला दूसरे प्रदेश की बताई गई है । जो भटक कर हैदरगंज पहुंच गई । हैदरगंज पुलिस से कई बार शिकायत के बाद पहुंचे प्रभारी निरिक्षक महिला की सहायता होगी कहकर वापस चले गये। बताते चलें कि हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज बैंक ऑफबड़ौदा के सामने खाली पड़े एक मकान के बरामदे में 1 लगभग 28 वर्षीय महिला कई दिनों से डेरा जमाए हुए है । महिला की बोल भाषा से वह किसी दूसरे प्रदेश की लग रही है। कई दिनों से वह चोरी.छिपे बंद मकान के बरामदे के कोने में पड़ी दिखाई देने पर आसपास के लोगों का दिल पसीज आया और महिला को कुछ खाने को देने लगे। परंतु वही आसपास के लोगों को एक भय सताने लगा । जिसके चलते इसकी शिकायत प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज अश्वनी मिश्रा से 24 नवंबर को देर शाम फोन पर की गई ।

Piramal
Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) ख्यूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00002229) मुकुंद शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) मधुसूदन मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड (सह-कर्जदार 1) माधव कालोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड (सह-कर्जदार 2) रमा शंकर (गारंटर 1) रेणु अग्रवाल (गारंटर 2) रवि शंकर (गारंटर 3) | 21-10-2021/रू. 2,41,78,843/- (रूपए दो करोड़ इकतालीस लाख अठहत्तर हजार आठ सौ तेंतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | सम्पत्ति/खाता नंबर 315, खसरा नंबर 370, मौजा कुआ खेड़ा, निकट कस्तूरबा गांधी स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002592) श्री राम सिंह (कर्जदार) राम पति सिंह (सह-कर्जदार 1) बिजेन्द्र कुमार सिंह (सह कर्जदार 2) बिनय कुमार सिंह (गारंटर 1) | 08-10-2021/रू. 1,34,18,642/- (रूपए एक करोड़ चौंतीस लाख अठारह हजार छह सौ बयालीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | मकान स्थित अराजी नंबर 23 मिन, मौजा चकिया अंदर नगर, टप्पा गोबारी, परगना सलेमपुर मझौली, तहसील एवं जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश-274701 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000094) स्काईटेक कंस्ट्रक्शन्स प्रा. लि. (कर्जदार) मयंक चावला (सह-कर्जदार 1) राकेश चावला (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 56,06,374/- (रूपए छप्पन लाख छह हजार तीन सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 806, 1006, 1206, 1206 ए, 1404, 1405, 1406, 1503, 1505, स्काईटेक मेरिओन रेजीडेंसी फेज-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (नोएडा सेक्टर-2 शाखा का एलसी नंबर : 00042024) रोहित कुमार सिंह (कर्जदार) नीतू सिंह (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 43,75,061/- (रूपए तेंतालीस लाख पचहत्तर हजार इकसठ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 702, 7वां तल, टावर सी, स्टेलर एमआई लीगेसी, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-जीटा 1, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00005231) चंदन लखानी (कर्जदार) उमा लखानी (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 39,58,076/- (रूपए उन्तालीस लाख अट्ठावन हजार छहत्तर मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 306, तृतीय तल, वज्र तुलसी अपार्टमेंट, अराजी नंबर 313, मौजा तुलसीपुर भेलूपुर, पर. देहात अमानत वाराणसी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221010 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00002137) आभा माथुर (कर्जदार) शुभम माथुर (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 36,26,297/- (रूपए छत्तीस लाख छब्बीस हजार दो सौ सत्तानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | अपार्टमेंट नंबर 20008, प्लॉट नंबर 6, 20वां तल, मैपल टावर, पैरामाउंट सिम्फनी क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201206 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000089) स्काईटेक कंस्ट्रक्शन्स प्रा. लि. (कर्जदार) मयंक चावला (सह-कर्जदार 1) राकेश चावला (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 31,54,327/- (रूपए इकतीस लाख चौवन हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 806, 1006, 1206, 1206 ए, 1404, 1405, 1406, 1503, 1505, स्काईटेक मेरिओन रेजीडेंसी फेज-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00007100) आशीष श्रीवास्तव (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 26,16,585/- (रूपए छब्बीस लाख सोलह हजार पांच सौ पिचासी मात्र) एनपीए (09-06-2021) | फ्लैट नंबर 3-सी, तृतीय तल, प्लॉट नबर 436 जे-ब्लॉक, इंद्रलोक कालोनी, वार्ड केसरी खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00005638) अखिलेश्वर नाथ मिश्रा (कर्जदार) प्रियंका मिश्रा (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 25,85,208/- (रूपए पच्चीस लाख पिचासी हजार दो सौ आठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | अराजी नंबर एमआई. 110/1, मौजा अकाथा, परगना शिवपुर वाराणसी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221007 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00001934) नेहा (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 25,05,947/- (रूपए पच्चीस लाख पांच हजार नौ सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (09-01-2021) | प्लॉट नंबर सी-112, खसरा नंबर 552, रॉयल पार्क एक्सटेंशन कालोनी, ग्राम मुकराबपुर पल्हेडा, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00002542) विनीत बत्रा (कर्जदार) अमित बत्रा (सह-कर्जदार 1) लाडो बत्रा (सह-कर्जदार 2) | 21-10-2021/रू. 21,59,801/- (रूपए इक्कीस लाख उनसठ हजार आठ सौ एक मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 56 पर मकान, खसरा नंबर 32, एमएल एस्टेट कोटली, बगीची देवरी रोड, मौजा कौलखा, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000402) दिग्विजय राज (कर्जदार) प्रतिमा सिंह (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 21,28,008/- (रूपए इक्कीस लाख अट्ठाईस हजार आठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | ईडब्ल्यूएस-408, नेताजी सुभाष चंद्र बोस नगर आवासीय योजना, बिलांदपुर, तहसील-सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00001266) मोहम्मद शाहिद (कर्जदार) मदीना (सह-कर्जदार 1) मोहम्मद सलीम (सह कर्जदार 2) इलियास (गारंटर 1) | 21-10-2021/रू. 19,25,176/- (रूपए उन्नीस लाख पच्चीस हजार एक सौ छहत्तर मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर एफएफ-3, एफएफ, रियर एलएचएस पोर्शन, प्लॉट नंबर ए-7/5, डीएलएफ अंकुर विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00005189) संतोष कुमार मिश्रा (कर्जदार) रीना मिश्रा (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 19,23,089/- (रूपए उन्नीस लाख तेईस हजार नवासी मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 22 बी, खसरा नंबर 1260 क मिनजुमला, ग्राम अमराई, वार्ड शहीद भगत सिंह, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00001946) रेखा कुमारी (कर्जदार) उर्मिला देवी (सह-कर्जदार 1) राज वीर सिंह (सह-कर्जदार 2) धीरज कुमार (गारंटर 1) | 08-10-2021/रू. 18,59,032/- (रूपए अठारह लाख उनसठ हजार बत्तीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर 108, खसरा नंबर 130, डिफेंस ग्रीन रेजीडेंशल कालोनी, मौजा सेमरी, डीपीएस स्कूल के सामने, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00001649) शैलेश कुमार (कर्जदार) रिंकू कुमारी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 18,57,148/- (रूपए अठारह लाख सत्तावन हजार एक सौ अड़तालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | खसरा नंबर 463 का हिस्सा, सीकरी खुर्द, मोहल्ला इंद्रापुरी, परगना जलालाबाद, मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204 |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 00000665) सत्य नारायण तिवारी (कर्जदार) केटा तिवारी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 17,79,894/- (रूपए सत्रह लाख उनासी हजार आठ सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | मकान नंबर 118, मौजा नयागांव, मोहल्ला अयोध्यापुरी कालोनी, निकट भानु देवी गोयल स्कूल, झांसी, उत्तर प्रदेश-284003 |
| (दिल्ली – सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : डीईएल30754) अकलेश त्यागी (कर्जदार) | 21-10-2021/रू. 17,28,530/- (रूपए सत्रह लाख अट्ठाईस हजार पांच सौ तीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | पार्क व्यू, सेक्टर-5, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (ग्वालियर शाखा का एलसी नंबर : 00003497) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) मेनका राजावत (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 17,20,856/- (रूपए सत्रह लाख बीस हजार आठ सौ छप्पन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर टी 3, श्रय अपार्टमेंट, सौरभ विहार, मोरार ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00000330) बंटी (कर्जदार) सरिता अग्रवाल (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 16,59,590/- (रूपए सोलह लाख उनसठ हजार पांच सौ नब्बे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 22 का उत्तरी भाग, अम्बाखार, वाटर रेट नंबर 1/2032 ए (पुराना) एवं 80/123 (नया), निकट होली गेट, रंगेश्वर मंदिर, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281006 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00002084) बाबू सिंह (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 15,76,465/- (रूपए पंद्रह लाख छहत्तर हजार चार सौ पैंसठ मात्र) एनपीए (09-01-2021) | सम्पत्ति सं. डी-888, भू तल, इंद्रप्रस्थ कालोनी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 |
| (हल्द्वानी शाखा का एलसी नंबर : 00002039) हरि शंकर तिवारी (कर्जदार) अनीता तिवारी (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 15,51,067/- (रूपए पंद्रह लाख इक्यावन हजार सड़सठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | खसरा नंबर 533 ख का हिस्सा, प्राइवेट प्लॉट नंबर 133 एफ/10, महानगर धौरेरा माफी, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 00041948) दीपांकर डे (कर्जदार) ताप्ती डे (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 15,08,650/- (रूपए पंद्रह लाख आठ हजार छह सौ पचास मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 27, प्रथम तल, फ्रंट साइड, खसरा नंबर 51, ग्राम बिंदापुर, गली नंबर 6, ब्लॉक एस, परम पुरी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 00001346) जसबीर सिंह (कर्जदार) अंशु चौहान (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 13,69,952/- (रूपए तेरह लाख उनहत्तर हजार नौ सौ बावन मात्र) एनपीए (10-07-2021) | ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर 19, द्वितीय तल, पाकेट/ब्लॉक-12/8, सेक्टर-82, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00002941) अजय सरोज कुमार (कर्जदार) प्रमिला देवी (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 13,07,927/- (रूपए तेरह लाख सात हजार नौ सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (09-08-2021) | गाटा नंबर 1134/2 मिन, ग्राम बेलाघाट, परगना सदर प्रतापगढ़, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश-230001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00000292) गोपाल पाठक (कर्जदार) रिमझिम पाठक (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 13,02,726/- (रूपए तेरह लाख दो हजार सात सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | मकान नंबर 65, भू तल, अनुपम सिटी, वायु विहार, निकट एचआरसी होराइजन, मौजा पाठोली, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00008130) मोहम्मद याहिया (कर्जदार) जाहिदा खातून (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 12,87,899/- (रूपए बारह लाख सतासी हजार आठ सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 29, खसरा नंबर 221, ग्राम हरदशी खेड़ा, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002505) पवन कुमार दुबे (कर्जदार) शशि देवी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 11,35,822/- (रूपए ग्यारह लाख पैंतीस हजार आठ सौ बाईस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 11 पर मकान, अराजी नंबर 184, नौबस्ता, कानपुर देहात, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000092) ओंकार नाथ (कर्जदार) नागेन्द्र नाथ (सह-कर्जदार 1) प्रेमलता देवी (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 11,12,607/- (रूपए ग्यारह लाख बारह हजार छह सौ सात मात्र) एनपीए (10-07-2021) | अराजी नंबर 97, मौजा मिराजपुर पचपेड़वा, टप-कुठान, तहसील-सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00001530) नरेन्द्र सिंह (कर्जदार) बबीता सिंह (सह कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 11,12,172/- (रूपए ग्यारह लाख बारह हजार एक सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 172 ए, भू तल, श्रमिक कुंज-2, ब्लॉक एसके-II, सेक्टर-93, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201305 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00006412) मोहम्मद फैज खलील (कर्जदार) फरीदा खातून (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 10,96,841/- (रूपए दस लाख छियानवे हजार आठ सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 4 एवं 5 पर मकान, खसरा नंबर 176, मलाहपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004156) अनिल कुमार सक्सेना (कर्जदार) माला सक्सेना (सह कर्जदार 1) मनीष सक्सेना (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 10,93,641/- (रूपए दस लाख तिरानवे हजार छह सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | एफ-300 ब्लॉक एफ, सेक्टर-9, निकट उत्सव भवन, विजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (नोएडा सेक्टर-2 शाखा का एलसी नंबर : 00042846) सरवर मोहम्मद (कर्जदार) पिंकी खातून (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 10,80,656/- (रूपए दस लाख अस्सी हजार छह सौ छप्पन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 73 जी, भू तल, ब्लॉक-डी, सेक्टर – ओमीक्रोन-01, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00000818) दीप चंद (कर्जदार) राज बाला (सह कर्जदार 1) धरम पाल (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 10,47,159/- (रूपए दस लाख सैंतालीस हजार एक सौ उनसठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | निर्माणाधीन मकान प्लॉट नंबर 162, प्लॉट नंबर 163 का भाग, खसरा नंबर 247, गोल्डन वाटिका कालोनी, निकट ग्रीन लैंड पी. स्कूल, ग्राम मुरलीपुर रोहटा रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-50001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00001333) गोपाल जी श्रीवास्तव (कर्जदार) लता श्रीवास्तव (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 10,40,766/- (रूपए दस लाख चालीस हजार सात सौ छियासठ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | अराजी नंबर 441 पर स्थित प्लॉट, मौजा मनबेला, टप्पा-खूठान, परगना –हवेली, तहसील-सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273002 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00003666) अनिल कुमार सक्सेना (कर्जदार) माला सक्सेना (सह कर्जदार 1) मनीष सक्सेना (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 10,19,429/- (रूपए दस लाख उन्नीस हजार चार सौ उन्तीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर एफ-300, सेक्टर-9, ब्लॉक एफ, विजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012 |
| (लाजपत नगर शाखा का एलसी नंबर : 00000423) सत्य नारायण महतो (कर्जदार) रासो देवी (सह कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 10,13,025/- (रूपए दस लाख तेरह हजार पच्चीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 256 टीएफ, टावर सी, जीटा-1, ब्लॉक सी, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00006201) विशाखा धूसिया (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 10,05,168/- (रूपए दस लाख पांच हजार एक सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (12-05-2021) | फ्लैट नंबर एल-1/एफ-10, गोकुल ग्राम योजना सेक्टर-1, मन्नू खेड़ा (यूपी आवास विकास) लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00001303) जितेन्द्र कुमार गुप्ता (कर्जदार) बेबी (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 9,39,605/- (रूपए नौ लाख उन्तालीस हजार छह सौ पांच मात्र) एनपीए (09-09-2021) | मकान नंबर 0135 ए, मौजा दिलेजाकपुर, गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273002 |
| (दिल्ली – पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 00000037) आशीष पूनिया (कर्जदार) गीता पूनिया (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 9,07,977/- (रूपए नौ लाख सात हजार नौ सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (10-07-2021) | एलआईजी फ्लैट नंबर 80 ब्लॉक ए, प्रथम तल, सेक्टर ओमीक्रोन-1, जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00001126) अमित कुमार शर्मा (कर्जदार) राधा (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 9,07,133/- (रूपए नौ लाख सात हजार एक सौ तैंतीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर एम जी 01, जीएफ, रियर एलएचएस प्लॉट नंबर 108, ब्लॉक-5, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00005868) हरि राम तिवारी (कर्जदार) रंजू तिवारी (सह कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 9,01,435/- (रूपए नौ लाख एक हजार चार सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर सी-9, खसरा नंबर 157 बी, नौबस्ता कलां, परगना लखनऊ, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर : 00000785) रेशम देवी (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 8,93,795/- (रूपए आठ लाख तिरानवे हजार सात सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (10-12-2020) | खसरा नंबर 461 का भाग ग्राम करमपुर चौधरी, बरेली, उत्तर प्रदेश- 243001 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00002575) राजेश कुमार सिन्हा (कर्जदार) प्रीति सिन्हा (सह कर्जदार 1) | 28-06-2021/रू. 8,72,856/- (रूपए आठ लाख बहत्तर हजार आठ सौ छप्पन मात्र) एनपीए (12-05-2021) | फ्लैट नंबर 413 टीएफ, तृतीय तल, सेक्टर जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00007622) कृष्ण धर उपाध्याय (कर्जदार) उषा देवी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 8,66,645/- (रूपए आठ लाख छियासठ हजार छह सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | खसरा नंबर 831 मिन पर प्लॉट, ग्राम सरस्वा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00002620) आफताब आलम (कर्जदार) फिरोजा परवीन (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 8,64,317/- (रूपए आठ लाख चौंसठ हजार तीन सौ सत्रह मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट 5, खसरा नंबर 167, ग्राम भैसोरा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 00000215) धीरज गांगिल (कर्जदार) विनोद कुमार गांगिल (सह कर्जदार 1) अनीता गांगिल (सह कर्जदार 2) योगेन्द्र गांगिल (गारंटर 1) | 21-10-2021/रू. 8,42,500/- (रूपए आठ लाख बयालीस हजार पांच सौ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | एच नंबर 1806/1 का भाग, मौजा झांसी खास, खंदेराव गेट के बाहर, तहसील के पीछे, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, मदन कम्पाउण्ड, झांसी, उत्तर प्रदेश-284001 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00001999) मनीष कपूर (कर्जदार) वीणा कपूर (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 8,22,155/- (रूपए आठ लाख बाईस हजार एक सौ पचपन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर एफ-1, फ्रंट आरएचएस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 104, ब्लॉक ए, श्याम पार्क एक्सटेंशन, ग्राम जगोला, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005 |
| (गुरूग्राम – सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 00041307 संतोष आनंद (कर्जदार) रीना राय (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 7,82,560/- (रूपए सात लाख बयासी हजार पांच सौ साठ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 189, द्वितीय तल, ब्लॉक बी, सेक्टर ओमीक्रोन-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 00000686) संजय कुमार (कर्जदार) सपना कुमार (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 6,50,645/- (रूपए छह लाख पचास हजार छह सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | अराजी नंबर 317, मौजा नयागांव, आईटीआई के पीछे, मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर, निकट चर्च, झांसी, उत्तर प्रदेश-284003 |
| (मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00000789) राम किशोर (कर्जदार) मोनिका (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 6,15,626/- (रूपए छह लाख पंद्रह हजार छह सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (09-08-2021) | खसरा नंबर 373, मोहल्ला बल्देवपुरी, मौजा सिहोरा गोविंद बाहर चुंगी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00002951) प्रवीण कुमार शुक्ला (कर्जदार) बाल किशोर त्रिलोकी नाथ शुक्ला (सह-कर्जदार 1) रूमा सिंह (सह-कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 5,42,206/- (रूपए पांच लाख बयालीस हजार दो सौ छह मात्र) एनपीए (10-07-2021) | गाटा नंबर 1228, अहमदपुर नजूल परगना एवं तहसील निकट गोरा बाजार, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर : 00001531) नीरज कुमार (कर्जदार) मिश्री देवी (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 4,26,952/- (रूपए चार लाख छब्बीस हजार नौ सौ बावन मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर 112 ए, खसरा नंबर 1527, गली नंबर 6, बालाजी एन्क्लेव, ग्राम रईसपुर, परगना डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000253) बलवंत दुबे (कर्जदार) राजेश्वरी दुबे (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 2,43,908/- (रूपए दो लाख तेंतालीस हजार नौ सौ आठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर बी-313 पर मकान, मोहल्ला विकास नगर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000234) बलवंत दुबे (कर्जदार) राजेश्वरी दुबे (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 1,34,255/- (रूपए एक लाख चौंतीस हजार दो सौ पचपन मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर बी-313 पर मकान, मोहल्ला विकास नगर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।


तिथि : 27-11-2021
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# राजनीति का अपराधीकरण

## कठोर नियंत्रण आवश्यक

**आपराधिक** रिकार्ड वाले उम्मीदवारों को चुनने वाली पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने की संभावना पर विचार होना चाहिए। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका इस बात पर सहमत हैं कि राजनीति के अपराधीकरण पर विराम लगना चाहिए। लेकिन वे अपराधीकरण समाप्त करने की श्रेणी पर असहमत हैं। न्यायपालिका ने विधायिका और कार्यपालिका से वर्तकान कानूनों में संशोधन का आह्वान किया है ताकि दोषसिद्ध लोगों के चुनाव लड़ने पर स्थाई रोक लगाई जा सके। कार्यपालिका यह कदम उठाने की इच्छुक नहीं है। इसके परिणामस्वरूप अपराधीकरण समाप्त करने की प्रक्रिया लोकतंत्र के स्तंभों के बीच असहमति की बंधक बन गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक बार फिर यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या वह कानून में संशोधन की इच्छुक है। सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। यह मामला ऐसे समय उठा है जब उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जहां वर्तमान व भूतपूर्व विधायकों के खिलाफ सबसे ज्यादा संख्या में आपराधिक मामले लंबित हैं। ऐसे मामलों की 63 विशेष रूप से गठित अदालतों में सुनवाई हो रही है जिनमें से अनेक सालों से लंबित हैं। असोसियेशन फार डेमोक्रेटिक राइट्स के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 363 सांसदों व विधायकों ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामले स्वीकारे हैं। आरोपपत्र पेश हो चुके इन मामलों में पांच से लेकर सात साल तक सजा हो सकती है। अनेक सांसदों के खिलाफ 43 तक तथा 100 से अधिक विधायकों पर 315 मामले 10 साल या उससे अधिक समय से लंबित हैं। 170 से अधिक ऐसे मामले हैं जिनमें आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। अभी यह पता नहीं कि कितने वर्तमान सदस्यों ने अपने खिलाफ मामलों का खुलासा नहीं किया है।




ऐसे में सवाल यह है कि क्या राजनीति को अपराधीकरण से पूर्ण मुक्ति मिलेगी। वर्तमान समय में अपराध की दोषसिद्धि तथा अधिकतम दो साल कैद की सजा वाले विधायक अयोग्य हैं। सर्वोच्च न्यायालय के एक उल्लेखनीय निर्णय के अनुसार वे रिहा होने के 6 साल बाद तक चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। हजारों आपराधिक मामलों का सामना करने वाले सैकड़ों विधायकों में से केवल 11 को अब तक अयोग्य ठहराया जा सका है। यह किसी भी मानक से सजा की खराब दर है। इसका कारण यह है कि मामले खिंचते रहते हैं या आरोप है कि उनको लंबा खींचा जाता है ताकि आरोपी इनके लंबित रहते चुनाव लड़ सकें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सवाल भी उठाया है कि क्या विधायी संस्था में किसी व्यक्ति को केवल उनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगने पर प्रवेश से रोका जा सकता है, लेकिन पांच सदस्यों वाली एक पीठ ने कहा कि उनको इस चरण पर नहीं रोका जा सकता है। इसके बजाय उसने सरकार से ऐसा कानून लाने को कहा। लेकिन इन संस्तुतियों के खिलाफ सरकार राजनीति का अपराधीकरण समाप्त करने के सिद्धान्त पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है। केवल एक समय तक अयोग्य ठहराने से राजनीति का अपराधीकरण समाप्त नहीं हो सकता है। गंभीर अपराधों में दोषसिद्ध होने पर यह अयोग्यता स्थाई होनी चाहिए। अपराधों के आरोपपत्र पेश हो जाने पर अदालतों को इन्हें एक निश्चित समय में निपटाना चाहिए ताकि आरोपियों को दोषसिद्ध होने पर स्वत: और स्थाई रूप से अयोग्य ठहराया जा सके। आपराधिक रिकार्ड वाले उम्मीदवार चुनने वाली राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने पर भी विचार होना चाहिए। लेकिन क्या बिल्ली स्वयं अपने गले में घंटी बांध सकती है?

# हानिकारक हो सकता है अति राष्ट्रवाद

मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का एक शोषणकारी उपकरण है, जबकि इस्लाम का विश्वास है कि यह उनके विश्वास का अंत है।

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**हाल** में लोकप्रिय बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी तथा कुछ सप्ताह जेल के सीखचों के पीछे रखे जाने के बाद कानून और राजनीति पर गरमागरम बहस शुरू हुई है। वाम-उदारवादियों ने आरोप लगाया कि इसका कारण उनका मुसलमान होना है, लेकिन वे भूल गए कि खान आधे हिंदू भी हैं। भारतीय गेंदबाज मुहम्मद शमी द्वारा हालिया टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाजों को कथित रूप से कुछ रन देने पर यह विवाद और तेज व तीखा हो गया। मेरे विचार से यह निराधार आरोप है, जबकि मैं न उदारवादी हूं न वामपंथी। पाकिस्तानी गृह मंत्री शेख रशीद ने घोषणा कर दी कि 'भारतीय मुसलमान इसी भावना का साझा करते हैं।' इसका अर्थ है कि वे सभी मुसलमान पहले हैं तथा हिंदुस्तानी या पाकिस्तानी बाद में।

उत्तर प्रदेश के इटावा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना की तुलना नेहरू, सरदार पटेल व यहां तक कि गांधी से कर दी। अखिलेश ने कहा था, 'उन सबने स्वतंत्रता दिलाने में योगदान किया था।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस तुलना पर गंभीर प्रतिक्रिया की, लेकिन किसी मुसलमान ने अखिलेश की बात का खंडन नहीं किया है। मुस्लिम पहचान से जुड़ी ऐसी असंख्य घटनायें हैं। स्वर्गीय सैयद शहाबुद्दीन ने बार-बार अधिकांश मुद्दों पर मुस्लिम पहचान के महत्व की पैरवी की थी। वे 'मुस्लिम भारतीय' कहना पसंद करते थे और उन्होंने 'भारतीय मुसलमान' कहने से इनकार किया था। स्पष्ट रूप से इसका अर्थ व्यापक इस्लामवादी प्रतिबद्धता है जो राष्ट्रीय पहचान से आगे जाती है। हालिया टी 20 क्रिकेट मैच में पाकिस्तानी विजेताओं ने जोर दिया कि यह न केवल पाकिस्तान, बल्कि इस्लाम की विजय है। यह उदाहरण किसी प्रकार भी अकेला नहीं है। कुछ साल पहले जब वसीम अकरम पाकिस्तानी टीम के कैप्टेन थे और वह बांग्लादेश में मैच हार गई थी तब अकरम ने कहा था कि उनको पाकिस्तान द्वारा 'मुस्लिम भाई' के खिलाफ मैच हारने पर चिन्ता नहीं है। स्पष्ट है कि उनके विचार से उम्मा, यानी वैश्विक मुस्लिम पहचान किसी भी देश से ऊपर है। लेकिन यह इस्लामवादी अति-राष्ट्रवाद लोकप्रिय नहीं हुआ। इसी प्रकार 'यहूदी पहले तथा जर्मन, ब्रिटिश या फ्रेंच बाद में' की यहूदी भावना भी लोकप्रिय नहीं हुई थी। अति-राष्ट्रवाद का जन्म संभवत: एक यहूदी अवधारणा है। यहूदियों को मिस्रवासियों ने पकड़ कर उनसे पत्थर पर पत्थर रखने का बंधुआ मजदूर वाला काम लिया था। यह स्पष्ट था कि उनको रिहा करने का फिरौन का कभी इरादा नहीं था। यहूदी इस दयनीय स्थिति से बहुत परेशान थे तथा असहाय अनुभव कर रहे थे। इसके बाद उनके पैगंबर मूसा ने हर्कुलिस जैसे कठोर प्रयास से उनको मुक्त कराया और इस्राइल भेजा। ऐसे में वे केवल देवता की बात सोच सकते थे तथा कोई राज्य या देश उनके विचार में नहीं था। विडंबना है कि वे शताब्दियों तक अपने प्रयास में उस समय तक सफल नहीं हुए, जब तक अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उनकी 1948 में सहायता नहीं की। अति-राष्ट्रवाद को अक्सर परा-राष्ट्रवाद के रूप में परिभाषित किया जाता है। यहां इसका अर्थ होता है कि नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है। एक यहूदी की सर्वोच्च प्रतिबद्धता किसी एक देश के प्रति न होकर यहूदीवाद के प्रति होती है। यहां तक कि 1948 में इस्राइल नामक देश बनाने के बाद भी यहूदी के लिए जेहोवा के प्रति प्रतिबद्धता इससे अधिक है। यहूदियों के लिए एक अलग देश स्थापित करने वाले आंदोलन की प्रमुख शक्ति तथा इस्राइल के पहले राष्ट्रपति चैम वीज़मान ने इस बिंदु की व्याख्या करते हुए कहा था, 'कोई ब्रिटिश या फ्रेंच यहूदी नहीं है, बल्कि ब्रिटेन और फ्रांस में यहूदी हैं।'



**नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है।**

यह तथ्य उल्लेखनीय है कि यूरोप से वापस आ कर 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' लिखने वाले प्रख्यात कवि इकबाल परा-राष्ट्रवादी हो गए थे और वही बने रहे। इसके बावजूद वे जिन्ना की तरह संपूर्ण अलगाववादी नहीं थे। पूरी संभावना है कि बहुत से मुसलमान इसी प्रकार भ्रमित होकर अपनी भावनाओं के गुलाम बन गए हैं। अमीर परिवारों को छोड़ कर उनका कहीं स्वागत नहीं होता है। ऐसे में उनकी परा-राष्ट्रवादी भावनाओं को कहां जगह मिलेगी? क्या उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि यहूदियों के साथ जर्मनी तथा अन्य स्थानों पर कैसा व्यवहार हुआ? अब्राहम परिवार का चौथा बेटा मार्क्सवाद भी अपनी प्रकृति से परा-राष्ट्रवादी है। मार्क्सवादी अपनी प्रकृति व सोच से परा-राष्ट्रवादी होते हैं और उन्होंने अपने मूल देशों को नष्ट किया है। क्या इसका अर्थ है कि परा-राष्ट्रवादी मुसलमान भी अंतत: अपने देशों को नष्ट करने की ओर बढ़ रहे हैं? प्राकृतिक रूप से न चलने के कारण उनके देश गरीब होते जा रहे हैं। उनकी सोच स्वाभाविक रूप से उत्पादन या उत्पादक संस्कृति को बढ़ावा नहीं देती है। इसकी सर्वाधिक प्रभावी रूप से व्याख्या प्रोफेसर तिमूर कुरान ने की है। उन्होंने सिद्ध किया है कि इस्लामी कानूनों ने किस प्रकार मुस्लिम उम्मा को आर्थिक प्रगति करने से रोका है। इसके एकदम उलट परा-राष्ट्रवाद में विश्वास रखने वाले यहूदियों ने एक प्रकार की जादुई शक्ति प्रदर्शित की है। उनकी प्राथमिकता संपत्ति अर्जित करना है और वे इसमें सफल हुए हैं। लेकिन यहूदी यूरोप में अलोकप्रिय हैं क्योंकि उनको अपने देश के बजाय अपनी चिन्ता अधिक करने वाले माना जाता है।

मार्क्सवादी परा-राष्ट्रवादियों का अपने किस्म का एक और समुदाय है जो किसी ईश्वर या धर्म में विश्वास नहीं करते हैं। वास्तव में ईश्वर के अस्तित्व से इनकार करते हैं तथा धर्म को 'जनता की अफीम' बताते हैं। कम्युनिस्टों का उद्देश्य दुनिया के मजदूरों को एकजुट करना है। उनके दुश्मन अमीर थे या जिनको वे बुर्जुआ कहते थे जिनको उखाड़ फेंकना जरूरी है। मार्क्सवादियों का विश्वास है कि सत्ता औद्योगिक कामगारों या सर्वहारा को सौंपी जानी चाहिए। एक दुष्टतापूर्ण तरीके से मार्क्सवादी छोटे किसानों के भी दुश्मन बन गए और सामूहिकीकरण के माध्यम से उनके खेत छीन लिए गए।

अंतत: जैसा कि इतिहास ने सिद्ध किया है, मार्क्सवादियों ने पूरे-पूरे देशों को नष्ट कर दिया। परा-राष्ट्रवादी विचारधारा की खोज में लगे मार्क्सवादियों का यह विश्वास भी था कि अलग-अलग देशों का ज्यादा महत्व नहीं है। वास्तव में मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का शोषणकारी उपकरण है। यह उसी तरह है जैसे इस्लामवादियों का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य उनके विश्वास की मौत है।

# उत्सर्जनों पर नियंत्रण हेतु गंभीर प्रयास जरूरी

**संजीब पोहित**
(लेखक एनसीएईआर नई दिल्ली में प्रोफेसर हैं)



**हाल** ही में ग्लासगो में एक और सीओपी बैठक आयोजित की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में कम महत्वपूर्ण बैठकों की तुलना में, इस वर्ष की बैठक उच्च नोट पर समाप्त हुई प्रतीत होती है। विकसित देशों ने कार्बन स्पेस में ऐतिहासिक उत्सर्जन के स्टॉक की कथा को विकसित देशों द्वारा वर्तमान उत्सर्जन के मुद्दे से जोड़ने में काफी सफलता हासिल की है। बुरे लोग निश्चित रूप से भारत और चीन जैसे उभरते हुए देश हैं।

पिछले कुछ वर्षों में इस ओर झुकाव धीरे-धीरे स्पष्ट हो गया था जब विकासशील देशों पर कार्बन उत्सर्जन के चरम वर्ष की पहचान करने के लिए विभिन्न मंचों पर दबाव बनाया जा रहा था। चीन सहित कई देशों ने इसका अनुसरण किया और अपने विकास पथ के अनुसार शिखर वर्ष की पहचान की। मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के लिए, भारत ने कभी भी आधिकारिक तौर पर एक चरम वर्ष की घोषणा नहीं की, भले ही उन्होंने 2070 को शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य वर्ष के रूप में घोषित करने से पहले आधिकारिक सर्कल में काम किया हो। भारत के प्रधान मंत्री द्वारा इस तरह की बैठक में एक साहसिक घोषणा एक मजबूत संदेश देती है।

जैसा कि मुझे याद है, पेरिस बैठक में प्रधान मंत्री का एक ऐसा ही संदेश भारत के ऊर्जा स्पेक्ट्रम में अक्षय ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का मार्ग प्रशस्त करता है। हालांकि इस बार टास्क ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। भारत को ज्यादातर अपने संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि विकसित देश भारत जैसे विकासशील देशों को संक्रमण के लिए धन आवंटित करने में बहुत आगे नहीं हैं। इसके अलावा, जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन अधिक स्पष्ट होते जाते हैं, वैसे-वैसे यह उम्मीद की जाती है कि भारत सहित सभी देशों पर शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य वर्ष को आगे बढ़ाने का दबाव होगा।

इस प्रकार, भारत को उत्सर्जन को कम करने के उपायों पर गंभीरता से होमवर्क करने की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को दुनिया पर जोर देने की जरूरत है जहां उसका स्कोरकार्ड कई विकसित देशों की तुलना में बेहतर है जो अक्सर भारत को उत्सर्जन प्रवाह पर व्याख्यान देते हैं। कुल मिलाकर, भारत ने ज्यादातर समय पीछे हटने का तरीका अपनाया है।



उदाहरण के लिए, उत्सर्जन के दो बोर्ड स्रोत हैं- खपत प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन प्रक्रिया। यह हमारे हित में है कि हम प्रत्येक घटक के साथ खड़े हों। खपत के मामले में, भारत के घरों में विकसित देशों के अमीर परिवारों की तुलना में बहुत कम उत्सर्जन होता है। यह भारत के अति-समृद्ध परिवारों बनाम विकसित देशों में समान के लिए भी सच है। यह विपरीत जीवन के कारण होता है। बीईईएस द्वारा ऐसे सामानों की स्टार रेटिंग प्रणाली की शुरुआत के कारण कई भारतीय उपभोक्ता बिजली के सामान ऊर्जा कुशल हैं, जिससे उत्सर्जन कम होता है। इसी तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका के ईंधन की खपत करने वाले ऑटोमोबाइल की तुलना में अधिकांश भारतीय व्यक्तिगत ऑटोमोबाइल ईंधन-कुशल हैं, जिससे कम उत्सर्जन होता है। हालाँकि, भारतीय इन तथ्यों को सबूतों के साथ वैश्विक बैठक में इंगित करने के लिए तैयार नहीं हैं। काश, भारतीय शोधकर्ताओं ने वैश्विक उपभोग के लिए इस तरह के तथ्य-खोज अनुसंधान में निवेश नहीं किया होता।

उत्पादन प्रक्रिया पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि अधिकांश उत्सर्जन यहीं होता है। यहां भी, ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारतीय उद्योग विकसित लोगों के साथ तुलना करते हैं। हमें ऐसे मामलों का उद्देश्य विश्लेषण करने और दुनिया के सामने सबूत पेश करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया में, हम जानेंगे कि हमें कहाँ सुधारात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बेशक, इन पर गहन शोध की आवश्यकता है जहां सरकार और/या निजी क्षेत्र द्वारा धन का निवेश करने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय पर्यावरण मानकों में ढील के कारण विकसित देशों से ऊर्जा गहन क्षेत्रों में बहुत अधिक निवेश आया है। इस तरह के और निवेश आने वाले हैं क्योंकि अन्य देश अपनी अर्थव्यवस्था को शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर बढ़ाने के लिए अपने पर्यावरण मानदंडों को मजबूत करते हैं। अब समय आ गया है कि भारत पर्यावरण के मानदंड के बारे में एक वस्तुनिष्ठ निर्णय ले कि इन प्रदूषणकारी उद्योगों का आधुनिकीकरण कैसे किया जा सकता है और क्या ऐसे उद्योगों की स्थापना पर निवेश नीति को संशोधित किया जाना चाहिए। हमारा प्रमुख व्यापारिक भागीदार, यूरोपीय संघ, विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन की मात्रा के आधार पर आयात पर कार्बन सीमा समायोजन कर लगाने पर चर्चा कर रहा है। भारत को ऊर्जा गहन उत्पादों पर एक सुविचारित नीति बनाने की आवश्यकता है।

भारत की कृषि पद्धतियों को आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। उत्तर भारत के बेल्ट में मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी ने गहरे पानी में धान की खेती के तरीकों को प्रोत्साहित किया है जो अनजाने में उच्च उत्सर्जन की ओर जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र में देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है, इससे पहले बिजली (44 प्रतिशत) और विनिर्माण उद्योग और निर्माण क्षेत्र संयुक्त (18 प्रतिशत) हैं। इस प्रकार, यदि हमें शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना है तो कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### देश से पहले

**मुंबई** पर 26/11 पाक प्रायोजित आतंकी हमले को 13 साल पुरे हुए। इस हमले के सूत्र को लेकर खास कर मुंबई के नागरिकों में खासा गुस्सा है। यही स्थिति देश के नागरिकों के साथ है। देश की आर्थिक राजधानी पर हुए हमले को तत्कालीन केंद्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। अगर लिया होता तो पाकिस्तान को तब ही सबक मिल सकता था। भारत-पाक युद्ध छिड़ गया, तो पाकिस्तान परमाणु बम का इस्तेमाल करेगा। तत्कालीन सरकार के इस भय से उन्होंने पाकिस्तान पर आक्रमण नहीं किया। उस समय कई लोग आतंकी हमलों में मारे गए और इन्हे परमाणु बमों का प्रयोग होने की चिंता होना, क्रोधजनक है। असली वजह यह हो सकती है कि अगर पाकिस्तान पर भारत से हमला होता, तो यहा के अल्पसंख्यक समुदाय को कैसा लगेगा? अगर उन्हें दु:ख पहुचाने वाला काम किया तो हमें राजनीति से ही बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। पाकिस्तान से अधिक डर तो इसी विचार का होगा। दुश्मन पर हमले की तुलना में वोट बैंक को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देना होगा। अगर यहां एक भी नागरिक आतंकवादी हमले में मारा जाता है, तो पाकिस्तान को इसकी कीमत कैसे चुकानी पड़ सकती है?

– **जयेश राणे**, मुंबई

### सड़क दुर्घटनाएं

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग देश के सड़क नेटवर्क का 2.13 प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं, लेकिन 2015 से 2019 तक की वार्षिक औसत सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में 29.6 प्रतिशत हिस्सा है। इसी प्रकार राज्य राजमार्ग और प्रमुख जिला सड़कें देश के सड़क-तंत्र का क्रमश तीन और तिरासी प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं, जबकि वार्षिक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का 43.4 और 27 प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं। ग्रामीण सड़क दुर्घटनाओं में मौतें शहरी सड़कों की तुलना में लगभग दोगुनी हैं। 2019 में लगभग सड़सठ फीसद सड़क दुर्घटनाएं और साठ फीसद मौतें ग्रामीण इलाकों में हुईं। यानी ये हादसे न केवल बड़ी तादाद में जनक्षति की वजह बनते हैं, बल्कि इनसे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान होता है। कई परिवारों में कमाकर खाने वाले काल का ग्रास बन जाते हैं! और उन परिवारों के दुर्दिन शुरू हो जाते हैं सड़क दुर्घटनाओं के लिए एक तो भारतीय जनता की लापरवाही की मनोवृत्ति, दूसरे युवाओं का पायलट बन जाना ,तीसरे घटिया सड़कें और रोड के संकेत चिन्ह चिन्हों पर लोगों द्वारा चिपकाए गए पोस्टर प्रमुख कारण है!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### अच्छा संकेत

**सवा** अरब आबादी वाले देश भारत मे लिंगानुपात की समस्या थी। लेकिन बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ जैसे अभियानों और सरकारी अस्पतालों में प्रसव की सुविधाये बढ़ाने से लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन हुए है।नेशनल फेमिली हेल्थ मिशन के सर्वे के अनुसार 1000पुरुषों पर महिलाओ की संख्या 1020 हो गई है। जबकि 2016-17 में यह अनुपात1000-991 था। आज सरकारी अस्पतालों में 88.5 प्रतिशतप्रसव करवाने लोग गए। लोग अस्पतालों में प्रसव को प्राथमिकता दे रहे है।लड़का-लडकी एक समान और छोटा परिवार के महत्व का असर भी दिखाई देने लगा है। प्रजनन डर में गिरावट आ रही है। जिससे जनसंख्या भी धीरे धीरे कम हो रही है।जो भारत देश के विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का सुखद संकेत है।समाज मे लड़कियों का महत्व बढ़ रहा है। लोग लड़कियों का महत्व समझ रहे है। हर क्षेत्र में महिलाएं उन्नति कर रही है और पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर चल रही है। महिला सशक्तिकरण के लिये सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का यह परिणाम है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मुझे** सीएम के रूप में चार महीने मिले हैं, लेकिन मैं चार साल का काम करूंगा। न मैं सोता हूं, न अधिकारियों को सोने देता हूं।

– **चरणजीत सिंह चन्नी**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**यदि** कोई सहयोगी दल सरकार छोड़ने का विकल्प चुनता है तो सत्तासीन गठबंधन सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

– **मैगडालीना एंडरसन**
स्वीडन की प्रधानमंत्री



**'खेला होबे'** का आप कुछ भी मतलब समझें लेकिन यह उकसाने वाला नहीं हो सकता। हमारी जीत में इसका अहम योगदान रहा है।

– **संयोनी घोष**
तृणमूल नेता

# महाराष्ट्र में मार्च में भाजपा सरकार का गठन करेगी

मुंबई (भाषा)



**केंद्रीय मंत्री** नारायण राणे ने शुक्रवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी मार्च में महाराष्ट्र में सरकार का गठन करेगी। राणे का बयान ऐसे वक्त आया है जब भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस एवं चंद्रकांत पाटिल तथा राकांपा प्रमुख शरद पवार और उनकी पार्टी के सहयोगी प्रफुल्ल पटेल राष्ट्रीय राजधानी में हैं जिसके बाद अटकलबाजी बढ़ गई है।

संयोग से, शिवसेना की अगुवाई वाली प्रदेश की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार शनिवार को दो वर्ष पूरा कर रही है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा नेता फडणवीस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में राणे ने कहा, महाराष्ट्र में मार्च में भाजपा सरकार का गठन करेगी। मामले में विस्तार से बताने के सवाल पर राणे ने कहा कि सरकार को गिराने और बनाने, दोनों काम गुप्त तरीके से किया जाता है और इस पर सार्वजनिक तौर पर चर्चा नहीं की जाती है।

राणे ने कहा, प्रदेश (भाजपा) अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने इस बारे में बातचीत की है और मुझे उम्मीद है कि यह सच साबित होगी। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने संवाददाताओं से नागपुर में कहा कि शिवसेना राकांपा कांग्रेस गठबंधन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा बड़े बडे अनुमान लगाती रहती है और यह कभी सच नहीं होता....भाजपा में किसी को भरोसा नहीं है। भाजपा और राकांपा के सूत्रों ने एक ही समय में अपने-अपने नेताओं के राष्ट्रीय राजधानी के दौरे के महत्व को कम किया। भाजपा के एक नेता ने कहा कि फडणवीस और पाटिल केंद्रीय नेतृत्व के साथ संगठनात्मक मामलों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में हैं। राकांपा के एक सूत्र ने बताया कि पवार संसद की रक्षा मामलों की स्थाई समिति की बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली गए हैं और उनका कार्यक्रम एक सप्ताह पहले तय किया गया था।

## चुनावों में समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने में उल्लेखनीय दूरी तय की है : सीईसी

भाषा। नई दिल्ली



**मुख्य निर्वाचन आयुक्त** (सीईसी) सुशील चंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय लोकतंत्र ने पहले लोकसभा चुनावों के बाद से एक उल्लेखनीय दूरी तय की है और आज सात दशक और 17 आम चुनावों के बाद मताधिकार का प्रयोग करने में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि जब सभी वर्ग के लोगों का पूर्ण प्रतिनिधित्व होता है तो लोकतंत्र व लोकतांत्रिक संस्थान फलते-फूलते हैं। यहां महिलाओं, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों की चुनावी भागीदारी में वृद्धि विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित करते हुए चंद्रा ने कहा कि कैसे चुनाव आयोग ने महिलाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए। उन्होंने कहा कि ज्यादातर देशों और क्षेत्रों में महिलाओं को टुकड़ों में वोट देने का अधिकार मिला। उन्होंने उल्लेख किया कि महिलाओं को समान मताधिकार देने में अमेरिका को 144 साल लग गए। भारत में आजादी के साल से ही महिलाओं को मत देने का अधिकार हासिल था। हालांकि इस तथ्य की अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई भारतीय महिलाओं ने मतदान के समान अधिकार के लिए अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय मताधिकार आंदोलन ने स्वतंत्रता संग्राम में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी के साथ गति पकड़ी। उन्होंने याद किया कि जमीनी स्तर पर महिलाओं को मतदान का अधिकार देते समय वास्तविक चुनौती पेश आई, जब बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपना नाम बताने से इनकार कर दिया और फलाने की पत्नी या फलाने की मां के तौर पर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराना चाहती थीं।



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को इंफाल में बाबा साहब बीआर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की

### लालू प्रसाद यादव एम्स दिल्ली के आपातकालीन विभाग में भर्ती

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को शुक्रवार को एम्स-दिल्ली के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। अस्पताल के सूत्रों ने यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि उन्हे बुखार है।एक सूत्र ने कहा कि उनकी हालत गंभीर नही है और स्थिर है। उनके रक्त के नमूने जांच के लिए भेजे गए है और रिपोर्ट आने का इंतजार है।

### भारत और रूस छह दिसंबर को 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता करेंगे : रूसी दूतावास

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु छह दिसंबर को दोनो देशो के बीच 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए भारत आएंगे। रूसी दूतावास ने यह जानकारी दी। लावरोव और शोइगु विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक करेंगे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भी 6 दिसंबर के आसपास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करने के लिए भारत आने की संभावना है। दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा, 6 दिसंबर को, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ नई दिल्ली में अपने भारतीय समकक्षों एस जयशंकर और राजनाथ सिंह के साथ वार्ता करेंगे।

### हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की मंजूरी के मुद्दे पर पाकिस्तान से बात की है : भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने श्रीनगर से शारजाह जाने वाली उड़ानों के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की मंजूरी लेने के लिए उससे बात की है, लेकिन अभी तक पड़ोसी देश कीकोई प्रतिक्रिया नही मिली है। इस महीने की शुरुआत मे सरकारी अधिकारियो ने कहा था कि पाकिस्तान ने गो फर्स्ट की श्रीनगर-शारजाह उड़ान के लिए अपने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। अधिकारियों के मुताबिक 31 अक्टूबर तक उड़ाने पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से गुजर रही थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रेस वार्ता मे इस मुद्दे के बारे मे पूछे जाने पर कहा, हमने श्रीनगर-शारजाह उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल की मंजूरी के लिए पाकिस्तान सरकार से बात की है। हमे कोई प्रतिक्रिया नही मिली है।

### सेंट्रल विस्टा : सरकार ने पांच सदस्यीय पैनल गठित किया

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वित्त विभाग के पूर्व सचिव रतन पी. वाटल के नेतृत्व में पांच सदस्ईय समिति का गठन किया है ताकि सेंट्रल विस्टा पुनःविकास परियोजना से जुड़े सभी काम समय पर पूरा हो सकें। केन्द्रीय आवासीय और शहरी मामलो के मंत्रालय द्वारा बृहस्पतिवार को जारी कार्यालई मेमोरेंडम में कहा गया है कि सेंट्रल विस्टा ओवरसाइट कमेटी (सेंट्रल विस्टा निगरानी समिति) विभिन्न परियोजनाओ को समय पर पूरा करने के लिए विभिन्न एजेंसियों और पक्षों के बीच समन्वय बनाएगी। दस्तावेज के अनुसार, डिप्टी कैग पी. के. तिवारी, एल एंड टी के पूर्व निदेशक शैलेन्द्र रॉय, आईआईटी दिल्ली की प्रोफेसर मौसम और मंत्रालय के संयुक्त सचिव को समिति मे शामिल किया गया है। सेंट्रल विस्टा के पुनःविकास में नए संसद भवन और एक साझा सचिवालय का निर्माण, राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर लंबे राजपथ का सौदईकरण, प्रधानमंत्री के लिए नए कार्यालय और आवास का निर्माण और उपराष्ट्रपति के लिए नया एन्क्लेव शामिल है। मंत्रालय ने बताया कि पांच सदस्ईय समिति समय-समय पर मिलेगी और स्वतंत्र समीक्षा के लिए मौके की समीक्षानिगरानी करेगी। समिति समय-समय पर अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौपेगी।

## उच्चतम न्यायालय ने निर्देश देने के बावजूद जल्द सुनवाई नहीं करने पर नाराजगी प्रकट की

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने घर खरीदारों के विवाद से संबंधित एक मामले में जल्द सुनवाई के निर्देश के बावजूद इसे 11 महीने के लिए स्थगित करने को लेकर एनसीडीआरसी के प्रति नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के अध्यक्ष से कहा कि वह अपनी अध्यक्षता वाली पीठ के जरिए मामले की सुनवाई करें, ताकि तीन महीने के भीतर इसका निपटारा किया जा सके। न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा, एनसीडीआरसी के समक्ष जिस तरह से सुनवाई चल रही है, हम उस पर नाराजगी प्रकट करते हैं। एनसीडीआरसी के अध्यक्ष को निर्देश दिया जाता है कि जिस पीठ के समक्ष सुनवाई चल रही है, यदि वह इसपर सुनवाई के योग्य नहीं है तो वह अपनी अध्यक्षता वाली पीठ या फिर किसी अन्य पीठ के जरिए मामले की सुनवाई कराएं, ताकि तीन महीने के भीतर मामले का निपटारा किया जा सके। शीर्ष अदालत ने एनसीडीआरसी के रजिस्ट्रार से अनुपालन रिपोर्ट मांगी और स्थगन आदेश को चुनौती देने वाले घर खरीदार की अपील का निपटारा कर दिया। पीठ ने कहा कि जब इस न्यायालय ने 15 दिसंबर, 2020 को आदेश पारित कर दिया गया था, तो पूरी लगन और प्रेषण के साथ जल्द सुनवाई के लिए कार्यवाही की जानी चाहिए थी।

## भ्रष्टाचार के मामले की जांच कर रहे आयोग के सामने सोमवार को पेश होंगे परमबीर

भाषा। मुंबई (भाषा)



**महाराष्ट्र के** पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के विरुद्ध लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे एक सदस्ईय आयोग के समक्ष, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी परमबीर सिंह सोमवार को पेश होंगे। सिंह के वकील ने यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस के पूर्व प्रमुख सिंह ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता देशमुख पर आरोप लगाए थे जिसकी जांच के लिए इस साल मार्च में न्यायमूर्ति के यू चंडीवाल आयोग का गठन किया गया था। आयोग ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी थी कि अगर सिंह पेश नहीं होते हैं तो उन्हें उनके विरुद्ध जारी जमानती वारंट पर अमल की कार्वाई झेलनी होगी। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने वकील ने शुक्रवार को आयोग को बताया कि सिंह अपने विरुद्ध दर्ज एक मामले के सिलसिले में आज ठाणे गए हैं इसलिए आयोग के सामने उपस्थित नहीं हो सकेंगे। वकील ने कहा कि सिंह, शनिवार या किसी और दिन पेश होने के लिए तैयार हैं। आयोग ने कहा कि वह शनिवार को नहीं बैठेगा इसलिए सिंह को सोमवार (29) नवंबर को पेश होना होगा। आयोग ने इससे पहले पेश नहीं होने के लिए कई बार परमबीर सिंह पर जुर्माना लगाया है। उनके विरुद्ध जमानती वारंट भी जारी किया गया है। एंटीलिया विस्फोटक सामग्री बरामदगी मामला सामने आने के बाद, मार्च में सिंह को मुंबई पुलिस प्रमुख के पद से स्थानांतरित कर दिया गया था।

## क्विक न्यूज

### अफगानिस्तान के लोगों को राजनीतिकरण के बिना मिले मानवीय सहायता : भारत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि रूस, भारत और चीन को यह सुनिश्चित करने के लिए साथ मिलकर काम करने की जरूरत है कि अफगानिस्तान के लोगों को निर्बाध रूप से एवं किसी तरह के राजनीतिकरण के बिना मानवीय सहायता प्राप्त हो। रूस, भारत और चीन (आरआईसी) समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि आरआईसी देशों के लिए यह आवश्यक है कि आतंकवाद, कट्टरपंथ और मादक पदार्थों की तस्करी के खतरों से निपटने में अपने रुख को लेकर वे समन्वय स्थापित करें। आरआईसी समूह की इस बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग ई और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लॉवरोव भी मौजूद थे। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि नजदीकी पड़ोसी और पुराना सहयोगी होने के नाते भारत अफगानिस्तान में हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंतित है, खासतौर पर वहां के लोगों की परेशानियों को लेकर।

### कार्बेट में अनियमितताओं के चलते उत्तराखंड के शीर्ष वन अधिकारियों का तबादला

**देहरादून।** कार्बेट बाघ संरक्षित्र क्षेत्र के बफर जोन में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई एवं अंवैध निर्माण के आरोपों के बाद उत्तराखंड के वन विभाग के दो दर्जन से अधिक अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। राज्य के वन बल प्रमुख राजीव भरतारी और मुख्य वन्यजीवन वार्डन जे एस सुहाग समेत 29 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। पच्चीस नवंबर को जारी किए गए आदेश के अनुसार भरतारी के स्थान पर मुख्य वन संरक्षक विनोद कुमार की नियुक्ति की गई है जो उत्तराखंड जैवविविधता बोर्ड की अगुवाई कर रहे थे। अब भरतारी बोर्ड में कुमार की जगह लेंगे।

### न्यायिक हस्तक्षेप कार्यपालिका को चेताने के लिए, न कि निशाना बनाने के लिए : प्रधान न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण ने शुक्रवार को कहा कि अधिकारों के पृथककरण की लक्ष्मण रेखा को पवित्र माना जाता है और कभी-कभी अदालतें न्याय के हित में हस्तक्षेप करने के लिए बाध्य होती हैं जिसका इरादा कार्यपालिका को चेताने के लिए होता है, न कि इसकी भूमिका को हथियाने के लिए तथा न ही इसे इस तरह पेश किया जाना चाहिए कि न्यायपालिका दूसरी संस्था को निशाना बना रही है। उन्होंने न्यायिक हस्तक्षेप को कार्यपालिका को निशाना बनाने के रूप में पेश करने के किसी भी प्रयास को लेकर आगाह किया और कहा कि यह पूरी तरह से गलतै है तथा यदि इसे प्रोत्साहित किया गया तो यह लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होगा। उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री द्वारा आयोजित संविधान दिवस समारोह में न्यायमूर्ति रमण ने विशेष रूप से सोशल मीडिया में न्यायाधीशों और न्यायपालिका पर हमलों का मुद्दा उठाया और कहा कि वें प्रायोजित और समकालिकै प्रतीत होते हैं। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, न्यायपालिका के लिए गंभीर चिंता का विषय न्यायाधीशों पर बढ़ते हमले हैं।

### अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल ने अपीलीय अदालत बनाने का सुझाव दिया

**नई दिल्ली।** अटॉर्नी जनरल (एजी) के के वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि उचित लागत और समयसीमा के भीतर न्याय प्राप्त करने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और किसी मामले के निस्तारण में यदि 30 साल का समय लगता है तो इसे समुचित नहीं कहा जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने देश के चार हिस्सों में चार अपीलीय अदालतों की वकालत करते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय को उसके काम के भारी बोझ से मुक्त कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय की मौजूदा भूमिका में व्यापक बदलाव किया जाना चाहिए और इसे पूरी तरह से संवैधानिक अदालत बनाया जाना चाहिए जिसमें केवल संवैधानिक व्याख्या के मुद्दों से जुड़े मामलों की सुनवाई हो। अटॉर्नी जनरल ने उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजितै संविधान दिवसै समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों, न्यायाधिकरणों और अन्य ऐसे मामलों की अपील सुनने के लिए चार ैअपीलीय अदालतैं गठित की जानी चाहिए।

### तृणमूल ने नगर निगम चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को 144 वार्ड वाले कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के चुनावों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की और 39 मौजूदा पार्षदों को टिकट नहीं दिया। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल ने 2015 के पिछले केएमसी चुनावों में 126 वार्ड में जीत हासिल की थी। लोकसभा में पार्टी के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा, पार्टी ने 39 मौजूदा पार्षदों को फिर से मैदान मे नहीं उतारने का फैसला किया है। हम उनका इस्तेमाल किसी अन्य संगठनात्मक कार्यों में करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 64 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है।

## न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि राज्य के तीनों अंग मिलकर काम करें

भाषा। नई दिल्ली



**कानून मंत्री** किरण रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि यह आवश्यक है कि राज्य के तीनों अंग कार्यपालिका, विधायिक और न्यायपालिका मिलकर काम करें ताकि नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित हो सके। हालांकि संविधान शक्तियों के अलगाव के सिद्धांत के आधार पर बना है, लेकिन इसमें यह भी वर्णित है कि सरकार के तीनों अंगों के सुचारू तरीके से कामकाज के लिए सौहार्दपूर्ण संबंध होने चाहिए। उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित संविधान दिवस पर रिजिजू ने न्यायपालिका की प्रशंसा की जिसने कोरोना वायरस के कारण जारी लॉकडाउन के दौरान भी न्याय के दरवाजे खुले रखे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 ने न्याय प्रदान व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया है लेकिन देश की अदालतों ने इस दौरान समय की जरूरतों के अनुरूप व्यवहार किया और सभी के लिए न्याय के दरवाजे खुले रखने की खातिर नवाचार वाले सूचना संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि कोविड-19 शुरू होने के बाद उच्चतम न्यायालय में डेढ़ लाख से अधिक डिजिटल सुनवाई हुई।

### महासागरों तक पहुंच पारंपरिक, गैरपारंपरिक खतरों से मुक्त होनी चाहिए : उप राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने समुद्री सुरक्षा की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि महासागर समृद्धि के मार्ग हैं और यह जरूरी है कि समुद्र तक पारंपरिक एवं गैरपारंपरिक खतरों से मुक्त एवं निर्बाध पहुंच बनी रहे। कोविड-19 महामारी ने मौजूदा वैश्विक व्यवस्था की कई खामियों को सामने ला दिया है, खासकर स्वास्थ्य प्रणाली और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी कमियों को उजागर किया है। नायडू ने इन कमियों को दूर करने के लिए बहुपक्षीय एवं सहयोगात्मक रुख अपनाने का आह्वान किया।

## 26/11 हमले के 13 साल पूरे होने पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

भाषा। मुंबई




स्कूली छात्रों ने जम्मू में 26-11 के मुंबई आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**राजनीतिज्ञों,** बॉलीवुड की हस्तियों और नागरिकों ने मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को शुक्रवार को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादी हमलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने में देश का नेतृत्व किया और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि राष्ट्र हमेशा उन सुरक्षा कर्मियों का आभारी रहेगा जिन्होंने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राज्य के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल ने दक्षिण मुंबई स्थित पुलिस मुख्यालय में स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एक अधिकारी ने बताया कि कोस्टल रोड परियोजना पर काम जारी रहने के कारण शहीदों के स्मारक को मरीन ड्राइव में पुलिस जिमखाना पर उसके मूल स्थल से क्रॉफर्ड मार्केट स्थित पुलिस मुख्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। रीढ़ की हड्डी की सर्जरी के बाद मुंबई के एक अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ कर रहे मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भी 26111 के शहीदों को याद किया। ठाकरे ने ट्वीट कर कहा कि आतंकी हमला आतंकवादियों की कायराना मानसिकता का स्पष्ट उदाहरण है। इस आतंकवादी हमले की 13वीं बरसी में कोविड-19 महामारी के मद्देनजर सीमित संख्या में लोगों ने भाग लिया। कुछ शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों के सदस्यों ने भी स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। कामा और आल्ब्लेस अस्पताल, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गेटवे ऑफ इंडिया के पास, दक्षिण मुंबई के कुछ स्थानों पर भी 26-11 के हमले के दौरान आतंकवादियों का निशाना बने लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। गिरगांव चौपाटी पर भी श्रद्धांजलि दी गई। दक्षिण मुंबई में विभिन्न स्थानों पर शहीदों के बैनर और होर्डिंग लगाए गए, जहां आम नागरिकों ने पुष्पांजलि अर्पित की। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज 26/11 हमारे लिए ऐसा दुखद दिन है, जब देश के दुश्मनों ने देश के अंदर आकर मुंबई में आतंकवादी हमले को अंजाम दिया। देश के वीर जवानों ने आतंकियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

## असम, मिजोरम का सीमा पर शांति बनाए रखने का संकल्प

भाषा। नई दिल्ली





**असम और मिजोरम** ने शुक्रवार को अपनी अंतरराज्ईय सीमा पर शांति बनाए रखने का संकल्प लिया और जुलाई में असम पुलिस के पांच जवानों तथा एक आम नागरिक की जान लेने वाले सीमा विवाद को सुलझाने के लिए समितियां गठित करने का फैसला किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और मिजोरम के उनके समकक्ष जोरमथांगा की बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्रियों के बीच दो दिनों में यह लगातार दूसरी बैठक थी। वे गुरुवार रात को रात्रिभोज पर भी मिले थे। सरमा ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि समय-समय पर मुख्यमंत्री स्तर की बातचीत होगी। उन्होंने लिखा, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथांगा के साथ आज शाम नई दिल्ली में माननीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। हमने अपनी सीमाओं पर शांति बनाए रखने के अपने संकल्प की पुष्टि की। सरमा ने ट्वीट किया,यह निर्णय लिया गया है कि दोनों राज्य चर्चा के माध्यम से सीमा विवाद को हल करने के लिए समितियों का गठन करेंगे। इसके लिए समय-समय पर मुख्यमंत्रियों के स्तर की वार्ता भी होगी। हम केंद्रीय गृह मंत्री के मार्गदर्शन और समर्थन के लिए उनके आभारी हैं। असम और मिजोरम के बीच 164 किलोमीटर लंबी अंतरराज्ईय सीमा है। जोरमथांगा ने गुरुवार को कहा था कि दोनों राज्य सरकारें सीमा पर बाड़बंदी के विस्तार की कोशिश करेंगी। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच बैठकें केंद्रीय गृह मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद हुई हुई हैं जो सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद का शांतिपूर्ण समाधान चाहती है तथा माना जाता है कि केंद्रीय गृह मंत्री दोनों मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित रूप से संपर्क में हैं। छब्बीस जुलाई की हिंसा के बाद, असम और मिजोरम पुलिस दोनों ने एक-दूसरे के राजनीतिक नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। हालाँकि, इनमें से कुछ मामलों को एक समझौते के बाद वापस ले लिया गया था। दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों ने 28 जुलाई को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला की अध्यक्षता में एक बैठक में भाग लिया था जिसमें संघर्ष स्थल पर एक तटस्थ केंद्रीय बल के रूप में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को तैनात करने का निर्णय लिया गया था।



प्रगति मैदान में लगे अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय कलाकारों के साथ

# मतभेदों को जनसेवा में बाधक न बनने दें जनप्रतिनिधि

**● संविधान दिवस पर राष्ट्रपति ने संसद में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने संसद को लोकतंत्र का मंदिर बताते हुए शुक्रवार को कहा कि हर सांसद की यह जिम्मेदारी है कि वे संसद में उसी भावना के साथ आचरण करें, जिसके साथ वे अपने पूजा-गृहों और इबादतगाहों में करते हैं तथा मतभेद को जनसेवा के वास्तविक उद्देश्य के मार्ग में बाधा नहीं बनने दें। संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम सभा, विधानसभा और संसद के निर्वाचित प्रतिनिधियों की केवल एक ही प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह प्राथमिकता अपने क्षेत्र के सभी लोगों के कल्याण के लिए और राष्ट्रहित में कार्य करना है।

विचारधारा में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन कोई भी मतभेद इतना बड़ा नहीं होना चाहिए कि वह जनसेवा के वास्तविक उद्देश्य में बाधा बने। उन्होंने कहा , प्रतिपक्ष वास्तव में, लोकतंत्र का सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व है। सच तो यह है कि प्रभावी प्रतिपक्ष के बिना लोकतंत्र निष्प्रभावी हो जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार और प्रतिपक्ष, अपने मतभेदों के बावजूद, नागरिकों के सर्वोत्तम हितों के लिए मिलकर काम करते रहें और उनसे यही अपेक्षा की जाती है। संविधान दिवस पर संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को राष्ट्रपति के अलावा उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम का कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया।




सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सदस्यों में प्रतिस्पर्धा होना स्वाभाविक है, लेकिन यह प्रतिस्पर्धा बेहतर प्रतिनिधि बनने और जन-कल्याण के लिए बेहतर काम करने की होनी चाहिए और तभी इसे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा माना जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा, संसद में प्रतिस्पर्धा को प्रतिद्वंद्विता नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम सब लोग यह मानते हैं कि हमारी संसद लोकतंत्र का मंदिर है। अत: हर सांसद की यह जिम्मेदारी बन जाती है कि वे लोकतंत्र के इस मंदिर में श्रद्धा की उसी भावना के साथ आचरण करें, जिसके साथ वे अपने पूजा गृहों और इबादतगाहों में करते हैं। पश्चिम के कुछ विद्वान यह कहते थे कि भारत में वयस्क मताधिकार की व्यवस्था विफल हो जाएगी, लेकिन यह प्रयोग न केवल सफल रहा, बल्कि समय के साथ और मजबूत हुआ है और यहां तक कि अन्य लोकतंत्रों ने भी इससे बहुत कुछ सीखा है। कोविंद ने कहा, हमारीसमय, राष्ट्र के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को यदि ध्यान में रखा जाए, तो भारतीय लोकतंत्र को निस्संदेह मानव इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक माना जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि इसी केंद्रीय कक्ष में 72 वर्ष पहले संविधान निर्माताओं ने स्वाधीन भारत के उज्ज्वल भविष्य के दस्तावेज को यानि हमारे संविधान को अंगीकार किया था तथा भारत की जनता के लिए आत्मार्पित किया था। उन्होंने कहा कि लगभग सात दशक की अल्प अवधि में ही भारत के लोगों ने लोकतान्त्रिक विकास की एक ऐसी अद्भुत गाथा लिख दी है, समूची दुनिया को विस्मित कर दिया है।

# संसदीय परंपराओं को बनाए रखना चाहिए: बिरला

**● संविधान दिवस कार्यक्रम का विपक्ष के बहिष्कार करने पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा यह राजनीतिक समारोह नहीं संसद का कार्यक्रम था**

**नई दिल्ली।** संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों द्वारा बहिष्कार करने से दुखी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि यह कोई राजनीतिक समारोह नहीं, बल्कि संसद का कार्यक्रम था, ऐसे में सभी को संसदीय परंपराओं को बनाए रखना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संवाददाताओं से कहा, किसी को कोई भी समस्या थी, तो वे मुझसे चर्चा कर सकते थे। मैं उनकी (विपक्ष) अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करता। प्रतिपक्ष को सम्मान देना मेरी जिम्मेदारी है और मैं



भरपूर कोशिश भी करता हूं। विपक्ष की आवाज लोकतंत्र के लिए आवश्यक है, ऐसे में संसद की अच्छी परंपराओं एवं परिपाटी को बनाए रखना चाहिए। बिरला ने कहा कि ए संसद का कार्यक्रम था, केंद्र सरकार का नहीं। ऐसे गैर राजनीतिक कार्यक्रमों का बहिष्कार करना राष्ट्रहित एवं स्वस्थ्य लोकतांत्रिक परंपरा के अनुरूप नहीं है। विपक्षी दल शुक्रवार को संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। विपक्षी दलों ने सरकार पर संविधान की मूल भावना पर आघात करने और अधिनायकवादी तरीके से कामकाज करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के अलावा समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, भाकपा, माकपा, द्रमुक, अकाली दल, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राजद, आरएसपी, केरल कांग्रेस (एम), आईयूएमएल और एआईएमआईएम इस कार्यक्रम से दूर रहे।

# कांग्रेस ने संसद सत्र के पहले दिन विपक्षी नेताओं की बैठक बुलाई

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के बीच एकजुटता और समन्वय बढ़ाने के प्रयास के तहत 29 नवंबर को कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसद का शीतकालीन सत्र 29 नवंबर से आरंभ हो रहा है और यह 23 दिसंबर तक चलेगा है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विभिन्न विपक्षी दलों के सदन के नेताओं को शुक्रवार को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वे संसद सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा के लिए सोमवार को होने वाली बैठक में शामिल हों।

पत्र में खड़गे ने कहा, यह सत्र जरूरी मुद्दे उठाने के संदर्भ में हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं 29 नवंबर को सुबह 9.45 बजे संसद भवन स्थित अपने कक्ष में दोनों सदनों के विपक्षी पार्टियों के नेताओं की बैठक बुला रहा हूं। विपक्षी नेताओं का आभार प्रकट किया और कहा कि 29 नवंबर की बैठक से जनहित के मुद्दे संसद में उठाने के लिए एकजुट होकर काम करने में मदद मिलेगी।

कांग्रेस के उपनेता आनंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विपक्षी एकजुटता का मुख्य आधार है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमारा संवैधानिक कर्तव्य है, जिसे हम मानते हैं। हमें इसका अहसास है कि हम देश की मुख्य विपक्षी पार्टी हैं। लोगों की उम्मीद होती है कि हम उनके मुद्दे उठाएंगे। हम जनता के मुद्दे उठाएंगे। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को पार्टी के संसदीय मामलों के रणनीतिक समूह की बैठक में फैसला किया कि वह इस शीतकालीन सत्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत किसान संगठनों की मांगों, गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी की मांग, महंगाई, सीमा पर चीन की आक्रमकता और पेगासस जासूसी प्रकरण दोनों सदनों में उठाते हुए सरकार को घेरेगी।

## सांसदों को व्हिप जारी किया, 29 नवंबर को संसद में मौजूद रहने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों के अपने सदस्यों को व्हिप जारी कर कहा कि वे शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को संसद में मौजूद रहें। 29 नवंबर को सरकार तीनों केंद्रीय कृषि कानूनों को निरस्त करने से जुड़ा विधेयक लाएगी। कांग्रेस ने तीन लाइन की व्हिप जारी की। राज्यसभा के अपने सांसदों को व्हिप जारी कर सोमवार को सदन में मौजूद रहने के लिए कह चुकी है। मुख्य विपक्षी पार्टी ने अपने सांसदों से यह भी कहा कि वे सोमवार को सुबह 11 बजे से संसद में मौजूद रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें। राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश की ओर से जारी व्हिप में कहा गया है, राज्यसभा में 29 नवंबर को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। सभी कांग्रेस सदस्यों से आग्रह है कि वे उस दिन सुबह 11 बजे से कार्यवाही स्थगित होने तक सदन में मौजूद रहें और पार्टी के रुख का समर्थन करें।

## हार-जीत सिक्के के दो पहलू, निराश न हों भाजपा कार्यकर्ता: वसुंधरा राजे

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता वसुंधरा राजे ने शुक्रवार को पार्टी कार्यताओं से कहा कि हार जीत सिक्के के दो पहलू हैं और उन्हें निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि असफलता में ही सफलता छिपी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लोगों का दिल जीतने के लिए उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजे राज्य के मेवाड़ इलाके की अपनी यात्रा के चौथे व अंतिम दिन बनेड़ा(भीलवाड़ा) में लोगों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, हार-जीत एक सिक्के के दो पहलू हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि असफलता में ही सफलता छिपी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कथन अंधेरा छंटेगा-सूरज निकलेगा-कमल खिलेगा का जिक्र करते हुए राजे ने कहा, लेकिन यह सिर्फ नारों, बयानो, भाषणों और हवा में बातें करने से नहीं,जमीन पर काम करने से होगा। उन्होंने कहा, यह लोगों का दिल जीतने से होगा। लोगों में विश्वास कायम करने से होगा। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने से होगा व कड़ी मेहनत करने से होगा। यहां जारी बयान के अनुसार उन्होंने कहा, असली भाजपा का कार्यकर्ता भी वही होता है जो बिना स्वार्थ संगठन के लिए काम करे और अपने आपको कार्यकर्ता कहलाने में ही अपना गौरव समझे। भाजपा के कार्यकर्ता की साख भी यही है-चाहे वह कितने ही बड़े पद पर क्यों न पहुंच जाए,आजन्म कार्यकर्ता ही कहलाना पसंद करता है। उसे कभी अपने बड़े पद का अभिमान नहीं होता।बड़े पद पर पहुंचने के बाद वह और भी विनम्र हो जाता है, जैसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर ही हम प्रचंड बहुमत के साथ देश में नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा सरकार और राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे।

## आईजीएनएफए के 11 आईएफएस अधिकारी कोरोना से संक्रमित

**देहरादून।** यहां इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए) से उत्तर प्रदेश के लखनऊ में प्रशिक्षण लेने गए भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 48 अधिकारियों में से 11 को वहां से लौटने के बाद कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। जिला निगरानी अधिकारी राजीव कुमार दीक्षित ने शुक्रवार को बताया कि इनमें से आठ अधिकारी 19 नवंबर को दिल्ली लौटने पर कोविड-19 से ग्रस्त पाए गए जबकि 24 नवंबर को देहरादून लौटने पर तीन और अधिकारी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। दीक्षित ने बताया कि सभी संक्रमित अधिकारियों का टीकाकरण पूर्ण हो चुका है और उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के रास्ते देहरादून लौटे अधिकारियों को राज्य में कोविड मानक परिचालन में दी गई ढील की वजह से आसानी से सीमा में प्रवेश मिल गया। राज्य सरकार ने हाल में दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों को आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट निगेटिव होने का प्रमाणपत्र पेश करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है।

## क्विक न्यूज

### मुंबई हमले के समय हमने जो कदम उठाए वो ठीक थे: आनंद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी की पुस्तक में किए गए दावे से असहमति जताते हुए शुक्रवार को कहा कि मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले के समय तत्कालीन केंद्र सरकार की ओर से जो कदम उठाए गए थे और जो फैसले किए गए थे, वो ठीक थे। उन्होंने तिवारी की पुस्तक से जुड़े सवाल पर संवाददाताओं से कहा, मुझे मालूम है कि जो कदम हमने उठाए थे, वो ठीक थे और वो निर्णय भी ठीक थे। आनंद शर्मा और तिवारी दोनों कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में मंत्री थे। सांसद तिवारी ने अपनी नई पुस्तक 10 फ्लैश प्वाइंट्स: 20 ईयर्स में लिखा है कि कई बार संयम कमजोरी की निशानी होती है और भारत को 26।11 हमले के बाद कड़ी कार्वाई करनी चाहिए थी। उनकी पुस्तक दो दिसंबर से पाठकों के लिए उपलब्ध होगी। तिवारी ने पिछले दिनों ट्विटर पर अपनी इस पुस्तक के कुछ अंश साझा किए। पुस्तक में उन्होंने लिखा, अगर किसी देश (पाकिस्तान) को निर्दोष लोगों के कत्लेआम का कोई खेद नही है, तो संयम ताकत की पहचान नही है, बल्कि कमजोरी की निशानी है। ऐसे मौके आते है जब शब्दों से ज्यादा कार्वाई दिखनी चाहिए। 26।11 एक ऐसा ही मौका था। एक ऐसा समय था जब भारत को प्रतिक्रिया में कड़ी कार्वाई करनी चाहिए थी। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादी समुद्री मार्ग से मुंबई पहुंचे थे और उन्होंने कई स्थानों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 18 सुरक्षा कर्मियों समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी।

### तमिलनाडु में नौसेना अधिकारी की समुद्र में डूबने से मौत

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के चेन्नई में छुट्टियां मनाने आए नौसेना के एक अधिकारी की कोवलम समुद्र तट पर डूबने से मौत हो गई। प्राधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी का शव शुक्रवार को उस स्थान से करीब पांच किलोमीटर दूर केलाम्बक्कम से निकाला गया, जहां वह समुद्र में बह गए थे। एक रक्षा विज्ञप्ति में यहां कहा गया है, भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट कमांडर जे आर सुरेश 25 नवंबर 2021 की शाम को चेन्नई के बाहरी इलाके में कोवलम समुद्र तट पर बह गए थे। अधिकारी का शव 26 नवंबर को दोपहर में केलाम्बक्कम से बरामद किया गया। विज्ञप्ति में बताया गया है कि अधिकारी की तैनाती नई दिल्ली में थी अपने परिवार के साथ कोवलम छुट्टियां मनाने आए थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे को अस्पताल से छुट्टी

**पुणे।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे को शुक्रवार को यहां के एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई, जहां वह सीने में दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराए गए थे। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले 84 वर्षीय हजारे को सीने में दर्द की शिकायत के बाद बृहस्पतिवार को भर्ती कराया गया था जिसके बाद उनकी एंजियोग्राफी एवं अन्य जांच की गई। रूबी हॉल क्लीनिक अस्पताल के प्रबंध न्यासी एवं मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ डा परवेज ग्रांट ने बताया, हजारे को अस्पताल से आज छुट्टी दे दी गई। एंजीयोग्राफी के दौरान एक सूक्ष्म ब्लॉकेज का पता चला। इसके लिए एंजीयोप्लास्टी या अन्य सर्जरी की आवश्यकता नही थी। अस्पताल में उपचार के बाद, उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### श्रीनगर का मुख्य क्षेत्र अब भी बंद इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**श्रीनगर।** श्रीनगर मे तीन आतंकवादियो के मारे जाने के बाद शहर के व्यापारिक क्षेत्र में अधिकतर दुकानें और कारोबारी प्रतिष्ठान शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बंद रहे जबकि शहर के कई हिस्सो मे मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर रोक जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि यह बंद मुख्य तौर पर नौहट्टा, गोजवारा, खन्यार, साफाकदल, नवाकदल, रजौरी कदल और एमआर गंज जैसे इलाको मे देखा गया। हालांकि, यातायात सामान्य दिनो की तरह सुचारू रहा। पुलिस ने बुधवार को द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के एक स्वयंभू कमांडर एवं नवाकदल के जमालता इलाके के निवासी मेहरान शल्ला और पुलवामा के मंजूर अहमद मीर और अराफात शेख को शहर के रामबाग इलाके मे कुछ देर चली मुठभेड़ मे मार गिराया था। पुलिस ने कहा कि मीर और शेख भी लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा टीआरएफ से जुड़े थे।

### पुलिस ने 24 किलो आरडीएक्स और 71 हथगोले नष्ट किए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले मे पिछले 12 वर्षों मे विभिन्न आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान जब्त किए गए 24 किलोग्राम आरडीएक्स और 71 हथगोलो को पुलिस ने शुक्रवार को नष्ट कर दिया। अधिकारियो ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि 2009 के बाद से, विशेष अभियान समूह ने रियासी के महोर-चासाना इलाके मे दर्ज आतंकवाद के 15 मामलो में ग्रेनेड, तात्कालिक विस्फोटक उपकरण (आईईडी), फ्यूज और रिमोट कंट्रोल, डेटोनेटर तथा आरडीएक्स जब्त किए थे। अधिकारियो ने कहा कि ए सुरक्षित रूप से पुलिस के कब्जे मे थे। अधिकारियो ने बताया कि दुर्घटनावश विस्फोट की आशंका को भांपते हुए पुलिस ने जब्त विस्फोटकों को कानूनी रूप से सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के आदेश की अपील करते हुए अदालतो का दरवाजा खटखटाया।



जैसलमेर में थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे सैनिको के साथ बातचीत करते हुए।

# नरवणे ने युद्ध रणनीति के विकास पर जोर दिया

**भाषा।** जयपुर

**थल सेनाध्यक्ष जनरल** मनोज मुकुंद नरवणे ने भविष्य के युद्धों को लड़ने के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रिया के सतत विकास के साथ-साथ मानवयुक्त और मानव रहित प्रणालियों में क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। वह जैसलमेर (राजस्थान) में सेना के युद्धाभ्यास का निरीक्षण करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर आए हुए थे। यह युद्धाभ्यास शुक्रवार को संपन्न हुआ। सेना प्रमुख ने सभी प्रतिभागियों को उच्च स्तर की तत्परता और संचालनात्मक तैयारियों के लिए बधाई दी और उन्हें राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपनी निगरानी जारी रखने का आह्वान किया।

सैन्य प्रवक्ता द्वारा जारी बयान के अनुसार नरवणे ने इस अवसर पर कहा, भविष्य के युद्धों को लड़ने के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रिया के सतत विकास के साथ-साथ मानवयुक्त और मानव रहित प्रणालियों में क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना की दक्षिण कमान के इस सबसे बड़े इस युद्ध अभ्यास में भारतीय सेना ने परंपरागत शैली के साथ आधुनिक युद्ध प्रणाली का समावेश किया और पहली बार अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा को इसमें जोड़ा गया। इसमें टी-72 और टी-90 टैंक और वायुसेना के लड़ाकू विमान शामिल हुए। इस दौरान लगभग 400 पैराट्रूपर्स ने एक साथ हजारों फुट की ऊंचाई से पैरा जंपिंग की।

## चुनाव के लिए वाम मोर्चा ने उम्मीदवारों की सूची जारी की

**भाषा।** कोलकाता

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट** पार्टी की अगुवाई वाली वाम मोर्चा ने शुक्रवार को कोलकाता नगर निगम के 144 वार्डों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। वाम मोर्चा ने 17 सीटें छोड़ दी है जहां उसकी मंशा भाजपा और तृणमूल विरोधी ताकतों का समर्थन करना है। आईएसएफ समेत किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं किया है। उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करने वाले वाम मोर्चा ने इसके लिए 56 महिला एवं 58 पुरूष उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। 17 उम्मीदवार अल्पसंख्यक समुदाय है। इससे पहले प्रदेश निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को इस चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की, इसके लिए 19 दिसंबर को मतदान कराया जाएगा। वाम मोर्चा के कोलकाता के संयोजक कल्लोल मजुमदार ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमने कुछ सीटों को छोड़ देने का निर्णय किया है जहां हमारी उपस्थिति कम है और कांग्रेस अथवा आईएसएफ अथवा किसी प्रमुख व्यक्ति का समर्थन करने का निर्णय किया है। मजुमदार ने यह भी बताया कि 50 फीसद उम्मीदवार की उम्र 50 साल से कम है।

# अमरिंदर ने हरीश पर साधा निशाना कहा मुख्यमंत्री बने रबड़ स्टांप

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता हरीश चौधरी पर निशाना साधते हुए उन पर मौजूदा मुख्यमंत्री को रबड़ स्टांप में तब्दील करने का आरोप लगाया और अपने ऊपर लगाए जा रहे इन आरोपों को खारिज किया कि पद पर रहने के दौरान उनकी भाजपा और प्रधानमंत्री से मिलीभगत थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने हमला जारी रखते हुए यह भी कहा कि राजस्थान में मंत्री पद से बर्खास्त विधायक के बारे में उन्हें कुछ नहीं कहना है।

चौधरी को पार्टी का पंजाब मामलों का प्रभारी नियुक्त किया था जिन्होंने राजस्थान सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। अमरिंदर सिंह ने पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के साथ टकराव के चलते राज्य के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस छोड़ दी थी। उन्होंने अपनी खुद की राजनीतिक पार्टी बनाई है और आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के साथ गठबंधन की उम्मीद व्यक्त की है। सिंह ने चौधरी पर हमला करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे विधायक के बारे में कुछ नहीं कहना है जिसके पास कोई काम नहीं है और जिसे राजस्थान में मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री रहते समय प्रधानमंत्री या भाजपा के साथ मेरी कोई मिलीभगत होती तो मैं किसानों के आंदोलन का समर्थन नहीं करता और न ही कृषि कानूनों को निरस्त करने की मांग करता तथा न ही इनके खिलाफ विधानसभा में कानून पारित करता। अमरिंदर सिंह ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के रूप में उन्होंने प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात की तथा उनके मंत्रियों ने भी अपने केंद्रीय समकक्षों के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री (चरणजीत सिंह चन्नी) ने भी प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात की है।

# अदालत केआदेशों की अवहेलना का आरोप लगा तृणमूल ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस ने त्रिपुरा में नगरपालिका चुनाव के दौरान कथित तौर पर बड़े पैमाने पर हुई हिंसा की अदालत की निगरानी वाली समिति से जांच कराने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ को वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में मीडिया को निर्बाध पहुंच प्रदान करने के अदालत के बृहस्पतिवार के आदेश के बावजूद इस संबंध में कुछ भी नहीं किया गया। सिब्बल ने तृणमूल द्वारा दायर दो आवेदनों को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

उन्होंने कहा, वहां बिल्कुल अशांत माहौल था। उम्मीदवारों को भी मतदान नहीं करने दिया गया। हिंसक घटनाएं हुईं। यहां तक कि मीडिया में आई खबरों में कहा गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन हुआ है। पीठ ने कहा कि अदालत ने इस मुद्दे से निपटने के लिए बृहस्पतिवार को एक विशिष्ट और विस्तृत आदेश पारित किया था। सिब्बल ने कहा कि मुझे पता है, लेकिन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की दो बटालियन को मुहैया नहीं कराया गया। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को दो कांस्टेबल भी उपलब्ध नहीं कराए गए। हमारे पास इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सबूत हैं। कृपया इन अर्जियों को अविलम्ब सूचीबद्ध करें। पीठ ने कहा कि शुक्रवार को अलग-अलग न्यायाधीशों की पीठ है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, देखते हैं कि क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश संविधान दिवस के अवसर पर आधिकारिक कार्यों में व्यस्त हैं। इस पर सिब्बल ने कहा कि कल शनिवार होने के बावजूद अदालत मामले की सुनवाई कर सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि शनिवार को एक आधिकारिक कार्यक्रम है। लेकिन वह दोपहर के भोजनावकाश के समय न्यायमूर्ति बोपन्ना से बात करेंगे और चर्चा करेंगे कि क्या किया जा सकता है। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड रजत सहगल ने कहा कि तृणमूल ने दो आवेदन दायर कर मतगणना स्थगित करने और हिंसक घटनाओं की अदालत की निगरानी वाली समिति से जांच कराने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि एक अन्य आवेदन में पार्टी ने इस मामले में राज्य चुनाव आयुक्त को जिम्मेदार ठहराने का अनुरोध किया है। शीर्ष अदालत ने तृणमूल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के आरोपों के बाद बृहस्पतिवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय को त्रिपुरा नगरपालिका चुनावों के दौरान मतदान केंद्रों की सुरक्षा के लिए सीएपीएफ की दो अतिरिक्त कंपनियां मुहैया कराने का निर्देश दिया था। दोनों पार्टियों ने आरोप लगाया है।



पटना में केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे जलवायु परिवर्तन से जुड़े एक कार्यक्रम के दौरान परंपरागत वाद्ययंत्र बजाते हुए।

# बीएसई सेंसेक्स 1,688 अंक लुढ़का

## निवेशकों को 7.35 लाख करोड़ रुपए का नुकसान

भाषा। मुंबई



**शेयर बाजारों** में शुक्रवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,688 अंक लुढ़क गया। कोविड-19 वायरस की नई किस्म को लेकर चिंता के बीच वैश्विक बाजारों में बिकवाली के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई। ऐसी खबरें हैं कि वायरस की नई किस्म टीका लेने वाले लोगों को भी संक्रमित करता है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक अब तक दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना और हांगकांग में पाए गए इस किस्म में उत्परिवर्तनों (म्यूटेशन) का आसाधारण मेल है।

ब्रिटेन और जापान जैसे देश पहले ही यात्रा संबंधी प्रतिबंध लगा चुके हैं जिसके साथ लॉकडाउन का नया दौर शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,687.94 अंक यानी 2.87 प्रतिशत का गोता लगाकर 57,107.15 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 509.80 अंक यानी 2.91 प्रतिशत लुढ़क कर 17,026.45 अंक पर बंद हुआ। मुद्रा बाजार भी प्रभावित हुए और रुपया दूसरे उभरते बाजारों की मुद्राओं की तरह ही अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 37 पैसे की गिरावट के साथ 74.89 पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के शेयरों में 6.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक सर्वाधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा, मारुति, टाटा स्टील, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी और टाइटन में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, केवल चार शेयर...डा. रेड्डीज, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स और टीसीएस 3.32 प्रतिशत तक चढ़े। शुक्रवार को बाजार में गिरावट से निवेशकों को 7.35 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 2,58,31,172.25 करोड़ रुपए रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "दक्षिण अफ्रीका में पाए गए कोविड वायरस की नई किस्म की वजह से घरेलू बाजार कमजोर वैश्विक शेयर बाजारों की तरह ही नुकसान में चले गए। मौजूदा मुद्रास्फीति की आशंकाओं के साथ-साथ अमेरिकी फेडरल रिजर्व के मौद्रिक नीति को आक्रामक तरीके से कड़ा करने की चिंताओं की वजह से भी बाजार में बड़ी गिरावट आई। उन्होंने कहा, घरेलू मोर्चे पर, व्यापक बिकवाली देखी गई क्योंकि निवेशकों ने कोविड-संवेदनशील शेयर बेचे, जबकि ज्यादा उत्परिवर्तन वाले वायरस की नई किस्म को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच दवा क्षेत्र की कंपनियों तरफ ध्यान जाता दिखा। इस सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 2,528.86 अंक या 4.24 प्रतिशत और निफ्टी 738.35 अंक या 4.15 प्रतिशत टूटा है।

कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि कोविड-19 महामारी को लेकर चिंता बढ़ने से बाजार में इस सप्ताह तेज गिरावट रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में इस सप्ताह करीब चार प्रतिशत की गिरावट आई। दोनों सूचकांक अपने उच्चतम स्तर से करीब आठ प्रतिशत नीचे आ गए हैं। उन्होंने कहा, कोविड-19 की नई किस्म से फिर से लॉकडाउन और यात्रा पाबंदी को लेकर चिंता बढ़ रही है। इसके अलावा दुनिया के कई देशों के लिए मुद्रास्फीति चिंता का कारण बनी हुई है। इस सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध बिकवाल रहे।

# भारतीय बायोगैस संघ की कचरे से ऊर्जा योजना जारी रखने की मांग

**नई दिल्ली।** भारतीय बायोगैस संघ (आईबीए) ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से अनुरोध किया है कि वह केंद्र सरकार से मिलने वाली वित्तीय मदद से चलने वाली कचरे से ऊर्जा योजना को जारी रखे। आईबीए के अध्यक्ष ए आर शुक्ला ने बायोगैस के समक्ष मौजूद चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे सरकार को केंद्रीय वित्तीय सहायता कार्यक्रम से चलने वाली योजनाओं के जरिए प्रोत्साहन देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि बायोगैस एवं बायो-सीएनजी संयंत्र कचरे के निपटान एवं प्रदूषण-रोधी इकाइयों के तौर पर काम करते हैं। इसके अलावा ए संयंत्र जैविक खाद एवं गैसीय ईंधन भी पैदा करते हैं। आईबीए प्रमुख ने कहा कि इतनी अहम भूमिका निभाने के बावजूद बायोगैस परियोजनाओं को दी जाने वाली सब्सिडी के बारे में चालू वित्त वर्ष में कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने कहा, "अगर समूचे देश की बायोगैस क्षमता का दोहन किया जाए तो सालाना 6.2 करोड़ टन बायो-सीएनजी के अलावा 65.8 करोड़ टन (रिपीट करोड़ टन) जैविक खाद पैदा हो सकती है। इससे जीवाश्म ईंधन के आयात में करीब 35 प्रतिशत और सिंथेटिक उर्वरक के आयात में करीब 27 प्रतिशत की कमी आ सकती है। सरकार ने वर्ष 2023 तक करीब 5,000 बायोगैस संयंत्रों की स्थापना में सहयोगी भूमिका निभाने का लक्ष्य रखा है। आईबीए ने कहा है कि अगर कृषि भूमि पर बायो-सीएनजी संयंत्र लगाने की मंजूरी जैसे कदम उठाए जाएं तो इसमें और तेजी लाई जा सकती है।

## क्विक न्यूज

### ई-कॉमर्स कंपनियों के जरिए प्रदान की जाने वाली ऑटोरिक्शा सेवाओं पर लगेगा पांच प्रतिशत जीएसटी

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स कंपनियों के माध्यम से प्रदान की जाने वाली ऑटो-रिक्शा सेवाओं पर एक जनवरी, 2022 से पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने 18 नवंबर की एक अधिसूचना के माध्यम से ई-कॉमर्स मंचों के जरिए यात्री परिवहन सेवाएं प्रदान करने वाले ऑटो रिक्शा के लिए उपलब्ध जीएसटी (माल एवं सेवा कर) छूट को वापस ले लिया है। जहां ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा ऑफलाइनामैनुअल तरीके से प्रदान की जाने वाली यात्री परिवहन सेवाओं पर छूट जारी रहेगी, ई-कॉमर्स मंचों के माध्यम से प्रदान की जाने वाली ऐसी सेवाओं के लिए एक जनवरी, 2022 से पांच प्रतिशत कर देना होगा। ईवाई इंडिया के कर भागीदार बिपिन सपरा ने कहा, "इस संशोधन का ई-कॉमर्स उद्योग की कंपनियों पर सीधा असर पड़ेगा जो बहुत सारे ऑटो रिक्शा चालकों को सवारियों से जुड़ने के लिए एक ऑनलाइन मंच प्रदान करती है। ई-कॉमर्स उद्योग ने अपने ज्यादा सस्ते, आरामदायक और यात्रा की बुकिंग के लचीले तरीके के सहारे यात्री परिवहन सेवा प्रदान करते हुए बाजार में एक बहुत ही महत्वपूर्ण जगह बनी ली है।

### एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने सौर परियोजनाओं के लिए बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने भारतीय रेलवे, मध्य प्रदेश विद्युत प्रबंधन कंपनी और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर के साथ बिजली खरीद समझौता और अन्य परियोजना संबंधी समझौते किए है। एनटीपीसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने भारतीय रेलवे, मध्य प्रदेश विद्युत प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) के साथ 325 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजनाओं के लिए एक पीपीए (बिजली खरीद समझौता) और परियोजना संबंधी अन्य समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। ए सौर परियोजनाएं रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) के मध्य प्रदेश के शाजापुर सौर पार्क में स्थापित की जा रही हैं। बयान में कहा गया कि 25 नवंबर 2021 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय बिजली एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### जीएसटी दर युक्तिकरण संबंधी मंत्री समूह की बैठक टली

**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रहे राज्यों के वित्त मंत्रियों की समिति की बैठक टाल दी गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की अध्यक्षता वाले दर युक्तिकरण संबंधी मंत्री समूह (जीओएम) में पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा, केरल के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल और बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद भी शामिल है। समिति की अब तक दो बार बैठक हो चुकी है और जीएसटी दर एवं स्लैब में बदलाव के संबंध में फिटमेंट कमेटी की सिफारिशों पर विचार करने के लिए 27 नवंबर को बैठक होनी थी। सूत्रों ने कहा कि बैठक स्थगित कर दी गई है और मंत्री समूह अपनी रिपोर्ट वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद को सौंपेगा। जीएसटी परिषद के सदस्यों में सभी राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। जीएसटी परिषद की बैठक हर तिमाही में एक बार होती है। इसकी बैठक अब अगले महीने होगी।

### दिसंबर से टमाटर की कीमत नरम होगी: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश के उत्तरी राज्यो से टमाटर की नई फसल की आवक के साथ दिसंबर से इसके भाव नरम पड़ने की उम्मीद है। टमाटर का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य बेमौसम बारिश के कारण पिछले वर्ष की तुलना में 63 प्रतिशत बढ़कर 67 रुपए प्रति किलो होने के साथ सरकार का यह बयान आया है। वही प्याज के मामले में, खुदरा कीमतें वर्ष 2020 और वर्ष 2019 के स्तर से काफी नीचे आ गई हैं। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा, "देश के उत्तरी राज्यो से टमाटर की आवक दिसंबर की शुरुआत से ही शुरू हो जाएगी। इससे उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतों में गिरावट आएगी। दिसंबर में आवक पिछले साल के बराबर रहने की उम्मीद है। इस साल नवंबर में आवक 19.62 लाख टन थी, जो एक साल पहले की समान अवधि में 21.32 लाख टन थी। टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी के कारणों के बारे में बताते हुए, मंत्रालय ने कहा कि पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में बेमौसम बारिश के कारण सितंबर के अंत से टमाटर की खुदरा कीमतें बढ़ी हैं। बारिश की वजह से टमाटर की फसल को नुकसान हुआ और इन राज्यों से आने में देरी हुई।

# प्राकृतिक आपदा जोखिमों से बचाव के लिए भारत को राष्ट्रीय आपदा पूल बनाने की जरूरत: रिपोर्ट


भाषा। मुंबई

**प्राकृतिक आपदाओं** की घटनाएं और गंभीरता बढ़ने के साथ, एक रिपोर्ट में भारत में एक राष्ट्रीय आपदा पूल बनाने का आग्रह किया गया है, क्योंकि भारत दुनिया में सबसे अधिक आपदा-संभावित देशों में से एक है।

भारत वर्ष 1900 से अब तक आई प्राकृतिक आपदाओं की संख्या के मामले में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। भारत में वर्ष 1900 से अब तक 756 प्राकृतिक आपदाएँ आई हैं जैसे भूस्खलन, तूफान, चक्रवात, भूकंप, बाढ़, सूखा आदि। 1900-2000 के दौरान 402 आपदाएँ और 2001-2021 के दौरान 354 आपदाएँ आईं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा कि 2001 से अब तक कुल 100 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं और इन आपदाओं के कारण लगभग 83,000 लोगों की जान चली गई। अगर नुकसान को मौजूदा कीमतों के आधार पर देखें, तो नुकसान 13 लाख करोड़ रुपए या सकल घरेलू उत्पाद का छह प्रतिशत हो जाता है।1991 और 2021 के बीच, देश में कुल नुकसान का केवल आठ प्रतिशत ही कवर किया गया, इसलिए, इस अवधि के दौरान लगभग 92 प्रतिशत सुरक्षा अंतर है।एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने रिपोर्ट में कहा है कि सुरक्षा अंतर को खत्म करने के लिए प्रारंभिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। प्राकृतिक आपदा जोखिमों से बचाव के लिए एक राष्ट्रीय आपदा पूल बनाकर सार्वजनिक-निजी समाधान एकमात्र रास्ता है। रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि 2020 की बाढ़ से कुल आर्थिक नुकसान 7.5 अरब डॉलर या 52,500 करोड़ रुपए था, लेकिन बीमा केवल 11 प्रतिशत था। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इसका बीमा किया होता, तो 60,000 करोड़ रुपए के बीमा राशि का प्रीमियम सिर्फ 13,000-15,000 करोड़ रुपए होता।प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानवीय क्षति के अलावा भारी आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा, 1900 के बाद से, हमें 144 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ है। बाढ़ से सबसे अधिक 86.8 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और उसके बाद तूफान से 44.7 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। यदि इन नुकसानों को मौजूदा कीमतों के साथ समायोजित किया जाता है नुकसान लगभग 87 अरब अमरीकी डालर या 13 लाख करोड़ रुपए का है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, नुकसान की रिपोर्टिंग में बहुत बड़ा अंतर है। देश की केवल 193 घटनाओं के नुकसान के आंकड़े उपलब्ध हैं और मौजूदा आकलन पद्धति में भी कई समस्याएं हैं।

# रिजर्व बैंक ने निजी बैंक के प्रवर्तकों को 15 साल बाद 26 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखने की मंजूरी दी

भाषा। मुंबई



**रिजर्व बैंक** ने शुक्रवार को निजी क्षेत्र के बैंकों के कॉरपोरेट स्वामित्व पर अपने कार्यकारी समूह की अधिकतर सिफारिशों को स्वीकार करते हुए परिचालन के पहले पांच वर्षों में प्रवर्तकों की बिना किसी सीमा के शेयरधारिता और 15 साल बाद उसे मौजूदा 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 26 प्रतिशत करने की मंजूरी दे दी। रिजर्व बैंक ने साथ ही नई पूंजी जरूरतों के संबंध में भी मंजूरी दे दी। इस कदम से कोटक महिंद्रा बैंक और इंडसइंड बैंक जैसे प्रमुख बैंकों को फायदा होगा, जो कई वर्षों से नियामक से अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए और समय मांग रहे थे। केंद्रीय बैंक ने आंतरिक कार्य समूह की 33 सिफारिशों में से 21 को स्वीकार करते हुए कहा कि शेष सुझावों पर विचार किया जा रहा है। रिजर्व बैंक ने 12 जून, 2020 को कार्य समूह का गठन किया और इस समिति ने 20 नवंबर, 2020 को रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें हितधारकों और जनता के सदस्यों की टिप्पणियां 15 जनवरी, 2021 तक मांगी गई थीं। केंद्रीय बैंक ने समिति की इस सिफारिश को स्वीकार कर लिया कि पहले पांच वर्षों के लिए बैंक की चुकता वोटिंग इक्विटी शेयर पूंजी का न्यूनतम 40 प्रतिशत रखने की प्रारंभिक लॉक-इन जरूरतों से संबंधित मौजूदा निर्देशों में कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन कहा कि इस अवधि में प्रवर्तकों की शेयरधारिता पर कोई सीमा नहीं होगी। समिति की रिपोर्ट यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रवर्तक बैंकों में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाए रखें, और व्यवसाय ठीक से स्थापित एवं स्थिर होने तक प्रवर्तक समूह के नियंत्रण की विश्वसनीयता बनी रहे, पहले पांच वर्षों के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत हिस्सेदारी बनाए रखने का समर्थन करता है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि प्रवर्तक शुरुआती वर्षों में बैंक को जरूरी रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे। एक और महत्वपूर्ण बदलाव वह यह है कि प्रवर्तकों को बैंक शुरू करने के लिए और पैसा लाना होगा क्योंकि रिजर्व बैंक ने नए बैंकों को लाइसेंस देने के लिए न्यूनतम प्रारंभिक पूंजी संबंधी जरूरत से जुड़ी सभी सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। रिजर्व बैंक ने प्रारंभिक पूंजी जरूरतों से जुड़ी सिफारिशों को स्वीकार करते हुए कहा है कि विविध बैंकिंग गतिविधियों में शामिल बैंकों के लिए प्रारंभिक चुकता वोटिंग इक्विटी शेयर पूंजीाकुल संपत्ति किसी नए बैंक के लिए जरूरी, मौजूदा 500 करोड़ रुपए से पांच साल में बढ़ाकर।,000 करोड़ रुपए किया जा सकता है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 640.40 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 28.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 640.401 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़े के अनुसार इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 76.3 करोड़ डॉलर घटकर 640.112 अरब डॉलर रहा था। तीन सितंबर, 2021 को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार 642.453 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में बढ़ोतरी हुई। एफसीए का विदेशी मुद्रा भंडार में महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सप्ताह के दौरान एफसीए 22.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 575.712 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त किए जाने वाले विदेशीमुद्रा आस्तियों में विदेशीमुद्रा भंडार में रखे यूरो, पौंड और एन जैसे गैर-अमेरिकी मुद्रा के घट बढ़ को भी समाहित किया जाता है। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 15.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 40.391 अरब डॉलर हो गया।

### सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड टीके का निर्यात शुरू किया




भाषा। नई दिल्ली

**टीका बनाने** वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने कम और मध्यम आए वाले देशों को कोविशील्ड टीके का निर्यात शुरू कर दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पुणे संयंत्र से कोविशील्ड की पहली खेप भेजी गई। कंपनी ने अब तक कोविशील्ड की 1.25 अरब खुराकों का उत्पादन किया है। सीरम इंस्टीट्यूट ने कहा, कोविड-19 रोधी वैक्सीन कोविशील्ड की पहले खेप को पुणे में एसएसआई संयंत्र से कोवैक्स व्यवस्था के तहत कम और मध्यम आय वाले देशों में वितरण के लिए भेजा गया। उसने कहा कि कोवैक्स के तहत अगले वर्ष की पहली तिमाही में कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति पर्याप्त रूप से बढ़ने की उम्मीद है।

### दिल्ली-मुंबई आर्थिक गलियारे के तहत चार औद्योगिक स्मार्ट सिटी का विकास जारी: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे (डीएमआईसी) के तहत गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में चार नए औद्योगिक शहरों का विकास किया जा रहा है और वहां प्रमुख बुनियादी ढांचागत काम पूरा हो चुका है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन शहरों में 16,750 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ कंपनियों को 138 भूखंड (754 एकड़) आवंटित किए गए हैं। इन शहरोंनोड्स के प्रमुख (एंकर) निवेशकों में ह्योसुंग (दक्षिण कोरिया), एनएलएमके (रूस), हायर (चीन), टाटा केमिकल्स और अमूल जैसी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा दूसरे औद्योगिक गलियारों में 23 नोड्सापरियोजनाएं, योजना और विकास के विभिन्न चरणों में हैं। औद्योगिक गलियारा कार्यक्रम का उद्देश्य देश में विनिर्माण निवेश की सुविधा को लेकर उद्योगों के लिए गुणवत्तापूर्ण, विश्वसनीय, टिकाऊ और मजबूत बुनियादी ढांचा प्रदान करके नए स्मार्ट औद्योगिक शहरों का निर्माण करना है। इसका मकसद पूर्ण रूप से तैयार आईसीटी (सूचना और संचार प्रौद्योगिकी) सक्षम उपयोगिताओं का विकास करना है ताकि कंपनियां निवेश के लिए आकर्षित हों। सरकार ने ऐसे 11 गलियारों को मंजूरी दी है जिनमें 32 परियोजनाओं को चार चरणों में विकसित किया जाएगा।

# सरकार ने सीमा पार दिवाला प्रक्रिया के लिए रूपरेखा का प्रस्ताव रखा, टिप्पणी मांगी

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार** संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग के मॉडल कानून के आधार पर एक सीमा पार दिवाला समाधान ढांचा पेश करने की तैयारी कर रही है। इसे कॉरपोरेट देनदारों के साथ-साथ इस तरह के देनदारों को व्यक्तिगत गारंदी देने वाले दोनों के लिए लागू करने का प्रस्ताव है। दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) को लागू करने वाले कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने ढांचे के मसौदे पर 15 दिसंबर तक टिप्पणी मांगी है।

व्यापक रूप से सीमा पार दिवाला प्रक्रिया उन देनदारों से संबंधित है जिनके पास विदेशों में संपत्ति और लेनदार हैं। मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ दशकों के दौरान, विभिन्न न्यायालयों में, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) मॉडल कानून के तहत सीमा पार दिवाला मुद्दों से निपटने के लिए मजबूत संस्थागत व्यवस्था करने की जरूरत तेजी से सामने आई है।

सीमा-पार दिवाला पर यूएनसीआईटीआरएएल मॉडल कानून, 1997, सीमा-पार दिवाला मुद्दों से निपटने के लिए सबसे व्यापक रूप से स्वीकृत कानूनी ढांचा है। कानून एक विधाई ढांचा प्रदान करता है जिसे अधिनियमित क्षेत्राधिकार के घरेलू संदर्भ के अनुरूप संशोधनों के साथ देशों द्वारा अपनाया जा सकता है। इसे सिंगापुर, ब्रिटेन, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका समेत लगभग 50 देशों में अपनाया गया है।

# ई-दाखिल के जरिए उपभोक्ताओं को मिल रहा है त्वरित न्याय: केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक दुकान से 16,990 रुपए की खराब साड़ी के साथ ठगी का शिकार बनने वाले एक उपभोक्ता को सरकार की ई-दाखिल सुविधा की मदद से इस साल की शुरुआत में त्वरित न्याय मिला है। ई-दाखिल व्यवस्था के तहत उपभोक्ता को गड़बड़ी की शिकायत करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपभोक्ता अदालत जाने की जरूरत नहीं होती। इसमें शिकायत डिजिटल तरीके से दर्ज कराई जाती है।

एक अन्य उपभोक्ता शिकायत का भी चंडीगढ़ में इसी ई-दाखिल सुविधा के माध्यम से हल किया गया। इस मामले में उपभोक्ता ने एक वेबसाइट से।,529 रुपए में कच्चे लोहे का तवा और कड़ाही खरीदी थी जिसमें खराबी थी। इसी तरह बेंगलुरु की एक और उपभोक्ता की शिकायत का भी निपटान किया गया। वह शिक्षा शुल्क देने के बावजूद एक पाठ्यक्रम में दाखिला नहीं ले पाई थी। उसे 48,658 रुपए का शुल्क लौटाया गया। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने पीटीआई-भाषा को से कहा कि अब तक देश भर में उपभोक्ता आयोगों में स्थापित ई-दाखिल सुविधाओं के माध्यम से कुल 213 मामलों का निपटान किया जा चुका है।

राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों में, दिल्ली और महाराष्ट्र क्रमश: 67 और 38 मामलों के साथ मामलों के निपटान में सबसे आगे रहे हैं। खरे ने कहा, हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए ई-दाखिल का इस्तेमाल करें। ई-दाखिल देश भर के उपभोक्ताओं को संबंधित उपभोक्ता मंच तक आसानी से पहुंचने के लिए परेशानी मुक्त सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के लिए उपभोक्ता को शिकायत दायर करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपभोक्ता अदालत जाने की जरूरत नहीं होती। वह ई-दाखिल पोर्टल के जरिए शिकायत दायर कर सकता है जो कोविड-19 महामारी के बीच सात सितंबर, 2020 को शुरू किया गया था।

# पेज एक का शेष

## उपनिवेशवादी मानसिकता

को संबोधित किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के सभी न्यायाधीश, सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश, भारत के सॉलिसिटर जनरल और विधि जगत के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## परिवारवादी पार्टियां...

स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संविधान की भावनाओं को चोट पहुंचाए जाने की घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, इसलिए हर वर्ष संविधान दिवस मनाकर राजनीतिक दलों को अपना मूल्यांकन करना चाहिए। उन्होंने कहा, अच्छा होता कि देश आजाद होने के बाद... 26 जनवरी के बाद (संविधान लागू होने के बाद)...देश में संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरू होती। उन्होंने कहा कि ऐसा होता तो एक जीवंत इकाई और सामाजिक दस्तावेज के रूप में संविधान एक बहुत बड़ी ताकत के रूप में पीढ़ी दर पीढ़ी काम आता। उन्होंने कहा, लेकिन कुछ लोग इससे चूक गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वर्ष 2015 में उन्होंने संसद में बाबा साहब आंबेडकर की 125 वीं जयंती पर संविधान दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था, उस वक्त भी इसका विरोध किया गया था। उन्होंने कहा, विरोध आज भी हो रहा है... उस दिन भी हुआ था। बाबा साहेब आंबेडकर का नाम हो और आपके मन में विरोध का भाव उठे, देश यह सुनने को तैयार नहीं है। अब भी बड़ा दिल रखकर, खुलेमन से ...बाबा साहब आंबेडकर जैसे मनीषियों ने जो देश को दिया है, इसका स्मरण करने को तैयार ना होना, यह चिंता का विषय है।

## यूपी में...

बनकर तैयार हो गया। आयकर से देश प्रदेश में होने वाले बदलाव की चर्चा करते हुए सीतारमण ने प्रधानमंत्री की हर घर जल योजना से लेकर, मुफ्त इलाज, मुफ्त अनाज, वृद्धावस्था, विधवा और विकलांग पेंशन आदि योजनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार द्वारा जन कल्याण की चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला और यह बताया कि जनता को आयकर से मिलने वाले धन का कितना लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचा के क्षेत्र में चल रहे कार्यों में कोई रुकावट न हो इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना की। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वित्तमंत्री का हमेशा मार्गदर्शन मिलता है। जब वह रक्षामंत्री थीं, तो राज्य में डिफेंस कॉरिडोर की शुरुआत हुई। योगी ने डिफेंस कॉरिडोर की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद विकास की दौड़ में पूर्वांचल और बुंदेलखंड पिछड़ गए थे, लेकिन सरकार इन दोनों क्षेत्रों को एक्सप्रेसवे के माध्यम से गति दे रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का उद्घाटन हो गया है और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे का उद्घाटन होने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य के सबसे बड़े गंगा एक्सप्रेस वे के लिए 86 प्रतिशत जमीन अधिग्रहीत हो गई है और अगले माह प्रधानमंत्री जी इसका शिलान्यास करेंगे। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए वित्तमंत्री के सकारात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए योगी ने कहा कि देश में आय का सबसे बड़ा माध्यम आयकर है, लेकिन उत्तर प्रदेश में इसे जीएसटी से जोड़कर देखते हैं और राज्य ने इसमें बड़ा योगदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने इंफोर्समेंट का कम, संवाद का सहारा ज्यादा लिया। योगी ने कहा कि एक सामान्य उद्यमी कर देना चाहता है लेकिन इंस्पेक्टर राज और जटिल प्रक्रिया से इतना भयभीत होता है कि वहां जाना नहीं चाहता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश नहीं होते थे क्योंकि उद्यमियों को स्वयं की सुरक्षा के साथ ही पूंजी की सुरक्षा का खतरा महसूस होता था, लेकिन आज यहां की कानून व्यवस्था एक नजीर है और इस राज्य ने केंद्र के सभी सुधारों के साथ अपने को जोड़ा है व आज यह राज्य कारोबार सुगमता में दूसरे स्थान पर है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा प्रत्यक्ष कर भवन के बन जाने से कार्य में सुगमता आएगी और आर्थिक बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस गति से बढ़ रहा है उससे उम्मीद बढ़ी है। राज्य में कानून व्यवस्था दुरुस्त हुई और निवेश हो रहा है। चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश राजस्व संकलन में थोड़ा पीछे है लेकिन आने वाले समय में राज्य का स्थान देश के करदाताओं की सूची में प्रमुखता से शामिल होगा।

## सभी जिलों...

जिससे हर एक भारतीय के मन में संविधान के प्रति सम्मान जागृत हो सके। उन्होंने कहा कि सभी के लिए अपने धर्म के साथ राष्ट्र का भी एक धर्म है। योगी ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ता कल्याण निधि को डेढ़ से पांच लाख रूपए किया गया।मुख्यमंत्री ने कहा, भारत के संविधान की मूल प्रति को देख कर लगता है कि संविधान निर्माता कितना दूरदर्शी रहे होंगे। अगर इसे भारत की आत्मा कहा जाए तो गलत नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा साहेब की स्मृति में स्मारक की आधारशिला रखी। 26 नवम्बर 2015 को देश मे पहली बार संविधान दिवस पूरे धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा कि आजादी के समय कुछ लोग ऐसे भी थे जो अंग्रेजों के पिट्ठू बनकर भारत को एक नहीं रखना चाहते थे। ऐसे समय एक बड़ा तबका भारत को एक भारत के रूप में रखने का काम कर रहा था। योगी ने कहा कि कुछ लोग देश को एक भारत श्रेष्ठ भारत के रूप में आगे नहीं बढ़ने देना चाहते।

## कोरोना के...

पता चला है। बढ़ते खतरे के संकेत के रूप में यूरोपीय संघ ने दक्षिणी अफ्रीका से यात्रा पर प्रतिबंध लगाने का अलग से प्रस्ताव रखा है। ब्रिटेन कई दक्षिणी अफ्रीकी देशों से यात्रा प्रतिबंधों की घोषणा करने वाला पहला देश है। अपने ताजा आदेश में ब्रिटेन अथॉरिटी ने कहा कि यात्रियों को अनिवार्य क्वांरटीन से गुजरना होगा। ब्रिटेन के स्वास्थ्य सचिव साजिद जाविद ने कहा कि छह देशों को खतरे वाली सूची में जोड़ा जाएगा, उड़ानों पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा। हालांकि, यूके में अभी तक किसी भी मामले की पुष्टि नहीं हुई है।

## कोविड टीकाकरण...

से रिपोर्ट मांगी जाए जहां कोविशील्ड के इस्तेमाल को बंद कर दिया गया या इसका इस्तेमाल सीमित कर दिया गया है। पीठ ने कहा कि टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में हमेशा 5-10 साल अध्ययन होगा लेकिन वह केवल यह चाहती है कि लोग सुरक्षित रहें और मृत्यु दर कम हो। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा कि देश के विभिन्न समाचार पत्रों में खबरें आई हैं कि टीकाकरण के बाद हजारों लोगों की मौत और गंभीर प्रतिकूल प्रभावों के मामले सामने आए हैं। पीठ ने कहा, मौतों को सिर्फ टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता, इसके और भी कारण हो सकते हैं। गोंजाल्विस ने कहा कि यह संभव है कि मौतों का कारण टीकाकरण नहीं रहा हो लेकिन इन मौतों की जांच की जानी चाहिए कि क्या टीकाकरण के कारण मस्तिष्क या हृदय में थक्का बना, जिसके कारण दिल का दौरा पड़ा या मस्तिष्काघात हुआ। उन्होंने तर्क दिया कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव की घटनाओं से संबंधित 2015 के दिशा-निर्देशों के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, जैसे कि आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों को टीकाकरण कराने वाले व्यक्ति के पास एक विशिष्ट अवधि के लिए जाना पड़ता था और मृत्यु होने की स्थिति में एक विशिष्ट प्रोटोकॉल के तहत पोस्टमॉर्टम कराने का निर्देश था।

## भारत 15...

सलाह से लिया गया है। सभी ने मिलकर भारत से आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानों को 15 दिसंबर से फिर से शुरू करने का निर्णय किया है। मंत्रालय ने कहा, व्यावसायिक अंतरराष्ट्रीय यात्री सेवाओं की पुन:बहाली द्विपक्षीय रूप से क्षमता के संबंध में हुए समझौतों की समीक्षा और एयर बबल समझौते का समापन होगा। अगर कोई देश दूसरे देश के लिए व्यावसायिक उड़ान सेवा शुरू करना चाहता है तो यह तय करने के लिए कितनी विमानन कंपनियां, प्रवेश पोर्ट और कुल उड़ानों (या सीटों) को प्रति सप्ताह दोनों देशों के बीच अनुमति दी जाएगी एक द्विपक्षीय वायु सेवा समझौता करना होगा।

## पुतिन छह...

प्रमुख क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे। उल्लेखनीय है कि रूस हिंद-प्रशांत को एशिया-प्रशांत के संदर्भ में उल्लेख करता है। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा के दौरान लंबित एके-203 क्लाशनिकोव राइफल खरीद समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और रूस के संबंधों में रक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण विषय है लेकिन जहां तक किसी विशिष्ट समझौते का सवाल है, इसके बारे में रक्षा मंत्रालय ही जानकारी दे सकता है।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 27 नवंबर, 2021



# श्रेयस अय्यर ने जड़ा शतक

## भारतीय टीम 345 रन बनाकर आउट

**जवाब में न्यूजीलैंड ने बगैर किसी नुकसान के 129 रन बनाए**

भाषा। कानपुर

**तेज** गेंदबाज टिम साउदी के पांच विकेट की मदद से भारत को 345 रन पर आउट करने के बाद अपने सलामी बल्लेबाजों विल यंग और टॉम लाथम की उम्दा अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन ठोस शुरुआत करते हुए बिना किसी नुकसान के 129 रन बना लिए। श्रेयस अय्यर के पदार्पण टेस्ट में शतक को छोड़कर दूसरे दिन का खेल न्यूजीलैंड के नाम रहा। पहले दिन काइल जैमीसन के बाद दूसरे दिन साउदी ने पहले सत्र में गेंदबाजी में दबदबा बनाया तो दूसरे सत्र में बल्लेबाजी में यंग और लाथम ने भारत के अनुभवी गेंदबाजों को दबाव नहीं बनाने दिया।

ईशांत शर्मा की रफ्तार भी उनकी राह नहीं रोक सकी और रविचंद्रन अश्विन की फिरकी भी नहीं। यंग ने 180 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 75 रन बना लिए हैं जबकि लाथम 165 गेंद में 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें चार चौके शामिल हैं। न्यूजीलैंड की टीम भारत के पहली पारी के स्कोर से 216 रन पीछे है और उसके सारे विकेट सुरक्षित हैं।कीवी बल्लेबाजों ने पगबाधा के तीन फैसलों के खिलाफ डीआरएस अपील की और कामयाब रहे।

पिच से तेज गेंदबाजों को सुबह अधिक उछाल मिली जिसकी बदौलत साउदी ने चार विकेट चटकाए। वहीं अश्विन और जडेजा जैसे स्पिनरों को टर्न नहीं मिली। अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल ने मिलकर 41 ओवर डाले और 92 रन दिए जबकि किसी को कामयाबी नहीं मिल सकी। वहीं ईशांत ने छह ओवर में दस और उमेश ने 10 ओवर में 26 रन दिए।

इससे पहले श्रेयस अय्यर अपने पदार्पण टेस्ट में शतक जमाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बने लेकिन अश्विन को छोड़कर निचले क्रम के बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। अश्विन ने 56 गेंद में 38 रन बनाए। अपने कल के स्कोर 75 रन से आगे खेलते हुए अय्यर ने 171 गेंद में 105 रन बनाए। वह अपने पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले भारत के 16वें क्रिकेटर बन गए। इस सूची में लाला अमरनाथ, गुंडप्पा विश्वनाथ, सौरव गांगुली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के नाम हैं।

सुबह के सत्र में 81 रन बने लेकिन चार विकेट भी गिरे। यह सत्र साउदी के नाम रहा जिन्होंने 27.4 ओवर में 69 रन देकर पांच विकेट लिए। अपना 80वां टेस्ट खेल रहे साउदी 13वीं बार यह कमाल कर चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले दूसरी नई गेंद से रविंद्र जडेजा को आउट किया जो कल के स्कोर 50 रन पर ही लौट गए। रिधिमान साहा 12 गेंद में एक रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर अय्यर ने काइल जैमीसन को थर्डमैन पर शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए। साउदी ने कवर में विल यंग के हाथों लपकवाकर अय्यर की पारी का अंत किया। अश्विन ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए जिसमें साउदी को कवर में जड़ा दर्शनीय चौका शामिल है।





विल यंग ने नाबाद 75 रन बनाए

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी :** मयंक अग्रवाल का ब्लंडेल बो जैमीसन 13, शुभमन गिल बो जैमीसन 52, चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो साउदी 26, अजिंक्य रहाणे बो जैमीसन 35, श्रेयस अय्यर का यंग बो साउदी 105, रविंद्र जडेजा बो साउदी 50, रिधिमान साहा का ब्लंडेल बो साउदी 12, रविचंद्रन अश्विन बो पटेल 38, अक्षर पटेल का ब्लंडेल बो साउदी 3, उमेश यादव नाबाद 10, ईशांत शर्मा पगबाधा बो पटेल 00

अतिरिक्त : 12 रन

कुल योग : 111.1 ओवर में 345 रन

विकेट पतन : 1-21, 2-82, 3-106, 4-145, 5-266, 6-288, 7-305, 8-313, 9-339

गेंदबाजी : साउदी 27.4 -6-69-5, जैमीसन 23.2-6-91-3, पटेल, 29.1-7-90-2, सोमेरविले 24-2-60-0, रचिन-7-1-28-0

**न्यूजीलैंड पहली पारी :** टॉम लाथम नाबाद 50, विल यंग नाबाद 75

अतिरिक्त : चार रन

कुल योग : 57 ओवर में 129 रन

गेंदबाजी : ईशांत-6-3-10-0, उमेश 10-3-26-0, अश्विन 17-5-38-0, जडेजा 14-4-28-0, अक्षर 10-1-26-0

### पुरानी गेंद से कौशल में सुधार है टिम साउदी के शानदार प्रदर्शन का राज

भाषा। कानपुर

**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने पिछले तीन वर्षों में देश से बाहर अपनी शानदार सफलता का श्रेय विदेशी परिस्थितियों में तेजी से ढलने और पुरानी गेंद से अपने कौशल में निखार को दिया। साउदी ने अपने 80वें टेस्ट में 13वीं बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा किया, जिसमें भारत में दूसरी बार पांच विकेट झटकना भी शामिल है। इससे उन्होंने अपनी टीम को यहां शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन मेजबानों के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जहां भारतीय तेज गेंदबाजों को विकेट निकालने में जद्दोजहद करनी पड़ी तो वहीं साउदी ने क्रीज का शानदार इस्तेमाल किया और नई व पुरानी गेंद से धीमी पिच पर स्विंग हासिल कर प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों को परेशान किया। नई गेंद से उनके जोड़ीदार काइल जैमीसन भी इसमें पीछे नहीं रहे। साउदी भारत में सभी प्रारूपों में काफी क्रिकेट खेल चुके हैं और यह उनका तीसरा टेस्ट दौरा है।

# कोविड के चलते भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा खटाई में

**चार सप्ताह के दौरे में तीन टेस्ट, तीन वनडे व चार टी-20 खेलना है**

भाषा। कानपुर

**दक्षिण** अफ्रीका में दहशत पैदा करने वाले कोविड-19 के नए स्वरूप के कारण भारत के अगले महीने के दौरे को लेकर चिंता पैदा हो गई है, हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का मानना है कि श्रृंखला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। भारत ए टीम ब्लोमफोंटेन में तीन अनधिकृत टेस्ट मैच खेलने के लिए अभी दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर है जो कि नई परिस्थितियों में प्रभावित हो सकता है। उसका पहला मैच शुक्रवार को ड्रा छूटा जबकि दूसरा मैच 29 नवंबर से खेला जाएगा। भारत की सीनियर टीम को 17 दिसंबर से शुरू होने वाले अपने लगभग सात सप्ताह के दौरे में तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। मैच चार स्थानों जोहानिसबर्ग, सेंचुरियन, पार्ल और केपटाउन में खेले जाएंगे। देश के उत्तरी हिस्से में मामले बढ़ रहे हैं और टेस्ट श्रृंखला के कम से कम दो स्थलों जोहानिसबर्ग और प्रिटोरिया (सेंचुरियन के करीब) में इस नए स्वरूप की चपेट में आ सकते हैं।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि देखिए जब तक हमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) से वहां की स्थिति का पता नहीं चल जाता तब तक हम अपने अगले कदम के बारे में नहीं बता पाएंगे। वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम को मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला समाप्त होने के बाद आठ या नौ दिसंबर को रवाना होना है। दौरा भले ही अभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से होने की बात की जा रही है।

### एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप स्थगित

**लुसाने।** दक्षिण अफ्रीका में होने वाला एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप शनिवार को देश में कोविड-19 के नए स्वरूप के पाए जाने के कारण स्थगित कर दिया गया। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में पांच से 16 दिसंबर तक होना था। लेकिन दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस नए स्वरूप के प्रकोप के बाद अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच), दक्षिण अफ्रीकी हॉकी संघ और नॉर्थ-वेस्ट यूनिवर्सिटी ऑफ पोटचेफस्ट्रूम ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि टूर्नामेंट वर्तमान परिस्थितियों में आयोजित नहीं किया जाएगा। एफआईएच के सीईओ थियरी वील ने बयान में कहा, एफ आईएच प्रतियोगिताओं में हर किसी की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।

# कपिल देव ने हार्दिक पंड्या की काबिलियत पर उठाए सवाल

भाषा। कोलकाता

**भारत** के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को पूछा कि क्या हार्दिक पंड्या को हरफनमौला कहा जा सकता है जबकि वह उतनी गेंदबाजी करते ही नहीं हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम के अभिन्न अंग पंड्या ने हाल ही में टी-20 विश्व कप में सिर्फ दो मैचों में गेंदबाजी की। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था।

अपनी फिटनेस से जुड़े कई मसलों का खुलासा नहीं करने के लिए भी पंड्या की आलोचना हो रही है।उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह नहीं मिली। भारत ने श्रृंखला 3-0 से जीती। कपिल ने रॉयल कलकत्ता गोल्फ कोर्स पर कहा कि हरफनमौला कहलाने के लिए उसे दोनों काम करने होंगे। वह गेंदबाजी नहीं कर रहा है तो क्या उसे हरफनमौला कहेंगे। वह चोट से उबर चुका है तो पहले उसे गेंदबाजी करने दीजिए। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि वह भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण बल्लेबाज है। गेंदबाजी के लिए उसे काफी मैच खेलने होंगे और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसके बाद ही हम कह सकेंगे। कपिल ने यह भी कहा कि कोच के रूप में राहुल द्रविड़ बतौर क्रिकेटर मिली कामयाबी से भी अधिक कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि वह अच्छा इंसान है और अच्छा क्रिकेटर भी है।



वह बतौर क्रिकेटर जितना सफल रहा, कोच के रूप में उससे भी अधिक सफल होगा। अपने पसंदीदा हरफनमौला के बारे में पूछने पर कपिल ने रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का नाम लिया। उन्होंने कहा कि मैं आजकल क्रिकेट का सिर्फ मजा लेने जाता हूं। मेरा काम वही है। मैं आपके नजरिए से नहीं देखता। उन्होंने पसंदीदा हरफनमौला के बारे में कहा कि मैं अश्विन का नाम लूंगा। वह जबर्दस्त है।

### फुटबॉल में भारत को ब्राजील ने 6-1 से हराया

भाषा। मानौस (ब्राजील)

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम को ब्राजील जैसी धुरंधर टीम ने चार देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले मैच में शुक्रवार को 6-1 से हरा दिया। विश्व कप 2007 की उपविजेता ब्राजील के लिए डेबोरा ओलिवियरा ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया। भारत की मनीषा कल्याण ने आठवें मिनट में बराबरी का गोल किया। जियोवाना कोस्टा ने 36वें मिनट में ब्राजील को फिर बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में ब्राजील ने चार और गोल दाग दिए। उसके लिए एरियाडिना बोर्गेस (52वां, 81वां मिनट), कैरोलिन फेराज (54वां) और गेसे फेरेइरा (76वां) ने गोल किए। इस मैच के साथ ही ब्राजील की मिडफील्डर फोरमिगा ने 43 वर्ष की उम्र में फुटबॉल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सात ओलंपिक और सात विश्व कप खेले हैं।

# पैट कमिंस आस्ट्रेलिया के नए टेस्ट कप्तान बने

भाषा। मेलबर्न

**पैट** कमिंस आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम की पूर्णकालिक कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए, जबकि पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को उपकप्तान बनाया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दोनों घोषणा की। उपकप्तान कमिंस अब टिम पेन की जगह लेंगे जिन्होंने एक महिला सहकर्मी को अश्लील मैसेज भेजने का चार साल पुराना प्रकाश में आने के बाद पिछले सप्ताह कप्तानी छोड़ दी।

टेस्ट स्तर पर आस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले आखिरी तेज गेंदबाज रे लिंडवाल थे जिन्होंने 1956 में एक टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। कमिंस आस्ट्रेलिया के 47वें टेस्ट कप्तान हैं। स्मिथ को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से छेड़खानी मामले के बाद कप्तानी से हटाया गया था। उन्हें दो साल के लिए नेतृत्व दल में शामिल किए जाने पर भी रोक लगा दी गई थी। कमिंस ने एक बयान में कहा कि एशेज से पहले इस जिम्मेदारी को स्वीकार करके मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं टिम पेन के काम को आगे बढ़ा सकूंगा। पहला टेस्ट आठ दिसंबर से ब्रिसबेन में खेला जाएगा।



# भारत के लिए पोलैंड के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

भाषा। भुवनेश्वर

**कनाडा** जैसी कमजोर टीम पर धमाकेदार जीत दर्ज करके अपने अभियान को पटरी पर लाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम को एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए शनिवार को पोलैंड के खिलाफ पूल बी का आखिरी मैच हर हालत में जीतना होगा।

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले प्रबल दावेदार माने जा रहे भारत को पहले ही मैच में फ्रांस ने 5-4 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इससे भारत के अभियान को करारा झटका लगा और पूल में शीर्ष रहने की उसकी उम्मीदों पर भी पानी फिर गया। एक जीत और एक हार के बाद भारत पूल बी में दूसरे स्थान पर है जबकि फ्रांस दोनों मैच जीतकर शीर्ष पर है।

पोलैंड तीसरे स्थान पर है। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना यूरोपीय दिग्गज और शीर्ष वरीयता प्राप्त बेल्जियम से हो सकता है जो पूल ए में शीर्ष रह सकती है। ऐसे में भारत को आत्ममुग्धता से बचकर खेलना होगा। फ्रांस के खिलाफ भारतीय टीम बिल्कुल लय में नहीं दिखी। दूसरे मैच में कनाडा के सामने हालांकि उसने चिर परिचित लय का प्रदर्शन किया। अब यहां से भारत को हर मैच जीतना होगा। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि फ्रांस से मिली हार को लेकर अब कुछ नहीं किया जा सकता। यहां से हमें हर मैच जीतना होगा, तभी खिताब बरकरार रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभी पूरा फोकस पोलैंड के खिलाफ मैच पर है। उसे जीतकर ही आगे के बारे में सोच सकते हैं। टीम के लिए यह सबक रहा है। हर मैच कुछ सिखाता है। यही मैं सीनियर खिलाड़ियों से भी कहता हूं। दोनों मैचों में भारत ने गोल करने के मौके बनाए लेकिन उन्हें पूरी तरह भुनाने में नाकाम रहा।

उपकप्तान और स्टार ड्रैग फ्लिकर संजय ने लगातार दो मैचों में हैट्रिक लगाई जबकि उत्तम सिंह ने फॉरवर्ड पंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया। अराइजीत सिंह हुंडल ने भी कनाडा के खिलाफ हैट्रिक लगाई। संजय, हुंडल और शारदानंद तिवारी के रूप में भारत के पास तीन अलग अलग शैली के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हैं।

### भारत की दो मिश्रित युगल जोड़ियां विश्व टेबल टेनिस के अंतिम 16 में

**ह्यूस्टन।** मनिका बत्रा और जी साथियान तथा अचंता शरत कमल और अर्चना कामथ की भारत की मिश्रित युगल जोड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के प्रीक्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मनिका और साथियान ने प्यूर्टोरिको के एड्रियाना डियाज और ब्रायन एफानाडोर को 3-1 से जबकि शरत और अर्चना ने मिस्र के उमर असार और दीना मेशरेफ को 3-2 से पराजित किया। साथियान हालांकि पुरुष एकल में विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी अरुणा कादरी से सात गेम में हार गए। महिला युगल में मनिका और अर्चना ने बेल्जियम की मार्गो डेग्रेफ और नथाली मार्खेती को 3-0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। पुरुष युगल में शरत और साथियान अपने शुरुआती दौर के मैच में स्वीडन के एंटोन कलबर्ग और ट्रुल्स मोरगार्ड से हार गए।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में भारत की कप्तानी करेंगे मनप्रीत

भाषा। भुवनेश्वर

**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह ढाका में अगले महीने होने वाली हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की 20 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश टीम में नहीं हैं। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 14 से 22 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। टोक्यो ओलंपिक के बाद यह भारत का पहला टूर्नामेंट है और टीम में कई नए चेहरों को जगह दी गई है।

गत चैम्पियन भारत का सामना पहले दिन कोरिया से होगा। टूर्नामेंट में जापान, मलेशिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश भी खेलेंगे। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि हमने भविष्य को ध्यान में रखकर टीम चुनी है। खिलाड़ियों को मौके देने जरूरी है तभी मजबूत टीम तैयार होगी। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं।

भारत को 14 दिसंबर को कोरिया से, 15 को बांग्लादेश से, 17 को पाकिस्तान, 18 को मलेशिया और 19 दिसंबर को जापान से खेलना है।

**टीम**

**गोलकीपरः** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा। **डिफेंडरः** हरमनप्रीत सिंह, गुरिंदर सिंह, जरमनप्रीत सिंह, नीलम संजीप सेस, दिप्सन टिर्की, वरुण कुमार और मनदीप मोर। **मिडफील्डरः** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और आकाशदीप सिंह **फॉरवर्डः** ललित उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा

# पीवी सिंधू सेमीफाइनल में पहुंची

**इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन**

**चिराग-सात्विक की जोड़ी युगल के अंतिम चार में**

भाषा। बाली

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए दक्षिण कोरिया की सिम युजिन को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने मलेशिया के गोह जे फेई और नूर इजुद्दीन को सीधे गेम में 21-19 21-19 से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि एकल क्वार्टरफाइनल में बी साई प्रणीत को ओलंपिक चैम्पियन और पूर्व नंबर एक डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन से 12-21, 8-21 से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा।



विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज प्रणीत ने गुरुवार को दूसरे दौर में फ्रांस के 70वीं रैंकिंग वाले क्रिस्टो पोपोव को 21-17, 14-21, 21-19 से हराया था। मौजूदा विश्व चैम्पियन तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने युजिन को क्वार्टरफाइनल में एक घंटे और छह मिनट में 14-21, 21-19, 21-14 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की इंतानोन रेचानोक से होगा जिन्होंने 850,000 डॉलर की ईनामी राशि के टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल में जापान की असुका तकाहाशी को 21-17, 21-12 से हराया। सिंधू के लिए युजिन के खिलाफ मैच आसान नहीं था। इसने एक समय 7-1 की बढ़त बना ली लेकिन जापानी खिलाड़ी ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की और फिर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बना ली।

### टी-20 क्रिकेट का रोमांच खत्म कर रहे हैं मौजूदा सलामी बल्लेबाजः गेल

**अबुधाबी।** वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने आधुनिक युग के सलामी बल्लेबाजों की आलोचना की कि वे टी-20 क्रिकेट में पॉवरप्ले में सतर्कता भरा रवैया अपनाकर इस प्रारूप के रोमांच को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टी-10 विस्फोटक बल्लेबाजी में नए मानक स्थापित कर रहा है।

गेल ने बयान में कहा कि मुझे लगता है कि टी-10 क्रिकेट की तरह ही टी-20 क्रिकेट शुरू हुआ था। पहले ओवर से ही बल्लेबाज ताबड़तोड़ बल्लेबाजी शुरू कर देते थे लेकिन टी-20 क्रिकेट अचानक से धीमा हो गया और अब टी-10 क्रिकेट ने थोड़े मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वे टी-20 क्रिकेट में मनोरंजन को खत्म कर रहे हैं क्योंकि पहले छह ओवरों में हम बतौर सलामी बल्लेबाज काफी रन जुटा सकते हैं लेकिन खिलाड़ी अपना समय ले रहे हैं।

# आनन्देश्वर पाण्डेय बने एएचएफ के आर्गनाइजेशन व कंपटीशन के सदस्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दक्षिण** एशियाई हैण्डबॉल संघ के महासचिव व हैण्डबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकारिणी सदस्य डा. आनन्देश्वर पाण्डेय को एशियन हैण्डबॉल फेडरेशन (एएचएफ) के आर्गनाइजेशन व कंपटीशन कमीशन का सदस्य चुना गया है।

उत्तर प्रदेश हैण्डबॉल एसोसिएशन के भी महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय की नियुक्ति एशियन हैण्डबॉल फेडरेशन के महासचिव मो. शफीक व कार्यकारी निदेशक डा. अहमद अबू अल-लैल ने 25 नवंबर को जारी एक पत्र के माध्यम से की।

डा. पाण्डेय अगले चार साल के लिए सदस्य बनाए गए हैं। डा. पाण्डेय ने कहा कि इस दायित्व से एशिया में हैण्डबॉल खेल को और बढ़ावा देने का काम करेंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बेहतर माहौल का सृजन करेंगी। इस नियुक्ति पर हैण्डबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ए. जगनमोहन राव व महासचिव डा. तेजराज सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिली इस नई जिम्मेदारी के लिए डा. पाण्डेय को शुभकामनाएं दीं।

दोनों ने विश्वास जताया कि उनके अनुभव से एशिया में हैण्डबॉल खेल को नए आयाम देने में मदद के साथ भारत में भी हैण्डबॉल खेल के लिए बेहतर माहौल बनाने का अवसर भी मिलेगा।



### लखनऊ की तनु व अनुष्का राष्ट्रीय साइकिलिंग में दम दिखाने को तैयार

**लखनऊ।** कुरुक्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए घोषित उत्तर प्रदेश की टीम में लखनऊ के चार खिलाड़ियों, बालिका सब जूनियर में तनु भारती, जूनियर में अनुष्का शर्मा व सीनियर वर्ग में कुसुम राठौर के साथ बालक जूनियर वर्ग में संतोष सिंह का चयन हुआ है।

इस प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की टीम कुरुक्षेत्र पहुंच चुकी है। चयनित खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन डीके सचान व उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव आरके गुप्ता ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### लिटन और मुशफिकुर ने बांग्लादेश को शुरुआती झटकों से उबारा

भाषा। चटगांव

**विकेटकीपर** बल्लेबाज लिटन दास के करियर के पहले शतक और अनुभवी मुशफिकुर रहीम के साथ उनकी 204 रन की अटूट साझेदारी से बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां शुरुआती झटकों से उबरकर चार विकेट पर 253 रन बनाए। बांग्लादेश ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले 58 मिनट में 49 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद लिटन (नाबाद 113) और मुशफिकुर (नाबाद 82) ने संभलकर बल्लेबाजी की और दिन के अगले लगभग 69 ओवर तक टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। अपना 26वां टेस्ट मैच खेल रहे लिटन ने अपना पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अब अपनी पारी में 225 गेंदों का सामना करके 11 चौके और एक छक्का लगाया है।

# शरणार्थी संकट को लेकर ब्रिटेन का प्रस्ताव फ्रांस को नामंजूर

## ● दोनों देशों के बीच बयानबाजी तेज

**एपी**। कलाइस (फ्रांस)

**फ्रांस** ने ब्रिटेन के उस प्रस्ताव पर शुक्रवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें दोनों देशों की समुद्री सीमा पर शरणार्थी संकट से निपटने को लेकर अनुशंसाएं की गई हैं। शरणार्थियों द्वारा इंग्लिश चैनल को पार करने को लेकर दोनों देशों के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने एक नौका डूबने से 27 लोगों की मौत होने के बाद बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति एमेनुअल मैक्रों को लिखे एक सार्वजनिक पत्र में इस संकट से निपटने के लिए सिलसिलेवार तरीके से अनुशंसाएं कीं। हालांकि सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हुए इस पत्र को फ्रांस सरकार के प्रवक्ता गैब्रियल एटल ने अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, इस समस्या पर चर्चा के लिए रविवार को होने वाली एक यूरोपीय बैठक में ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल को नहीं बुलाया गया है। एटल ने कहा कि हम इन द्विअर्थी बातों से तंग आ चुके हैं।

जॉनसन ने प्रस्ताव में फ्रांस से कहा है कि वह अवैध रूप से सीमा पार कर ब्रिटेन आए सभी शरणार्थियों को अपने पास वापस बुलाए। एटल ने इस विचार को यह कहकर खारिज कर दिया कि हम जिस तरह से इस समस्या को हल करना चाहते हैं, उसमें इस विचार का कोई महत्व नहीं है। उन्होंने कहा कि इस पत्र में उन मुददों का कोई जिक्र नहीं है, जिन पर बुधवार को जॉनसन तथा मैंक्रों ने चर्चा की थी।

जॉनसन ने अगले सप्ताह से उत्तरी फ्रांस के समुद्र तटों पर ब्रिटिश सीमा अधिकारियों द्वारा गश्त शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा, जिसका फ्रांस लंबे समय से विरोध करता आ रहा है।

उन्होंने एक-दूसरे के जल क्षेत्र में संयुक्त या पारस्परिक समुद्री गश्त और मानवयुक्त उड़ानों तथा ड्रोन द्वारा हवाई निगरानी की भी सिफारिश की। ब्रिटिश परिवहन मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि जॉनसन ने अच्छी नीयत से प्रस्ताव रखा है। उन्होंने फ्रांस से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने बीबीसी रेडियो से कहा कि प्रस्ताव अच्छी नीयत से रखा गया है। मैं अपने फ्रांसीसी मित्रों को इसके प्रति आश्वस्त कर सकता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे इस पर पुनर्विचार करेंगे।

## ब्रिटेन के साथ विवाद में फ्रांसीसी मछुआरों ने बंदरगाहों को अवरुद्ध किया

कैले (**फ्रांस**)। यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने (ब्रेक्जिट) के बाद मछली पकड़ने के लाइसेंसों को लेकर विवाद में, फ्रांस के मछुआरों ने शुक्रवार को ब्रिटेन तक सामान की आवाजाही को रोकने के मकसद से फ्रांसीसी बंदरगाहों और इंग्लिश चैनल के तहत होने वाले यातायात को अवरुद्ध कर दिया। यह पड़ोसी देशों के बीच तनाव का नया कारण बन गया है। दोनों देश दुनिया के सबसे व्यस्त नौवहन मार्ग पर बुधवार तड़के कैले तट के पास एक नौका डूबने को लेकर भी एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस हादसे में कम से कम 27 प्रवासियों की मौत हो गई थी और दोनों देशों का आरोप है कि हादसे को रोकने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए। फ्रांसीसी मछुआरे ब्रिटिश सरकार पर ब्रिटेन के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए अधिक लाइसेंस नहीं देने से नाराज हैं। वे उनके बचाव के लिए ठोस कदम नहीं उठाने को लेकर अपनी सरकार से भी नाराज हैं। मछली पकड़ने का उद्योग आर्थिक रूप से छोटा है लेकिन ब्रिटेन और फ्रांस दोनों के लिए प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। मछुआरों की एक स्थानीय समिति के अध्यक्ष ओलिवियर लेप्रेते ने संवाददाताओं से कहा कि शुक्रवार की नाकाबंदी एक चेतावनी है।

## चीन, उत्तर कोरिया की सैन्य गतिविधियों से चिंतित जापान ने रक्षा बजट बढ़ाया

**टोक्यो**। जापान की कैबिनेट ने चीन, रूस और उत्तर कोरिया द्वारा सैन्य गतिविधियां बढ़ाए जाने को लेकर बढ़ती चिंता के बीच रक्षा बजट को 6.8 अरब डॉलर बढ़ाने के एक अनुरोध को शुक्रवार को स्वीकृति दे दी। मिसाइलों, पनडुब्बी रोधी रॉकेटों और अन्य हथियारों की खरीद तेज गति से करने के लिए मार्च तक अतिरिक्त रक्षा बजट मांगा गया था। संसदीय अनुमोदन के लिए अब भी लंबित यह अनुरोध, वर्तमान वर्ष के लिए जापान के सैन्य खर्च को 53.2 बिलियन डॉलर से अधिक के नए उच्च स्तर पर ले जाएगा, जो 2020 में 5.31 ट्रिलियन एन से 15 प्रतिशत अधिक है।



रोम में शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और इटली के प्रधान मंत्री मारियो ड्रैगी के बीच हुई बैठक के दौरान इतालवी एक्रोबैटिक टीम फ्रेक्स ट्राइकोलोरी और फ्रैंच एक्रोबैटिक पैट्रोल फ्लाई ने क्विरिनेल प्रेसिडेंशियल पैलेस के ऊपर उड़ान भरी।

## सोलोमन ने अशांति के लिए विदेशी हस्तक्षेप को ठहराया जिम्मेदार

**एपी**। कैनबरा

**सोलोमन** द्वीप के प्रधानमंत्री मनासेह सोगावरे ने ताइवान से संबंध खत्म कर चीन से नाता जोड़ने के उनके सरकार के फैसले को लेकर हाल के दिनों में राजधानी होनियारा में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों, आगजनी और लूटपाट के लिए विदेशी हस्तक्षेप को शुक्रवार को जिम्मेदार ठहराया। सोलोमन द्वीप एक संप्रभु देश है जिसमें छह प्रमुख द्वीप और ओशिनिया के 900 से अधिक छोटे द्वीप आते हैं। सोगावरे ने 2019 में कई लोगों, खासतौर से सोलोमन द्वीप के सबसे घनी आबादी वाले प्रांत मलाइता के नेताओं को उस समय नाराज कर दिया था जब उन्होंने ताइवान के साथ देश के राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। देश के रक्षा मंत्री पीटर डटन ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई पुलिस और राजनयिकों को लेकर आने वाला एक विमान बृहस्पतिवार को होनियारा में पहुंचा, जहां वे दूसरे दिन सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद शांति व्यवस्था कायम करने के प्रयासों में स्थानीय पुलिस की मदद करेंगे। सोगारवे ने कहा कि वह चीन से राजनयिक संबंध स्थापित करने के अपने सरकार के फैसले पर अडिग हैं और उन्होंने इसे हिंसा का एकमात्र मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि मैं किसी के भी आगे झुकने वाला नहीं हूं। हम अपनी बात पर कायम है, सरकार भी अपनी बात पर काम है और हम लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। सोगारवे के आलोचकों ने अशांति के लिए सरकारी सेवाओं की कमी और भ्रष्टाचार की शिकायतों को भी जिम्मेदार बताया। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री मारिस पायने ने इस पर बात पर सहमति नहीं जताई कि अशांति के लिए दूसरे देश जिम्मेदार हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने शांति व्यवस्था बहाल करने और अहम प्रतिष्ठानों की रक्षा करने में स्थानीय पुलिस की मदद के वास्ते सैनिकों, पुलिस और राजनयिकों को भेजने की बृहस्पतिवार को प्रतिबद्धता जताई। कुछ पर्यवेक्षकों की दलील है कि शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर चीन के सुरक्षा बलों को आने से रोकने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने तत्काल हस्तक्षेप किया है, लेकिन मॉरिसन ने कहा कि सोगारवे ने मदद के लिए कहा है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया पर भरोसा करते हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने नए स्वस्प पर विशेष बैठक की

**जिनेवा**। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सलाहकार शुक्रवार को एक विशेष सत्र आयोजित कर रहे हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका में सामने आए कोरोना वायरस के एक चिंताजनक नए स्वरूप के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा। हालांकि, एक शीर्ष विशेषज्ञ का कहना है कि इसका कोविड-19 टीकों पर पड़ने वाले प्रभाव का कई सप्ताह तक पता नहीं चल सकेगा। कोविड-19 के विकास पर तकनीकी सलाहकार समूह तथाकथित बी-1.1.529 संस्करण पर चर्चा करने के लिए आभासी बैठक कर रहा है, जिसने शेयर बाजारों को झकझोर कर रख दिया है और यूरोपीय संघ को दक्षिणी अफ्रीका के लिए उड़ानों पर रोक की सिफारिश करने के लिए प्रेरित किया है। समूह यह तय कर सकता है कि क्या यह डेल्टा वेरिएंट की तरह हीै सर्वाधिक चिंतापूर्ण स्वरूपै है और इसे वर्गीकृत करने के लिए ग्रीक अक्षर का उपयोग करना है या नहीं। कोविड-19 पर तकनीकी समूह का नेतृत्व करने वाली मारिया वान केरखोव ने सोशल मीडिया चाट में बृहस्पतिवार को कहा,ै हम अभी तक इसके बारे में बहुत कुछ नहीं जानते हैं। हम इतना ही जानते हैं कि कोरोना के इस वेरिएंट में बड़ी संख्या में उत्परिवर्तन हैं, जो एक चिंता का विषय है, क्योंकि जब इतने सारे उत्परिवर्तन होते हैं तो यह वायरस के व्यवहार पर प्रभाव पड़ सकता है। वान केरखोव ने कहा कि हमें यह समझने में कुछ सप्ताह समय लगेगा कि किसी भी महत्वपूर्ण टीके पर इस स्वरूप का क्या असर होगा।

## एडम्स दूसरी बार कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए

**लॉस एंजिलिस**। कनाडा के संगीतकार ब्रायन एडम्स एक बार फिर कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। वह 2022 पिरेली कैलेंडर का अनावरण करने के लिए इटली के मिलान पहुंचने के तुरंत बाद संक्रमित पाए गए। उन्होंने इतालवी टायर निर्माण कंपनी की ब्रिटेन की सहायक कंपनी द्वारा प्रकाशित इस कैलेंडर के लिए तस्वीर खिंचवाई है। यह दूसरी बार है जब 62 वर्षीय गायक कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। एडम्स ने बृहस्पतिवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि यहां मैं अभी मिलानो में पहुंचा हूं और मैं एक महीने में दूसरी बार कोविड-19 से संक्रमित पाया गया हूं तो अब मेरे लिए अस्पताल जाने का वक्त आ गया है। आपके सहयोग के लिए शुक्रि या। गायक ने मिलान मालपेंसा हवाई अड्डे पर और एक एम्बुलेंस में बैठे हुए अपनी तस्वीरें भी साझा कीं। एडम्स 30 अक्टूबर को भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए थे।

## अपनी तस्वीरें हटाने पर इंस्टाग्राम पर भड़कीं मडोना

**लॉस एंजिलिस**। पॉप स्टार मडोना का कहना है कि चार दशकों तक सेंसरशिप, लिंगभेद, उम्र संबंधी भेदभाव और स्त्रियों के साथ भेदभाव बर्दाश्त करने के बावजूद उन्होंने अपना मानसिक संतुलन बनाए रखा है। मडोना बिना किसी चेतावनी के इंस्टाग्राम द्वारा उनके आधिकारिक पेज से तस्वीरें हटाए जाने से नाराज थीं।

सोशल मीडिया मंच की निर्वस्त्र नीति के कथित उल्लंघन को लेकर जो 10 तस्वीरें इंस्टाग्राम ने हटा दी थीं, उन्हें फिर से पोस्ट करते हुए 63 वर्षीय गायिका ने कहा कि उनके लिए यह बहुत आश्चर्य की बात है कि जो संस्कृति महिलाओं के शरीर को माल के रूप में पेश करती है उसे बस थोड़े से एक्सपोज से दिक्कत हो रही है।

# लेबनान में प्रदर्शनकारी मंत्रालय में घुसे

**एपी**। बेरूत

**लेबनान** में बिगड़ती अर्थव्यवस्था और राजनीतिक गतिरोध के बीच देश की मुद्रा लेबनानी पाउंड नए निचले स्तर पर पहुंच गई है। इस बीच, प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह ने शुक्रवार तड़के बेरूत में एक मंत्रालय की इमारत में घुसकर तोड़फोड़ की और इसके एक मुख्य कमरे से राष्ट्रपति की तस्वीर हटा दी।

सामाजिक मामलों के मंत्रालय में प्रवेश करने वाले लगभग एक दर्जन प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पाउंड में लगातार गिरावट के कारण संकटग्रस्त देश में अर्थव्यवस्था की स्थिति और बिगड़ गई है, जो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर 25,100 पाउंड तक पहुंच गया है। पिछला रिकॉर्ड 25,000 पाउंड का था। देश में हाल के हफ्तों में कीमतों में भारी वृद्धि हुई है क्योंकि सरकार ने ईंधन और कुछ दवाओं पर सब्सिडी हटा ली है, जिससे ए चीजें लेबनान में अनेक लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं।

लेबनान में एक लाख सीरियाई शरणार्थियों सहित साठ लाख की आबादी में से लगभग तीन चौथाई लोग अब गरीबी में जी रहे हैं। देश में न्यूनतम मासिक वेतन अब लगभग 27 डॉलर है। प्रदर्शनकारी मंत्रालय के बैठक कक्ष में घुस गए और राष्ट्रपति मिशेल औन की एक तस्वीर को हटाने से पहले उसे उल्टा कर दिया। उन्होंने राष्ट्रपति की तस्वीर की जगह अरबी में लिखा एक बैनर लगा दिया, जिस पर लिखा था, 17 अक्टूबर के क्रांतिकारी। प्रदर्शनकारी देश के शासक वर्ग के खिलाफ 17 अक्टूबर, 2019 को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू होने का जिक्र कर रहे थे। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद इमारत से बाहर निकलने से पहले एक प्रदर्शनकारी ने चिल्लाते हुए कहा, जिन लोगों ने जनता का पैसा हड़प लिया, वे सुधार नहीं कर सकते। कोरोना वायरस तथा चार अगस्त, 2020 के बंदरगाह विस्फोट ने संकट को और भी गहरा बना दिया है। इस विस्फोट में 216 लोग मारे गए थे और 6,000 से अधिक लोग घायल हुए थे ।

## सूडान में नए समझौते ने देश को गृहयुद्ध से बचाया

**काहिरा**। सूडान में एक सैन्य तख्तापलट के बाद प्रधानमंत्री को बहाल करने के लिए सूडान में हुआ समझौता अपूर्ण है, लेकिन देश गृह युद्ध के चंगुल में फंसने से बच गया है। सूडान के लिए संयुक्त राष्ट्र के दूत ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दूत वोल्कर पर्थ सूडान के सैन्य नेताओं और प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक के बीच समझौते की बात कर रहे थे, जिन्हें पिछले महीने तख्तापलट के बाद अपदस्थ कर दिया गया था और उन्हें नजरबंद कर दिया गया था, जिसे लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हंगामा मच गया था। सूडान के अपदस्थ प्रधानमंत्री ने रविवार को सेना के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें उन्हें पद पर बहाल करने की बात कही गई थी। लगभग एक महीने पहले सैन्य तख्तापलट के बाद उन्हें नजरबंद कर दिया गया था। हालांकि, देश के लोकतंत्र समर्थक समूहों ने इसे नाजायज बताते हुए खारिज कर दिया था। पर्थ ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, बेशक समझौता सही नहीं है, लेकिन यह एक समझौता न करने और उस रास्ते पर बने रहने से बेहतर है, जहां अंत में सेना ही एकमात्र शासक होगी। उन्होंने कहा, ऐसे परिदृश्य को बाहर करना संभव नहीं होगा, जो सूडान को यमन, लीबिया या सीरिया में हमने जो कुछ देखा है, उसके करीब लाया होगा। उन्होंने कहा कि अब हमारे पास एक ऐसी स्थिति है, जहां हमारे पास संवैधानिक व्यवस्था की बहाली की दिशा में कम से कम एक महत्वपूर्ण कदम है। सैन्य कब्जे के बाद से सूडान की जनता सड़कों पर उतर आई थी। कार्यकर्ता समूहों के अनुसार, सूडानी सुरक्षा बलों ने रैलियों पर नकेल कसी है और अब तक 40 से अधिक प्रदर्शनकारी मारे गए हैं।पाकिस्तान न्यायालय रक्षा भूमि

## सेना की भूमि का व्यावसायिक काम में क्यों हो रहा इस्तेमाल

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को रक्षा सचिव से सवाल किया कि रणनीतिक और रक्षा भूमि का उपयोग शादी की पार्टियों और सिनेमाघरों जैसी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए क्यों किया जा रहा है। न्यायालय ने यह पूछताछ तब की जब पता लगा कि शक्तिशाली सेना ने व्यावसायिक गतिविधियों के लिए रक्षा भूमि का उपयोग किया था। पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश गुलजार अहमद की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ सैन्य भूमि का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किए जाने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। डॉन समाचार पत्र की एक खबर के अनुसार प्रधान न्यायाधीश ने सैन्य भूमि के व्यावसायिक उपयोग को लेकर रक्षा सचिव सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद हिलाल हुसैन से पूछताछ की।

## फाइजर के कोविड रोधी टीके की दूसरी खुराक के 90 दिन बाद बढ़ने लगता है संक्रमण का खतरा: अध्ययन

**भाषा**। यरुशलम

**फाइज़र-बायोएनटेक** के कोविड-19 रोधी टीके की दूसरी खुराक लेने के 90 दिन बाद से संक्रमण का खतरा धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है। इज़राइल के रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ ल्यूमिट हेल्थ सर्विसेज द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया है कि टीके से मिलने वाली प्रतिरक्षा समय के साथ कम होती जाती है। साथ ही, इसमें तीसरी खुराक (बूस्टर डोज) की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। इज़राइल में दिसंबर 2020 में कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान व्यापक स्तर पर शुरू कर दिया गया था, लेकिन यहां जून 2021 से संक्रमण के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। शोधकर्ताओं ने, औसतन 44 वर्ष की आयु वाले 80,057 वयस्कों के लिए इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड की समीक्षा की, जिन्होंने अपनी दूसरी खुराक लेने के कम से कम तीन सप्ताह बाद पीसीआर जांच कराई और उनके पूर्व में कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कोई सबूत नहीं थे। इन 80,057 प्रतिभागियों में से 7,973 (9.6 प्रतिशत) लोग संक्रमित पाए गए। फिर इन लोगों की रिपोर्ट को उसी आयु तथा जातीय समूह की रिपोर्ट से मिलाया गया, जिनकी जांच उसी सप्ताह की गई थी और जो संक्रमित नहीं पाए गए थे। अन्य संभावित प्रभावशाली कारकों पर गौर करने के बाद शोधकर्ताओं ने दूसरी खुराक के बाद समय बीतने के साथ संक्रमण का खतरा बढ़ा पाया। दूसरी खुराक के शुरुआती 90 दिनों की तुलना में, सभी आयु समूहों में संक्रमण का जोखिम 90-119 दिनों के बाद 2.37 गुना अधिक, 120-149 दिनों के बाद 2.66 गुना अधिक, 150-179 दिनों के बाद 2.82 गुना अधिक और और 180 दिनों या उससे अधिक के बाद 2.82 गुना अधिक था।

## तुर्की में पुलिस ने महिला प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दागे आंसू गैस के गोले

**इस्तांबुल**। तुर्की के इस्तांबुल में महिला प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। महिलाओं को हिंसा से बचाने से संबंधित एक ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय संधि में तुर्की की वापसी की मांग को लेकर इस प्रदर्शन का आयोजन किया गया। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के उन्मूलन के लिए 25 नवंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में इस्तांबुल की मुख्य सड़क इस्तिकलाल पर मार्च निकाला गया। इस दौरान महिलाओं ने रंग-बिरंगी तख्तियां हाथ में ले रखी थीं, उन्होंने नारे भी लगाए और यूरोपीय परिषद की इस्तांबुल संधि में देश के बने रहने की मांग की। महिलाओं को मुख्य सड़क से आगे जाने से रोकने के लिए दंगा रोधी पुलिस ने अवरोधक लगाए थे। प्रदर्शन कर रही महिलाओं के अवरोधक पार करते ही पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान एक महिला घायल हो गई।

# ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग वेन से अमेरिकी सांसदों ने की मुलाकात

**एपी**। ताइपे

**ताइवान** के प्रति अमेरिका के चट्टान की तरह मजबूत समर्थन की पुन: पुष्टि करने के इरादे से एक दिवसीय यात्रा पर अचानक यहां पहुंचे पांच अमेरिकी सांसदों ने स्वशासित द्वीप की राष्ट्रपति साई इंग-वेन से शुक्रवार को मुलाकात की।

ताइवान में अमेरिकी दूतावास अमेरिकन इंस्टीट्यूट इन ताइवान (एआईटी) ने बताया कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के द्विदलीय सांसदों का समूह बृहस्पतिवार रात ताइवान पहुंचा और उसकी साई के अलावा कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करने की योजना है। यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी मुहैया नहीं कराई गई है। अमेरिकी सांसद ऐसे समय में यात्रा पर यहां आए हैं, जब ताइवान और चीन के बीच तनाव अत्यधिक बढ़ गया है। गृह युद्ध में 1949 में दोनों पक्षों के अलग होने के बाद से ताइवान में स्वशासन है, लेकिन चीन का कहना है कि यह द्वीप उसके अधिकार क्षेत्र में आता है।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल सांसद और डेमोक्रेटिक नेता एलिसा स्लॉटकिन ने कहा, जब हमारी यात्रा की खबर कल फैली, तो मेरे कार्यालय को चीनी दूतावास से स्पष्ट संदेश मिला, जिसमें मुझे यात्रा रद्द करने को कहा गया। साउथ कैरोलाइना के रिपब्लिकन सांसद नैंसी मेस ने बृहस्पतिवार रात ट्वीट किया, अभी ताइवान गणराज्य की धरती पर पहुंचे हैं। मार्क ताकानो, स्लॉटकिन, कॉलिन आलरेड, सारा जैकब्स और मेस ताइवान आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं।

ताकानो ने कहा कि वे ताइवान में अपने भागीदारों और सहयोगियों को यह याद दिलाने के लिए इस सप्ताह यहां आए हैं कि एक स्वतंत्र और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए हमारी प्रतिबद्धता और साझा जिम्मेदारी पहले से कहीं ज्यादा दृढ़ है। उन्होंने कहा कि ताइवान के साथ अमेरिका के संबंध चट्टान की तरह मजबूत हैं और हमारे संबंधों के और गहरे होने के साथ ही ए स्थिर बने हुए हैं। साई ने ताइपे में राष्ट्रपति के कार्यालय में अमेरिकी सांसदों और एआईटी निदेशक का स्वागत किया। उन्होंने अमेरिका के साथ द्वीप के निकट संबंधों को रेखांकित करते हुए दोनों पक्षों के बीच सहयोग का जिक्र किया। साई ने कहा, ताइवान क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने और स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र के साझा मूल्यों को बरकरार रखने के लिए अमेरिका के साथ सहयोग बढ़ाना जारी रखेगा। इससे कुछ ही सप्ताह पहले छह रिपब्लिकन सांसदों का समूह द्वीप पर आया था। अमेरिकी सांसद इस साल तीसरी बार ताइवान आए हैं। इससे पहले जून में तीन अमेरिकी सांसद कोविड-19 टीके दान करने के लिए ताइवान आए थे।

## अमेरिकी सांसदों ने मार्शल द्वीप समूह के साथ विवाद पर चीन के फायदे उठाने की आशंका जताई

**वेलिंगटन**। दशकों से अमेरिका के सहयोगी रहे मार्शल द्वीप समूह के साथ हाल में पैदा हुए उसके विवाद के बीच अमेरिकी सांसदों ने चिंता जताई है कि चीन इस स्थिति का फायदा उठा सकता है। इस द्वीपसमूह के प्रशांत महासागर के मध्य में स्थित होने के कारण यह अमेरिकी सेना के लिए सामरिक रूप से अहम चौकी बना। लेकिन कॉम्पैक्ट ऑफ फ्री एसोसिएशन समझौते की शर्तों के कारण उसका अमेरिका से विवाद हो गया है। यह समझौता अमेरिका, मार्शल द्वीप समूह, माइक्रोनेशिया और पलाऊगणराज्य के बीच मुक्त सहयोग का संबंध स्थापित करने का एक अंतरराष्ट्रीय समझौता है। अमेरिका मार्शल द्वीप समूह के 1940 और 50 के दशक में किए गए दर्जनों परमाणु परीक्षणों से पहुंचे पर्यावरणीय और स्वास्थ्य नुकसान का हर्जाना देने के दावों को खारिज कर रहा है। इन परमाणु परीक्षणों में बिकिनी एटॉल पर एक बड़ा थर्मोन्यूक्लियर विस्फोट भी शामिल है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से अमेरिका ने मार्शल द्वीप समूह पर ऐसे क्षेत्र में सैन्य, खुफिया, एयरोस्पेस सुविधाएं विकसित की जहां खासतौर से चीन सक्रिय है। इसके बदले में अमेरिका ने मार्शल द्वीप समूह की अर्थव्यवस्था को फायदा पहुंचाया और इस द्वीप समूह के कई लोगों को अमेरिका में रहने तथा काम करने की अनुमति दी गई। इस महीने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के 10 डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन सदस्यों ने राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन को मार्शल, माइक्रोनेशिया और पलाऊके साथ अमेरिका की वार्ता को लेकर पत्र लिखा।

# द. अफ्रीका से आने वाली उड़ानों पर रोक लगाना चाहता है यूरोपीय संघ

**भाषा**। ब्रसेल्स

**यूरोपीय** संघ के देश कोविड-19 के एक नए स्वरूप को फैलने से रोकने के लिए दक्षिणी अफ्रीका से आने वाले हवाई यात्रियों पर रोक लगाने के लिए कदम बढ़ा रहे हैं। कदम ऐसे वक्त में उठाए जा रहे हैं जब 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में संक्रमण के मामले काफी बढ़ रहे हैं।

यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेएन ने एक वक्तव्य में कहा कि वह सदस्य देशों के साथ करीबी समन्वय से दक्षिणी अफ्रीका क्षेत्र से आने वाले हवाई यात्रियों को रोकने के लिए आपातकालीन रोक लगाने का प्रस्ताव देती हैं। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस का एक नया स्वरूप सामने आया है, जिसे वैज्ञानिकों ने चिंता का सबब बताया है। उनका कहना है कि देश की सबसे घनी आबादी वाले प्रांत गावतेंग में युवाओं के बीच यह स्वरूप तेजी से फैला है। जर्मनी ने कहा कि वोन डेर लेएन के प्रस्ताव को जल्द से जल्द शुक्रवार रात तक लागू किया जा सकता है। देश के स्वास्थ्य मंत्री जेन्स स्पान ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका से आ रहे विमान केवल जर्मनी के नागरिकों को ला सकेंगे और यात्रियों को 14 दिन तक पृथक वास करना होगा, भले ही उन्होंने कोविड-19 रोधी टीके की खुराक ली हो या नहीं।

जर्मनी में हाल के दिनों में संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या बढ़ रही है और बृहस्पतिवार को मृतकों की संख्या 1,00,000 के पार चली गई। इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी हर उस व्यक्ति के देश में प्रवेश पर रोक लगाने की घोषणा की है जो पिछले 14 दिनों में सात दक्षिणी अफ्रीकी देशों- दक्षिण अफ्रीका, लेसोतो, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, नामिबिया और एस्वातीनी में रहा है। नीदरलैंड भी ऐसे ही कदम उठाने की योजना बना रहा है। देश के स्वास्थ्य मंत्री हुगो डे जोंगे ने कहा कि इन देशों को उच्च जोखिम वाले इलाके माना गया है। इसका मतलब है कि इन देशों से आने वाले यात्रियों को पृथक वास में रहना पड़ेगा और दोहरी जांच करानी पड़ेगी। इजराइल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मलावी से लौटे एक यात्री में कोरोना वायरस के नए स्वरूप से संक्रमण का मामला सामने आया है। यात्री और दो अन्य संदिग्ध संक्रमितों को पृथकवास में रखा गया है। कोरोना वायरस के मामलों में चौथी बार वृद्धि होने से 27 देशों वाला यूरोपीय संघ बुरी तरह प्रभावित है और सरकार संक्रमण को फैलने से रोकने की कवायद में पाबंदियों को और सख्त बना रही है। उड़ानों पर प्रतिबंध का यह प्रस्ताव तब आया है जब ब्रिटेन ने बृहस्पतिवार को ऐसा ही कदम उठाया।

ब्रिटेन ने घोषणा की कि वह दक्षिण अफ्रीका और पांच अन्य दक्षिणी अफ्रीकी देशों से उड़ानों पर प्रतिबंध लगा रहा है और यह प्रतिबंध शुक्रवार दोपहर से लागू होगा। साथ ही उसने कहा कि हाल में इन देशों से लौटने वाले लोगों को कोरोना वायरस की जांच कराने को कहा जाएगा। ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जावेद ने कहा कि ऐसी चिंताएं हैं कि नया स्वरूप डेल्टा स्वरूप के मुकाबले अधिक संक्रामक हो सकता है और हमारे पास इसके खिलाफ जो टीके अभी उपलब्ध हैं वे कम प्रभावी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी जिस नए स्वरूप बी-1.1.529 की पहचान की गई है वह दक्षिण अफ्रीका से बोत्सवाना और हांगकांग आए यात्रियों में पाया गया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के तकनीकी कामकाजी समूह की शुक्रवार को बैठक होनी है जिसमें वह नए स्वरूप का आकलन करेंगे और यह फैसला कर सकते हैं कि क्या इसे ग्रीक वर्णमाला से एक नाम दिया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले पिछले हफ्ते में यूरोप में 11 प्रतिशत तक बढ़ गए और यह दुनिया में इकलौता क्षेत्र है जहां कोविड-19 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ के यूरोप के निदेशक डॉ. हंस क्लुगे ने आगाह किया कि तत्काल उपायों के बिना इस महाद्वीप में गर्मियों तक 7,00,000 और लोगों की मौत हो सकती है। ऐसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए यूरोपीय संघ ने आपातकालीन रोक तंत्र स्थापित किया है। जब किसी तीसरे देश या क्षेत्र में महामारी की स्थिति तेजी से बिगड़ती है तो सदस्य देश यूरोपीय संघ में सभी यात्रा पर तत्काल, अस्थाई पाबंदी लगा सकते हैं। ऐसी पाबंदियों की कम से कम हर दो सप्ताह में समीक्षा की जानी होती है।

## कोविड-19: बढ़ते मामलों से निपटने के लिए फ्रांस वयस्कों को टीके की बूस्टर डोज देगा

**पेरिस**। फ्रांस ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले चिंताजनक रूप से बढ़ने के बीच देश में फिर से लॉकडाउन लगाने के बजाय सभी वयस्कों को कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर डोज (अतिरिक्त खुराक) देने का फैसला किया है। फ्रांस में पिछले कुछ सप्ताह में कोविड-19 के मामले बढ़े हैं और दैनिक मामलों की संख्या 30,000 से पार चली गई है। देश में संक्रमितों के अस्पतालों में भर्ती होने और संक्रमण से मौत के मामले भी बढ़ रहे हैं। फ्रांस के स्वास्थ्य मंत्री ओलिवियर वेरन ने संवाददाता सम्मेलन में इस योजना की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कोविड-19 रोधी टीके की दूसरी और तीसरी खुराक के बीच के अंतराल को छह से पांच महीने तक कम करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रव्यापी बूस्टर अभियान शुरू करने के लिए फ्रांस के पास पहले से ही पर्याप्त टीके उपलब्ध हैं। वेरन ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने और कोविड-19 के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि अगर किसी ने बूस्टर डोज नहीं ली, तो उसका कोविड-19 पास अमान्य माना जाएगा। यह पास कई बंद स्थानों पर जाने के लिए अनिवार्य है।

**पूर्वी रोहित पुगलिया** महिलाओं के लिए उत्तम औपचारिक पोशाक तैयार करने में मदद करती हैं, एक उत्तम दर्जे के आफिस-लुक के साथ :

# महिलाओं की औपचारिक पोशाक



भारत, अपने सभी विविध सांस्कृतिक और कार्य-उपयुक्त परिधानों के साथ, उत्तम दर्जे के जातीय संगठनों से लेकर ठाठ पश्चिमी औपचारिकताओं तक, महिलाओं के लिए औपचारिक परिधान के लिए अनगिनत विकल्प प्रस्तुत करता है। कार्यस्थल पर सुस्वादु लेकिन ट्रेंडी ड्रेसिंग ओम्फ में जोड़ती है और आपको आत्मविश्वास से पुरस्कृत करती है।

कार्यालय के लिए सही प्रकार की पोशाक चुनना एक दुविधा है जिससे आप मुश्किल से बच सकते हैं। और घंटों अपनी कोठरी को घूरते रहना कई लोगों के लिए एक आम रस्म है। हालांकि, आम धारणा के विपरीत, आपको काम पर अपना सर्वश्रेष्ठ कपड़े पहनने में सक्षम होने के लिए एक अलग अलमारी की आवश्यकता नहीं है। आपको बस इतना करना है कि एक पहनावा में फेंकने में सक्षम हो जो कि सार्टोरियल लालित्य में रस्सियों को सहजता से रखता है।

ये छह चरण आपको बोर्डरूम में एक स्थायी छाप बनाने में मदद करेंगे।

### अपना औपचारिक पोशाक चुनें

भारतीय फैशन फॉर्मल वियर में अपने कई पसंद विकल्पों के लिए प्रसिद्ध है। आप या तो भारतीय फॉर्मल जैसे साड़ी या सलवार सूट और लेगिंग के साथ कुर्तियां चुन सकते हैं या वेस्टर्न फॉर्मल का विकल्प चुन सकते हैं जिसमें ड्रेस, शर्ट और ट्राउजर या ब्लाउज और स्कर्ट शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की एक अनूठी अपील है और आप उनके बीच वैकल्पिक कर सकते हैं जैसा आप फिट देखते हैं।

### फिट हो जाओ

औपचारिक पोशाक चुनना केवल इतना ही जाता है। सही फिट पाने के लिए बड़ा सौदा है। बदले हुए कपड़े एक स्टाइलिंग विजार्ड हैं जिन्हें आप नहीं जानते थे कि आपको उनकी जरूरत है। लोगों को छोटी फिटिंग के विवरणों पर ध्यान दिए बिना रैक से कपड़े उठाने और काम पर पहनने की आदत है। हर किसी का आकार अनोखा होता है और आपके कपड़े ऐसे दिखने चाहिए जैसे वे आपके लिए बने हों। अपने शरीर के प्रकार के अनुरूप टॉप्स या कुर्तियां बदलवाएं और बॉटम्स को आपको एक साफ और ट्रिम लुक देने के लिए सिलवाया जाए।



### अपने रंग चुनें

अपने कार्यक्षेत्र के अनुरूप सही रंग चुनना आपके पेशेवर व्यक्तित्व को एक पायदान ऊपर ले जाएगा। पेस्टल और पाउडर टिंट, ब्लैक और बेज और ब्लूज़ और ब्राउन जैसे आंखों पर आराम करने वाले रंगों के लिए जाएं। कुछ ठोस और बोल्ड रंग एक शानदार फैशन स्टेटमेंट भी बना सकते हैं, अगर आप उन्हें आसानी से कैरी कर सकते हैं।

### अपने जूतों का मिलान करें

कोई भी औपचारिक पोशाक इसके साथ जाने के लिए सही जोड़ी के जूते के बिना पूरी नहीं होती है। हालांकि, एक आम पहेली यह चुनना है कि पोशाक के साथ सबसे अच्छा क्या है। स्टिलेटोस या नुकीली एड़ी एक कॉर्पोरेट पसंदीदा है और पतली पतलून और ब्लाउज के साथ जोड़े जाने पर उत्तम दर्जे की दिखती है। जबकि यदि आप एक भारतीय औपचारिक पोशाक पहन रहे हैं, तो मंच ऊँची एड़ी के जूते या संगठन के साथ स्ट्रैपी सैंडल एक अच्छा काम है।

### इसे एक्सेसरीज के साथ बढ़ाएं

सही प्रकार की एक्सेसरीज़ आपके वर्कवियर में एक अतिरिक्त बढ़त जोड़ सकती हैं। यह आदर्श व्यक्तित्व-वर्धक है। हालांकि, गहनों के साथ एक अनकहा नियम यह है कि थोड़ा बहुत लंबा रास्ता तय करता है। क्लासिक स्टड और सॉलिटेयर के लिए जाएं, जबकि नेक-पीस भी अधिमानत: सुंदर होने चाहिए। एक आधुनिक घड़ी और एक ब्रेसलेट बांधें और आप कॉर्पोरेट ग्लैम लुक पर राज करने के लिए तैयार हैं।

### बैग के साथ तारीफ

पावर-ड्रेसिंग का एक बड़ा हिस्सा आपके द्वारा ले जाने वाले बैग से संबंधित है। जब स्टाइल स्टेटमेंट बनाने की बात आती है तो वे अपने लिए बोलते हैं। एक बैग जो महिलाओं के लिए ऑफिस-वियर की तारीफ करता है, वह परिष्कृत और फाइलों या नोटपैड के लिए पर्याप्त होना चाहिए। एक टोट बैग आदर्श है क्योंकि यह एक गंभीर स्वर सेट करता है, उसके बाद एक सैचेल या एक संरचित बॉक्सी बैग होता है। अगर आप क्लासीनेस को बढ़ाना चाहते हैं तो ब्रीफ-केस बैग भी आपकी मदद कर सकते हैं।

**( लेखिका वेस्टर्न वर्कवियर ब्रांड नॉट सो पिंक की सह-संस्थापक हैं।)**

# आतंकवाद को परस्पर संबंधों की हमारी कहानी को जाया करने देने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए : अमिताभ बच्चन




**मुंबई।** बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने तीन दिनों तक खिंची स्याह रात को याद करते हुए शुक्रवार को कहा कि 26/11 आतंकवादी हमला लंबे समय तक जहन में रहने वाला और उपमहाद्वीप को अब भी निराश करने वाला अशांत इतिहास बन गया है। बच्चन ने मुंबई में 60 घंटे तक चले आतंकवादी हमले की 13वीं बरसी पर इंडियन एक्सप्रेस अखबार में लिखा कि आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को हमारी कहानियों के परस्पर संबद्ध और हमारी बहुसंख्यक एकता को बर्बाद करने की ताकत नहीं मिलनी चाहिए। मुंबई में हुए इस हमले में 166 लोग मारे गए थे जब पाकिस्तान से 10 आतंकवादी समुद्री मार्ग से शहर में घुस आए थे। भारत की सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बच्चन ने कहा कि भारत ने हमले के बाद उल्लेखनीय संयम और धैर्य के साथ काम लिया। उन्होंने कहा, अत्यधिक दबाव के बावजूद, वह पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्वाई करने की उत्तेजना के आगे नहीं झुका – मोहम्मद अजमल कसाब के पकड़े जाने और डेविड हेडली के खुलासों से पाकिस्तान की सैन्य समर्थित आईएसआई प्रतिष्ठान में उसके नियंत्रण के बाहर राज्एतर तत्वों के होने की जानकारी होने के बाद भी, और पाकिस्तान को शर्मसार करने में भी भारत ने कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चन (79) ने खुद को भय से विकृत और परिभाषितै तथा संदेह की नजर से देखने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने लिखा, सच्चाई यह है कि 26I 11 लंबे समय तक जहन में रहने वाला है और यह ऐसा अशांत इतिहास बन गया है जिसके जम अब भी हमारे उपमहाद्वीप के जहन में हरे हैं। अपने दुर्लभ, समाचार पत्र लेख में, अभिनेता ने कहा कि हम जो कहानियां सुनाते हैं, वे अक्सर हमसे बड़ी हो सकती हैं,... सीमाओं के पार से, कभी क्रिकेट के जरिए, कभी फिल्म के माध्यम से। अपनी इस बात को साबित करने के लिए उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का पाकिस्तान के मोह मद रिजवान और बाबर आजम से गले मिलने का, फिल्म बजरंगी भाईजान आदि का उदाहरण दिया।

# ‘साथी दिखने में अच्छा हो’

**बेटरहाफ.एआई सर्वेक्षण के अनुमानों ने कुछ महत्वपूर्ण कारकों का खुलासा किया जो एक मैच-मेकिंग साइट पर पार्टनर-खोज प्रि या को प्रभावित करते हैं, जिसमें अधिकांश युवा लुक को सबसे अधिक प्रभाववादी मानते हैं। प्रस्तुत है पवन गुप्ता का विश्लेषण :**

हम सभी ने समाचार पत्रों में विवाह सूची को देखा है जिसमें दुल्हन या दूल्हे के प्रकार की आवश्यकता होती है। यह आमतौर पर एक विशिष्ट जाति / धर्म से एक शिक्षित, घरेलू लेकिन आधुनिक दुल्हन की आवश्यकता का उल्लेख करता है जिसमें सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली विशेषता है – निष्पक्ष-चमड़ी और सुंदर। भले ही हम डिजिटल रूप से संचालित दुनिया में रहते हैं जहां युवा शहरी भारतीय अपने साथी को ऑनलाइन खोजते हैं, निर्णय लेने का मानदंड वही रहता है।

युवा भारतीयों की मैच-मेकिंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, बेटरहाफ.एआई ने हाल ही में एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि लोग अपने साथी की खोज करते समय किन सबसे महत्वपूर्ण कारकों पर विचार करते हैं और इन कारकों को दूर करने के लिए वे कितना महत्वपूर्ण महसूस करते हैं। सर्वेक्षण के अनुमानों में कुछ महत्वपूर्ण कारक सामने आए हैं जो मोबाइल स्क्रीन के पीछे भागीदार-खोज प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।



निष्कर्षों के अनुसार, 286 उत्तरदाताओं में से 43 प्रतिशत अविवाहित भारतीय वैवाहिक प्रोफ़ाइल पर लुक को पहली चीज़ मानते हैं। हालांकि यह कारक भौतिकवादी दृष्टिकोण पर आधारित है, अविवाहित भारतीय वैवाहिक जीवन में रुचि दिखाने से पहले दिखने पर विचार करते हैं। दूसरी ओर, 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उम्र, 19 प्रतिशत पेशे पर विचार किया, जबकि 16 प्रतिशत पहले वेतन को वैवाहिक प्रोफ़ाइल पर देखते हैं।

जबकि हम सभी के लिए एक सामाजिक पहचान बनाने की बात करते हैं, हमें यह भी समझना चाहिए कि मैच बनाने वाली साइटों पर किसी व्यक्ति का ऑनलाइन प्रतिनिधित्व भी महत्वपूर्ण है और आपके द्वारा डाली गई तस्वीरें आपकी पहली छाप हैं। तो, यहां दिखने का मतलब यह नहीं है कि आप अच्छे दिखने वाले या बुरे दिखने वाले हैं, लेकिन चित्रों की नियुक्ति, चित्रों की गुणवत्ता, चित्रों की विविधता जो किसी प्रोफ़ाइल को रोचक और भरोसेमंद बनाती है, वह भी मेक-या-ब्रेक पॉइंट हो सकता है एक ऑनलाइन दुनिया में प्रोफाइल।

कहानी की नीति ? अपनी ऑनलाइन पहचान बनाने में समय लगाना वास्तव में आपके पक्ष में काम कर सकता है। अधिकांश एकल युवा सहस्त्राब्दी अपने लिए जीवन साथी खोजने की प्रक्रिया में हैं। जबकि पार्टनर-खोज एक चिंताजनक प्रक्रिया है, प्रोफाइल को बाहर निकालने का पारंपरिक तरीका समान या उच्च पारिवारिक आय वर्ग, जाति, आयु, धर्म, कुंडली और भाषा जैसे कारकों द्वारा कुछ नाम रखने के लिए मानदंड पर आधारित है।

साथी-खोज प्रक्रिया के दौरान, आजकल लोग जाति, धर्म, समुदाय और संस्कृति पर विचार करने के अन्य पारंपरिक मानदंडों पर, प्रोफ़ाइल में अपनी रुचि दिखाने से पहले पेशे और वेतन पर भी विचार करते हैं।

सर्वेक्षण में इस बात पर भी जोर दिया गया कि क्या भारत में शादियां कभी भी मैच-मेकिंग के पारंपरिक कारकों को दूर करने में सक्षम होंगी या नहीं। निष्कर्ष बताते हैं कि 58 प्रतिशत मानते हैं कि ये कारक उनके प्राथमिक फ़िल्टर नहीं हैं जबकि 42 प्रतिशत उन्हें बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं। निष्कर्ष स्पष्ट रूप से बताते हैं कि जातिवाद, उम्रवाद और धर्म की समस्याएं हमारे देश में जीवन साथी खोजने की प्रक्रिया को अत्यधिक प्रभावित करती हैं। हालांकि, शहरी भारतीयों की मानसिकता धीरे-धीरे और तेजी से पुराने मैचमेकिंग मानदंडों के बजाय संगतता के आधार पर अधिक यथार्थवादी दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही है।

ऑनलाइन दुनिया में विकल्पों की आमद को ध्यान में रखते हुए, व्यस्त एकल भारतीय अपनी विशिष्ट आधुनिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बेहतर और कुशल वैवाहिक साइटों और ऐप्स की तलाश करते हैं। जीवन साथी-खोज प्रक्रिया धीरे-धीरे बदल रही है और एक स्वप्निल परी कथा की तुलना में अधिक तार्किक होती जा रही है।

**( लेखक बेटरहाफ.एआई के सीईओ हैं, जो माता-पिता की भागीदारी के बिना भारत का पहला वैवाहिक आवेदन है )**

# सोशल मीडिया बनाम मानसिक स्वास्थ्य

**‘अनुजा कपूर’ का कहना है कि सोशल मीडिया पर अपने एक्सपोजर को सीमित करने से आपकी चिंता और अवसाद कम होगा :**

सोशल मीडिया एक अन्य कारक है जो इसके द्वारा किए जाने वाले अच्छे पर इसके प्रतिकूल प्रभावों से अधिक है। सोशल मीडिया आपको चिंतित, उदास महसूस करवा सकता है और यहां तक कि आपको एक असफल व्यक्ति के रूप में भी चित्रित कर सकता है। इस नकारात्मक प्रभाव के पीछे का कारण यह है कि सोशल मीडिया साइटों को लगातार आपके दोस्तों, सहकर्मियों, या यहां तक कि परिवार के सदस्यों का आनंद लेने, पार्टी करने, यात्रा करने, सही नौकरी पाने या शादी करने की तस्वीरें और स्थिति के साथ अपडेट किया जा रहा है। किसी तरह यह आपको महसूस कराता है कि हर कोई सपना जी रहा है और आप अपने माता-पिता के साथ घर पर फंस गए हैं, या अपनी शिक्षा के कारण कर्ज में डूबे हुए जीवन जी रहे हैं या आपके ऊपर गृह ऋण लटका हुआ है। हमें यह महसूस करने की आवश्यकता है कि हमें हजारों वर्षों से सोशल मीडिया की आवश्यकता नहीं है, इसलिए हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि यदि हमारे पास नहीं है तो जीवन समाप्त हो गया है।


सोशल मीडिया नकारात्मक अनुभवों को बढ़ावा दे सकता है जैसे :

### थोड़ा लग रहा है

आमतौर पर, सोशल मीडिया पर छवियों में हेराफेरी की जाती है, लेकिन फिर भी यह दर्शकों के जीवन में एक चिंता और असुरक्षा को सफलतापूर्वक जन्म देती है। हालाँकि, हमें इस बात से अवगत होने की आवश्यकता है कि यह उच्च है कि लोग अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और निम्न को छोड़ देते हैं। मुस्कुराहट और उपलब्धियां आपके भीतर ईर्ष्या और असंतोष की भावना पैदा करती हैं क्योंकि आप समुद्र तट की छुट्टी या पेशेवर मोर्चे पर पदोन्नति के आसपास केंद्रित मित्र की प्रोफ़ाइल के माध्यम से स्क्रॉल कर रहे हैं, और इसी तरह।

### छूटा हुआ महसूस कर रहा है

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में छूटे जाने की भावनाओं को बढ़ाने की क्षमता है क्योंकि अन्य लोग मौज-मस्ती कर रहे हैं या ऐसा जीवन जी रहे हैं जो आप चाहते थे। कुछ चीजों को याद करने का विचार आपके आत्म-सम्मान को प्रभावित कर सकता है, चिंता को ट्रिगर कर सकता है और सोशल मीडिया के अधिक से अधिक उपयोग / दुरुपयोग को बढ़ावा दे सकता है। यहां तक कि यह आपको हर दो मिनट में अपडेट लेने, स्क्रॉल करने और जांचने के लिए प्रेरित करता है या हर अलर्ट पर जुनूनी प्रतिक्रिया देता है – भले ही इसका मतलब है कि आप ड्राइविंग करते समय जोखिम लेना, रात में नींद से गायब होना, या वास्तविक पर सोशल मीडिया इंटरैक्शन को प्राथमिकता देना-विश्व संबंध।




### एकांत

एक अध्ययन से पता चलता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अत्यधिक उपयोग अकेलेपन की भावना को कम करने के बजाय बढ़ा देता है। अध्ययन में आगे बताया गया है कि सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने से आप कम अकेला और अलग-थलग महसूस कर सकते हैं और अपनी भलाई में सुधार कर सकते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मनुष्य को आमने-सामने संपर्क की आवश्यकता होती है। कोई भी चीज़ तनाव को कम नहीं करती है और आपके मूड को किसी ऐसे व्यक्ति के साथ आँख से आँख मिलाने की तुलना में तेज़ या अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ा देती है जो आपकी परवाह करता है। जितना अधिक आप व्यक्तिगत संबंधों पर सोशल मीडिया इंटरैक्शन को प्राथमिकता देते हैं, उतना ही आपको चिंता और अवसाद जैसे मूड विकारों के विकास या तेज होने का खतरा होता है।

### साइबर हमलों का शिकार होने के नाते

अधिकांश किशोरों को सोशल मीडिया पर साइबर धमकी का शिकार होना पड़ा है, विशेष रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हानिकारक अफवाहें, झूठ और गालियां फैलाने के लिए एक हॉटस्पॉट हैं जो स्थायी भावनात्मक निशान छोड़ सकते हैं।



### आत्मकेंद्रित होने की भावना

सोशल प्लेटफॉर्म पर लगातार सेल्फी और अपनी अंतरतम भावनाओं को साझा करने से एक अयोग्य और असंगत व्यक्ति बन जाता है, जो आपको वास्तविक जीवन के परिदृश्यों से दूर कर देता है।

अपने जीवन को सकारात्मक रूप से बदलने और इसे योग्य बनाने के लिए, सोशल मीडिया डिटॉक्स का प्रयास करें। जांच करने के लिए कोई सूचना नहीं, देखने के लिए कोई फ़ोटो नहीं, और रीट्वीट करने के लिए कोई ट्वीट नहीं, आप देखेंगे कि आपकी उत्पादकता और जीवन में खुशी बढ़ती जा रही है। इस प्रकार, सोशल मीडिया से बचने के कुछ कारण यहां दिए गए हैं :

- सोशल मीडिया से दूर रहने से सूचनाओं की अधिकता को रोककर आपकी नींद में सुधार होता है।
- हेरफेर से बचने के लिए
- मीडिया साइटों के साथ आपका डेटा बिक्री के लिए है, भले ही आप जिस गोपनीयता के लिए बीमाकृत हैं, उसकी परवाह किए बिना।
- सोशल मीडिया आपके बाध्यकारी व्यवहार को बढ़ाने के सबसे बड़े कारकों में से एक है
- यह जीवन में असंतोष और अकेलापन मंत्र देता है
- समय सार का है लेकिन सोशल मीडिया सिर्फ इसका हत्यारा है

आपकी भलाई की बात करें तो, सोशल मीडिया से दूर रहना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। शोध से पता चलता है कि सोशल मीडिया के लिए अपने जोखिम को सीमित करने से चिंता और अवसाद कम हो जाता है। यह सीधे तौर पर सोशल मीडिया से लगातार विचलित न होकर आपके कार्य प्रदर्शन में सुधार को दर्शाता है। जबकि सोशल मीडिया दुनिया भर के लोगों के साथ संपर्क में रहने का एक बेहतरीन साधन है, लोगों के साथ आमने-सामने उलझने से बढ़कर कुछ नहीं है। यदि आप अपने सोशल मीडिया खातों को हटा नहीं सकते हैं, तो अपने उपयोग को सीमित करने का प्रयास करें।

**( लेखक मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं।**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 40
लखनऊ, शनिवार, 27 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com




पैट कमिंस बने आस्ट्रेलिया टेस्ट टीम के कप्तान
स्पोर्ट्स-11

# उपनिवेशवादी मानसिकता वाले देश के विकास में बाधाः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत एकमात्र देश है, जो पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने की ओर अग्रसर है लेकिन इसके बावजूद उपनिवेशवादी मानसिकता के चलते देश पर पर्यावरण के नाम पर तरह-तरह के दबाव बनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से देश में भी ऐसी ही मानसिकता के चलते अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर या अन्य चीजों का सहारा लेकर अपने ही देश के विकास में रोड़े अटकाए जाते है।

राजधानी स्थित विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय संविधान दिवस समारोह का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने इस उपनिवेशवादी मानसिकता को दूर करने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि इसके लिए सबसे बड़ी शक्ति और सबसे बड़ा प्रेरणा स्रोत भारत का संविधान ही है। उन्होंने कहा, सरकार और न्यायपालिका, दोनों का ही जन्म संविधान की कोख से हुआ है। इसलिए, दोनों ही जुड़वां संतानें हैं। संविधान की वजह से ही दोनों अस्तित्व में आए हैं। इसलिए, व्यापक दृष्टिकोण से देखें तो अलग-अलग होने के बाद भी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। शास्त्रों का उद्धरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी समाज या देश की ताकत उसकी एकता और एकजुट प्रयासों में होती है और जो मजबूत राष्ट्र के हितैषी होते हैं, वह एकता की प्रशंसा करते हैं तथा उस पर जोर देते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि रखते हुए, यही एकता देश की सभी संस्थाओं के प्रयासों में होनी चाहिए।

आज जब देश अमृत काल में अपने लिए असाधारण लक्ष्य तय कर रहा है, दशकों पुरानी समस्याओं के समाधान तलाश करते हुए भविष्य के लिए संकल्प ले रहा है, तो यह सबके साथ से ही पूरी होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास-सबका प्रयास संविधान की भावना का सबसे सशक्त प्रकटीकरण है। सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, संविधान के लिए समर्पित सरकार, विकास में भेद नहीं करती और यह हमने करके दिखाया है। उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति न्यायमूर्ति एम वी रमण और कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## परिवारवादी पार्टियां नहीं कर सकतीं लोकतंत्र की रक्षाः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए पारिवारिक पार्टियों को संविधान के प्रति समर्पित राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बताया और दावा किया कि लोकतांत्रिक चरित्र खो चुके दल, लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकते हैं। संसद के केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने किसी दल विशेष का नाम लिए बगैर इस आयोजन का बहिष्कार करने वाले दलों को भी आड़े हाथों लिया और इस पर चिंता जताते हुए कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का स्मरण ना करने और उनके खिलाफ विरोध के भाव को यह देश स्वीकार नहीं करेगा।

# यूपी में आयकर रिटर्न में छह गुना हुई बढ़ोत्तरीः सीतारमण

● एनफोर्समेंट के बजाय संवाद से रेवेन्यू दोगुना हुआः मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्रीय** वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में कर वसूली और उसके प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि आय में वृद्धि हो रही है और इससे आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है एवं कर से प्राप्त इस राशि का उपयोग विकास कार्यों में किया जा रहा है। लखनऊमें राम तीर्थ मार्ग पर स्थित आयकर विभाग के नवनिर्मित कार्यालय प्रत्यक्ष कर भवन का उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ लोकार्पण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए निर्मला सीतारमण ने राज्य में केंद्र सरकार द्वारा जनता के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आय बढ़ रही है, आयकर देने वालों की संख्या बढ़ रही है जिसका उपयोग विकास को दिशा देने में हो रहा है। वित्तमंत्री ने कहा कि जब एक राज्य से कर की वसूली होती है तो उसका असर तुरंत जनता में देखने को मिलता है। सीतारमण ने कहा कि मुझे दुख होता है कि अगर 10-15 साल पहले इतना बेहतर भवन मिल जाता तो काम करने में लोगों को आसानी होती और उसका बेहतर प्रभाव होता। केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि 2017 में इस भवन के निर्माण की शुरुआत हुई और तीन साल के भीतर यह भवन बनकर तैयार हो गया।



## सभी जिलों में वकीलों के चैम्बर बनवाएगी सरकारः योगी

**लखनऊ।** देश के 71वें संविधान दिवस पर उत्तर प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च न्यायालय से जिला अदालतों तक सभी जिलों में वकीलों के लिए चैम्बर बनाए जाने और न्यायालय आने वाले वादियों के लिए भी उचित व्यवस्थाएं किए जाने की घोषणा की। लोकभवन में शुक्रवार को अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाइव जुड़े थे। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का सामूहिक पाठन भी किया गया। योगी ने अपने संबोधन में कहा कि यह वर्ष हमारे सभी लोगों के लिए विशेष है क्योंकि एक तरफ आजादी का अमृत महोत्सव और दूसरी तरफ चौरी-चौरा का शताब्दी महोत्सव मनाया जा रहा है, ऐसे में संविधान दिवस का आयोजन भी देश के लिए खास महत्व रखता है। उन्होंने कहा, संविधान ने हम सभी को समान मताधिकार और अन्य अधिकार प्रदान किए हैं, इसलिए हमें संविधान को भी अपने घरों मे वैसे ही रखना चाहिए हम जैसे धार्मिक ग्रंथ को रखते हैं जिससे हर एक भारतीय के मन में संविधान के प्रति सम्मान जागृत हो सके।

# देश में बिहार, झारखंड और यूपी सबसे गरीब राज्यः नीति आयोग

**भाषा।** नई दिल्ली

● स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा और जीवन स्तर जैसे क्षेत्रों पर आधारित है रिपोर्ट

**नीति** आयोग के बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के अनुसार बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश देश के सबसे गरीब राज्यों के रूप में सामने आए हैं। सूचकांक के अनुसार, बिहार की 51.91 प्रतिशत जनसंख्या गरीब है। वहीं झारखंड में 42.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत आबादी गरीब है। सूचकांक में मध्य प्रदेश (36.65 प्रतिशत) चौथे स्थान पर है, जबकि मेघालय (32.67 प्रतिशत) पांचवें स्थान पर है।

केरल (0.71 प्रतिशत), गोवा (3.76 प्रतिशत), सिक्किम (3.82 प्रतिशत), तमिलनाडु (4.89 प्रतिशत) और पंजाब (5.59 प्रतिशत) पूरे देश में सबसे कम गरीब लोग वाले राज्य हैं और सूचकांक में सबसे नीचे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनीशिएटिव (ओपीएचआई) और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा विकसित विश्व स्तर पर स्वीकृत और मजबूत पद्धति का उपयोग कर तैयार किया जाता है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक में मुख्य रूप से परिवारकी आर्थिक हालात और अभाव की स्थिति को आंका जाता है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारत के एमपीआई में तीन समान आयामों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर का मूल्यांकन किया जाता है। इसका आकलन पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, प्रसवपूर्व देखभाल, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पीने के पानी, बिजली, आवास, संपत्ति तथा बैंक खाते जैसे 12 संकेतकों के जरिए किया जाता है। वर्ष 2015 में 193 देशों द्वारा अपनाए गए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रूपरेखा ने दुनिया भर में विकास की प्रगति को मापने के लिए विकास नीतियों और सरकारी प्राथमिकताओं को फिर से परिभाषित किया है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने सूचकांक की प्रस्तावना में कहा, भारत के राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक का विकास एक सार्वजनिक नीति उपकरण स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।यह बहुआयामी गरीबी की निगरानी करता है, साक्ष्य-आधारित और केंद्रित हस्तक्षेप के बारे में बताता है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी पीछे न छूटे। कुमार ने आगे कहा कि भारत के पहले राष्ट्रीय एमपीआई की यह आधारभूत रिपोर्ट राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की 2015-16 की संदर्भ अवधि पर आधारित है।

# कोविड टीकाकरण अभियान सही दिशा मेंः सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह देश में कोविड-19 रोधी टीकाकरण कार्यक्रम पर इस दौर में संदेह व्यक्त नहीं कर सकता और लोगों के टीकाकरण में ढिलाई की बात को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि करोड़ों लोगों ने टीका लगवा लिया है और यहां तक कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी इसे मंजूरी दी है तथा पूरी दुनिया टीका लगवा रही है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने याचिकाकर्ता अजय कुमार गुप्ता तथा अन्य को याचिका की प्रति सॉलिसिटर जनरल को उपलब्ध कराने को कहा और उनका जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हमारे पास टीकाकरण के बाद किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की निगरानी के लिए एक प्रणाली, दिशा-निर्देश मौजूद हैं। हमेशा असहमति व्यक्त करने वाले होंगे, लेकिन उनके अनुसार नीति नहीं बनाई जा सकती। पीठ ने कहा कि हमें समग्र रूप से राष्ट्र की भलाई देखनी है। दुनिया ने एक अभूतपूर्व महामारी देखी है, जिसे हमने अपने जीवनकाल में नहीं देखा है। हम इस दौर में टीकाकरण कार्यक्रम पर संदेह नहीं कर सकते हैं। यह सर्वोच्च राष्ट्रीय महत्व की बात है कि लोगों का टीकाकरण हो। लोगों का टीकाकरण न होने संबंधी ढिलाई की कीमत हम स्वीकार नहीं कर सकते। गुप्ता और अन्य द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव के कारण हजारों मौत हुई हैं और केंद्र को इस टीकाकरण को पूरी तरह से स्वैच्छिक बनाने का निर्देश दिया जाना चाहिए। इसमें केंद्र को यह निर्देश दिए जाने का भी आग्रह किया गया है कि यूरोपीय देशों से रिपोर्ट मांगी जाए जहां कोविशील्ड के इस्तेमाल को बंद कर दिया गया या इसका इस्तेमाल सीमित कर दिया गया है।


## भारत 15 दिसंबर से सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर से शुरू करेगाः मंत्रालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**नागर** विमानन मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारत आने-जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें 15 दिसंबर से सामान्य रूप से संचालित होंगी। गौरतलब है कि भारत आने-जाने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें कोविड-19 महामारी के कारण 23 मार्च, 2020 से ही बंद हैं। हालांकि, पिछले साल जुलाई से करीब 28 देशों के साथ हुए एयर बबल समझौते के तहत विशेष अंतरराष्ट्रीय यात्री उड़ानें संचालित हो रही हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने विमानन नियामक डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) को पत्र लिखकर अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन फिर से शुरू करने के लिए आवश्यक कार्वाई करने को कहा है। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश में कहा, भारत आने-जाने वाली अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक यात्री उड़ानों को फिर से शुरू करने के संबंध में फैसला गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सलाह से लिया गया है।

# पुतिन छह दिसंबर को भारत आएंगे मोदी के साथ करेंगे शिखर बैठक

**भाषा।** नई दिल्ली



**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन छह दिसंबर को भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे जहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे तथा द्विपक्षीय एवं विशेष सामरिक संबंधों के सभी आयामों पर विस्तृत चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छह दिसंबर को 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता भी होगी जिसमें दोनों देशों के रक्षा एवं विदेश मंत्री हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता में हिस्सा लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु 5-6 दिसंबर को भारत आएंगे। बागची ने कहा कि इस बैठक में भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर हिस्सा लेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, छह दिसंबर को राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी 21वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि पिछली भारत रूस शिखर बैठक सितंबर 2019 को ब्लादीबोस्तक में हुई थी तथा कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में यह बैठक नहीं आयोजित की जा सकी थी। बागची ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान दोनों पक्ष द्विपक्षी संबंधों तथा विशेष सामरिक गठजोड़ की स्थिति की समीक्षा करेंगे तथा इसे और आगे बढ़ाने के बारे में चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों नेता साझा हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। वहीं, रूसी दूतावास के प्रवक्ता ने 22 मंत्रिस्तरीय वार्ता के संदर्भ में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मंत्री एशिया-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति और अफगानिस्तान तथा सीरिया के घटनाक्रम सहित प्रमुख क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा करेंगे।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,107 | ↓ | 1687 | |
| निफ्टी | 17,026 | ↓ | 509 | |
| सोना | 47,155 | ↑ | 570 | /10g |
| चांदी | 62,145 | ↑ | 190 | /kg |

## क्विक न्यूज

### शेयर बाजार ने लगाया 1,688 अंक का गोता

**मुंबई।** शेयर बाजारों में शुक्रवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स।,688 अंक लुढ़क गया। कोविड-19 वायरस की नई किस्म को लेकर चिंता के बीच वैश्विक बाजारों में बिकवाली के साथ घरेलू बाजार मे गिरावट आई। ऐसी खबरें है कि वायरस की नई किस्म टीका लेने वाले लोगों को भी संक्रमित करता है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक अब तक दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना और हांगकांग में पाए गए इस किस्म में उत्परिवर्तनों (म्यूटेशन) का आसाधारण मेल है। ब्रिटेन और जापान जैसे देश पहले ही यात्रा संबंधी प्रतिबंध लगा चुके है जिसके साथ लॉकडाउन का नया दौर शुरू होने की आशंका बढ़ गई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,687.94 अंकयानी 2.87 प्रतिशत का गोता लगाकर 57,107.15 अंक पर बंद हुआ।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज पर सीबीआई चलाएगी मुकदमा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को भ्रष्टाचार के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस एन शुक्ला पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। उन पर अपने आदेशों के जरिए एक निजी मेडिकल कॉलेज को फायदा पहुंचाने का आरोप है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत इस साल 16 अप्रैल को सेवानिवृत्त न्यायाधीश पर मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार से मंजूरी मांगी थी। केंद्र सरकार के मंजूरी देने के बाद सीबीआई अब सेवानिवृत्त न्यायाधीश के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। अधिकारियों ने बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के न्यायाधीश शुक्ला के अलावा एजेंसी ने प्राथमिकी में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश आई एम कुद्दुसी, प्रसाद एजुकेशन ट्रस्ट के भगवान प्रसाद यादव तथा पलाश यादव, ट्रस्ट और निजी व्यक्तियों भावना पांडेय और सुधीर गिरि को भी नामजद किया है। उच्च न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, सीबीआई को सेवानिवृत्त न्यायाधीश कुद्दुसी पर मुकदमा चलाने की मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि कथित अपराध होने के वक्त वह सेवानिवृत्त हो गए थे और वह एक निजी व्यक्ति की हैसियत से इसमें कथित तौर पर शामिल हुए। न्यायाधीश शुक्ला पांच अक्टूबर 2005 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का हिस्सा बने और 17 जुलाई 2020 को सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति शुक्ला, जो उच्च न्यायालय में एक खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे थे, ने 2017-18 के शैक्षणिक सत्र के लिए निजी कॉलेजों को छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति देने के लिए भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ द्वारा पारित स्पष्ट आदेशों की कथित तौर पर अवहेलना की थी।

## 26/11 के मुम्बई हमले की बरसी पर देश ने शहीदों को किया नमन

# भारत ने पाकिस्तान से सुनवाई तेज करने को कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमले की 13वीं बरसी पर शुक्रवार को पाकिस्तान के उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक को तलब किया और इस मामले की तेजी से सुनवाई करने पर जोर देते हुए कहा कि इस घटना के 166 पीडितों के परिवार सुनवाई पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। पाक राजनयिक को सौंपे गए राजनयिक नोट (नोट वर्बल) में विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान से अपने भूभाग का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं करने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता का पालन करने को कहा।

विदेश मंत्रालय ने कहा, राजनयिक नोट में भारत ने मुम्बई आतंकी हमला मामले की सुनवाई तेजी से करने पर जोर दिया और पाकिस्तान की सरकार से अपने नियंत्रण वाले भूभाग का इस्तेमाल भारत के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं करने की अनुमति देने की प्रतिबद्धता का पालन करने को कहा। बयान में कहा गया है, यह बेहद दुख की बात है कि 26।11 हमले के 13 साल बाद भी, 166 पीड़ितों के परिवार मामले की सुनवाई पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान 26।11 के मुंबई आतंकवादी हमलों के दोषियों को न्याय के दायरे में लाने को लेकर अधिक गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि इस आतंकी हमले की योजना पाकिस्तान में बनी थी और वहीं से इसे कार्यान्वित किया गया था।मंत्रालय ने कहा, हम एक बार फिर पाकिस्तान से दोहरा मापदंड छोड़ने और इस जघन्य हमले के षड्यंत्रकारियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। बयान के अनुसार, यह केवल निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति पाकिस्तान की जवाबदेही का ही विषय नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी का भी विषय है।

## श्रद्धासुमन अर्पित

**मुंबई।** राजनीतिज्ञों, बॉलीवुड की हस्तियों और नागरिकों ने मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए हमले में आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को शुक्रवार को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादी हमलों के शहीदों को श्रद्धांजलि देने में देश का नेतृत्व किया और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि राष्ट्र हमेशा उन सुरक्षा कर्मियों का आभारी रहेगा जिन्होंने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राज्य के गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल ने दक्षिण मुंबई स्थित पुलिस मुख्यालय में स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# देश के लिये नजीर बनी यूपी की कानून व्यवस्थाः योगी

## सीएम योगी ने मंत्रियों के साथ सुना संविधान दिवस पर राष्ट्रपति और पीएम का सम्बोधन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**संविधान** दिवस पर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कार्यालय लोक भवन के ऑडिटोरियम में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का सम्बोधन सुना। उनके साथ दोनों डिप्टी सीएम तथा सरकार के कई अन्य मंत्री मौजूद रहे। इसके बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संविधान दिवस एवं अधिवक्ता कल्याणार्थ आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि 26 नवंबर 1949 को हमारे देश के संविधान को अंगीकृतए अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया था। इस दौरान अलग.अलग समितियों के प्रारूप को एक रूप देने के लिए एक शिल्पी के रूप में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को यह दायित्व दिया गया था। बाबा साहब की 125वें जयंती वर्ष में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। संविधान के ही कारण हम सभी को एक सामान मताधिकार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को न केवल संविधान से प्रदत्त अधिकार प्राप्त हुए हैंए बल्कि भारत को दुनिया की एक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए हर नागरिक को कुछ कर्तव्य भी बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज हमने राष्ट्रपति के साथ संविधान की प्रस्तावना को दोहराया है। इसके साथ हमें राष्ट्रपतिएउपराष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुनने को प्राप्त हुआ है। भारत के संविधान निर्माताओं की भावनाओं के अनुरूप हम सब भी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक कर सकेंए इसके लिए आप सभी के प्रति मैं अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करता हूं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के लिए एक नजीर बन रही है।

# गांव-मोहल्लों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने पर योगी सरकार का जोर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गांवों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण को भटकना न पड़े इसके लिये योगी सरकार ने गांवों में 5000 से ज्यादा उप स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र बनवा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसे अभियान के रूप में ले रहे है और इसे तेजी से पूरा कराना चाहते हैं। हाल में ही हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को इन केंद्रों को जल्द शुरू कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। साढ़े चार साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं हमेशा प्राथमिकता में रही हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य पहुंचाने पर प्रदेश सरकार का खासा जोर रहा है। इसी के मद्देनजर प्रदेश में ग्रामीण इलाकों में 5000 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जा रहे हैं। इन नए उपकेन्द्रों पर जरूरी उपकरणए चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ की व्य वस्था् स्वास्थ्य विभाग की ओर से की जाएगी। इन स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र के खुलने के बाद ग्रामीणों को कई तरह सुविधाएं मिलने लगेंगी। केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, मधुमेह, रक्तचाप की जांच, संचारी और गैर संचारी रोग प्रबंधन और उपचार की व्यवस्था होगी। इसके साथ ही योग और एक्सरसाइज, काउंसिलिंगए स्कूल हेल्थ एजुकेशन, आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। टीकाकरण और मातृत्व स्वास्थ्य की जांच और इलाज के अलावा मौसमी बीमारी, टीबी, मलेरिया की रोकथाम के उपाय बताने के साथ उपचार की सुविधा मिलेगी। ग्रामीण इलाके के लोगों की सेहत सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं सरकार की ओर से चलाई जा रही हैं।

# सपा मुखिया को हर बात राजनीति चश्मे से देखने की आदतः स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवाा। लखनऊ



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को हर बात राजनीति के चश्मे से देखने की बुरी बीमारी लग गयी है यही कारण है कि संविधान दिवस जैसे पवित्र दिन भी वे कुत्सित राजनीति से ऊपर नहीं उठ पाए।

उन्होंने कहा कि आज का दिन जब पूरा देश भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर को याद कर रहा है और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प ले रहा है तो सपा मुखिया को चुनाव याद आ रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि जब मंच से अखिलेश यादव दबे-कुचले, वंचित, शोषितों और गरीबों के उत्थान की बड़ी-बडी बातें कर रहे थे तो वह भूल गए कि अनुसूचित जाति गरीबों और वंचितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार सपा कार्यकाल में ही हुआ था। सबसे ज्यादा दलित उत्पीड़न के मामलें सपा कार्यकाल में ही सामने आए थे। स्थिति यह थी कि दलितों की एफ आई आर तक दर्ज नहीं की जाती थी। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया आज मंच से संविधानए जो दलित, वंचित, शोषित वर्ग की सुरक्षा के लिए बनाया गया थाए उसके बारे में बात कर रहे थे। उन्हें इस संविधान की याद अपने शासनकाल में नहीं आई जब दलितों को मारा.पीटा जाता था और यहां तक कि उनकी हत्या कर दी जाती थी फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती थी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा-बसपा के शासनकाल में अपराधियों और माफियाओं ने जो संपत्ति अर्जित की थी ऐसी 1866 करोड़ रूपये से अधिक की संपत्ति ध्वस्त की गई।

# देश में कोई जिन्नावादी पार्टी है तो वह है भाजपाः संजय सिंह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी के नवे स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम में सत्ताधारी दल पर तीखा हमला बोला उन्होंने कहा देश में अगर कोई जिन्नावादी पार्टी है तो वह भाजपा है। जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष श्यामा प्रसाद मुखर्जी और आरएसएस पदाधिकारी वीर सावरकर का जिक्र करते हुए पूछा क्कि आखिर आजादी से पहले उन्होंने जिन्ना की मुस्लिम लीग से गठबंधन करके तीन राज्यों में सरकार क्यों बनाई। मुख्यमंत्री के शहर गोरखपुर में पुलिस की पिटाई से अंकुर शुक्ला की मौत पर संजय सिंह ने सवाल खड़े किए। कहा आखिर कौन इन मौतों का जवाब देगा। संजय सिंह ने केक काटकर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई दी। बोले.आपकी मेहनत से हमने दिल्ली में तीन बार सरकार बनाई। केजरीवाल के नेतृत्व में हम पंजाब में मुख्य विपक्षी दल के रूप में स्थापित हुए और उत्तराखंड, गोवा, गुजरात, राजस्थान से लेकर यूपी तक गांव–गांव में पार्टी का झंडा उठाने के लिए लोग तैयार हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, निर्मल मिश्रा, इमरान लतीफ, अमित श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, वंशराज दुबे, विनय पटेल, दिलावर रिजवी, तरुणिमा श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संविधान का ठीक से नहीं हो रहा पालनः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी ने 26 नवंबर को मनाए गए संविधान दिवस से किनारा कर लिया है। शुक्रवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में संविधान का ठीक से पालन ना होने के विरोध में संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल ना होने का फैसला किया है।

मायावती ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान में देश के कमजोर एवं उपेक्षित वर्गों को विशेषकर शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों आदि में आरक्षण एवं अन्य जरूरी सुविधाओं का प्रावधान किया है। उसका पूरा लाभ इन वर्गों के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जिसको लेकर इन वर्गों के लोग और हमारी पार्टी बहुत ज्यादा दुखी है। केन्द्र और राज्य की सभी सरकारें इस वर्ग पर जरूर ध्यान देंए यह बीएसपी इनको सलाह देती है। इन वर्गों के लोगों को सपा जैसी पार्टियों से जरूर सावधान रहना चाहिएए जिसने एससी और एसटी सम्बंधित बिल को सांसद में फाड़ दिया था। षड्यंत्र के तहत पास भी नहीं होने दिया था। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी और राज्य सरकारें इस बात की गहन समीक्षा करें कि क्या यह पार्टियां संविधान का सही से पालन कर रही हैं। एससीए एसटी तथा ओबीसी वर्ग का ज्यादातर विभागों में आरक्षण का कोटा अधूरा पड़ा है।

# संविधान में दिए हक और सम्मान को छीन रही है भाजपा सरकारः अखिलेश

### ● संविधान बचाओ रैली में सपा अध्यक्ष ने किया भाजपा का सफाया करने का आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने ऐसा संविधान बनाया है जो हम सबको बराबरी का हक और सम्मान देता है। संविधान से सामाजिक न्याय मिलता है। हमारा संविधान लोकतंत्र की आत्मा है लेकिन आज संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा सरकार लोगों से संविधान में दिये गये हक और सम्मान को छीन रही है। संविधान और कानून को कुचला जा रहा है।

अखिलेश यादव भारतीय संविधान दिवस एवं संविधान बचाओ विराट महापंचायत के अवसर पर मान्यवर कांशीराम स्मृति उपवन लखनऊ में संविधान बचाओ रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए 2022 में भाजपा का सफाया किया जाना चाहिए। जो कानून संसद से बनाये और खत्म किये जाते थे वे राष्ट्र के नाम एक संदेश से हो रहे हैं। एक बार राष्ट्र के नाम संदेश आया और भारत सरकार का दिया गया रुपया बंद हो गया। रुपया का पता ही नहीं चला कि कहां चला गया। एक बार और राष्ट्र के नाम संदेश आया तो तीन काले कृषि कानून वापस हो गये। जो कानून पार्लियामेंट से वापस होने थे वे टीण्वीण् पर एक संदेश से वापस हो गये। इसलिए मंच पर जो सभी लोग कह रहे हैं कि संविधान को खतरा है उसे समझिए। अखिलेश यादव ने कहा कि जो सरकार जनता को दु:ख देती है। जनता समय आने पर उसका हिसाब.किताब करती है। भाजपा सरकार ने महंगाईए बेरोजगारीए अन्याय और अत्याचार बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश की जनता इस बार भाजपा का दरवाजा बंद कर देगी। उन्होंने कहा कि जब किसान नहीं चाहते थे तब यह सरकार काला कानून क्यों लेकर आईघ् किसानों को सर्दीए गर्मीए बरसात झेलना पड़ा। उन्हें रोकने के लिए कीले लगा दी गई। किसानों ने कुर्बानी दी। आंदोलन में 600 से ज्यादा किसान शहीद हो गये। तब जाकर काले कृषि कानून वापस हुए। किसानों के अपमान की जिम्मेदार भाजपा सरकार है। लखीमपुर खीरी में गृह राज्यमंत्री के बेटे ने किसानों को गाड़ी से कुचल कर हत्या कर दी। सिर्फ किसानों को ही नहीं कुचला देश के संविधान और कानून को कुचल दिया गया।

# उमाशंकर सिंह बने बसपा विधानमंडल दल के नेता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह को बसपा विधानमंडल दल का नेता नियुक्त किया है। उमाशंकर सिंह को शुक्रवार को विधानमंडल दल का नेता घोषित करने के बाद बसपा मुखिया मायावती ने उनको बधाई भी दी है। विधानमंडल दल के नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने एक दिन पूर्व अपने पद से इस्तीफा दिया था तभी से यह पद खाली चल रहा था। एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिफार्म (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक उमाशंकर सिंह अधिक सम्पत्ति वाले प्रदेश के टॉप दस विधायकों में हैं। इनका नाम नौवें नम्बर पर दर्ज है। रसड़ा विधायक उमाशंकर सिंह आयकर विवरण में सबसे ज्यादा वार्षिक आय घोषित करने वाले विधायकों में शीर्ष पर हैं।

# छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने किया प्रदेश कांग्रेस के सदस्यता महाअभियान का शुभारंभ

### ● जो लड़ाने व बरगलाने का काम कर रहें हैं उनसे सचेत रहने की आवश्यकताः बघेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री एंव उत्तर प्रदेश चुनाव की कमान संभाल रहे भूपेश बघेल ने संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के सदस्यता महाअभियान की शुरूआत कराई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश को आजादी अनगिनत नेताओं को जेल यातनाएं, शहादत, फांसी पर चढ़ने और लाखों कार्यकर्ताओं के जेल जाने के बाद मिली लेकिन यह आजादी अधूरी रहती अगर हमें संविधान न मिलता। यह संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है। सपने देखने काए सपने को सकार करने का अधिकार देता है। जिस पार्टी में महात्मा गांधीए पं. जवाहर लाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, जैसे नेता जिन्होंने आजादी दिलाई एवं संविधान लिखने के लिए भीमराव अम्बेडकर जी को मौका दिया, रहें हों, उस कांग्रेस पार्टी का सदस्य होने पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर पार्टी सदस्यता अभियान की शुरूआत की गयी है। हमारा लक्ष्य हैए उत्तर प्रदेश में अगले 15 दिनों में एक करोड़ सदस्य बनाने काए जिसे हम पूरा करेंगे। कांग्रेस ने हमेशा देश के हित में कार्य किया है। पार्टी हित से ऊपर उठकर, देश हित में हमारी पार्टी के नेताओं ने देश की एकता और अखण्ता के लिए अपना खून बहाया है। यहां तक अपना बलिदान भी दिया है। बघेल ने कहा कि जब देश आजाद हुआ, भारत में सुई तक नहीं बनती थी। सुई से लेकर राकेट बनाने तक का कार्य कांग्रेस ने किया। और यह पूछते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया है कांग्रेस ने सब कुछ दिया है। जो लड़ाने का, बरगलाने का काम कर रहें हैं, उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इन्दिरा जी ने हरित क्रान्ति का आह्वान किया जिसकी बदौलत अगर आज देश में सूखा पड़ जाये तो भी तीन साल तक अनाज की कमी नहीं होगी। यह हरित क्रान्ति की बदौलत संभव हुआ। आज किसानों को उचित दाम नहीं मिल रहा है। वह एक साल से लड़ाई लड़ रहें हैं। राहुल गांधी ने ट्रैक्टर रैली की, प्रियंका गांधी ने बैठकें की, पंचायतें की, तब जाकर यह तानाशाही सरकार झुकी और तीन काले कृषि कानूनों को वापस लिया। आज किसान एमएसपी मांग रहा है। जब छत्तीसगढ़ में अनाज का समर्थन अब हम अगले सत्र में 2500 से अधिक 2540 रुपये देने जा रहें हैं।

# कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारत में रहने वाले बांग्लादेशी को 4 वर्ष का कारावास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कूटरचित** दस्तावेजों के आधार पर जाली पासपोर्ट बनवाकर भारत में रहने वाले बांग्लादेशी लीटन विश्वास को कोर्ट ने 4 वर्ष के कारावास व 5 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। यूपी एटीएस द्वारा मई .2019 में कूट रचित दस्तावेज बनवाने और जाली पासपोर्ट रखने के आरोप में 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था । जिसपर यूपी एटीएस द्वारा धारा 419, 420, 467, 468, 471 व 14 विदेशी अधिनियम, थाना . एटीएस, लखनऊ पर दर्ज किया गया था। जिसमें गिरफ्तार 6 अभियुक्त फर्जी दस्तावेज बनवाकर अवैध रूप से भारत में निवास कर रहे थे। जिसमें यूपी एटीएस की सघन पैरवी के कारण पांच अभियुक्तों हबीबुर्रहमान, कमालुद्दीन, काबिल ए जाकिर और ताईजुल ने न्यायलय के समक्ष अपना अपराध स्वीकार लिया था । जिस पर न्यायालय द्वारा उपरोक्त पांच अभियुक्तों को धारा 419 ए 420, 467, 468, 471 व 14 विदेशी अधिनियम में दोषी मानते हुए पांचो अभियुक्तों को 4.4 वर्ष के कारावास और 5.5 हज़ार के अर्थ दण्ड से 17.03.2021 को दण्डित किया था। छठे अभियुक्त लीटन विश्वास निवासी बिलासपुर थाना जोयदीपपुर जिला गाजीपुर बांग्लादेश जो न्यायालय में विचारणधीन था। जिसमें 24 नवम्बर को न्यायालय विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कस्टम) लखनऊ द्वारा अभियुक्त लीटन विश्वास को धारा 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी व 14 विदेशी अधिनियम में दोषी पाते हुए 4 चार वर्ष की सज़ा व रुपए 5000 के जुर्माने से दंडित किया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद अकबरपुर अम्बेडकरनगर

पत्रांकः 783/न0पा0परि0अ0/ई–निविदा/2021–22 दिनांक : 26.11.2021

**अति अल्पकालीन ई–टेण्डर सूचना**

नगर पालिका परिषद अकबरपुर अम्बेडकरनगर में बायोरेमेडिएशन कार्य का कराये जाने हेतु इच्छुक फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अकबरपुर को 15वां वित्त के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली धनराशि से विभिन्न बायोरेमेडिएशन का कार्य कराये जाने हेतु निविदा ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम निविदा प्रकाशन की तिथि | 27 नवम्बर, 2021 अपरान्ह 10:00 बजे से। |
| वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड/डालने की तिथि | 27 नवम्बर, 2021 प्रातः 12:00 बजे से। |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 04 दिसम्बर, 2021 सायं 10:00 बजे तक। |
| ई–प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी व वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 04 दिसम्बर, 2021 सायं 03:00 बजे। |

निविदा से सम्बन्धित जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर एवं किसी कार्य दिवस में नगर पालिका कार्यालय में सम्बन्धित पटल से देखा जा सकता है।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर–अम्बेडकरनगर।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर–अम्बेडकरनगर।



पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुधांशु अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम सुधांशु सिंह है सुधांशु और सुधांशु सिंह दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं सुधांशु सिंह पुत्र राज चंद निवासी मकान नंबर सी– 2149/9 इंदिरा नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पत्नी का नाम शैक्षिक प्रमाण पत्रों और आधार कार्ड के अनुसार हेमलता है, जो सही है। मेरे सर्विस रिकार्ड में गलती से उनका नाम हेमलता यादव अंकित हो गया है, जो गलत है। रामहर्ष यादव सेना सेवा नम्बर–जे0सी0 775849 एच रैंक नायब सूबेदार, 12 कोर जोनल वर्कशाप शिकारगढ़, जोधपुर

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं इन्द्रेश कुमार बिन्द पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम माधवपुर पोस्ट पैड़ापुर तहसील सदर का मूल निवासी हूँ। मैने एच०डी०एफ०सी० बैंक तेलियागंज मीरजापुर में खाता सं० 50100200435144 खोल रखा है। जिसमें मेरा नाम इन्देश कुमार है जोकि गलत है। मेरे सभी रिजल्ट, दस्तावेज व आधार में इन्द्रेश कुमार बिन्द है जोकि सही है। इसी को सही माना जावे।


# भ्रष्टाचार पर योगी सरकार में हुई सख्त कार्रवाई

## एसआईटी के इतिहास में सर्वाधिक 114 जांच व विवेचनाओं का हुआ निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जीरो टालरेन्स की नीति के तहत भ्रष्टाचार एवं वित्तीय गड़बड़ियों पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) की सक्रियता बढ़ाये जाने के फलस्वरूप बेहतर परिणाम सामने आये है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विशेष अनुसंधान दल के इतिहास में सर्वाधिक 114 जांचध्विवेचनाओं का निस्तारण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि एसआईटी द्वारा बड़ेए असरदार एवं विभिन्न पदों पर आसीन प्रभावशाली व्यक्तियों और लोकसेवकों द्वारा अपनी पहुंच और पद का दुरूपयोग कर किये जाने वाले गंभीर आर्थिक अपराधों और अन्य जटिल मामलों की जांच और विवेचना की जाती है। गृह विभाग द्वारा एसआईटी को ऐसे प्रकरण भी संदर्भित किये जाते है जिनमें राज्य सरकार एवं उसके अधीन कार्य कर रहे विभिन्न विभागों, संगठनों, संस्थाओं, निगमों, अधिकरणों आदि लोकसेवकों द्वारा स्वयं अथवा अन्य व्यक्तियों से सांठ.गांठ कर गंभीर राजस्वध्वित्तीय हानि पहुंचाई गई हो।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि विशेष अनुसंधान दल को वर्ष 2017 में 30ए वर्ष 2018 में 14ए वर्ष 2019 में 49ए वर्ष 2020 में 40 तथा वर्ष 2021 में अगस्त तक 36 जांचे अर्थात वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कुल 116 जांचेध्विवेचनाएं अभिदिष्ट की गयीं। अवस्थी ने विशेष अनुसंधान दल द्वारा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में निस्तारित महत्वपूर्ण जांचध्विवेचनाओं का विवरण देते हुए बताया कि जनपद सोनभद्र प्रकरण की विवेचना में दोष निर्धारित किया गया है। जनपद सहारनपुर में टपरी स्थित देशी शराब की फैक्ट्री में शराब निकासी में अनियमितताओं से राजस्व की क्षति होना प्रमाणित हुआ है। इसमें लगभग 35 करोड़ रुपये की एक्साइज चोरी उजागर कर 11 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। इसके अलावा जिन प्रकरणों में जांच से अनियमिततायें प्रमाणित हुई हैं उनमें प्रमुख नाम क्रमशः मोण् अली जौहर प्रशिक्षण संस्थानध्जौहर विश्वविद्यालय रामपुर की जांचए उप्र राजकीय निर्माण निगम लिण् द्वारा 137 निर्माण कार्यों में अनियमितताए उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मण्डल द्वारा 40 भर्तियों में अनियमितताए 17 मण्डलों में पशुधन प्रसार अधिकारी की भर्ती में अनियमितता, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया में की गयी अनियमितता आदि। उप्र जल निगम में 1300 पदों पर भर्ती में अनियमितताओं तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में अनियमितताओं की भी जांच एसआईटी द्वारा की गई। अपर मुख्य सचिव गृह ने विशेष अनुसंधान दल में प्रचलित महत्वपूर्ण जांचध्विवेचनाओं के प्रमुख प्रकरणों का विवरण देते हुए बताया कि आगरा विश्वविद्यालय द्वारा फर्जी डिग्री के मामलेए उप्र परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध वसूली का प्रकरणए जनपद गोण्डा के 28 महाविद्यालयों में अनियमितताओं का मामलाए समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति में अनियमितता प्रकरणए हज हाउस में निर्माण संबंधी अनियमितताए जनपद आजमगढ़ एवं मिर्जापुर के मदरसों में अनियमितताए मुरादनगर ;गाजियाबाद में शमशान के निर्माण कार्यए कानपुर में शस्त्र लाइसेंसों में अनियमितता व सरकारी भूमि पर भू.माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने आदि के मामले प्रमुख हैं।

# मतदाता सूची से डुप्लीकेट नाम हटाने को लेकर सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को मतदाता सूची से डुप्लीकेट नाम हटाने और फर्जी मतदाता को मतदान से रोकने के सम्बन्ध में पत्र लिखा है। उन्होंने कहा चूंकि 1 नवम्बर 2021 को प्रकाशित मतदाता सूची में भारी अनियमितता एवं गडबड़ी की शिकायत उजागर हुई है। अतः समाजवादी पार्टी मांग करती है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की अवधि 30 नवम्बर 2021 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर 2021 तक कर दिया जाये। ताकि प्रदेश के प्रत्येक विधान सभा के प्रत्येक मतदेय स्थल (बूथवार) पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा डुप्लीकेट मतदाता की पहचान की जा सके और चिन्हित डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी को सौपी जा सके तथा जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त अवधि में चिन्हित डुप्लीकेट मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने का काम कर सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिजौली सहसपुर विकास खण्ड मोहम्मदी

पत्रांक 5/2/टेण्डर विज्ञापन/सामग्री आपूर्ति/2021–22 दिनांक 26, नवम्बर 2021

**निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिजौली सहसपुर विकास खण्ड मोहम्मदी वर्ष 2021–22 की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार 15वाँ/चतुर्थ राज्य वित्त/मनरेगा से प्राप्त निधियों से पंचायत भवन/इण्टरलाकिंग/समस्त स्कूल में टायल निर्माण किया जाना है। जिसके लिए उचित गुणवत्ता, मानकयुक्त ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरी, टायल, नदी रेता आदि क्रय करने हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 26.11.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 02.12.2021 का समय 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। तथा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/सचिव ग्राम पंचायत में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने पर ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म विक्रेता से सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी। निविदा विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कराये जाने वाले कार्य | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 बिजौली सहसपुर में इंटरलाकिंग कार्य। | मु0 369524.00 | 10000.00 |
| 2 | उ0प्रा0वि0 बिजौली सहसपुर में इंटरलाकिंग कार्य। | मु0 347025.00 | 10000.00 |

निविदा प्रपत्र का क्रय दिनांक 26.11.2021 से 02.11.2021 के बीच तक ग्राम पंचायत कार्यालय से 100 रू0 की धनराशि अदाकर पंचायत से क्रय किया जायेगा, जमानत की धनराशि की वापसी कार्य की अवधि छः माह पूर्व होने के उपरान्त सामाग्री संतोष जनक पाये जाने पर वापस की जायेगी, जमानत की धनराशि का एफ0डी0आर0 ग्राम बिजौली सहसपुर के नाम बंधक होनी चाहिए।

प्रधान
ग्राम पंचायत– बिजौली सहसपुर
मोहम्मदी खीरी

सचिव
ग्राम पंचायत– बिजौली सहसपुर
मोहम्मदी खीरी

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 27 नवंबर , 2021



# वाराणसी की सड़कें भगवा और तिरंगा से रंगी नजर आईं, गूंजे राष्ट्रप्रेम के गीत



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भगवान शिव** की नगरी काशी शुक्रवार को आस्था और राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आ रही थी। मौका था आर्य महिला नागरमल मुरारका माडल स्कूल से निकले तिरंगा यात्रा का। जहां रास्ते भर सड़कें तिरंगा झंडा में नजर आ रही थीं तो दूसरी ओर वंदे मातरम और भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए छात्राओं का हुजूम निकला तो आजादी की 75 वीं जयंती पर भगवा के रूप में आस्था और देश प्रेम सड़कों पर उमड़ आया। तस्वीरों में देखिए शानदार आयोजन की झलकियां-तिरंगा यात्रा: विशाल तिरंगा यात्रा में राष्ट्रभक्ति के भाव में हजारों लोग सड़कों पर उतरे तो काशी राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत नजर आया।

**तिरंगा यात्रा में रथ पर तलवार**, ढाल के साथ स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा एवं झांकी आर्य महिला नागरमल मुरारका माडल स्कूल से प्रारम्भ हुई। तिरंगा यात्रा में इस विशाल तिरंगा यात्रा एवं झाकी में भारत माता रानी लक्ष्मी बाई एवं अहिल्या बाई के स्वरूप में झाकियां सजायी गयी थीं। तिरंगा यात्रा: यह तिरंगा यात्रा प्रात: 8.30 बजे आर्य महिला नागरमल मुरारका माडल स्कूल चेतगंज के प्रांगण से प्रारम्भ होकर लहुराबीर क्वींस कालेज , संस्कृत विश्वविद्यालय होते हुये वापस चेतगंज विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुयी। तिरंगा यात्रा में तिरंगा यात्रा में सबसे पहले शंख नाथ एवं डमरू की ध्वनि लोगों को स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं जयन्ती का आह्वान करा रहे थे। तिरंगा यात्रा में शंख व ध्वनि सुनकर भारत माता की जय के साथ लोग विशाल तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होते भारत माता के स्वरूप में तिरंगे झंडे से सजे एवं सैन्य बल के साथ एक विशाल यात्रा सुशोभित थी।

**तिरंगा यात्रा:** यात्रा के पीछे भारत की जनता भारत माता की जय एवं बन्दे मातरम के नारे लगाते हुये हाथ में तिरंगा लिये हुये चल रहे थे।

तिरंगा यात्रा में झांसी की रानी के स्वरूप में छात्रा एक रथ में सुशोभित रहीं तो मराठा वेश धारण किये हुये विरांगनाये भाले से सुसज्जित जय भवानी के उद्घोष के साथ उनके साथ चल रही थी। तिरंगा यात्रा में अहिल्या बाई के स्वरूप में छात्रा एक रथ में सुशोभित थी। जिनके पीछे साधु सन्त रुद्राक्ष की माला, लोहबान एवं केशरिया ध्वज लिये हर हर महादेव के उदघोष के साथ चल रहे थे।

## संविधान दिवस पर कांग्रेस ने शुरू किया सदस्यता विस्तार अभियान

**गाज़ीपुर।** गाजीपुर जिला कांग्रेस कार्यालय पर आज एक आवश्यक बैठक में बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस मनाया गयाए साथ ही आज कांग्रेस के महा सदस्यता अभियान की शुरुआत भी की गईए संविधान दिवस के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उत्तर प्रदेश में एक करोड़ नए सदस्य बनाने का फैसला किया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय फुल्लनपुर दलित बस्ती के साथ सभी जिले के सभी ब्लाकों में अपने अभियान की शुरुआत कर दी है। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने बताया कि इसके लिए पूरे प्रदेश में 23000 सदस्यता प्रभारियों के नेतृत्व में घर.घर जाकर कांग्रेस के सदस्य बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए न्याय पंचायत और वार्डों के 23 हजार प्रभारी कांग्रेस पार्टी के नए सदस्य बनाएंगे। इसी के परिपेक्ष्य में जनपद के सभी सोलह ब्लाकों में 5-5 हजार नए सदस्य बनाए जाने का आह्वान किया गया है जो बूथ स्तर पर कार्यन्वित होगा। आज संविधान दिवस के दिन खास तौर पर दलित बस्तियों में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकरनगर के योगदान पर विशेष चर्चा होगी। रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया है। प्रदेश सचिव डॉक्टर जनक कुशवाहा ने कहा कि देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही भारतीय राजनीतिज्ञों और विद्वेताओं ने देश के अपने एक विशेष संविधान होने पर चर्चा शुरू कर दी थी। इसी क्रम में 29 अगस्त 1947 को भारतीय संविधान के निर्माण के लिए एक प्रारूप समिति का निर्माण किया गया थाए जिसके अध्यक्ष के रूप में डॉ भीमराव अंबेडकर को नियुक्त किया गया था और उन्हें संविधान के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। डॉ अंबेडकर ने निरंतर दो वर्षों के अथक परिश्रम और विश्व भर के सभी संविधानों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद भारतीय परिस्थितियों के संदर्भ में संविधान का मसौदा तैयार किया और 26 नवंबरए 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के सामने रखाए जिसे उसी दिन अपना लिया गया।

## संविधान दिवस पर छात्र-छात्राओं को दिलायी गयी शपथ



**मऊ।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के निर्देशन पर मतदाता जागरुकता अभियान के तहत शुक्रवार को संविधान दिवस के अवसर पर नगर क्षेत्र के डीसीएसके पीजी कालेज में इकाई अध्यक्ष मोण् आसिफ के नेतृत्व में कैम्प लगाकर छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान छात्र सभा जिलाध्यक्ष एडण्दिलीप कुमार पाण्डेय की देखरेख में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं को नया मतदाता बनाया गया। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए छात्र सभा जिलाध्यक्ष एडवोकेट दिलीप कुमार पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के कंधों पर ही देश के निर्माण का दायित्व है। इसलिए युवाओं को अधिक से अधिक मतदाता बनकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। जिससे केन्द्र एवं प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार बन सके। उन्होंने युवाओं को उनके अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। नगर क्षेत्र के बड़ी रस्तीपुर में संविधान दिवस के अवसर पर छात्र सभा के पदाधिकारियो के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यर्पण करके श्रद्धा, सुमन अर्पित किया। साथ ही साथ समाजवादी पार्टी के संविधान की धारा 2 के अंतर्गत शपथ दिलाया।

## हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया डीएवी रिहंद में संविधान दिवस

**बीजपुर/सोनभद्र।** एन टी पी सी रिहंद स्टेशन के आवासीय परिसर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल, में शुक्रवार को बड़े ही उत्साह एवं उल्लास के साथ संविधान दिवस मनाया गया। आज के ही दिन देश की संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को विधिवत रूप से अपनाया था।यह संविधान हीं है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए संविधान निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमारे देश के संविधान सभा में 299 सदस्य थे। इस संविधान के निर्माण में दो वर्ष ग्यारह महीना अठारह दिन लगा था। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने मौजूदा संविधान को पारित किया था। इसलिए हम 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक मनोज पाण्डेय ने विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई।श्री पांडे ने संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद के विशेष योगदान की भी चर्चा की। उन्होंने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा रानू के नेतृत्व में सभी छात्र-छात्राओं ने 'भारत माता की जय' और 'वंदेमातरम का उदघोष किया। देश भक्ति से परिपूर्ण इस नारे से पूरा वातावरण गूंजायमान हो गया।इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

## क्विक न्यूज

### सपा सरकार बनी तो बेघर परिवारों को पक्के मकान का सपना पूरा किया जाएगा : मनोज डब्लू



**चंदौली।** सपा के राष्ट्रीय सचिव मनोज कुमार सिंह डब्लू शुक्रवार को भदाहूं गांव के दौरे पर थे। इस दौरान चौपाल लगाकर ग्रामीणों की दुश्वारियों व दर्द से रूबरू हुए। साथ ही उनमें कंबल का वितरण दिया। भरोसा दिया कि सपा की सरकार बनी तो भदाहूं को लोहिया गांव घोषित कराकर बेघर परिवारों के पक्के मकान का सपना पूरा किया जाएगा। इसके अलावा गांव की अन्य जरूरतों का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। अंत में उन्होंने समाजवादी पार्टी के हाथों को सशक्त बनाने का आह्वान ग्रामीणों से किया। इस दौरान उन्होंने संविधान दिवस के बारे में ग्रामीणों को बताया। कहा कि बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर के संविधान में प्रदत्त अधिकारियों व शक्तियों की देन है कि आज बड़े-बड़े महलों में रहने वाले रसूखदार गरीबों की झोपड़ी तक चलकर आ रहे हैं। आप से आपके वोट के लिए अनुनय विनय कर रही है। यह बाबा साहब डाण् भीमराव अम्बेडकर की त्यागए तपस्या के बाद दलितए पिछड़ों व गरीबों को मिला मतदान का अधिकार एक अमूल्य तोहफा है जो अनमोल है इसकी कीमत को समझें। कहा कि अपने मत का निष्पक्षए भयमुक्त व लोभरहित होकर इस्तेमाल करके लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दें।

### अनिल कुमार सिंह सपा में शामिल

**मीरजापुर।** जमालपुर विकास खण्ड के रेरूपुर ग्राम प्रधान अनिल कुमार सिंह शुक्रवार को अपने सैकड़ो समर्थकों के स ाथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने अनिल कुमार सिंह के सपा में शामिल होने पर बधाई देते हुए कहा कि पार्टी में शामिल होने से सपा को मजबूती मिली है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार सिंह ने कहा कि जो सम्मान सपा ने दिया है उनका मैं बखूबी पालन करते हुए सपा को जनपद में मजबूत बनाने का काम करूंगा।

### सपा ने दिलाई संविधान की शपथ

**मीरजापुर।** समाजवादी पार्टी संविधान दिवस के अवसर पर मूल कर्तत्यों का पालन करनेए संवैधानिक आदर्शोंए संस्थाओंए राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करने आदि की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने संविधान के प्रति निष्ठा एवं अपने कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि देश आजाद होने के बाद 26 नवंबर 1950 को संविधान लागू हुआए जिसके अनुरूप देश की शासन व्यवस्था चलती है। संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सरकारी विभागों में हुआ शपथग्रहण कार्यक्रम

**मिर्जापुर।** जनपद में सीएमओ कार्यालय समेत विभिन्न सरकारी संस्थाओं ध् कार्यालयों व प्रतिष्ठानों में मंगलवार को भारत के संविधान के प्रस्तावना का पाठन व मौलिक कर्तव्यों सम्बन्धित शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश स्तर से समस्त जिलाधिकारियों व मण्डलायुक्तों को निर्देश जारी किया था कि समस्त कार्यालयों व संस्थाओं में प्रस्तावना का पाठन व शपथग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाय। आदेश मिलते ही सभी विभागों में एक दिन पूर्व ही अधीनस्थ कर्मचारियों व अधिकारियों को समय से सूचित कर कार्यक्रम की भली भांति तैयारी कर ली गयी थी। इसी क्रम में सीएमओ कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को हम भारत के लोगए भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिण् तथा उसके विचार, अभिव्यक्ति,विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट की एकता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता बढ़ाने के लिये दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधा सभा में 26 नवम्बर को एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृतए अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

### भारत में जलवायु परिवर्तन आंदोलन के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण कहा : सुधीर मिश्र

**वाराणसी।** बनारस सस्टेनएबिलिटी कॉन्क्लेव के अवसर पर शुक्रवार को वाराणसी के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट, 2021 का विमोचन किया गया और उस पर चर्चा की, प्रदेश के जिला वाराणसी को किसी परिचय की ज़रूरत नहीं है। ये नगरी संगीत के उस्तादों, नामवर लेखकों, भारत की शोभा बढ़ाने वाले खिलाड़ियों और दिग्गज नेताओं और अभिनेताओं की जन्म और कर्म भूमि रही है। शुक्रवार को वाराणसी में पर्यावरण की सुरक्षा में विश्वविद्यालयों और नागरिक समाज की भूमिका पर एक सस्टेनेबिलिटी कॉन्क्लेव में ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी पर टेरी, ट्रस्ट लीगल, मधुसूदन हनुमप्पा और मजार द्वारा तैयार की गई सतत विकास रिपोर्ट 2021 का विमोचन शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021 को दोपहर 2: 30 बजे, नदेसर स्थित एक पंच सितारा पैलेस ग्राउड, वाराणसी में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती मृदुला जायसवाल, मेयर, वाराणसी नगर निगम, प्रणय सिंह, आईएएस, म्युनिसिपल कमिश्नर, वाराणसी नगर निगम, प्रोफेसर (डॉ.) राजेश कुमार मल, डीन और हेड, पर्यावरण संस्थान और सतत विकास, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, सुधीर मिश्रा, संस्थापक व प्रबंध भागीदार कानूनी अधिवक्ता, ट्रस्ट लीगल,सलाहकार और जेजीयू पर एसडीआर 2021 के सह-लेखक, प्रोफेसर (डॉ.) ए.एस. रघुवंशी, निदेशक और प्रोफेसर, पर्यावरण संस्थान सतत विकास, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, प्रोफेसर (डॉ.) कविता शाह, पूर्व डीन और हेड पर्यावरण संस्थान और सतत विकास, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, ब्रजेश सिंह, अध्यक्ष आर्थर डी. लिटिल इंडिया और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) सी राज कुमार मौजूद ने दीप-प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुभारंभ की। इस रिपोर्ट का शुभारंभ उपयुक्त समय पर हुआ है , जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित विश्व के नेता ग्लासगो में सी ओ पी 26 बैठक में भाग ले रहे थे।

### मकरा गांव में कैम्प लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच व दवाइयों का किया गया वितरण

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी टी के शिबु के निर्देशन में म्योरपुर ब्लाक के मकरा गांव में व रेनुकूट-अनपरा रोड पर डेंगू व मलेरिया के प्रकोप से कई लोगों के बीमार होने की सूचना पर मुख्य चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योरपुर, मोबाइल मेडिकल यूनिट, एम्बुलेंस तथा आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों के साथ जनपद के म्योरपुर ब्लाक के मकरा गांव व रेनुकूट-अनपरा रोड पर डेंगू व मलेरिया के प्रकोप से कई लोगों के बीमार व्यक्तियों, बच्चों, महिलाओं की स्वास्थ्य के जॉच हेतु कैम्प लगाकार स्वास्थ्य परीक्षण व ईलाज किया जा रहा है। कोविड-19 से बचाव हेतु वैक्सीनेशन में चिकित्सा अधीक्षक के उत्तरदावित्व के दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में टीम में संशोधन करते हुए बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. फैज अहमद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोपन की ड्यूटी लगायी गयी है। मकरा गांव व उसके आस-पास के गांव में चिकित्सा अधीक्षक म्योरपुर के निर्देशन में कैम्प आयोजित किया जायेगा। चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योरपुर के साथ-साथ मकरा गांव में स्वास्थ्य का परीक्षण व दवा-ईलाज भी कराया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नेम सिंह ने कहा कि ड्यूटी में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकगण को दी गयी जिम्मेदारी का सम्यक निर्वहन करेंगें। इस मौके पर डॉ. राजीव रंजन, डॉ. निदेश, डी एन श्रीवास्तव, पी के सिहं सुषमा सिंह कन्स्लटेन्ट सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### फरार चल रहा दस हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में वाछिंत/फरार चल रहे पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी घोरावल प्रदीप सिंह चन्देल के निकट पर्यवेक्षण में थाना घोरावल पुलिस द्वारा थाना करमा पर हाथी दांत तस्करी के मामले में वांछित/फरार चल रहे दस हजार के पुरस्कार घोषित अपराधी विमलेश केवट पुत्र विफुन उर्फ छोटेलाल निवासी तमई टोला बैरिहवा थाना गढ़वा सिंगरौली मध्य प्रदेश को क्षेत्र के पठका पनौली चौराहे के पास से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### हत्यारोपी को पुलिस ने दबोचा

**गाजीपुर।** जनपद के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के महरूपुर में हुई हत्या मामले के अभियुक्त अशरफखान को पुलिस ने बालापुर मोड़ सलेमपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से कत्ल में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है।

### ठग गिरफ्तार, जज के नाम पर स्पेक्टर से कर रहा था पैसे की वसूली

**गाजीपुर।** पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर से उच्च न्यायालय के जज के नाम पर ठगी करने वाले शातिर अभियुक्त को पुलिस धर दबोचा। प्रेस वार्ता के दौरान एसपी राम बदन सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर तौसीफुल खान के मोबाइल पर कुछ दिनों से रहमतुल्लाह खां नामक व्यक्ति द्वारा 130000 की मांग की जा रही थी। रहमतुल्लाह खान द्वारा फर्जी तरीके से शिकायत ईमेल आईडी के जरिए उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के नाम से की गई थी और निस्तारण के नाम पर 130000 बार.बार मांगे जा रहे थे। पुलिस द्वारा जालसाज को दबोचने के लिए कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लंका बस स्टैंड के पास पैसे देने के लिए बुलाया गया। आरोपी जैसे ही कार द्वारा वहां पहुंचा उसे दबोच लिया गया।

### सनबीम ग्रुप के स्वर्ण जयंती समारोह कार्यक्रम का आगाज आज

**वाराणसी।** उत्तर भारत का अग्रणी शिक्षण संस्थान सनबीम ग्रुप अपने 50वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। सनबीम ग्ररुप की इन 50 वर्षो की उपलब्धियों एवं भविष्य के लक्ष्यों को चिन्हाकिंत करते हुए वर्ष पर्यन्त चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनायी गई है। सनबीम ग्रुप के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह का आयोजन सनबीम वरूणा प्रांगण में सुबह पौने नौ बजे कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। तत्पश्चात 'दी आर्ट एंड साइंस ऑफ एजुकेशन' शीर्षक पर एक थॉट कनक्लेव का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सचिव सीबीएसई अनुराग त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति प्रो. डा. सी. राजकुमार होगें। उक्त जानकारी सनबीम वरूणा के प्रांगण में सनबीम ग्ररुप के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक, निदेशक श्रीमती भारती मधोक, उप निदेशक अमृता बर्मन एवं मानद निदेशक हर्ष मधोक ने सयुंक्त रूप से पत्रकार वार्ता में दी।

# काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में होगी आनंद की अनुभूति, घाट से लेकर मंदिर तक लगाये जायेंगे सुगन्धित फूल के पौधे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**श्री काशी** विश्वनाथ का सज-संवर रहा धाम एक बार फिर आनंद-कानन की अनुभूति कराएगा। बाबा दरबार से गंगधार तक 5,27,730 वर्गफीट में बनाए जा रहे कारिडोर में उन्हें प्रिय पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इनमें बेल व रुद्राक्ष के पेड़ तो होंगे ही अशोक, नीम व कदंब की भी छाया मिलेगी। चुनार के लाल पत्थरों की दीवारों के बीच हरियाली निखरेगी तो परिसर हरसिंगार के श्वेत-धवल फूलों की भीनी-भीनी सुवास से महमह हो जाएगा। गमलों में बेला, कनेर व मदार-धतूरा के पौधे भी लगाए जाएंगे। इसके लिए कारिडोर निर्माण के दौरान ही पेड़-पौधे लगाने की व्यवस्था कर ली गई है। मुख्य परिसर से लेकर मंदिर चौक और गंगा छोर तक पथरीली जमीन में चार फीट व्यास के गड्ढे बनाए गए हैं। ये सीधे मिट्टी के संपर्क में होंगे, इनमें पाइप लगा कर भीतर-भीतर ही हवा-पानी का इंतजाम किया गया है। स्थान अनुसार इन गड्ढों में छह से 15 फीट तक के पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इनकी संख्या लगभग 70 होगी। इसकी जिम्मेदारी कारिडोर का निर्माण कर रही कंपनी को दी गई है। पौधे 13 दिसंबर को लोकार्पण से ठीक पहले लगा दिए जाएंगे। वास्तव में श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर विस्तारीकरण-सुंदरीकरण परियोजना की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में ही हरियाली का खाका खींच लिया गया था। तय किया गया था कि लगभग 30 फीसद स्थान खुला-खुला और हरियाली व रंग- बिरंगे फूलों से खिला-खिला होगा। यह पर्यावरण की दृष्टि से तो किया ही गया, इसके पीछे आध्यात्मिक बिंदु को भी ध्यान में रखा गया। कारण यह कि पूर्व में बाबा दरबार क्षेत्र आनंद-कानन के रूप में ही जाना जाता था। श्रद्धालु गंगा में स्नान कर हरे-भरे क्षेत्र से होते मंदिर तक आते थे और बाबा का दरस-परस (दर्शन-स्पर्श) व जलाभिषेक कर तृप्त हो जाते थे।

**बेल:** भगवान शिव को बेल पत्र प्रिय है। शास्त्रीय मान्यता है कि महादेव लोटा भर जल व बेल पत्र से प्रसन्न हो जाते हैं।

**रुद्राक्ष व अशोक :** मान्यता है कि रुद्राक्ष व अशोक की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से है। रुद्राक्ष को शिव प्रसाद माना जाता है। अशोक शोक-चिंता को हरने वाला है।

फूल व मदार: भोले बाबा के पूजन में मदार, धतूरा, कनेर, बेला व हरसिंगार के फूलों का विशेष महत्व है।

**श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति मिलेगी**

काशी विश्वनाथ धाम का विस्तार व सुंदरीकरण मूल तत्व व प्रथा-परंपरा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा। समस्त बिंदुओं को समाहित कर रहे जो श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति दें। दीपक अग्रवाल, कमिश्नर व अध्यक्ष श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर कार्यपालक समिति।

## अप्रैल से अब तक 67 बच्चों का हुआ नि:शुल्क उपचार

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत नवम्बर माह में 03 बच्चों का वाराणसी स्थित हेरीटेज चिकित्सालय में कटे होठ का नि:शुल्क सर्जरी कराया। अप्रैल 2021 से अब तक इस प्रकार के 67 बच्चों का उपचार किया जा चुका हैए इस आशय की जानकारी कार्यक्रम के प्रबन्धक राकेश तिवारी ने दी। अपर मुख्य चिकित्सालय डाक्टर अरूण कुमार ने बताया कि जिले के 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा 263 सबसेन्टरों पर भी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत लगातार बच्चों का उपचार किया जा रहा है। नवम्बर माह में सामुदायिक स्वास्थ्य गुरूसण्डी दो बच्चे व अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के एक बच्चे का कटे होठ के मिलेए जिनकी उम्र 3.5 वर्ष का दो व एक 4 वर्ष तक के हैं। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ऐसे बच्चों का उपचार बिल्कुल नि:शुल्क कराया जाता है। इन बच्चों को लेकर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत टीम के डाक्टर हिमांशु चतुर्वेदी ने सरकारी खर्चे पर वाराणसी स्थित हेरीटेज चिकित्सालय में ले जाकर इनकी सर्जरी करायी व दो दिनों के बाद 16 नवम्बर को डाक्टरों के परामर्श के बाद ही लौटे और आज बच्चें बिल्कुल स्वस्थ्य है और अच्छे ढंग से खेल कूद रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता का कहना है कि इन डाक्टरों की जितनी प्रशंसा की जाये उतनी कम है।

## छुआछूत को धरातलीय रुप से दूर करने में संघ परिवार की है बहुत बड़ी भूमिका : राम नरेश


संवाददाता। गाजीपुर



**भारतीय जनता** पार्टी जिला कार्यालय छावनी लाईन पर आज 73 वां संविधान दिवस अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार राम की अध्यक्षता मे गोष्ठी आयोजित कर मनाया गया।

इस अवसर पर उ प्र अनुसूचित जाति एवं जन जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर के सपनो को साकार करते हुए समाज के कमजोर गरीब एवं असंगठित क्षेत्रों मे कार्य कर रहे लोगों को उनके हक एवं अधिकार को सम्मान प्रदान कर रहे है। उन्होंने भगवान राम के गुणए चरित्र एवं आदर्शो का उल्लेख करते हुए उन्हें समाज के लिए अनुकरणीयएआदर्शवादी बताया और उन्हें बाबा साहब डा भीम राव अम्बेडकर से जोडते हुए कहा की त्याग और बलिदान मनुष्य को महानता की सिद्धि प्रदान करती है। उन्होंने कहा की सामाजिक सम्मान मे छूआ छूत को धरातलीय रुप से दूर करने मे संघ परिवार की बहुत बडी भूमिका है। अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष शैलेश कुमार राम ने कहा राष्ट्रीय एवं समाजिक एकता सहित लोकतंत्र की मजबूती मे भारतीय संविधान ने बहुत बड़ा योगदान दिया है।

## मांगों को लेकर अभिभावक मंच का प्रदर्शन



संवाददाता। मऊ

**अभिभावक** मंच के सदस्यों ने शुक्रवार को अपनी विभिन्न 10 सूत्री मांगों को लेकर अध्यक्ष एडवोकेट अमरेश सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को सम्बोधित दस सूत्री मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान अभिभावक मंच के सदस्यों ने चेताया कि अगर उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो आरपार का संघर्ष किया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि शासन द्वारा सख्त रुख अख्तियार किए जाने के बावजूद जिले के कुछ शिक्षण संस्थान खुलेआम नियमों का उल्लंघन करते हुए छात्र-छात्राओं समेत अभिभावकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके खिलाफ अभिभावक मंच आरपार का संघर्ष करेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रुप से यूपी राय एडवोकेट, नीरज मिश्रा एडवोकेट, राकेश यादव, संतोष कुमार सिंह एडवोकेट, संदीप अग्रवाल ,डवोकेटए योगेंद्र प्रजापति एडवोकेट, वसीम अख्तर एडवोकेट,आरएस सिंह,गुप्तेश्वर सिंह संरक्षक, पवन कुमार सिंह, छोटेलाल फौजी, रोशन खान, अतुल कुमार सिंह एडवोकेट, छेदी सिंह, अरविंद यादव, अमरेश कुमार सिंह एडवोकेट अध्यक्ष अभिभावक मंच आदि उपस्थित रहे।

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में 6 पुरुषों ने प्राप्त की नसबंदी की सेवा

**सोनभद्र।** स्वास्थ्य विभाग की तरफसे जिले में चलाए जा रहे पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान अब तक छह पुरुषों ने नसबंदी की सेवा प्राप्त की है । 22 नवम्बर से शुरू हुआ यह पखवाड़ा चार दिसंबर तक चलेगा । इसके तहत परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए जहां प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं इच्छुक पुरुषों को नसबंदी की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर जी यादव ने बताया कि जनपद में महिलाओं के सापेक्ष पुरुष नसबंदी की संख्या कम है।

## छात्रसंघ चुनाव में हो रहे विलम्ब को लेकर सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** जनपद के पीजी कॉलेज में छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल आज प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने व छात्र संघ चुनाव की तिथि घोषित कराने संबंधित प्राचार्य डॉ राघवेन्द्र पाण्डेय को पत्रक सौंपा।छात्र नेता प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में काफी विलम्ब किया जा रहा जिससे पठन.पाठन पूरी तरह प्रभावित है जितेंद्र राय ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में विलंब होने से छात्र सरकार द्वारा चलाई जा रही छात्रेवृत्ति योजना से वंचित हो जाएंगे। जितेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया में देर होने से छात्र संघ चुनाव प्रभावित हो रहा हैए उधर प्राचार्य डॉ श्री पाण्डेय ने कहा कि आप सभी के मांगो को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा वही सभी छात्रों ने एक स्वर में कहा कि यथा शीघ्र प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ ही छात्र संघ चुनाव की तिथि शीघ्र घोषित नहीं कि गयी तो छात्र अपने मांग के समर्थन में उग्र आंदोलन को बाध्य होंगेए जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कालेज प्रशासन की होगी। पत्रक सौंपने वालों में पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्यायएप्रवीण कुमार पाण्डेयए जितेंद्र विश्वकर्माए अभि तिवारीएजितेंद्र रायए शिवम पालएअभिलाष यादवएविनय यादवए राजकुमार यादवए रोहन यादव इत्यादि छात्र मौजूद थे।

## आज भी उपेक्षा का दंश झेल रहा महुवाबारी टोला

**बीजपुर/सोनभद्र।** विकास खंड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के अम्बेडकर गांव का टोला महुवाबारी आजादी के आठवें दशक में प्रवेश करने के बावजूद भी उपेक्षा का दंश झेल रहा है।एक तरफजहां वर्तमान सरकार गांव के विकास के लिए बहुमुखी प्रयास में जुटा हुआ है वहीं दूसरी तरफइस टोले के विकास के प्रति किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान न जाने के कारण आज भी वहां के रहवासी झुग्गी झोपड़ी में रहकर किसी तरह मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करने को विवश हैं। किसी का ध्यान वहां के रहवासियों के विवशता पर नहीं जाता है। जनप्रतिनिधि भूलकर भी वहाँ दर्शन नहीं देते।

# प्रधानमंत्री सड़क योजना को लेकर सांसद ने डीएम के कार्यों की प्रशंसा की

## ● जिला योजना समिति की बैठक में विभागवार हुई चर्चा




उन्नाव। विकास भवन सभागार में सांसद डॉ. सच्चिदानंद हरि साक्षी जी महाराज की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सांसद द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सड़क योजना पर अच्छा कार्य किए जाने पर जिलाधिकारी की सराहना की गयी। विभागवार जनपद में किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की गई और जिला योजना समिति की बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्ताव के बारे में भी सूक्ष्मता से समीक्षा हुयी।

सांसद द्वारा कृषि विभाग पर चर्चा करते हुए उप कृषि निदेशक मुकुल तिवारी को योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए गये। उन्होंने कहा इस योजना के बारे में किसानों तक पूरी जानकारी पहुंचनी चाहिए। किस मद में कितना पैसा बचा है उसका एक प्रपत्र जारी करें जिससे कि अनुदान का पैसा किसान उपभोग कर सकें। विधायक सदर पंकज गुप्ता ने जिला वानिकी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा स्मृति वाटिका का उद्घाटन सांसद जी से करवाये। सांसद जी ने कहा वृक्ष जीवन प्रदान करते हैंए अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएंए वह जीवित भी रहने चाहिये। सरकार चाहती है कि हिंदुस्तान में अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाएं वृक्ष किसानों से लगवाए जाएं जिससे कि वह उनमें खाद पानी आदि डालते रहें। जिससे कि वृक्ष जीवित रह सकेंए किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न होने पाये। सांसद ने उपायुक्त मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा ग्रामीणों को अधिक से अधिक रोजगार दें जिससे कि कोई भी बेरोजगार न रहे तथा लेबर आदि का भुगतान समय से करा दें। उन्होंने समस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। पर्यावरण का काम अच्छे से कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के समस्त प्राथमिक विद्यालयों में विद्युत कनेक्शनए पानीए बाउंड्री आदि की व्यवस्था कराने हेतु तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को माध्यमिक शिक्षा के तहत प्रत्येक माध्यमिक विद्यालयों में बच्चों को विद्यालय में कोई भी समस्या न होने पाए तथा माध्यमिक विद्यालयों का सौन्दर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कराने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्य प्रकाश को एलोपैथए जिला अस्पताल में महिला वार्ड में बेड आदि की अच्छी व्यवस्थाए आयुष्मान कार्ड बनने में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण स्वच्छता हेतु समस्त ग्राम पंचायतों में शौचालयों की व्यवस्था हेतु समस्त आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा बैठक में समस्त अधिकारियों को जो भी निर्देश दिए गए हैं उन्हें पूरा कराना सुनिश्चित करें तथा बैठक में अधिकारी स्वयं आए अपने कर्तव्यों का पालन करना ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा है। जिसे हम सभी को मिलकर करना चाहिए तथा साथ ही सांसद जी ने प्रधानमंत्री रोजगार सड़क योजना पर अच्छा कार्य करने के लिए जिला अधिकारी की सराहना करी। जिला योजना समिति की बैठक में विभिन्न विभागों के बारे में चर्चा हुई और शासन को भेजे गए प्रस्तावों के बारे में सांसद जी ने विभागीय अधिकारियों से बजट मांग के संबंध में योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर कहा शासन की जितनी भी योजनायें हैं उनका लाभ आम जनमानस तक अवश्य पहुंचना चाहियेए योजना तभी सफल होगी जब अंतिम व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सकेगा। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारीगण अपने विभाग की योजना से संबंधित जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराएं और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को मानक के अनुरूप निस्तारित करें। उन्होंने कहा कोई भी अधिकारी अपने पटल पर कोई भी फाइल लंबित न रखें फाइलों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें।

सांसद जी ने कहा हर व्यक्ति को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की सुविधा अवश्य मिलनी चाहिये। सरकार इसके प्रति कटिबद्ध है शासन द्वारा जो भी संचालित योजनाएं हैं वह जन जन तक पात्र व्यक्ति तक अवश्य संबंधित विभागीय अधिकारी पहुंचाएं। बैठक में सांसद जी ने जिलाधिकारी की प्रसंसा करते हुवे कहा पूरे हिंदुस्तान में जनपद उन्नाव जिलाधिकारी के कार्य के प्रति समर्पण के चलते प्रधानमंत्री सड़क योजना में नंबर एक पर है।

## पुजारी के साथ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट कर किया मरणासन्न

**बांगरमऊ उन्नाव।** अज्ञात बदमाशों ने गुरुवार की रात बिल्हौर मार्ग पर कल्याणी नदी के किनारे विख्यात संत बाबा श्याम गिरी मंदिर के 50 वर्षीय पुजारी की लात.घूसों से पिटाई कर उसे मरणासन्न कर दिया। बदमाशों ने पुजारी के कमरे में रखी गृहस्थी ध्वस्त कर उसमें आग लगा दी और पुजारी की गोलक में रखे 8 हजार रुपए नगदी तथा मंदिर का दानपात्र कब्जे में लेकर भाग निकले। मंदिर के पुजारी ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर स्थित कल्याणी नदी पुल के निकट विख्यात संत बाबा श्याम गिरि का मंदिर बना हुआ है। मंदिर के बगल में ही जिले के प्रथम सांसद एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित विशंभर दयाल त्रिपाठी की समाधि भी स्थित है। मंदिर के पीछे बने एक कमरे में बीते कई वर्षों से नगर के मोहल्ला तलैया मुन्नू मियां निवासी पुजारी रामदास पुत्र निहाली रहते चले आ रहे हैं।

उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड **खुली ई–निविदा** अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्य हेतु दिनांक 17.12.2021 को 14:00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15:30 बजे के पश्चात् खोली जायेंगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि को आरटीजीएस/एनईएफटी अथवा सीधे **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के खाता संख्या–** 50200029446442, **आई0एफ0एस0सी0 कोड–HDFC0001914 बैंक का नाम– एच0डी0एफ0सी0 बैंक लि0, लखीमपुर** में जमा करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, लखीमपुर के कार्यालय से 17.12.2021 को 14:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र www.etender.up.nic.in से भी अपलोड किये जा सकते है। खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कृपया सम्बन्धित वेब साइट को समय–समय पर संभावित परिवर्तनों हेतु अवलोकित करें। **खुली ई–निविदा सूचना सं० 05/वि0पारे0ख0(लखी0)/2021–22** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र निघासन पर 160एम0वी0ए0 परिवर्तक की स्थापना हेतु स्ट्रक्चर विद्युत रचना इकाई नैनी प्रयागराज में छाटने– गिनने तथा ट्रक पर लोड करने नैनी प्रयागराज से 220 के0वी० उपकेन्द्र निघासन तक ढोने एवं उतारने आदि कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0–1000.00/–मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)–590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **खुली ई–निविदा सूचना सं0 06/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2021–22** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत 232 के0वी० उपकेन्द्र गोला पर बसबार एवं 3 अदद 132 के०वी0 बे निर्माण के लिए स्ट्रक्चर के छाटने गिनने ट्रक पर लोड करने नैनी प्रयागराज से 132 के0वी0 उपकेन्द्र गोला तक ढोने एवं उतारने आदि कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0–1500.00/–मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)–590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **खुली ई–निविदा सूचना सं० 07/वि0पारे0ख0 (लखी0)/2021–22** विद्युत पारेषण खण्ड लखीमपुर के अन्तर्गत स्थापित 220 के0वी० उपकेन्द्र निघासन पर 4 न0, 132के0वी0 उपकेन्द्र पलिया पर 11 न0 एवं 132के0वी० उपकेन्द धौरहरा पर 5 न0 33के0वी0 फीडरों की ओव. रहालिंग का कार्य हेतु, धरोहर धनराशि रू0–2000.00/–मात्र, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0)–590.00/–मात्र (प्रति निविदा)। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0लि0 132 के0वी0 उपकेन्द्र (छाउछ) लखीमपुर–खीरी–उ0प्र0 262701** पत्रांक–1180 दिनांकः–26.11.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :– **ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2021-147 कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल–कैमपियरगंज–आनन्दनगर स्टेशनों के मध्य कि.मी. 39/0–2 पर नये नहर पुल सं० 16ए (1x6.1m) का पी.ए.सी. स्लैब द्वारा निर्माण। अनुमानित लागत (₹) :** 24704907.27, **समापन अवधि**–15 माह। 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2021-147** के लिये ई-निविदा दिनांक 20.12.2021 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायें गी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू-282 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मृतक की जांच के लिए अधिकारी नियुक्त

**कानपुर देहात।** उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अनुसार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-1, कानपुर देहात को तत्काल प्रभाव से उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपीठ में सम्बद्ध किया गया है। ऐसी दशा में उक्त न्यायालय में लम्बित मृतक बन्दी प्रभात मिश्रा उर्फ कार्तिकेय, थाना चौबेपुर, कानपुर नगर की जॉच पत्रावली को तत्काल प्रभाव से स्थानान्तरित करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-2, कानपुर देहात को मृतक बन्दी प्रभात मिश्रा उर्फकार्तिकेय, थाना चौबेपुर, कानपुर नगर की जांच हेतु जॉच अधिकारी नियुक्त किया है, जो जॉच पूर्ण कर 15 दिन के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

## दूसरे दिन के मुकाबलों में इटावा और पुखरायां की टीमें जीतीं

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**स्थानीय** रामस्वरूप ग्राम उधोग इंटर कॉलेज के मैदान में इलेविन स्टार के क्रिकेट क्लब पुखरायां की ओर ओर से आयोजित टूर्नामेंट के दूसरे दिन औरैया बनाम इटावा और कालपी बनाम पुखरायां के बीच दो मैच खेले गए। जिनमें इटावा और पुखरायां की टीम ने जीत दर्ज कराई। पुखरायां टीम के उत्कर्ष को मैंन ऑफ दा मैच के खिताब से नवाजा गया। पूर्व चेयरमैन मुन्ना कुरैशी ने पुरस्कार दिया।

पहले मैच में इटावा टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर के मैच में टीम के सदस्यों ने 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नमन ने 64 गेंदों में 105 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी औरैया टीम के सभी सदस्य महज 98 रन के स्कोर पर आल आउट हो गए। दूसरे मैच में कालपी की टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया। निर्धारित 16 ओवर टीम के सदस्यों ने 107 रन का स्कोर बनाया। इसमें शिवेन्द्र ने 43 गेंदों में 49 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुखरायां की टीम सिर्फ12 ओवरों में जीत हासिल करली। जिसमें उत्कर्ष ने 15 गेंदों में 31 रन बनाए। पूर्व क्रिकेटर शमीम कुरैशी और अंजुम खान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। बसपा नेता संजीव सचान ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे।

## भाजपा नेता के घर लाखों की चोरी

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रघुवंशपुरम में बीती रात चोरों ने भाजपा नेता के सूने घर में घुसकर नगदी जेवर समेत पॉच लाख का माल पार कर दिया। भुक्तभोगी भाजपा नेता ने कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शहर के रघुवंशपुरम निवासी भाजपा नेता अमित ठाकुर जो दिन पूर्व अपने परिवार समेत अपने पैत्रिक गांव गया भोज में गये थे। इधर सूना घर देख चोरों ने घर के अंदर घुस गये और दरवाजों में लगा ताला तोड़ अलमारी का लॉकर तोड़ नगदी जेवर व घर का अन्य सामान समेत पॉच लाख रूपये की चोरी कर ले गये, इसकी जानकारी पड़ोसियों ने भाजपा नेता को दी जिस पर मौके पर पहुंच अमित ठाकुर ने पुलिस को सूचना दिया।

## दहेज में बाइक न मिलने पर युवक ने की आत्महत्या

**पुखरायां,कानपुर देहात।** दहेज में बाइक न मिलने के कारण एक युवक ने भोगनीपुर थाना क्षेत्र के पिपरी गांव के सामने झांसी-कानपुर रेलवे रूट में तेज रफ्तार ट्रेन के आगे छलांक लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भोगनीपुर के कस्बा अमरौधा निवासी पुली के पुत्र शिबू (20) की शादी परिवारीजनों ने पक्की कर दी। लेकिन ससुरालीजन दहेज में मोटरसाइकिल नहीं दे रहे थे। जिससे नाराज होकर वह झांसी-कानपुर रेलवे रूट में पिपरी गांव के सामने एक तेज रफ्तार ट्रेन आगे छलांग लगा दी। जिससे उसके शरीर के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## आप पार्टी का मनाया गया नौवां स्थापना दिवस

**पुखरायां, कानपुर देहात।** कस्बा स्थित आप कार्यालय में पार्टी का नौवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कहा कि आप पार्टी दिन प्रतिदिन जनसमस्याओं की ओर गंभीरता से ध्यान दे रही है पिछले माह चले सदस्यता अभियान में कानपुर देहात में बढ़ चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया और कई हजार लोगों ने आप की सदस्यता ग्रहण की स्थापना दिवस में केक काटकर मनाया गया।

## सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल, रेफर

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के झांसी-कानपुर हाइवे पर बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें तीन लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगो की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को सीएचसी लाया गया। उपचार के बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गौर गांव के अविनाश ने बताया कि ,गांव के रवि (25) और दीपक (18) एक से गजनेर थाना क्षेत्र के पतरा गांव गए थे। सुशील कुमार (40) गुरुवार देर रात को तीनों लोग एक ही बाइक में सवार होकर किसी कार्य के लिये कानपुर की ओर जा रहे थे। झांसी-कानपुर हाइवे पर नगर पालिका के मोड़ के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर घटनास्थल पर एम्बुलेंस पहुची और घायलो को सीएचसी लाया गया। जहां पर डॉक्टर मनोज ने उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है।

## तीन आरोपी तमंचा व राइफल समेत गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव बरारिख में गुरुवार को हुई फायरिंग व जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित अवधेश दुबे, महेंद्र दुबे व गौरव दुबे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अवधेश से 315 बोर तमंचा, दो कारतूस व एक खोखा और महेंद्र के पास से 315 बोर देशी राइफल व कारतूस बरामद हुए। गौरव से मारपीट में प्रयुक्त डंडा मिला। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया। पूछताछ में बताया कि उनकी विदुर दुबे से रंजिश है।

## कोटेदार स्कूल तक नहीं पहुंचा रहे राशन, सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद ।** नगर शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत की गई है कि मध्यान्ह भोजन योजना का राशन कोटेदार स्कूल तक नहीं पहुंचा रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी हैए लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोटेदार का राशन कम भी दे रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से दिए गए ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष संजय तिवारी, सुनीता देवी, निधि यादव, दिव्या यादव, रेशमा आरा, नीरज, यासमीन बेगम, रेशमा बानो व नरेंद्र पाल सिंह के हस्ताक्षर हैं। .

## युवक को पीटकर घायल किया

**नवाबगंज फर्रुखाबाद।** गांव रसूलपुर घुमैया निवासी प्रवेश कुमार के खेत में लगी सबमर्सिबल गुरुवार रात अचानक चालू हो गई। जिससे गांव के ही युवक के खेत में खड़ी आलू की फसल में पानी भर गया। शुक्रवार सुबह युवक व उसके स्वजन ने प्रवेश के भाई संजीव पर खेत में पानी भरने का आरोप लगाकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। संजीव कुमार ने तीन नामजद लोगों के खिलाफतहरीर दी।

## मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज थाना के गांव भड़ौसा निवासी मोहम्मद आमिर ने गांव के ही कदीर, अनस तथा बबलू के खिलाफएनसीआर दर्ज कराई। जिसमें कहा कि 23 नवंबर को वह अपने पिता आमिर खान के साथ आपसी पंचायत कर रहा था। उसी दौरान आरोपित आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट करने लगे। मां रुखसाना बेगम बचाने आई तो इन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट की। मां के गंभीर चोटे आईं।

## शिक्षक संघ की कमेटी घोषित, धांधली के आरोप में फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद।** उत्तर-प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ बढ़पुर विकास खंड की कमेटी शुक्रवार को घोषित कर दी गयी। वहीं दूसरी तरफआरोप लगाया गया कि चुनाव परिणाम आनें से पूर्व ही विजयी प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गयी। आरोप के संयोजक का पुतला फूंककर नारेबाजी की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्थित शिक्षक भवन में शिक्षक संघ का चुनाव पर्यवेक्षक राजकिशोर शुक्ल, निर्वाचन अधिकारी अवनीश चौहान, सहायक निर्वाचन अधिकारी अमित मिश्रा की देखरेख में कराया गया। जिसमे प्राथमिक विद्यालय रायपुर के मुन्ना लाल यादव को निर्विरोध अध्यक्ष, नीरज सक्सेना को मंत्री,श्याम सिंह यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम सिंह यादव के साथ ही चार उपाध्यक्ष, एक महिला उपाध्यक्ष, शीशराम शाक्य को कोषाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार को संयुक्त मंत्री, स्वेता देवी व निशीवाला यादव को संगठन मंत्री महिला, तीन संगठन मंत्री बनाये गये। सुमन वाथम प्रचार मंत्री, चार को प्रचार मंत्री, सर्वेश शाक्य एकाउंटेंट व विवेक यादव को आडिटर बनाया गया है।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**फर्रुखाबाद।** संकिसा में शुक्रवार को नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने मायके वालों को समझा बुझाकर शांत कर कार्रवाई का भरोसा दिया। घटना के बाद सास और ससुर फरार हो गए। जबकि पति को हिरासत में ले लिया। मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव नगला सूदन निवासी 25 वर्षीय विनीता राठौर का शव शुक्रवार सुबह 10 बजे कमरे में लगी बल्ली पर स्टाल के सहारे लटका मिला। प्रधान नन्हेंलाल ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी जगदीश वर्मा फोरेंसिक टीम के साथ जांच करने मौके पर पहुंचे। तहसीलदार श्रद्धा पांडेय ने घटनास्थल पर आकर जांच की। घटना के बाद सास रानी देवी और ससुर ताहर सिंह राठौर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पति विपिन कुमार राठौर को फर्रुखाबाद से बुलाया। जब वह मौके पर पहुंचा तो उसे हिरासत में ले लिया गया। विपिन फर्रुखाबाद में पिज्जा की सप्लाई करता है। थाना प्रभारी ने जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव मझगवां गदनपुर तुर्रा निवासी मृतका के पिता रामपाल राठौर को पुत्री की मौत की जानकारी दी। इस पर वह अन्य स्वजन के साथ मौके पर पहुंचे। पुत्री का शव देखकर मां तारावतीए चाची सुशीला देवीए रामा देवी आदि स्वजन रोने बिलखने लगे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 भेलूपुर पावर हाउस, वाराणसी**
**पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** अनुभवी फर्मों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दो भागों में मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें ई–टेण्डर के माध्यम से निम्नविवरणानुसार आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 13.12.2021 समय 13.00 बजे तक ऑनलाइन ई–निविदा अपलोड की जायेगी जो उसी दिन दिनांक 13.12.2020 को 16.00 बजे से खोली जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा का विवरण/डाउन लोडिंग एवं संशोधन/शुद्धिकरण एवं नियम व शर्तें संबंधी सूचनाओं हेतु वेबसाइट http//.etender.up.nic.in को देखें। **क्रम सं0** 1. **निविदा विशिष्टि संख्या** 83/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला मण्डल वाराणसी के अन्तर्गत विभिन्न कार्यशाला केन्द्रों में प्रयुक्त होने वाली Flexible copper strip 45x1 mm, 60x1 mm and 40x5 mm Aluminium strip का क्रय। **धरोहर धनराशि रू0** 62000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 1180.00 **क्रम सं0** 2. **निविदा विशिष्टि संख्या** 84/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला केन्द्र साहुपुरी चन्दौली में 10,25,63 एवं 100 केवीए क्षमता के क्षतिग्रसत परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 68400.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 3540.00 **क्रम सं0** 3. **निविदा विशिष्टि संख्या** 85/वि0कार्य0शा0म0 (वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला खण्ड प्रयागराज के अन्तर्गत कार्यशाला केन्द्र फेहपुर बेरूईहार में Cylindrical body C.R.G.O Shell type Core 25 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 14000.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 3540.00 **क्रम सं0** 4. **निविदा विशिष्टि संख्या** 86/वि0कार्य0शा0म0(वा0)/2021–22 **कार्य का नाम** विद्युत कार्यशाला मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न विद्युत कार्यशाला खण्डों में मध्यम क्षमता के परिवर्तकों का स्थापित स्थल पर मरम्मत करने का कार्य। **धरोहर धनराशि रू0** 44520.00 **निविदा शुल्क (जी0एस0टी0 सहित) रु0** 3540.00 **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्यशाला मण्डल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी** पत्रांक–2199 दिनांक–26.11.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत जानपद खण्ड (वितरण) मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड न्यू हाइडिल कालानी, सिविल लाइन, गोण्डा–271001 मध्यान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, लखनऊ अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 12/वि0जा0खं0 (वि0)/गोण्डा/ई–टेण्डर/2021– 22** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित निविदाओं के समक्ष उनके सम्मुख अंकित कार्य को संपादित कराने हेतु दो भागों में अलग–अलग निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मुख्यालय लखनऊ की वेबसाइट ''http://www.mvvnl.in" तथा उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाईट ''http://etender. up.nic.in" से देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा का प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग वेबसाईट पर लोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 13.12.2021 समय 17:00 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि 14.12.2021 समय 14:30 बजे से तकनीकी भाग खोला जायेगा। ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदा प्रपत्र का मूल्य, धरोहर धनराशि, जी0एस0टी0 पंजीकरण पत्र, पैन कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, कैंसिल्ड चेक की प्रति, श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र, पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र एवं सरकारी विभाग में जानपदीय कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। उक्त प्रपत्र धारक निविदादाता ही ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु पात्र होगें। आर्हयता न पूर्ण करने की स्थिति में निविदादाताओं के भाग–2 पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के प्रथम भाग के परीक्षणोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के द्वितीय भाग (वित्तीय भाग) को खोला जायेगा, जिसकी सूचना अर्ह निविदाकारों को ई–मेल द्वारा दी जायेगी। निविदा प्रस्ताव केवल ई–टेण्डरिंग वेबसाईट ''http://etender.up.nic.in" पर उक्त निर्धारित तिथि तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने का मूल्य एवं घरोहर धनराशि जो "Executive Engineer, Electricity Civil Division (Distribution) Gonda" के पंजाब नेशनल बैंक, गोण्डा के A/c No. 2024002100005846 एवं IFSC Code-PUNB0202400 में दिनांक 27.11.2021 के पश्चात ही RTGS/NEFT के माध्यम से सीधे खाते में जमा की जायेगी तथा साक्ष्य के रूप में योज्य यू0टी0आर0 संख्या, खाते का नाम, निर्गतकर्ता बैंक अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एवं निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति पार्ट–1, के साथ अपलोड करना आवश्यक होगा, अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रथम भाग खोलने की तिथि के दिन सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में या इन्टरनेट/तकनीकी बाधित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को उपरोक्त समय तक खोला जायेगा। निविदा की वैधता न्यूनतम 120 दिन होगी। निविदा के अन्तर्गत मात्रा 25 प्रतिशत कम या अधिक हो सकती है। भविष्य में इस निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खोलने की तिथि में विस्तार होता है तो उसकी सूचना ई–टेण्डर वेबसाइट ''http://etender.up.nic.in तथा म०वि0वि0नि0लि0 मुख्यालय लखनऊ की वेबसाईट– ''http://www.mvvnl.in" पर उपलब्ध कराई जायेगी। शीघ्र सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित करने वाले निविदादाता को कार्य आबंटन में प्राथमिकता दी जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदाओं को निरस्त कर अथवा दो या दो से अधिक ठेकेदारों में विभक्त कर सकते हैं। निविदायें आनलाईन डालने हेतु निविदादाता को किसी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाईंग अथारिटी द्वारा जारी डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। **क्र0सं0** 1 **निविदा विशिष्ट संख्या** 25/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई–निविदा/2021–22 **कार्य का नाम** न्यू हाइडिल कालोनी परिसर में स्थित सड़क, प्रांगण एवं नाली इत्यादि की दैनिक साफ–सफाई का कार्य। **कार्यावधि** 12–माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.12.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 14.12.2021 **क्र0सं0** 2 **निविदा विशिष्ट संख्या** 26/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई–निविदा /2021–22 **कार्य का नाम** प्रबन्ध निदेशक कैम्प कार्यालय में जानपदीय अनुरक्षण का कार्य। **कार्यावधि** 12–माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.12.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 14.12.2021 **क्र0सं0** 3 **निविदा विशिष्ट संख्या** 27/वि0जा0खं0(वि0)/गोण्डा/ई–निविदा/2021–22 **कार्य का नाम** 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मोतीपुर जनपद बहराइच के कन्ट्रोलरूम की छत पर रूफ ट्रीटमेन्ट का कार्य। **कार्यावधि** 1–माह **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित)** 590.00 **धरोहर धनराशि (रु0)** 4000.00 **निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय** 13.12.2021 सायं 5:00 बजे तक **निविदा खोले जाने की तिथि** 14.12.2021 **अधिशासी अभियन्ता** पत्रांक– 495 दिनांक–26.11.2021 हेल्पलाइन नम्बर–1800 1800440 ''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें।''

## चोरी करने घुसे युवक को पकड़कर पीटा

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम दलियानपुर में रिश्तेदारी में आये 28 वर्षीय युवक गांव के ही एक घर में चोरी करने के इरादे से घुस गया जिसे पकड़कर गृहस्वामी व अन्य लोगों ने पीट दिया बाद में बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि भुक्तभोगी ने थाने में कोई तहरीर नही दी है। बताते चले कि खागा कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत रहने वाला स्व0 जगदीश का पुत्र रामू जो थरियांव दलियानपुर रिश्तेदारी में आया था। बताते है कि बीती रात वह एक घर में चोरी करने के इरादे से घुस गया तथा पीतल की बड़ी परात, साइकिल व अन्य सामान चोरी कर ले गया। इस बात की भनक जब गृहस्वामी जिसने अपना नाम नही बताया व उसके साथियों ने उसे पकड़कर पूछा तो उसने बताया कि चोरी किया है जिस पर उसकी पिटाई कर दी। जब वह बेहोश हो गया तो उसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिये जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 अरविन्द सचान ने बताया कि रामू जो बेहोशी की हालत में लाया गया है जिसकी मेडिकल करने के बाद जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

## संविधान दिवस के अवसर पर ईओ ने शपथ दिलायी


सॅविधान दिवस के अवसर पर नगर पंचायत रूरा के कर्मचारी शपथ लेते हुये

**रूरा, कानपुर देहात।** सॅविधान दिवस के अवसर पर ईओ पवन किशोर मौर्य ने नगर पॅचायतकर्मियों को शपथ दिलायी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह सहित अन्य नगरपॅचायतकर्मी मौजूद रहे।

नगर पॅचायतकर्मियों को शपथ दिलाते हुये ईओ पवन किशोर मौर्य ने बताया कि सॅविधान दिवस के अवसर पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का का नागरिक होने का अहसास होता है बल्कि संविदधान में उल्लिखत मौलिक अधिकारों से हमें अपना हक मिलता है। उन्होंने आगे कहा कि सॅविधान के बिना देश्ज्ञ के प्रशासन को संचालित करना लगभग असॅभव है। उन्होने बताया कि मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियॉभी याद दिलाते है अमें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के साथ हीदेश समाज और अन्य के प्रति कर्तव्यबोध के ज्ञान का ग्रन्थ भारतीय सॅविधान कराता है। शपथ दिलाने के दौरान वरिष्ठ लिपिक वीएन सिंह, याद कुमार यादव, सैनूर अहमद, राजेश कुमार रावत, नागेन्द्र सिंह सेंगर, श्ज्ञिवम सिंह, अभिषेक शुक्ला, आकाश्ज्ञ कुशवाहा, अजय सिंह उर्फ बिल्लू भदौरिया सहित अन्य नगर पॅचायतकर्मी मौजूद रहे। हमारे पुखरॉया सॅवाददाता के अनुसार अमरौधा के ब्रजबिहारी मेहरोत्रा इण्टर कालेज में भी सॅविधान दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा ने शिक्षकों व छात्रों को शपथ दिलायी।

## रतनपुर गांव में दलितों ने लगाए मकान बिकाऊ है के पोस्टर



**फर्रुखाबाद।** थाना जहानगंज के रतनपुर गांव में दलित उत्पीड़न के आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से नाराज दलित समाज के लोगों ने सार्वजनिक रूप से मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगाकर विरोध जताया। ग्रामीण बोले दबंग आए दिन धमकी दे रहे हैंए लेकिन पुलिस उन्हें गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिस कारण वह लोग भयभीत हैं। तीन दिन पूर्व रतनपुर गांव में दबंगों द्वारा दलित के साथ मारपीट करने के मामले में छह लोगों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी न होने से नाराज ग्रामीणों ने दलित बस्ती के मुख्य मार्ग पर दलित बस्ती के सभी मकान बिकाऊ है का बैनर टांग दिया है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण रमेश चंद्र, जागेश्वर दयाल, अरुण कुमार, रामआसरे, गिरीश चंद्र, वीरेंद्र, जयपाल, रूपलाल, कृपाल सिंह, कमलेश, सुनील व मोहनलाल आदि लोगों ने बताया कि गांव के ही सुरजीत को दबंगों ने मंडी में गल्ला ले जाने के लिए दूसरा ट्रैक्टर लेने पर बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसमें सुरजीत ने मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस ने अब तक किसी भी आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया।

## खेतों में लगे कटीले तारों में उतरा करंट, किसान की मौत

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** खेतों में खड़ी फसल को वनरोज से बचाने ले लिए कटीले तारो में उतारे गये बिजली के करंट की चपेट में आनें से किसान की मौत हो गयी। परिजनों नें हंगामा किया। परिजनों नें आरोपी खेत मालिक के खिलाफमुकदमा दर्ज करनें की मांग की। थाना क्षेत्र के ग्राम श्रंगीरामपुर निवासी 45 वर्षीय रावेन्द्र जाटव पुत्र रघुनाथ की पत्नी राजबेटी नें बताया कि सुबह 5 बजे उसका पति रावेन्द्र खेतों में खाड़ी आलू की फसल में पानी लगानें के लिए गया था। उसी दौरान अचानक चौपेड़ा निवासी कश्मीर सिंह के खेत में लगे कटीले तारो में आ रहे बिजली के करंट की चपेट में आ गये। जिससे उसकी मौत हो गयी। उसका पुत्र बाल–बाल बच गया लेकिन वह गंभीर हो गया। मृतक की पत्नी रामा देवी का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस थानाध्यक्ष मौके पर आ गये। परिजनों नें कश्मीर सिंह पर खेतों में करंट उतारने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज करनें की मांग की।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# सभी के विकास को लेकर आगे बढ़ रही सरकार: योगी

## ● श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं एवं वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचे सीएम



**संवाददाता।** अयोध्या

**उत्तर** प्रदेश श्रम विभाग एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं एवं वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम राजकीय इंटर कालेज में आयोजित किया गया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अयोध्या मण्डल के जनपद अयोध्या, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अमेठी, अम्बेडकरनगर के 3915 जोड़ों का शादी समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा अपने सम्बोधन में कहा कि इस वृहद सामूहिक विवाह समारोह भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या में आयोजित किया जाना ये अपने आप में ऐतिहासिक निर्णय है। इसके लिए मैं उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य, राज्यमंत्री मनोहर लाल कोरी तथा अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रघुराज सिंह सहित श्रम विभागए मण्डल प्रशासन, जिला प्रशासन आदि के साथ साथ अपने जनप्रतिनिधियों, सांसद, विधायक सभी को बधाई देता हूं। श्रम विभाग की अनेक योजनाएं संचालित होती है जो हमारी सरकार मार्च 2017 के बनने के बाद उसमें और तेजी आयी है तथा सीधे आम लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। आज संविधान दिवस है आज ही के दिन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने हमें विश्व का सबसे अच्छा संविधान दिया था। उसी में यह व्यवस्था है कि हम सभी लोग बराबर है। उसी की कड़ी में आज श्रमिकों की मेहनतकशों की लड़के.लड़कियों की शादी में पूरा उत्तर प्रदेश सरकार भाग ले रहा है तथा मैं भी आप सब लोगों को आर्शीवाद देने एवं शुभकामना देने के लिए आया हूं। इस कार्यक्रम से जहां 3915 शादी के जोड़ों की परिणय सूत्र में बंधने का एक आर्थिक सहायता युक्त लाभ प्राप्त हो रहा है। यही इनसे जुड़े हुये परिवारों को भी बेहतर अवसर मिल रहा है। यह सरकार मजदूरों की ही नही गरीबों की शादी के लिए भी समाज कल्याण विभाग के सहयोग से विवाह समारोह आयोजित कर रही है तथा इसका पूरा खर्चा भी उठा रही है। इस सहायता से जहां इसमें स्वाजातीय विभाग के लोगों को 55 हजार प्रति पुत्री, अर्न्तजातीय विवाह को 61 हजार प्रति पुत्री एवं प्रत्येक वर.वधू के उत्साह के लिए 5 हजार धनराशि दी जाती है तथा श्रमिकों के सामाजिक सहायता हेतु 2 लाख का आर्थिक सहायता तथा 5 लाख के बीमा भी किया जाता है। ऐसे विवाहों के आयोजन से बाल विवाह एवं दहेज आदि जैसी कूप्रथाओं पर रोक लग रही है। ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए मैं श्रम विभाग तथा अन्य विभागों को हार्दिक बधाई देता हूं। हमारी सरकार की मंशा है कि सबका साथ सबका विश्वास और सबकी भागेदारी के साथ हम आगे बढ़े उसी की कड़ी में बिना भेदभाव पूर्ण यह कार्य किया जा रहा है। इस शादी समारोह में 138 मुस्लिम जोड़ों ने भी अपना निकाह किया है। मैं उन सभी को भी बधाई देता हूं। मुख्यमंत्री जी द्वारा 11 शादी के जोड़ों को मंच पर बुलाकर आर्शीवाद दिया गया तथा उन्हें सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री जी द्वारा सभी को ऐसे आयोजन की बार.बार बधाई दी है तथा मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि मेरी सरकार में जहां आवासए निर्माणए भवन निर्माणए एक्सप्रेस वे निर्माण आदि के कार्यो में तेजी लायी है वही पर 59 हजार ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों एवं पंचायत भवन का निर्माण किया जा चुका है जो यह एक उल्लेखनीय सफ्लता है तथा सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है चाहे विद्युत का क्षेत्र हो चाहे विकास का क्षेत्र हो चाहे भेदभाव रहितए विभिन्न विभागों/ पुलिस विभागों में नियुक्ति का विषय हो। सभी में हमने सभी के विकास और ईमानदारी के साथ साथ आगे बढ़ रहे है। वृहद सामूहिक विवाह समारोह में उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा श्रम विभाग के विकास सम्बंधी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया तथा ऐसे आयोजनों के सफल बनाने के लिए सभी को बधाई दी है।

# इफ्को ने शुरू किया नैनो यूरिया का उत्पादन: डॉ. अवस्थी

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज




**इफ्को ने नैनो** तकनीक पर आधारित नैनो यूरिया तरल का उत्पादन शुरू किया है। इफ्को नैनो यूरिया पर्यावरण के अनुकूल तो है ही साथ ही यह अनूठा उर्वरक है जो विश्व में पहली बार इफ्को द्वारा विकसित किया गया है। जिसे भारत सरकार से मान्यता भी मिल गयी है। इफ्को ने नैनो यूरिया की पांच सौ मिली लीटर की एक करोड़ बोतल तैयार कर लिया है। जो किसानों के बीच अधिक से अधिक मात्रा में पहुंचाई भी जा चुकी है। शुक्रवार को इफ्को फूलपुर ईकाई परिसर स्थित कारडेट चौपाल में इफ्को के प्रबंध निदेशक डा उदय शंकर अवस्थी ने पत्रकारों को बताया कि नैनो यूरिया किसानों के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। क्योंकि किसी भी फ्सल की क्रांतिक अवस्थाओं पर नैनो यूरिया का पत्तियों पर छिड़काव करने से नाइट्रोजन की सफ्लतापूर्वक आपूर्ति हो जाती है। जिसके चलते उत्पादन और उत्पाद दोनों की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है।

इफ्को के एमडी डा उदय शंकर अवस्थी ने बताया कि स्वदेशी नैनो फर्टिलाइजर को दुनिया में पहली बार इफ्को नैनो बायोटेक्नोलॉजी रिसर्च सेंटर कलोल गुजरात में पेटेंटेड तकनीक से तैयार किया गया है। डा अवस्थी ने बताया कि नैनो यूरिया तरल प्रमुख पोषक तत्व नाइट्रोजन का स्रोत है जो कि पौधों में कार्बोहाइड्रेट एवं प्रोटीन के निर्माण और पौधे की संरचना और वानस्पतिक वृद्धि के लिए बेहद उपयोगी भी साबित होगा। बताया कि नैनो यूरिया की दो चार मिली लीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर खड़ी सभी प्रकार की फ्सलों में छिड़काव किया जा सकता है। डा. अवस्थी ने बताया कि नैनो यूरिया परंपरागत यूरिया से अधिक उपयोगी तो होगी ही साथ ही इससे टिकाऊ खेती होगी। बताया कि इसका उपयोग नाइट्रोजन की कम आवश्यकता वाली फ्सलों में मात्र 2 मिली लीटर और अधिक आवश्यकता वाली फ्सलों में 4 मिली लीटर तक प्रति लीटर पानी में मिलाकर पत्तियों में छिड़काव किसान सकते हैं। एमडी डा यू एस अवस्थी ने मीडिया को बताया कि इफ्को उत्तर प्रदेश में स्थित अपने फूलपुर संयंत्र में नैनो उर्वरक उत्पादन संयंत्र लगा रही है।

# बंद दुकान के बाहर कई दिनों से रह रही दूसरे प्रदेश से भटक कर आयी महिला

**अयोध्या जाना बाजार।** कई दिनों से छिप छुपाकर हैदरगंज बाजार में बंद दुकान के चद्दर के नीचे रह रही 28 वर्षीय महिला आस पास के दूकानदारों के लिए बड़ी चुनौती बन गई । भाषा से महिला दूसरे प्रदेश की बताई गई है । जो भटक कर हैदरगंज पहुंच गई । हैदरगंज पुलिस से कई बार शिकायत के बाद पहुंचे प्रभारी निरिक्षक महिला की सहायता होगी कहकर वापस चले गये। बताते चलें कि हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने खाली पड़े एक मकान के बरामदे में 1 लगभग 28 वर्षीय महिला कई दिनों से डेरा जमाए हुए है । महिला की बोल भाषा से वह किसी दूसरे प्रदेश की लग रही है। कई दिनों से वह चोरी.छिपे बंद मकान के बरामदे के कोने में पड़ी दिखाई देने पर आसपास के लोगों का दिल पसीज आया और महिला को कुछ खाने को देने लगे।


## भारतीय रिज़र्व बैंक

पर्यवेक्षण विभाग, 8-9, विपिन खंड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010

**शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सहारनपुर- प्रेस प्रकाशनी**

27 नवंबर 2021

**शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड के रूप में परिवर्तित होने पर शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लाइसेंस रद्द**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि आरबीआई के दिनांक 27 सितंबर 2018 के परिपत्र सं. डीसीबीआर.सीओ.एलएस.पीसीबी.परि.सं.5/07.01.000/ 2018-19 के माध्यम से आरंभ की गयी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों (यूसीबी) से लघु वित्त बैंकों (एसएफबी) में स्वैच्छिक परिवर्तन संबंधी योजना के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक ने शिवालिक मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का लघु वित्त बैंक के रूप में परिवर्तित होने पर लाइसेंस रद्द कर दिया है। तदनुसार, अब यह बैंक बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 56 के साथ पठित धारा 5 (सीसीआई) में परिभाषित सहकारी बैंक नहीं रह गया है और उक्त सहकारी बैंक पर लागू उक्त अधिनियम के सभी प्रावधान अब लागू नहीं हैं। परिवर्तित होने पर, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22(1) द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, शिवालिक लघु वित्त बैंक लिमिटेड को लघु वित्त बैंकिंग कारोबार करने के लिए दिनांक 01 जनवरी 2021 को लाइसेंस प्रदान किया गया था।

लखनऊ क्षेत्रीय निदेशक


## क्विक न्यूज

### उद्यमिता दिवस पर महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

**प्रयागराज।** महिला उद्यमिता दिवस पर अपने अग्रणी कार्यक्रम अमेजन सहेली के अंतर्गत अमेज़न इंडिया ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ प्रदेश भर की महिला उद्यमियों के साथ वह प्रयागराज की महिला उद्यमियों के विकास में तेजी लाने के लिए सहयोग की घोषणा की। इसके जरिए अमेज़न और सरकार लाखों महिला उद्यमियों की सहायता और उन्हें सशक्त बनाने के लिए एक साथ आएगी एवं अमेज़न संस्था समस्त राज्य की महिला एन्टरप्रेन्योर के साथ अपने व्यवसाय को ऑनलाइन पंजीकृत करने और व्यापक बाजार आधार तक पहुंचने के लिए सहायता करेगी। सरकार के साथ इस सहयोग के हिस्से के रूप में सहेली कार्यक्रम इसके प्रतिभा गियों के लिए ऑनलाइन बिक्री की बारीकियों को समझने के लिए उनसे जुड़ी महिला उद्यमियों की मदद करता है। साथ ही व्यापक प्रशिक्षण और कौशल विकास कार्यशालाओं की पेशकश करता है। जिससे महिला उद्यमियों पर अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए आवश्यक क्षमताएं और कौशल विकसित करना काफ़ी आसान हो जायेगा। अमेज़ॅन इंडिया के सेलर पार्टनर सर्विसेज के निदेशक सुमित सहाय ने कहा 2025 तक एक करोड़ एमएसएमई को डिजिटाइज़ करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हम उत्तर प्रदेश में यूपीएसआरएलएम के साथ राज्य भर में लाखों महिला उद्यमियों को प्रभावित और सशक्त बनाने के लिए सीधे सहयोग कर रहे हैं।

### महामारी की प्रकोप फैलने के बाद शिक्षा प्रणाली में हुआ बदलाव

**प्रयागराज।** भारत के सबसे भरोसेमंद एडुटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एक्सट्रामार्क्स ने अपना नया लोगो विजुअल पहचान और कैटेगरी में अपनी पोजीशन के लॉन्च की आज घोषणा की। कंपनी की ब्राडिंग के मूल तत्व नए विजुअल एसेट्स बन गए हैं। इसमें एक तरोताजगी से भरपूर कंपनी का लोगो और वन स्टॉप लर्निंग ऐप सोल्यूशन शामिल है। इसमें एक्सट्रामार्क्स के सिद्धांतों और मूल्यों जैसे मनोरंजन दिलचस्पी एकीकृत और समावेशी शिक्षा की झलक मिलती है। यह नई ब्रांडिंग पहले ही आंतरिक और बाहरी कम्युनिकेशन चैनल पर लाइव हो चुकी है। द लर्निंग ऐप का लेटेस्ट वर्जन आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस के यूजर्स के लिए उपलब्ध है। इस मौके पर एक्सट्रामार्क्स के सीईओ ऋत्विक कुलश्रेष्ठ ने कहा महामारी का प्रकोप फैलने के बाद पूरी शिक्षा प्रणाली में काफ़ी बदलाव हुआ है और नए जमाने के स?टूडेंट्स को डिजिटल शिक्षा प्रणाली ने अपनी ओर आकर्षित किया है। इसने हमें समय के साथ आगे बढ़ने का मौका दिया है। एक्सट्रामार्क्स की समावेशी सहज और पूरी तरह से तकनीक से लैस लर्निंग सोल्यूशंस प्रदान करने की प्रतिबद्धता की फ़िर से पुष्टि हुई है।

### रचनात्मक और सकारात्मक बदलाव लाने के हैं प्रयास

**प्रयागराज।** सभी प्रक्रियाओं में सस्टेनेबिलिटी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके कुछ खास केंद्र बिंदु हैं। कार्बनमुक्त होना परिपत्र अर्थव्यवस्था सर्कुलर इकॉनमी जैव विविधता प्रबंधन जल सकारात्मकता सुरक्षित ऑपरेशन और सामाजिक उत्थान है। ग्रे सीमेंट सफ़ेद सीमेंट और रेडी मिक्स कंक्रीट की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ फ़िक्की द्वारा आयोजित इंडियन सर्कुलर इकॉनमी अवार्ड जीता है। बड़े उद्यमों की श्रेणी में अल्ट्राटेक ने यह पुरस्कार संयुक्त रूप से जीता है। कंपनी की रचनात्मक और असरदार प्रथाओं को भी मान्यता प्रदान करता है। फ़िक्की द्वारा आयोजित इंडियन सर्कुलर इकॉनमी अवार्ड आईसीईए एक ऐसा पुरस्कार है। जो ख़ास तौर पर सर्कुलर अर्थव्यवस्था के प्रति समर्पित है। पुरस्कार समारोह 25 नवंबर को वर्चुअल रूप से आयोजित किया गया और सभी विजेताओं की घोषणा नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कान्त की उपस्थिति में की गयी। आईसीईए का लक्ष्य ऐसे संस्थाओं और व्यक्तियों का सम्मान करना और उनके प्रयासों को पहचानना है जो अपनी नीतियों और रचनात्मक तरीके से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत हैं।

### एक युवक के विरूद्ध मकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** विद्यालय व्यवस्थापक से एक लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वादी दिलीप कुमार वर्मा पुत्र अंगद कुमार निवासी ग्राम पिपरी मोहम्मदी का आरोप है कि विपक्षी अंकित कुमार वर्मा पुत्र मंशा राम निवासी ग्राम खलीपत पुर ने फ़ोन पर गाली धमकी देते हुए एक लाख रुपये की मांग की नही तो जान से मार देंगे।और स्कूल व घर फूंक देंगें।विपक्षी ने बीते 23 नवम्बर को स्कूल पर जाकर धमकी दी और पिस्टल भी दिखाया और घर पर जाकर पत्नी व बच्चों को भी धमकी दिया।कोतवाली टाण्डा पुलिस ने अंकित के विरुद्ध धारा 386 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान का शपथ दिलाया गया

**अम्बेडकरनगर।** संविधान दिवस के अवसर पर आज जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजिया, जिला विकास अधिकारी बिरेंद्र सिंह, अपर उपजिलाधिकारी रोशनी यादव, अपर उपजिलाधिकारी सुनील ,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान का शपथ दिलाया गया-हम सत्य निष्ठा से प्रतिज्ञान करते हैं कि भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करेंगे। सवैधानिक आदर्शो ,संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रीय प्रतीकों का आदर करेंगे। देश की संप्रभुता अखंडता की रक्षा करेंगे। महिलाओं का सम्मान करेंगे। हिंसा से दूर रहकर बंधुता बढ़ाएंगे। सामाजिक सांस्कृति का संवर्द्धन व पर्यावरण का संरक्षण करेंगे। वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करेंगे। सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करेंगे। व्यक्तिगत व सामूहिक गतिविधि में उत्कृष्टता बढ़ाएंगे। सबको शिक्षा के अवसर प्रदान करेंगे एवं स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शो को बढ़ावा देंगे।

### बंद दुकान के बाहर कई दिनों से रह रही दूसरे प्रदेश की अज्ञात महिला

**अयोध्या जाना बाजार।** कई दिनों से छिप छुपाकर हैदरगंज बाजार में बंद दुकान के चद्दर के नीचे रह रही 28 वर्षीय महिला आस पास के दूकानदारों के लिए बड़ी चुनौती बन गई । भाषा से महिला दूसरे प्रदेश की बताई गई है । जो भटक कर हैदरगंज पहुंच गई । हैदरगंज पुलिस से कई बार शिकायत के बाद पहुंचे प्रभारी निरिक्षक महिला की सहायता होगी कहकर वापस चले गये। बताते चलें कि हैदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हैदरगंज बैंक ऑफबड़ौदा के सामने खाली पड़े एक मकान के बरामदे में 1 लगभग 28 वर्षीय महिला कई दिनों से डेरा जमाए हुए है । महिला की बोल भाषा से वह किसी दूसरे प्रदेश की लग रही है। कई दिनों से वह चोरी.छिपे बंद मकान के बरामदे के कोने में पड़ी दिखाई देने पर आसपास के लोगों का दिल पसीज आया और महिला को कुछ खाने को देने लगे। परंतु वही आसपास के लोगों को एक भय सताने लगा । जिसके चलते इसकी शिकायत प्रभारी निरीक्षक हैदरगंज अश्वनी मिश्रा से 24 नवंबर को देर शाम फोन पर की गई ।


Piramal
Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

## मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) ख्पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात, का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00002229) मुकुंद शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) मधुसूदन मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड (सह-कर्जदार 1) माधव कालोनाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड (सह-कर्जदार 2) रमा शंकर (गारंटर 1) रेणु अग्रवाल (गारंटर 2) रवि शंकर (गारंटर 3) | 21-10-2021/रू. 2,41,78,843/- (रुपए दो करोड़ इकतालीस लाख अठहत्तर हजार आठ सौ तेतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | सम्पत्ति/खाता नंबर 315, खसरा नंबर 370, मौजा कुआ खेड़ा, निकट कस्तूरबा गांधी स्कूल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002592) श्री राम सिंह (कर्जदार) राम पति सिंह (सह-कर्जदार 1) बिजेन्द्र कुमार सिंह (सह कर्जदार 2) बिनय कुमार सिंह (गारंटर 1) | 08-10-2021/रू. 1,34,18,642/- (रुपए एक करोड़ चौंतीस लाख अठारह हजार छह सौ बयालीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | मकान स्थित अराजी नंबर 23 मिन, मौजा चकिया अंदर नगर, टप्पा गोबारी, परगना सलेमपुर मझौली, तहसील एवं जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश-274701 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000094) स्काईटेक कंस्ट्रक्शन्स प्रा. लि. (कर्जदार) मयंक चावला (सह-कर्जदार 1) राकेश चावला (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 56,06,374/- (रुपए छप्पन लाख छह हजार तीन सौ चौहत्तर मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 806, 1006, 1206, 1206 ए, 1404, 1405, 1406, 1503, 1505, स्काईटेक मेरिओन रेजीडेंसी फेज-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (नोएडा सेक्टर-2 शाखा का एलसी नंबर : 00042024) रोहित कुमार सिंह (कर्जदार) नीतू सिंह (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 43,75,061/- (रुपए तैतालीस लाख पचहत्तर हजार इकसठ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 702, 7वां तल, टावर सी, स्टेलर एमआई लीगेसी, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-जीटा 1, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00005231) चंदन लखानी (कर्जदार) उमा लखानी (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 39,58,076/- (रुपए उन्तालीस लाख अठ्ठावन हजार छहत्तर मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 306, तृतीय तल, वज्र तुलसी अपार्टमेंट, अराजी नंबर 313, मौजा तुलसीपुर भेलूपुर, पर. देहात अमानत वाराणसी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221010 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00002137) आभा माथुर (कर्जदार) शुभम माथुर (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 36,26,297/- (रुपए छत्तीस लाख छब्बीस हजार दो सौ सत्तानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | अपार्टमेंट नंबर 20008, प्लॉट नंबर 6, 20वां तल, मैपल टावर, पैरामाउंट सिम्फनी क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201206 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000089) स्काईटेक कंस्ट्रक्शन्स प्रा. लि. (कर्जदार) मयंक चावला (सह-कर्जदार 1) राकेश चावला (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 31,54,327/- (रुपए इकतीस लाख चौवन हजार तीन सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 806, 1006, 1206, 1206 ए, 1404, 1405, 1406, 1503, 1505, स्काईटेक मेरिओन रेजीडेंसी फेज-2, क्रॉसिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00007100) आशीष श्रीवास्तव (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 26,16,585/- (रुपए छब्बीस लाख सोलह हजार पांच सौ पिचासी मात्र) एनपीए (09-06-2021) | फ्लैट नंबर 3-सी, तृतीय तल, प्लॉट नबर 436 जे-ब्लॉक, इंद्रलोक कालोनी, वार्ड केसरी खेड़ा, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00005638) अखिलेश्वर नाथ मिश्रा (कर्जदार) प्रियंका मिश्रा (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 25,85,208/- (रुपए पच्चीस लाख पिचासी हजार दो सौ आठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | अराजी नंबर एमआई. 110/1, मौजा अकाथा, परगना शिवपुर वाराणसी, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221007 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00001934) नेहा (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 25,05,947/- (रुपए पच्चीस लाख पांच हजार नौ सौ सैंतालीस मात्र) एनपीए (09-01-2021) | प्लॉट नंबर सी-112, खसरा नंबर 552, रॉयल पार्क एक्सटेंशन कालोनी, ग्राम मुकराबपुर पल्हेडा, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00002542) विनीत बत्रा (कर्जदार) अमित बत्रा (सह-कर्जदार 1) लाडो बत्रा (सह-कर्जदार 2) | 21-10-2021/रू. 21,59,801/- (रुपए इक्कीस लाख उनसठ हजार आठ सौ एक मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 56 पर मकान, खसरा नंबर 32, एमएल एस्टेट कोटली, बगीची देवरी रोड, मौजा कौलखा, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000402) दिग्विजय राज (कर्जदार) प्रतिमा सिंह (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 21,28,008/- (रुपए इक्कीस लाख अठ्ठाईस हजार आठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | ईडब्ल्यूएस-408, नेताजी सुभाष चंद्र बोस नगर आवासीय योजना, बिलांदपुर, तहसील-सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00001266) मोहम्मद शाहिद (कर्जदार) मदीना (सह-कर्जदार 1) मोहम्मद सलीम (सह कर्जदार 2) इलियास (गारंटर 1) | 21-10-2021/रू. 19,25,176/- (रुपए उन्नीस लाख पच्चीस हजार एक सौ छहत्तर मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर एफएफ-3, एफएफ, रियर एलएचएस पोर्शन, प्लॉट नंबर ए-7/5, डीएलएफ अंकुर विहार, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00005189) संतोष कुमार मिश्रा (कर्जदार) रीना मिश्रा (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 19,23,089/- (रुपए उन्नीस लाख तेईस हजार नवासी मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 22 बी, खसरा नंबर 1260 क मिनजुमला, ग्राम अमराई, वार्ड शहीद भगत सिंह, जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00001946) रेखा कुमारी (कर्जदार) उर्मिला देवी (सह-कर्जदार 1) राज वीर सिंह (सह-कर्जदार 2) धीरज कुमार (गारंटर 1) | 08-10-2021/रू. 18,59,032/- (रुपए अठारह लाख उनसठ हजार बत्तीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर 108, खसरा नंबर 130, डिफेंस ग्रीन रेजीडेंशल कालोनी, मौजा सेमरी, डीपीएस स्कूल के सामने, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00001649) शैलेश कुमार (कर्जदार) रिंकू कुमारी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 18,57,148/- (रुपए अठारह लाख सत्तावन हजार एक सौ अड़तालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | खसरा नंबर 463 का हिस्सा, सीकरी खुर्द, मोहल्ला इंद्रापुरी, परगना जलालाबाद, मोदीनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201204 |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 00000665) सत्य नारायण तिवारी (कर्जदार) केटा तिवारी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 17,79,894/- (रुपए सत्रह लाख उनासी हजार आठ सौ चौरानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | मकान नंबर 118, मौजा नयागांव, मोहल्ला अयोध्यापुरी कालोनी, निकट भानु देवी गोयल स्कूल, झांसी, उत्तर प्रदेश-284003 |
| (दिल्ली - सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : डीईएल30754) अकलेश त्यागी (कर्जदार) | 21-10-2021/रू. 17,28,530/- (रुपए सत्रह लाख अठ्ठाईस हजार पांच सौ तीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | पार्क व्यू, सेक्टर-5, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (ग्वालियर शाखा का एलसी नंबर : 00003497) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) मेनका राजावत (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 17,20,856/- (रुपए सत्रह लाख बीस हजार आठ सौ छप्पन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर टी 3, श्रय अपार्टमेंट, सौरभ विहार, मोरार ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00000330) बंटी (कर्जदार) सरिता अग्रवाल (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 16,59,590/- (रुपए सोलह लाख उनसठ हजार पांच सौ नब्बे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 22 का उत्तरी भाग, अम्बाखार, वाटर रेट नंबर 1/2032 ए (पुराना) एवं 80/123 (नया), निकट होली गेट, रंगेश्वर मंदिर, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281006 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00002084) बाबू सिंह (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 15,76,465/- (रुपए पंद्रह लाख छहत्तर हजार चार सौ पैंसठ मात्र) एनपीए (09-01-2021) | सम्पत्ति सं. डी-888, भू तल, इंद्रप्रस्थ कालोनी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201002 |
| (हल्द्वानी शाखा का एलसी नंबर : 00002039) हरि शंकर तिवारी (कर्जदार) अनीता तिवारी (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 15,51,067/- (रुपए पंद्रह लाख इक्यावन हजार सड़सठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | खसरा नंबर 533 ख का हिस्सा, प्राइवेट प्लॉट नंबर 133 एफ/10, महानगर धौरेरा माफी, बरेली, उत्तर प्रदेश-243001 |
| (दिल्ली - पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 00041948) दीपांकर डे (कर्जदार) ताप्ती डे (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 15,08,650/- (रुपए पंद्रह लाख आठ हजार छह सौ पचास मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 27, प्रथम तल, फ्रंट साइड, खसरा नंबर 51, ग्राम बिंदापुर, गली नंबर 6, ब्लॉक एस, परम पुरी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर : 00001346) जसबीर सिंह (कर्जदार) अंशु चौहान (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 13,69,952/- (रुपए तेरह लाख उनहत्तर हजार नौ सौ बावन मात्र) एनपीए (10-07-2021) | ईडब्ल्यूएस फ्लैट नंबर 19, द्वितीय तल, पाकेट/ब्लॉक-12/8, सेक्टर-82, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00002941) अजय सरोज कुमार (कर्जदार) प्रमिला देवी (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 13,07,927/- (रुपए तेरह लाख सात हजार नौ सौ सत्ताईस मात्र) एनपीए (09-08-2021) | गाटा नंबर 1134/2 मिन, ग्राम बेलाघाट, परगना सदर प्रतापगढ, प्रतापगढ, उत्तर प्रदेश-230001 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 00000292) गोपाल पाठक (कर्जदार) रिमझिम पाठक (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 13,02,726/- (रुपए तेरह लाख दो हजार सात सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | मकान नंबर 65, भू तल, अनुपम सिटी, वायु विहार, निकट एचआरसी होराइजन, मौजा पाठोली, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00008130) मोहम्मद याहिया (कर्जदार) जाहिदा खातून (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 12,87,899/- (रुपए बारह लाख सतासी हजार आठ सौ निन्यानवे मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 29, खसरा नंबर 221, ग्राम हरदशी खेड़ा, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002505) पवन कुमार दुबे (कर्जदार) शशि देवी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 11,35,822/- (रुपए ग्यारह लाख पैंतीस हजार आठ सौ बाईस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 11 पर मकान, अराजी नंबर 184, नौबस्ता, कानपुर देहात, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208021 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000092) ओंकार नाथ (कर्जदार) नागेन्द्र नाथ (सह-कर्जदार 1) प्रेमलता देवी (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 11,12,607/- (रुपए ग्यारह लाख बारह हजार छह सौ सात मात्र) एनपीए (10-07-2021) | अराजी नंबर 97, मौजा मिराजपुर पचपेड़वा, टप-कुठान, तहसील-सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 00001530) नरेन्द्र सिंह (कर्जदार) बबीता सिंह (सह कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 11,12,172/- (रुपए ग्यारह लाख बारह हजार एक सौ बहत्तर मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 172 ए, भू तल, श्रमिक कुंज-2, ब्लॉक एसके-II, सेक्टर-93, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201305 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00006412) मोहम्मद फैज खलील (कर्जदार) फरीदा खातून (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 10,96,841/- (रुपए दस लाख छियानवे हजार आठ सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट नंबर 4 एवं 5 पर मकान, खसरा नंबर 176, मलाहपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004156) अनिल कुमार सक्सेना (कर्जदार) माला सक्सेना (सह कर्जदार 1) मनीष सक्सेना (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 10,93,641/- (रुपए दस लाख तिरानवे हजार छह सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | एफ-300 ब्लॉक एफ, सेक्टर-9, निकट उत्सव भवन, विजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010 |
| (नोएडा सेक्टर-2 शाखा का एलसी नंबर : 00042846) सरवर मोहम्मद (कर्जदार) पिंकी खातून (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 10,80,656/- (रुपए दस लाख अस्सी हजार छह सौ छप्पन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 73 जी, भू तल, ब्लॉक-डी, सेक्टर - ओमीक्रोन-01, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 00000818) दीप चंद (कर्जदार) राज बाला (सह कर्जदार 1) धरम पाल (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 10,47,159/- (रुपए दस लाख सैंतालीस हजार एक सौ उनसठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | निर्माणाधीन मकान प्लॉट नंबर 162, प्लॉट नंबर 163 का भाग, खसरा नंबर 247, गोल्डन वाटिका कालोनी, निकट ग्रीन लैंड पी. स्कूल, ग्राम मुरलीपुर रोहटा रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश-50001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00001333) गोपाल जी श्रीवास्तव (कर्जदार) लता श्रीवास्तव (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 10,40,766/- (रुपए दस लाख चालीस हजार सात सौ छियासठ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | अराजी नंबर 441 पर स्थित प्लॉट, मौजा मनबेला, टप्पा-खूठान, परगना -हवेली, तहसील-सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273002 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00003666) अनिल कुमार सक्सेना (कर्जदार) माला सक्सेना (सह कर्जदार 1) मनीष सक्सेना (सह कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 10,19,429/- (रुपए दस लाख उन्नीस हजार चार सौ उन्तीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर एफ-300, सेक्टर-9, ब्लॉक एफ, विजय नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012 |
| (लाजपत नगर शाखा का एलसी नंबर : 00000423) सत्य नारायण महतो (कर्जदार) रासो देवी (सह कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 10,13,025/- (रुपए दस लाख तेरह हजार पच्चीस मात्र) एनपीए (10-07-2021) | फ्लैट नंबर 256 टीएफ, टावर सी, जीटा-1, ब्लॉक सी, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00006201) विशाखा धूसिया (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 10,05,168/- (रुपए दस लाख पांच हजार एक सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (12-05-2021) | फ्लैट नंबर एल-1/एफ-10, गोकुल ग्राम योजना सेक्टर-1, मन्नू खेड़ा (यूपी आवास विकास) लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226020 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00001303) जितेन्द्र कुमार गुप्ता (कर्जदार) बेबी (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 9,39,605/- (रुपए नौ लाख उन्तालीस हजार छह सौ पांच मात्र) एनपीए (09-09-2021) | मकान नंबर 0135 ए, मौजा दिलेजाकपुर, गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273002 |
| (दिल्ली - पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर : 00000037) आशीष पूनिया (कर्जदार) गीता पूनिया (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 9,07,977/- (रुपए नौ लाख सात हजार नौ सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (10-07-2021) | एलआईजी फ्लैट नंबर 80 ब्लॉक ए, प्रथम तल, सेक्टर ओमीक्रोन-1, जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00001126) अमित कुमार शर्मा (कर्जदार) राधा (सह-कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 9,07,133/- (रुपए नौ लाख सात हजार एक सौ तेतीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर एम जी 01, जीएफ, रियर एलएचएस प्लॉट नंबर 108, ब्लॉक-5, सेक्टर-2, राजेन्द्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00005868) हरि राम तिवारी (कर्जदार) रंजू तिवारी (सह कर्जदार 1) | 16-06-2021/रू. 9,01,435/- (रुपए नौ लाख एक हजार चार सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (11-04-2021) | प्लॉट नंबर सी-9, खसरा नंबर 157 बी, नौबस्ता कलां, परगना लखनऊ, लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (बरेली शाखा का एलसी नंबर : 00000785) रेशम देवी (कर्जदार) | 08-10-2021/रू. 8,93,795/- (रुपए आठ लाख तिरानवे हजार सात सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (10-12-2020) | खसरा नंबर 461 का भाग ग्राम करमपुर चौधरी, बरेली, उत्तर प्रदेश- 243001 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00002575) राजेश कुमार सिन्हा (कर्जदार) प्रीति सिन्हा (सह कर्जदार 1) | 28-06-2021/रू. 8,72,856/- (रुपए आठ लाख बहत्तर हजार आठ सौ छप्पन मात्र) एनपीए (12-05-2021) | फ्लैट नंबर 413 टीएफ, तृतीय तल, सेक्टर जीटा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201308 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00007622) कृष्ण धर उपाध्याय (कर्जदार) उषा देवी (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 8,66,645/- (रुपए आठ लाख छियासठ हजार छह सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | खसरा नंबर 831 मिन पर प्लॉट, ग्राम सरस्वा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 00002620) आफताब आलम (कर्जदार) फिरोजा परवीन (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 8,64,317/- (रुपए आठ लाख चौंसठ हजार तीन सौ सत्रह मात्र) एनपीए (09-09-2021) | प्लॉट 5, खसरा नंबर 167, ग्राम भैसोरा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ उत्तर प्रदेश-226020 |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 00000215) धीरज गांगिल (कर्जदार) विनोद कुमार गांगिल (सह कर्जदार 1) अनीता गांगिल (सह कर्जदार 2) योगेन्द्र गांगिल (गारंटर 1) | 21-10-2021/रू. 8,42,500/- (रुपए आठ लाख बयालीस हजार पांच सौ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | एच नंबर 1806/1 का भाग, मौजा झांसी खास, खंदेराव गेट के बाहर, तहसील के पीछे, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल, मदन कम्पाउण्ड, झांसी, उत्तर प्रदेश-284001 |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00001999) मनीष कपूर (कर्जदार) वीणा कपूर (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 8,22,155/- (रुपए आठ लाख बाईस हजार एक सौ पचपन मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर एफ-1, फ्रंट आरएचएस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 104, ब्लॉक ए, श्याम पार्क एक्सटेंशन, ग्राम जगोला, परगना लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201005 |
| (गुरूग्राम - सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर : 00041307 संतोष आनंद (कर्जदार) रीना राय (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 7,82,560/- (रुपए सात लाख बयासी हजार पांच सौ साठ मात्र) एनपीए (09-09-2021) | फ्लैट नंबर 189, द्वितीय तल, ब्लॉक बी, सेक्टर ओमीक्रोन-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 00000686) संजय कुमार (कर्जदार) सपना कुमार (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 6,50,645/- (रुपए छह लाख पचास हजार छह सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (09-09-2021) | अराजी नंबर 317, मौजा नयागांव, आईटीआई के पीछे, मोहल्ला सिद्धेश्वर नगर, निकट चर्च, झांसी, उत्तर प्रदेश-284003 |
| (मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर : 00000789) राम किशोर (कर्जदार) मोनिका (सह कर्जदार 1) | 21-10-2021/रू. 6,15,626/- (रुपए छह लाख पंद्रह हजार छह सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (09-08-2021) | खसरा नंबर 373, मोहल्ला बल्देवपुरी, मौजा सिहोरा गोविंद बाहर चुंगी मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00002951) प्रवीण कुमार शुक्ला (कर्जदार) बाल किशोर त्रिलोकी नाथ शुक्ला (सह-कर्जदार 1) रूमा सिंह (सह-कर्जदार 2) | 08-10-2021/रू. 5,42,206/- (रुपए पांच लाख बयालीस हजार दो सौ छह मात्र) एनपीए (10-07-2021) | गाटा नंबर 1228, अहमदपुर नजूल परगना एवं तहसील निकट गोरा बाजार, रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229001 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर : 00001531) नीरज कुमार (कर्जदार) मिश्री देवी (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 4,26,952/- (रुपए चार लाख छब्बीस हजार नौ सौ बावन मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर 112 ए, खसरा नंबर 1527, गली नंबर 6, बालाजी एन्क्लेव, ग्राम रईसपुर, परगना डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000253) बलवंत दुबे (कर्जदार) राजेश्वरी दुबे (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 2,43,908/- (रुपए दो लाख तेतालीस हजार नौ सौ आठ मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर बी-313 पर मकान, मोहल्ला विकास नगर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000234) बलवंत दुबे (कर्जदार) राजेश्वरी दुबे (सह-कर्जदार 1) | 08-10-2021/रू. 1,34,255/- (रुपए एक लाख चौंतीस हजार दो सौ पचपन मात्र) एनपीए (10-07-2021) | प्लॉट नंबर बी-313 पर मकान, मोहल्ला विकास नगर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश-273003 |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।


तिथि : 27-11-2021
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता./-
(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# राजनीति का अपराधीकरण

## कठोर नियंत्रण आवश्यक

**आपराधिक** रिकार्ड वाले उम्मीदवारों को चुनने वाली पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने की संभावना पर विचार होना चाहिए। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका इस बात पर सहमत हैं कि राजनीति के अपराधीकरण पर विराम लगना चाहिए। लेकिन वे अपराधीकरण समाप्त करने की श्रेणी पर असहमत हैं। न्यायपालिका ने विधायिका और कार्यपालिका से वर्तमान कानूनों में संशोधन का आह्वान किया है ताकि दोषसिद्ध लोगों के चुनाव लड़ने पर स्थाई रोक लगाई जा सके। कार्यपालिका यह कदम उठाने की इच्छुक नहीं है। इसके परिणामस्वरूप अपराधीकरण समाप्त करने की प्रक्रिया लोकतंत्र के स्तंभों के बीच असहमति की बंधक बन गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को एक बार फिर यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि क्या वह कानून में संशोधन की इच्छुक है। सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। यह मामला ऐसे समय उठा है जब उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं जहां वर्तमान व भूतपूर्व विधायकों के खिलाफसबसे ज्यादा संख्या में आपराधिक मामले लंबित हैं। ऐसे मामलों की 63 विशेष रूप से गठित अदालतों में सुनवाई हो रही है जिनमें से अनेक सालों से लंबित हैं। असोसियेशन फार डेमोक्रेटिक राइट्स के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर 363 सांसदों व विधायकों ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक मामले स्वीकारे हैं। आरोपपत्र पेश हो चुके इन मामलों में पांच से लेकर सात साल तक सजा हो सकती है। अनेक सांसदों के खिलाफ 43 तक तथा 100 से अधिक विधायकों पर 315 मामले 10 साल या उससे अधिक समय से लंबित हैं। 170 से अधिक ऐसे मामले हैं जिनमें आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। अभी यह पता नहीं कि कितने वर्तमान सदस्यों ने अपने खिलाफ मामलों का खुलासा नहीं किया है।




ऐसे में सवाल यह है कि क्या राजनीति को अपराधीकरण से पूर्ण मुक्ति मिलेगी। वर्तमान समय में अपराध की दोषसिद्धि तथा अधिकतम दो साल कैद की सजा वाले विधायक अयोग्य हैं। सर्वोच्च न्यायालय के एक उल्लेखनीय निर्णय के अनुसार वे रिहा होने के 6 साल बाद तक चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। हजारों आपराधिक मामलों का सामना करने वाले सैकड़ों विधायकों में से केवल 11 को अब तक अयोग्य ठहराया जा सका है। यह किसी भी मानक से सजा की खराब दर है। इसका कारण यह है कि मामले खिंचते रहते हैं या आरोप है कि उनको लंबा खींचा जाता है ताकि आरोपी इनके लंबित रहते चुनाव लड़ सकें। सर्वोच्च न्यायालय ने यह सवाल भी उठाया है कि क्या विधायी संस्था में किसी व्यक्ति को केवल उनके खिलाफ आपराधिक आरोप लगने पर प्रवेश से रोका जा सकता है, लेकिन पांच सदस्यों वाली एक पीठ ने कहा कि उनको इस चरण पर नहीं रोका जा सकता है। इसके बजाय उसने सरकार से ऐसा कानून लाने को कहा। लेकिन इन संस्तुतियों के खिलाफ सरकार राजनीति का अपराधीकरण समाप्त करने के सिद्धान्त पर स्पष्ट जवाब देने से बच रही है। केवल एक समय तक अयोग्य ठहराने से राजनीति का अपराधीकरण समाप्त नहीं हो सकता है। गंभीर अपराधों में दोषसिद्ध होने पर यह अयोग्यता स्थाई होनी चाहिए। अपराधों के आरोपपत्र पेश हो जाने पर अदालतों को इन्हें एक निश्चित समय में निपटाना चाहिए, ताकि आरोपियों को दोषसिद्ध होने पर स्वतः और स्थाई रूप से अयोग्य ठहराया जा सके। आपराधिक रिकार्ड वाले उम्मीदवार चुनने वाली राजनीतिक पार्टियों का पंजीकरण समाप्त करने पर भी विचार होना चाहिए। लेकिन क्या बिल्ली स्वयं अपने गले में घंटी बांध सकती है?

# हानिकारक हो सकता है अति राष्ट्रवाद

**मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का एक शोषणकारी उपकरण है, जबकि इस्लाम का विश्वास है कि यह उनके विश्वास का अंत है।**



प्रफुल्ल गोराड़िया
(लेखक पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**हाल** में लोकप्रिय बालीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की गिरफ्तारी तथा कुछ सप्ताह जेल के सीखचों के पीछे रखे जाने के बाद कानून और राजनीति पर गरमागरम बहस शुरू हुई है। वाम-उदारवादियों ने आरोप लगाया कि इसका कारण उनका मुसलमान होना है, लेकिन वे भूल गए कि खान आधे हिंदू भी हैं। भारतीय गेंदबाज मुहम्मद शमी द्वारा हालिया टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तानी बल्लेबाजों को कथित रूप से कुछ रन देने पर यह विवाद और तेज व तीखा हो गया। मेरे विचार से यह निराधार आरोप है, जबकि मैं न उदारवादी हूं न वामपंथी। पाकिस्तानी गृह मंत्री शेख रशीद ने घोषणा कर दी कि 'भारतीय मुसलमान इसी भावना का साझा करते हैं।' इसका अर्थ है कि वे सभी मुसलमान पहले हैं तथा हिंदुस्तानी या पाकिस्तानी बाद में।

उत्तर प्रदेश के इटावा में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पाकिस्तान के संस्थापक एम.ए. जिन्ना की तुलना नेहरू, सरदार पटेल व यहां तक कि गांधी से कर दी। अखिलेश ने कहा था, 'उन सबने स्वतंत्रता दिलाने में योगदान किया था।' उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस तुलना पर गंभीर प्रतिक्रिया की, लेकिन किसी मुसलमान ने अखिलेश की बात का खंडन नहीं किया है। मुस्लिम पहचान से जुड़ी ऐसी असंख्य घटनाएं हैं। स्वर्गीय सैयद शहाबुद्दीन ने बार-बार अधिकांश मुद्दों पर मुस्लिम पहचान के महत्व की पैरवी की थी। वे 'मुस्लिम भारतीय' कहना पसंद करते थे और उन्होंने 'भारतीय मुसलमान' कहने से इनकार किया था। स्पष्ट रूप से इसका अर्थ व्यापक इस्लामवादी प्रतिबद्धता है जो राष्ट्रीय पहचान से आगे जाती है। हालिया टी 20 क्रिकेट मैच में पाकिस्तानी विजेताओं ने जोर दिया कि यह न केवल पाकिस्तान, बल्कि इस्लाम की विजय है। यह उदाहरण किसी प्रकार भी अकेला नहीं है। कुछ साल पहले जब वसीम अकरम पाकिस्तानी टीम के कैप्टेन थे और वह बांग्लादेश में मैच हार गई थी तब अकरम ने कहा था कि उनको पाकिस्तान द्वारा 'मुस्लिम भाई' के खिलाफ मैच हारने पर चिन्ता नहीं है। स्पष्ट है कि उनके विचार से उम्मा, यानी वैश्विक मुस्लिम पहचान किसी भी देश से ऊपर है। लेकिन यह इस्लामवादी अति-राष्ट्रवाद लोकप्रिय नहीं हुआ। इसी प्रकार 'यहूदी पहले तथा जर्मन, ब्रिटिश या फ्रेंच बाद में' की यहूदी भावना भी लोकप्रिय नहीं हुई थी। अति-राष्ट्रवाद का जन्म संभवतः एक यहूदी अवधारणा है। यहूदियों को मिस्रवासियों ने पकड़ कर उनसे पत्थर पर पत्थर रखने का बंधुआ मजदूर वाला काम लिया था। यह स्पष्ट था कि उनको रिहा करने का फिरौन का कभी इरादा नहीं था। यहूदी इस दयनीय स्थिति से बहुत परेशान थे तथा असहाय अनुभव कर रहे थे। इसके बाद उनके पैगंबर मूसा ने हर्कुलिस जैसे कठोर प्रयास से उनको मुक्त कराया और इस्राइल भेजा। ऐसे में वे केवल देवता की बात सोच सकते थे तथा कोई राज्य या देश उनके विचार में नहीं था। विडंबना है कि वे शताब्दियों तक अपने प्रयास में उस समय तक सफल नहीं हुए, जब तक अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद उनको 1948 में सहायता नहीं की। अति-राष्ट्रवाद को अक्सर परा-राष्ट्रवाद के रूप में परिभाषित किया जाता है। यहां इसका अर्थ यह है कि नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का दावा होना है। एक यहूदी की सर्वोच्च प्रतिबद्धता किसी एक देश के प्रति न होकर यहूदीवाद के प्रति होती है। यहां तक कि 1948 में इस्राइल नामक देश बनाने के बाद भी यहूदी के लिए जेहोवा के प्रति प्रतिबद्धता इससे अधिक है। यहूदियों के लिए एक अलग देश स्थापित करने वाले आंदोलन की प्रमुख शक्ति तथा इस्राइल के पहले राष्ट्रपति चैम वीज़मान ने इस बिंदु को व्याख्या करते हुए कहा था, 'कोई ब्रिटिश या फ्रेंच यहूदी नहीं है, बल्कि ब्रिटेन और फ्रांस में यहूदी हैं।'

> नागरिक की अपने देश के प्रति प्रतिबद्धता पर सीमाओं से परे कोई प्रतिबद्धता हावी होती है जो किसी साम्राज्य, धर्म या इससे उच्चतर किसी चीज के प्रति हो सकती है। एक प्रकार से यह संप्रभुता पर आधिपत्य का हावी होना है।

यह तथ्य उल्लेखनीय है कि यूरोप से वापस आ कर 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा' लिखने वाले प्रख्यात कवि इकबाल परा-राष्ट्रवादी हो गए थे और वहीं बने रहे। इसके बावजूद वे जिन्ना की तरह संपूर्ण अलगाववादी नहीं थे। पूरी संभावना है कि बहुत से मुसलमान इसी प्रकार भ्रमित होकर अपनी भावनाओं के गुलाम बन गए हैं। अमीर परिवारों को छोड़ कर उनका कहीं स्वागत नहीं होता है। ऐसे में उनकी परा-राष्ट्रवादी भावनाओं को कहां जगह मिलेगी? क्या उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि यहूदियों के साथ जर्मनी तथा अन्य स्थानों पर कैसा व्यवहार हुआ? अब्राहम परिवार का चौथा बेटा मार्क्सवाद भी अपनी प्रकृति से परा-राष्ट्रवादी है। मार्क्सवादी अपनी प्रकृति व सोच से परा-राष्ट्रवादी होते हैं और उन्होंने अपने मूल देशों को नष्ट किया है। क्या इसका अर्थ है कि परा-राष्ट्रवादी मुसलमान भी अंततः अपने देशों को नष्ट करने की ओर बढ़ रहे हैं? प्राकृतिक रूप से न चलने के कारण उनके देश गरीब होते जा रहे हैं। उनकी सोच स्वाभाविक रूप से उत्पादन या उत्पादक संस्कृति को बढ़ावा नहीं देती है। इसकी सर्वाधिक प्रभावी रूप से व्याख्या प्रोफेसर तिमूर कुरान ने की है। उन्होंने सिद्ध किया है कि इस्लामी कानूनों ने किस प्रकार मुस्लिम उम्मा को आर्थिक प्रगति करने से रोका है। इसके एकदम उलट परा-राष्ट्रवाद में विश्वास रखने वाले यहूदियों ने एक प्रकार की जादुई शक्ति प्रदर्शित की है। उनकी प्राथमिकता संपत्ति अर्जित करना है और वे इसमें सफल हुए हैं। लेकिन यहूदी यूरोप में अलोकप्रिय हैं क्योंकि उनको अपने देश के बजाय अपनी चिन्ता अधिक करने वाले माना जाता है।

मार्क्सवादी परा-राष्ट्रवादियों का अपने किस्म का एक और समुदाय है जो किसी ईश्वर या धर्म में विश्वास नहीं करते हैं। वास्तव में ईश्वर के अस्तित्व से इनकार करते हैं तथा धर्म को 'जनता की अफीम' बताते हैं। कम्युनिस्टों का उद्देश्य दुनिया के मजदूरों को एकजुट करना है। उनके दुश्मन अमीर थे या जिनको वे बुर्जुआ कहते थे जिनको उखाड़ फेंकना जरूरी है। मार्क्सवादियों का विश्वास है कि सत्ता औद्योगिक कामगारों या सर्वहारा को सौंपी जानी चाहिए। एक दुष्टतापूर्ण तरीके से मार्क्सवादी छोटे किसानों के भी दुश्मन बन गए और सामूहिकीकरण के माध्यम से उनके खेत छीन लिए गए।

अंततः जैसा कि इतिहास ने सिद्ध किया है, मार्क्सवादियों ने पूरे-पूरे देशों को नष्ट कर दिया। परा-राष्ट्रवादी विचारधारा की खोज में लगे मार्क्सवादियों का यह विश्वास भी था कि अलग-अलग देशों का ज्यादा महत्व नहीं है। वास्तव में मार्क्सवाद का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य पूंजीपतियों का शोषणकारी उपकरण है। यह उसी तरह है जैसे इस्लामवादियों का विश्वास है कि राष्ट्र-राज्य उनके विश्वास की मौत है।

# उत्सर्जनों पर नियंत्रण हेतु गंभीर प्रयास जरूरी

संजीव पोहित
(लेखक एनसीएईआर नई दिल्ली में प्रोफेसर हैं)



**हाल** ही में ग्लासगो में एक और सीओपी बैठक आयोजित की गई थी। पिछले कुछ वर्षों में कम महत्वपूर्ण बैठकों की तुलना में, इस वर्ष की बैठक उच्च नोट पर समाप्त हुई प्रतीत होती है। विकसित देशों ने कार्बन स्पेस में ऐतिहासिक उत्सर्जन के स्टॉक की कथा को विकसित देशों द्वारा वर्तमान उत्सर्जन के मुद्दे से जोड़ने में काफी सफलता हासिल की है। बुरे लोग निश्चित रूप से भारत और चीन जैसे उभरते हुए देश हैं।

पिछले कुछ वर्षों में इस ओर झुकाव धीरे-धीरे स्पष्ट हो गया था जब विकासशील देशों पर कार्बन उत्सर्जन के चरम वर्ष की पहचान करने के लिए विभिन्न मंचों पर दबाव बनाया जा रहा था। चीन सहित कई देशों ने इसका अनुसरण किया और अपने विकास पथ के अनुसार शिखर वर्ष की पहचान की। मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के लिए, भारत ने कभी भी आधिकारिक तौर पर एक चरम वर्ष की घोषणा नहीं की, भले ही उन्होंने 2070 को शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य वर्ष के रूप में घोषित करने से पहले आधिकारिक सर्कल में काम किया हो। भारत के प्रधान मंत्री द्वारा इस तरह की बैठक में एक साहसिक घोषणा एक मजबूत संदेश देती है।

जैसा कि मुझे याद है, पेरिस बैठक में प्रधान मंत्री का एक ऐसा ही संदेश भारत के ऊर्जा स्पेक्ट्रम में अक्षय ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का मार्ग प्रशस्त करता है। हालांकि इस बार टास्क ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। भारत को ज्यादातर अपने संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि विकसित देश भारत जैसे विकासशील देशों को संक्रमण के लिए धन आवंटित करने में बहुत आगे नहीं हैं। इसके अलावा, जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन अधिक स्पष्ट होते जाते हैं, वैसे-वैसे यह उम्मीद की जाती है कि भारत सहित सभी देशों पर शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य वर्ष को आगे बढ़ाने का दबाव होगा।

इस प्रकार, भारत को उत्सर्जन को कम करने के उपायों पर गंभीरता से होमवर्क करने की आवश्यकता है। साथ ही, भारत को दुनिया पर जोर देने की जरूरत है जहां उसका स्कोरकार्ड कई विकसित देशों की तुलना में बेहतर है जो अक्सर भारत को उत्सर्जन प्रवाह पर व्याख्यान देते हैं। कुल मिलाकर, भारत ने ज्यादातर समय पीछे हटने का तरीका अपनाया है।



उदाहरण के लिए, उत्सर्जन के दो बोर्ड स्रोत हैं: खपत प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन प्रक्रिया। यह हमारे हित में है कि हम प्रत्येक घटक के साथ खड़े हों। खपत के मामले में, भारत के घरों में विकसित देशों के अमीर परिवारों की तुलना में बहुत कम उत्सर्जन होता है। यह भारत के अति-समृद्ध परिवारों बनाम विकसित देशों में समान के लिए भी सच है। यह विपरीत जीवन के कारण होता है। बीईईएस द्वारा ऐसे सामानों की स्टार रेटिंग प्रणाली की शुरुआत के कारण कई भारतीय उपभोक्ता बिजली के सामान ऊर्जा कुशल हैं, जिससे उत्सर्जन कम होता है। इसी तरह, संयुक्त राज्य अमेरिका के ईंधन की खपत करने वाले ऑटोमोबाइल की तुलना में अधिकांश भारतीय व्यक्तिगत ऑटोमोबाइल ईंधन-कुशल हैं, जिससे कम उत्सर्जन होता है। हालाँकि, भारतीय इन तथ्यों को सबूतों के साथ वैश्विक बैठक में इंगित करने के लिए तैयार नहीं हैं। काश, भारतीय शोधकर्ताओं ने वैश्विक उपभोग के लिए इस तरह के तथ्य-खोज अनुसंधान में निवेश नहीं किया होता।

उत्पादन प्रक्रिया पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि अधिकांश उत्सर्जन यहीं होता है। यहां भी, ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारतीय उद्योग विकसित लोगों के साथ तुलना करते हैं। हमें ऐसे मामलों का उद्देश्य विश्लेषण करने और दुनिया के सामने सबूत पेश करने की जरूरत है। इस प्रक्रिया में, हम जानेंगे कि हमें कहाँ सुधारात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बेशक, इन पर गहन शोध की आवश्यकता है जहां सरकार और/या निजी क्षेत्र द्वारा धन का निवेश करने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय पर्यावरण मानकों में ढील के कारण विकसित देशों से ऊर्जा गहन क्षेत्रों में बहुत अधिक निवेश आया है। इस तरह के और निवेश आने वाले हैं क्योंकि अन्य देश अपनी अर्थव्यवस्था को शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य की ओर बढ़ाने के लिए अपने पर्यावरण मानदंडों को मजबूत करते हैं। अब समय आ गया है कि भारत पर्यावरण के मानदंड के बारे में एक वस्तुनिष्ठ निर्णय ले कि इन प्रदूषणकारी उद्योगों का आधुनिकीकरण कैसे किया जा सकता है और क्या ऐसे उद्योगों की स्थापना पर निवेश नीति को संशोधित किया जाना चाहिए। हमारा प्रमुख व्यापारिक भागीदार, यूरोपीय संघ, विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन से उत्पन्न कार्बन उत्सर्जन की मात्रा के आधार पर आयात पर कार्बन सीमा समायोजन कर लगाने पर चर्चा कर रहा है। भारत को ऊर्जा गहन उत्पादों पर एक सुविचारित नीति बनाने की आवश्यकता है।

भारत की कृषि पद्धतियों को आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। उत्तर भारत के बेल्ट में मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी ने गहरे पानी में धान की खेती के तरीकों को प्रोत्साहित किया है जो अनजाने में उच्च उत्सर्जन की ओर जाता है। भारत के कृषि क्षेत्र में देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है, इससे पहले बिजली (44 प्रतिशत) और विनिर्माण उद्योग और निर्माण क्षेत्र संयुक्त (18 प्रतिशत) हैं। इस प्रकार, यदि हमें शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना है तो कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### देश से पहले

**मुंबई** पर 26/11 पाक प्रायोजित आतंकी हमले को 13 साल पूरे हुए। इस हमले के सूत्र को लेकर खास कर मुंबई के नागरिकों में खासा गुस्सा है। यही स्थिति देश के नागरिकों के साथ है। देश की आर्थिक राजधानी पर हुए हमले को तत्कालीन केंद्र सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया। अगर लिया होता तो पाकिस्तान को तब ही सबक मिल सकता था। भारत-पाक युद्ध छिड़ गया, तो पाकिस्तान परमाणु बम का इस्तेमाल करेगा। तत्कालीन सरकार के इस भय से उन्होंने पाकिस्तान पर आक्रमण नहीं किया। उस समय कई लोग आतंकी हमलों में मारे गए और इन्हे परमाणु बमों का प्रयोग होने की चिंता होना, क्रोधजनक है। असली वजह यह हो सकती है कि अगर पाकिस्तान पर भारत से हमला होता, तो यहां के अल्पसंख्यक समुदाय को कैसा लगेगा? अगर उन्हें दुःख पहुंचाने वाला काम किया तो हमें राजनीति से ही बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। पाकिस्तान से अधिक डर तो इसी विचार का होगा। दुश्मन पर हमले की तुलना में वोट बैंक को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटा देना होगा। अगर यहां एक भी नागरिक आतंकवादी हमले में मारा जाता है, तो पाकिस्तान को इसकी कीमत कैसे चुकानी पड़ सकती है?

- **जयेश राणे**, मुंबई

### सड़क दुर्घटनाएं

**सड़क** परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग देश के सड़क नेटवर्क का 2.13 प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं, लेकिन 2015 से 2019 तक की वार्षिक औसत सड़क दुर्घटनाओं और मौतों में 29.6 प्रतिशत हिस्सा है। इसी प्रकार राज्य राजमार्ग और प्रमुख जिला सड़कें देश के सड़क-तंत्र का क्रमश तीन और तिरासी प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं, जबकि वार्षिक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों का 43.4 और 27 प्रतिशत हिस्सा साझा करते हैं। ग्रामीण सड़क दुर्घटनाओं में मौतें शहरी सड़कों की तुलना में लगभग दोगुनी हैं। 2019 में लगभग सड़सठ फीसद सड़क दुर्घटनाएं और साठ फीसद मौतें ग्रामीण इलाकों में हुईं। यानी ये हादसे न केवल बड़ी तादाद में जनक्षति की वजह बनते हैं, बल्कि इनसे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान होता है। कई परिवारों में कमाकर खाने वाले काल का ग्रास बन जाते हैं! और उन परिवारों के दुर्दिन शुरू हो जाते हैं सड़क दुर्घटनाओं के लिए एक तो भारतीय जनता की लापरवाही की मनोवृत्ति, दूसरे युवाओं का पायलट बन जाना, तीसरे घटिया सड़कें और रोड के संकेत चिन्ह चिन्हों पर लोगों द्वारा चिपकाए गए पोस्टर प्रमुख कारण है!

- **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### अच्छा संकेत

**सवा** अरब आबादी वाले देश भारत में लिंगानुपात की समस्या थी। लेकिन बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ जैसे अभियानों और सरकारी अस्पतालों में प्रसव की सुविधाये बढ़ाने से लिंगानुपात में सकारात्मक परिवर्तन हुए है।नेशनल फेमिली हेल्थ मिशन के सर्वे के अनुसार 1000पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 1020 हो गई है। जबकि 2016-17 में यह अनुपात1000-991 था। आज सरकारी अस्पतालों में 88.5 प्रतिशतप्रसव करवाने लोग गए। लोग अस्पतालों में प्रसव को प्राथमिकता दे रहे है।लड़का-लड़की एक समान और छोटा परिवार के महत्व का असर भी दिखाई देने लगा है। प्रजनन डर में गिरावट आ रही है। जिससे जनसंख्या भी धीरे धीरे कम हो रही है।जो भारत देश के विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने का सुखद संकेत है।समाज मे लड़कियों का महत्व बढ़ रहा है। लोग लड़कियों का महत्व समझ रहे है। हर क्षेत्र में महिलाएं उन्नति कर रही है और पुरुषों के साथ कंधा मिलाकर चल रही है। महिला सशक्तिकरण के लिये सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का यह परिणाम है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**मुझे** सीएम के रूप में चार महीने मिले हैं, लेकिन मैं चार साल का काम करूंगा। न मैं सोता हूं, न अधिकारियों को सोने देता हूं।

- **चरणजीत सिंह चन्नी**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**यदि** कोई सहयोगी दल सरकार छोड़ने का विकल्प चुनता है तो सत्तासीन गठबंधन सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

- **मैगडालीना एंडरसन**
स्वीडन की प्रधानमंत्री



**'खेला होबे'** का आप कुछ भी मतलब समझें लेकिन यह उकसाने वाला नहीं हो सकता। हमारी जीत में इसका अहम योगदान रहा है।

- **संयोनी घोष**
तृणमूल नेता

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 27 नवंबर, 2021



# कार व सोने की चेन न मिलने पर नवविवाहिता की हत्या का आरोप

● हरगांव नगर क्षेत्र की घटना, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

● एक वर्ष पहले हुई थी मृतका रवनीत कौर की शादी

संवाददाता। हरगांव सीतापुर



मृतका की फाइल फोटो

**सीतापुर के** हरगांव थाना इलाके में एक नवविवाहिता की दहेज हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के पिता का आरोप है कि शादी के बाद कार व सोने की चौन की डिमांड उनसे की जा रही थी। मांग पूरी न होने से ससुराल में उसकी बेटी को मार दिया गया। पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही है। आपको बता दें, कि हरगांव नगर पंचायत के वार्ड हरगांव गंज निवासी सरदार अमनजीत सिंह की 24 वर्षीया पत्नी रवनीत कौर को गुरुवार देर रात घरवाले सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता त्रिलोक सिंह ने थाने में तहरीर देकर ससुर जगजीत सिंह, सास कुलवंत कौर ,बहन कोमल व पति अमनजीत सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाया है। त्रिलोक के मुताबिक उसने 26 अप्रैल 2020 में बेटी रवनीत की शादी सिख रीति रिवाज से करते हुए हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ससुराल में कार व सोने की चौन की डिमांड होने लगी। इसे लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित भी किया जाता था। थाना प्रभारी हरगांव बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए सीतापुर भेजकर जांच शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी के मुताबिक जांच के बाद विधिक कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कर दोषियों को अतिशीघ्र गिरतार किया जाएगा।

## ओवर लोड लदी ट्रकों का हुआ चालान

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली इलाके लहरपुर के केसरीगंज बाईपास तिराहे के निकट जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप के निर्देशन में संयुक्त टीम के माध्यम से एआरटीओ उदित नारायण पांडेय ने मोरंग लदी 4 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ा। बताते चलें आरटीओ द्वारा नगर के केसरीगंज बाईपास तिराहे पर ओवरलोड मोरंग नदी चार ट्रकों को रोका गया तथा उनसे प्रपत्र मांगे गए ट्रक चालकों द्वारा प्रपत्र ना दिखाए जाने के चलते आरटीओ ने ट्रकों को हिरासत में ले लिया जिनमें से एक ट्रक को सिपाही के साथ कोतवाली भेजा गया जहां से ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। जिसे बाद में रास्ते से हिरासत में ले लिया गया। आरटीओ उदित नारायण पांडेय ने बताया कि ट्रक चालकों द्वारा प्रपत्र ना दिखाए जाने के चलते ट्रकों को रोका गया है तथा 4 और 2 को घोषित कर दिया गया है। कार्यवाही की जा रही है।

## जनसम्पर्क कर बताई योजनाएं, भाजपा ने किसानों को दिया सम्माननिधि का लाभः अवनीष रावत



सिधौली-जनसम्पर्क करते भाजपा नेता अवनीश रावत

● भाजपा नेता ने सिधौली क्षेत्र के गांवो में गिनाई सरकार की योजनाएं

संवाददाता। सीतापुर

**भाजपा सरकार** ने किसानों के लिए सम्माननिधि देने के साथ गन्ना के रेट बढ़ाकर उनकी आय बढाने का काम किया है। भाजपा सरकार ने किसानों के लिए तमाम योजनाएं है चाहे वो कृषि बीमा योजना हो या कृषक दुर्घटना बीमा योजना सभी किसानों के लिए ही है और इसका सीधे लाभ किसानों को ही दिया जाता है। यह बात सिधौली क्षेत्र के गांवो में निरन्तर जनसम्पर्क कर रहे भाजपा नेता अवनीश रावत पप्पू ने कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आप सब फिर से बनाने का काम करें वह आपके लिए काम कर ही है। श्री रावत ने कहा कि 2022 में भाजपा की फिर से बहुमत से सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर सुशील कुमार, कौशल कुमार, रामजीवन, रमेश कुमार, राजदीप, राजू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### कच्चे मकान फिर आवास लिस्ट से काटे नाम, पीड़ितों ने सेक्रेटरी पर लगाया सूची से नाम काटने का आरोप

**सीतापुर।** देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री भले ही भ्रष्टाचार मुक्त की बात कह रहे हो, लेकिन हकीकत आज भी कुछ और ही है। ताजा मामला है बेहटा ब्लाक के गांव भवानीपुर का जहां के पीड़ित संजय व नन्हू का आवास सूची में नाम होने के बावजूद वहां के सेक्रेटरी व प्रधान की मिली भगत से उनको आवास के लिए ब्लाक से विकास भवन व जिलाधिकारी कार्यालय तक चक्कर लगाने पड़ रहे है। कारण है कि आवास सूची में नाम होने के बावजूद उनका नाम लिस्ट से प्रधान व सेक्रेटरी की मिली भगत से काट दिया गया है, जिससे उनको आवास नहीं मिल पा रहा है। आवास न मिलने से वह सब कच्चे मकान में रहने को मजबूर है। पीड़ितो का कहना है कि सेक्रेटरी द्वारा 10 हजार रूपये की मांग भी की जा रही है, न देने पर आवास न मिलने की बात भी कह रहे है। जिलाधिकारी से पीड़ितों ने प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### ट्रेन से कटकर सर्राफा कारोबारी की मौत

**संडीला(हरदोई)।** घर से टहलने के लिए गए सर्राफा व्यापारी की किसी ट्रेन की चपेट में आकर दुखद मौत हो गयी। नगर के मोहल्ला सदर बाजार निवासी सुशील गुप्ता उर्फ बउआ पुत्र मंगलप्रसाद सुबह के समय घर से टहलने के लिए गए थे तथा वापस नहीं लौटे। जब काफी समय तक उनका पता नहीं चला तो परिजन ने उनकी तलाश शुरू की। इसी बीच उनके भाई संजय गुप्ता को जानकारी मिली कि किसी की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। इस पर वे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे तथा कई हिस्सों में कटे शव को देखकर उसकी पहचान अपने भाई सुशील गुप्ता के रूप में की। मृतक के परिवार में पत्नी, दो पुत्र तथा एक पुत्री है। सुशील गुप्ता की बीएसएनएल एक्सचेंज के पास सर्राफे की दुकान है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजन को सौंप दिया।

### सपा ने संविधान दिवस का किया आयोजन



संविधान दिवस के अवसर पर बोलते हुए वक्ता

**संडीला(हरदोई)।** समाजवादी पार्टी ने संविधान दिवस का आयोजन कर लोगों को उनके अधिकारों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सपा द्वारा आयोजित किए गए संविधान दिवस समारोह में सिकरोहरी में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर सपा नेता डॉ0 अश्विनी सिंह ने कहा कि आज के ही दिन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को अपनाया गया था। उन्होंनें बताया कि हमारा संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता, समानता, भाषाई, आत्मनिर्भरता तथा जात पात ऊंच नीच रंग वर्ण के भेद भाव से हमे मुक्ति दिलाता है। हमें इसी संविधान पर चलते हुए देश को आगे ले जाना है। देश का विकास संवैधानिक रास्ते पर चलकर ही किया जा सकता है। इसी अवसर पर सुंनील जायसवाल, विजय बौद्ध, राजकुमार, डॉ0 सीपी भारती, राजू गौतम, देवानंद त्रिपाठी, प्रदीप अर्कवंशी, डॉ0 संतोष कुमार, परमेश्वर, मो0 शमीम आदि ने भी अपने विचार रखे। इसी अवसर पर एक भंडारे का भी आयोजन किया गया। उधर भारतीय संविधान सभा की एकमात्र मुस्लिम सदस्या कुदसिया बेगम उर्फ बेगम एजाज रसूल को संविधान दिवस के अवसर पर उनके द्वारा स्थापित आईआर इंटर कॉलेज में संविधान दिवस के अवसर पर याद किया गया। इस अवसर पर कॉलजे के प्रधानाचार्य डॉ0 ओमप्रकाश, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रातीय मंत्री आशीष कुमार सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

**बरेली।** कल शाम को घर से निकले युवक की लाश गांव के पास ही एक पेड़ पर बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी मिली स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। बिशारतगंज थाने के गांव दसीपुर निवासी 23 वर्षीय राकेश पुत्र रामबाबू की लाश आज सुबह गांव के बाहर करतूत के पेड़ से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई स पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राकेश कल शाम लगभग 4 बजे बिना बताए घर से बाहर गया था। देर शाम तक जब वह घर वापस भी लौटा तो उसे तलाशने की कोशिश की गई। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह होने पर घर के लोग उसे फिर से तलाशने में जुट गए। इसी दौरान छोटे भाई राजेश ने उसकी लाश को पेड़ पर लटके देखा और घर वालों को सूचना दे दी। जो तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दे दी। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक के घर वालों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया। मृतक चार भाई बहन थे।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**बरेली।** ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। इज्जत नगर थाने की डिफेंस कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय शैलेश यादव पुत्र चंद्रिका सिंह कि बीती रात लगभग 8 बजे रेलवे जंक्शन पर प्रयागराज संगम एक्सप्रेस से गिरकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि शैलेश यादव कल शाम को गोरखपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने को रेलवे जंक्शन जाने के लिए घर से निकला था। उसे प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में सवार होना था। लेकिन जब वह प्लेटफार्म पर पहुंचा तो ट्रेन धीरे धीरे.धीरे आगे बढ़ने लगी। उसने जल्दी बाजी में ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश की और पैर फिसलने से नीचे गिर पड़ा। उसकी ट्रेन की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया स मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी गई।

### सड़क दुर्घटना में घायल वाहन चालक की मौत

**बरेली।** सड़क दुर्घटना में घायल एक वाहन चालक की इलाज के लिए जिला अस्पताल जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव रजऊ परसपुर निवासी 45 वर्षीय योगेंद्र कुमार शर्मा पुत्र नारायण दत्त शर्मा की बीती रात भुता चौराहा के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि योगेंद्र कुमार चार पहिया वाहन चलाता था और कल शाम को एक अखबार के दफ्तर से अखबार लेकर हल्द्वानी जाने के लिए बरेली से चला था। लेकिन जब उसकी गाड़ी भुता चौराहा के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे किसी वाहन ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## एनसीसी के ए सर्टिफिकेट एग्जाम में आरुषी तिवारी को मिला अल्फा ग्रेड

**कमलापुर सीतापुर।** नेशनल कैडेट कोर की ए सर्टिफिक्रेट एग्जाम में राजा कालेज के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस स्कूल की एन सी सी कैडेट आरूषी तिवारी को अल्फा ग्रेड मिला है। 350 अंक के थ्योरी पेपर के साथ कुल 1000 अंकों की ए सर्टिफिक्रेट परीक्षा में प्रत्येक विषयों में 60 फीसदी जबकि ओवरऑल 70 प्रतिशत से अधिक मार्क्स आने पर अल्फा ग्रेड मिलता है। वही इसी स्कूल अंशिका सिंह ,अनुराधा ,नीतिका सिंह, ज्योति गुप्ता ,सरिता देवी ,सुषमा देवी ,रंजना देवी, काजल ,अनिता देवी ,माधुरी सिंह, पुजा मिश्रा, प्रीति वर्मा ,प्राची शुक्ला ,रिमी सिंह ,को बीटा ग्रेट मिला। इस कैडेटों ने मैट्रिक एग्जाम में भी शानदार प्रदर्शन किए थे। कैडेटों ने बताया कि ए सर्टिफिक्रेट एग्जाम में ड्रिल, सामान्य ज्ञान, सामाजिक सेवा, साहसिक क्रियाकलाप, सैनिक कार्यवाही का इतिहास, आर्मी प्रशिक्षण आदि से प्रश्न पूछे गए थे।

हरगांव विधानसभा का निरन्तर कर रही जनसम्पर्क...

## भाजपा ने जनता से सिर्फ झूठे वादे किए हैं: किरन



हरगांव-लालपुर क्षेत्र में जनसम्पर्क करती सपा नेत्री

**हरगांव सीतापुर।** भाजपा सरकार ने सिर्फ लोगो को गुमराह किया है, झूठे वादे लोगो से किया है, विकास के नाम पर सिर्फ जुमला करते है। यह बात सपा नेत्री किरन पासी ने हरगांव विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की जब सरकार थी तो लोगो को पेंशन दी जाती थी, बालिकाओं को विद्याधन दिया जाता था, किसानों को मुफ्त मे सिंचाई दी जाती थी लेकिन अब तो सिर्फ भाजपा के लोग जनता से सिर्फ जुमला ही करते है। आपको बता दें कि सपा नेत्री हरगांव विधानसभा क्षेत्र का निरन्तर जनसम्पर्क कर रही है और पासी बाहुल्य क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाकर सपा सरकार की नीतियों का बखान कर रही है। उन्होंने कहा कि 2022 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर हरगांव विधानसभा का विकास कराकर इसको एक नई पहचान दिलाने का काम करूंगी। इस दौरान उनके साथ अनस खां, रामहेत यादव, राजदीप, विशाल कुमार, अमन कुमार, राजेन्द्र कुमार, मो. अकरम, रामशरण सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अरुण दीक्षित को मिली राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी

● सपा मुखिया के निर्देश पर युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मिला स्थान



अरुण मोनू दीक्षित

**महोली, सीतापुर।** करीब दो दशक से समाजवादी पार्टी के लिए समर्पित सक्रिय कार्यकर्ता अरुण दीक्षित मोनू को समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। सपा मुखिया के निर्देश पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किए गए मोनू को जिले से लेकर प्रदेश स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए पार्टी में युवाओं और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी है। इसी क्रम में महोली कस्बे के दीक्षित टोला निवासी अरुण दीक्षित मोनू को समाजवादी युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। बता दें कि सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाले हरदिल अजीज अरुण दीक्षित मोनू बीते करीब दो दशक से समाजवादी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वह समाजवादी छात्र सभा और यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। मोनू दीक्षित ने पार्टी के हर आंदोलन में बढ़ चढ़कर भागीदारी की है। पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनको यह जिम्मेदारी दी है। इस संबंध में अरुण दीक्षित मोनू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जो जिम्मेदारी उनको दी गई है, उसका वह पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएंगे। उनको सचिव बनाए जाने पर पार्टीजनों सहित समर्थकों ने बधाई दी है।

## पंचायत सहायक भर्ती में गड़बड़ी का आरोप

**सीतापुर।** पंचायत सहायक डाटा इंट्री ऑपरेटर भर्ती प्रक्रिया में गडबड़ियां सामने आने लगी है और अधिकारियों की मिली भगत व प्रधान की रंजिश भी इसमें हस्तक्षेप करने से पीछे नहीं हट रही है। ऐसा ही एक मामला है बेहटा ब्लाक के ग्राम पंचायत सुमेर मुड़िला में

● महिला अभ्यर्थी ने डीएम से लगाई गुहार

जहां आवेदन कत्री पूजा देवी पुत्री सत्रोहन लाल पत्नी संजय कुमार ने अपनी ग्राम पंचायत में आवेदन किया था, मेरिट में भी सबसे आगे है, चयन भी हो गया था लेकिन सेक्रेटरी व प्रधान की मिली भगत से उनके अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है, जिसको लेकर पीड़ित ने डीएम से शिकायत की है। पीड़िता ने हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल किया है, और उसमें जिला मजिस्टेड्ट को 10 दिन के अंदर अवगत कराने का भी निर्देश दिया है लेकिन अभी तक उनके अनुसार भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उनके अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करने से सेक्रेटरी व प्रधान दोनो मना कर रहे है।

## सीएचसी व पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते डेंगू से हुई एक और मौत

● फरवरी 2022 को होने वाली थी शादी

● मौत से घर में मातम का माहौल

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**मोहल्ला** पूर्वी लखपेड़ा ब्राह्म देव आश्रम निवासी राजेश कुमार गुप्ता की पुत्री दीपाली की डेंगू के चलते मृत्यु हो गई। दीपाली की शादी फरवरी 2022 को होने वाली थी। बेटी की मौत से घर में मातम का माहौल है।

मोहम्मदी क्षेत्र में डेंगू से होने वाली मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहीं। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि कानों में तेल डाल कुंभकरण नींद में सोते नजर आ रहे हैं। क्षेत्र में मलेरिया, डेंगू से मौतों का सिलसिला जारी है। स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका परिषद के जिम्मेदारों की बड़ी लापरवाही शासन का प्रचार-प्रसार दवाइयों का वितरण स्वच्छता फागिंग उच्चधिकारियों औचक निरीक्षण सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। इस कारण लगातार मौतो का सिलसिला जारी है।

## एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने किया एक घंटे का कार्य बहिष्कार



**लखीमपुर-खीरी।** सात सूत्रीय मांगों को लेकर इन दिनों विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन एक घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान जिला अस्पताल व जिला महिला अस्पताल सहित जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों व उप केंद्रों पर कर्मचारियों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आवाहन पर 25 नवम्बर से शुरू विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन समस्त संविद कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया है। वहीं 27 नवम्बर को थाली और ताली बजाने का कार्यक्रम चलाया जाएगा। सरकार को संविदा कर्मचारियों द्वारा कोरोना काल में किये गये परिश्रम की अनदेखी करने नहीं दी जाएगी। इससे पहले प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा सात सूत्रीय मांगों को लेकर मिशन निदेशक का घेराव किया गया था जिसके बाद यह आश्वासन दिया गया था कि इन मामलों पर जल्द ही कार्यवाही की जाएगी। परंतु लम्बा समय बीत जाने के बावजूद इन मांगों पर कार्यवाही नहीं हुई। इन मांगों में विनियमितीकरण/समायोजन, अश्रजित पदों का विभाग में सृजन, वेतन पालिसी व वेतन विसंगति को दूर करना, सातवें वेतन आयोग का लाभ, जॉब सिक्योरिटी, रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानांतरण की सविधा, आउटसोर्स नीति को खत्म करना, बीमा पालिसी, आशा बहुओं का नियत मानदेय समय पर दिया जाना जैसी मांगो शामिल हैं। 25 नवम्बर से शुरू हुए प्रदर्शन में प्रदेश भर के एनएचएम संविदा कर्मचारियों सहित आउट सोर्सिंग व आशा बहनें भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। 29 नवम्बर को मिशन निदेशक कार्यालय का घेराव संविदा कर्मचारी करेंगे। अगर इसके बावजूद मांगों को पूरा न किया गया तो आगे की रणनीति बनाकर कर्मचारी उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। जिला अस्पताल में प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री देवेन्द्र नाथ पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विजय वर्मा, डा. राकेश गुप्ता, डा. अखिलेश शुक्ला, डा. शिखर बाजपेई सहित जिला मीडिया प्रभारी देव नंदन श्रीवास्तव, गुरमत सिंह, पंकज शुक्ला, नीरज कुमार, विवेक मित्तल, विवेक तिवारी, सहित तमाम कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। वहीं महिला अस्पताल में सुष्मिता वर्मा के नेतृत्व में राघवेंद्र श्रीवास्तव, वेद प्रकाश सोनी, शिप्रा वर्मा, दीपमाला, मधु, रश्मि सक्सेना सहित तमाम अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई टेट परीक्षा की तैयारी बैठक, बनी रणनीति

● 28 नवंबर को होगी परीक्षा, प्रथम पाली में 23 तो दूसरी पाली के लिए बने 15 केंद्र



**लखीमपुर-खीरी।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को शांति पूर्ण ढंग से निबटाने के लिए शुक्रवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में तैयारी बैठक हुई। डीएम ने बताया कि 28 नवंबर को दो पाली में परीक्षा होगी। प्रथम पाली के लिए 23 व द्वितीय पाली के लिए 15 केंद्र बनाए गए हैं। दोनों पालियों में 20733 अभ्यर्थी शामिल होंगे। सभी परीक्षा केंद्रों को 7 सेक्टर में बांटा गया है। जिसमें मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई। डीएम ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा पर्यवेक्षक की तैनाती एवं सचल दलों का गठन किया है। उन्होंने परीक्षा को नकलविहीन, शुचिता पूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र की ऑडियो वीडियो रिकॉर्डिंग एवं वेबकास्टिंग भी होगी। जिसे कंट्रोल रूम जिला मुख्यालय एवं प्रदेश स्तर से सघन मॉनिटरिंग की जाएगी। डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा हॉल में प्रवेश पत्र व फोटोयुक्त आईडी देखने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

### इन परीक्षा केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

जीजीआईसी, जीआईसी, भगवानदीन आर्य कन्या इंटर कॉलेज, भगवानदीन आर्य कन्या पीजी कॉलेज, अबुल कलाम आजाद इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज, गुरु नानक इंटर कॉलेज, गुरु नानक विधिक सभा बालिका इंटर कॉलेज, अजमानी पब्लिक स्कूल, सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, आदर्श विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, कृषक समाज इंटर कॉलेज फ्तेपुर, आदर्श जनता इंटर कॉलेज देवकली, धर्म सभा इंटर कॉलेज, डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज, पीके इंटर कॉलेज, वाईडी पीजी कॉलेज, सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड व कुँवर खुसवक्तरॉय बालिका इंटर कॉलेज।

## संविधान दिवस पर ली गई शपथ



**लखीमपुर-खीरी।** एसएसबी सेक्टर मुख्यालय में शुक्रवार को संविधान दिवस मनाया गया। इसमें सभी अधिकारियों व कार्मिकों ने संविधान की गरिमा को बनाए रखने की शपथ ली। कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) मुकेश कुमार गौतम ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि 26 नवम्बर 1949 को ही देश का संविधान बनकर तैयार हुआ था। चूंकि गुलामी के काल में पहला मानक स्वतंत्रता दिवस 26 जनवरी को मनाया गया था इसलिए 1950 में इसी दिन संविधान लागू हुआ था। 2015 में संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने इसी दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाने के केंद्र रकार के फैसले को अधिसूचित किया था। इससे संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों के सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। इस अवसर पर उप कमांडेंट नवरतन आजाद यादव, सहायक कमांडेंट अभियंता कुमुद शैकिया, सहायक कमांडेंट मंत्रालयिक मोहिन्दर सिंह व अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जब रास्ते में रुक कर आशाओं से करने लगे ट्रेनिंग की जानकारी


संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**काम करने** के अपने अलग अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर अपने नये-नये प्रयोगों को लेकर इन दिनों सुर्खियों में हैं। यही वजह है कि जिले की स्वास्थ्य सेवाएं दिन ब दिन बेहतर होती जा रही हैं। उनके स्वभाव की चर्चाएं भी इन दिनों खूब हो रही हैं। उनके कुछ ऐसे ही मिजाज को देखकर ट्रेनिंग को आईं आशायें उस वक्त चौंक गईं जब रास्ते पर चाय की चुस्कियां लेते समय सीएमओ अपनी कार से उतरकर उनके पास पहुंच गए।

हुआ यूं कि इन दिनों एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में पापुलेशन बेस्ड स्क्रीनिंग को लेकर ईसानगर की आशाओं का प्रशिक्षण चल रहा है। इसी दौरान सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर गुरूवार को किसी काम से एएनएम ट्रेनिंग सेंटर पहुंचे। काम निबटाने के बाद वे अपने आफिस के लिए रवाना हुए। तभी उन्हें कैंटीन के बाहर कुछ आशाएं चाय की चुस्की लेती दिखीं। बस फिर क्या था। अपने स्वभाव के चलते वे वहीं पर ठहर गए। आशाओं से वहां खड़े होने का कारण पूछा तो पता चला कि वे ट्रेनिंग करने आईं हैं।

बस फिर क्या था। साहब के सवाल शुरू हुए। उन्होंने पूछा कि जो ट्रेनर आपको ट्रेनिंग दे रहे हैं उनकी बात आपको समझ आ रही है। आप कौन सी ट्रेनिंग करने आई हैं। इस ट्रेनिंग का क्या उद्देश्य है। आपने बीते दिनों में क्या सीखा। इस जैसे तमाम और सवाल उन्होंने आशा बहनों से पूछे। करीब-करीब सभी ने सवालों के सकारात्मक जवाब दिए। जवाबों से संतुष्ट होकर सीएमओ साहब अपने केबिन की तरफ रवाना हो गए।

## यातायात जागरुकता के प्रति हुई गोष्ठी



**लखीमपुर-खीरी।** यातायात माह के तहत पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान प्रपत्र, हेलमेट की कमी के चलते कई लोगों के चालान काटे गये। वहीं भविष्य में ऐसी लापरवाही न बरतने की चेतावनी भी दी गई। वहीं गुरूनानक इण्टर कालेज में जागरुकता अभियान चलाया गया। मौजूद एसपी संजीव सुमन ने बच्चों को यातायात के नियम व वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने की सही उम्र 18 वर्ष है। इससे कम उम्र के नाबालिगों का वाहन चलाना गैर कानूनी भी है और गैर जिम्मेदाराना भी। इस दौरान बच्चों को जागरुकता पम्पलेट भी बांटे गए। बच्चों से यातायात नियमों के प्रति अपने बड़ों को जागरुक करने की अपील की गई।

# रुपयों को लेकर हुए विवाद में सत्येंद्र की दोस्तों ने की थी हत्या

● एक हत्यारोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● आलाकत्ल, अधजला कंबल, रस्सी बरामद

संवाददाता। उरई (जालौन)

**शुक्रवार** को पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाउदपुर में किसान की हत्या का खुलासा करते हुये बताया कि उधार रुपये देने से इंकार करने पर उसके ही दो दोस्तों ने उसकी कमरे में हत्या कर शव को घटना स्थल से तीन सौ मीटर दूर फेंक दिया था। पुलिस ने एक हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही हत्या में प्रयुक्त चाकू, अधजला कंबल व रस्सी आदि को बरामद कर लिया। जबकि दूसरा हत्यारोपी पुलिस की पकड़ से दूर है।

किसान की हत्या का खुलासा करते हुये एसपी ने बताया कि 24 नवंबर को वादी राजकिशोर बुधौलिया पुत्र स्व. रामशंकर बुधौलिया निवासी सिहारी दाउदपुर की तहरीर पर शिवपाल कुशवाहा व छोटे साहब द्वारा सतेंद्र उर्फ छोटू की गला काटकर हत्या कर लाश को छिपाने के उद्देश्य से भगवानदास के खेत के समीप फेंक दिया था जिसके संबंध में जालौन कोतवाली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 330/21 धारा 302, 201 भादवि बनाम शिवपाल आदि दो नफर के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। इसके बाद पुलिस हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के प्रयासों में जुट गयी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शिवपाल कुशवाहा पुत्र स्व. भागीरथ सिहारी दाउदपुर को शेखपुर पुलिया से गिरफ्तार कर लिया बाद में उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, अधजला कंबल व रस्सी आदि को बरामद कर लिया गया। हत्यारोपी ने पूंछतांछ के दौरान बताया कि 23 नवंबर को हम सभी छोटे साहब, मृतक सतेंद्र मेरे घर पर बैठकर शराब पी रहे थे उसी दौरान छोटे साहब का सतेंद्र से रुपयों को लेकर विवाद हो गया था इसके बाद हम दोनों ने उसकी चाकू से कमरे के अंदर ही हत्या कर दी और शव को छिपाने की मंशा से भगवानदास के खेत के समीप फेंक दिया और घर आकर सो गया।

## पति ने पत्नी की गला घोंटकर की हत्या खुद भी फांसी पर झूला



**कदौरा ( जालौन )।** कस्बा कदौरा के मोहल्ला सिद्धार्थ नगर में गुरुवार की रात पति पत्नी के बीच आपसी विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि तैश में आकर पति ने गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर दी। बाद में खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी।

मिली जानकारी के अनुसार मुहल्ला सिद्धार्थ नगर बेरी रोड निवासी उदय बीर सविता पुत्र शिवराम सविता उम्र 35 वर्ष ठहति रात काम कर घर वापस आया और पत्नी रजनी देवी उम्र 30 वर्ष के साथ खाना खाया दोनों तीन साल की बच्ची परी के साथ कमरे में सोने के लिए चले गए कमरे में दोनों का विवाद हुआ लेकिन परिजन इससे अनिभिज्ञ थे विवाद इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी उसके बाद स्वयं ने छत के पंखे के कुंदे से लटक कर फांसी लगा ली अल सुबह जब तीन साल की बच्ची ने यह मंजर देखा तो वह रोने लगी जब परिजनों ने बच्ची के रोने की आवाज सुनी तो उन्होंने खिड़की से देखा तो अंदर का मंजर देख कर चीख पुकार मच गई चीख पुकार सुनकर मुहल्ले के लोग भी मौके पर पहुचे और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर दोनों के शवों को बाहर निकाला तथा रोटी हुई बच्ची को स्वजनों के हवाले किया और प्राथमिक जांच पड़ताल की तथा पंचनामा भरकर शवो की सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया परिजनों तथा पुलिस के मुताबिक उदयबीर का मानसिक संतुलन ठीक नही था जिसका इलाज कानपुर चल रहा था वही उदय बीर के परिजनों ने आरोप लगाया कि अभी कुछ दिन पहले वह अपनी ससुराल बंधौली थाना चिकासी जिला हमीरपुर गया था वह पर मायके वालों से विवाद हुआ था तभी से उसने अपना मानसिक संतुलन खो दिया था जानकारी के अनुसार रजनी अपने माता पिता की इकलौती संतान थी जिसकी मा के नाम पर कुछ जायजाद है जिसे उसके परिवार वाले कब्जा किये हुए है उसी को लेकर उदयबीर का विवाद हुआ था वही रजनी के मायके से पहुचे कुछ लोगो ने आरोप लगाया कि दोनों की हत्या की गई है ।

# नियम कानून को ताक में रखकर फिर उठाये गये ब्लाक के ढाई करोड़ के टेंडर

● जिले के ठेकेदारों को नहीं लगी भनक, उच्चाधिकारियों से शिकायत

**मौदहा ( हमीरपुर )।** मौदहा ब्लाक के छिमौली का मामला अभी पूरी तरह शांत नही हुआ था,आज ब्लाक में ढाई करोड़ रुपये के उठाये गये टेंडरों में किसी भी स्थानीय ठेकेदारों को जानकारी नही हो पायी क्योकि यह मामला इतना गुप्त रखा गया था कि जिले के किसी भी अखवार में टेंडर प्रकाशित नही कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक ब्लाक के छिमौली गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना में हुई लाखों की धांधली में परियोजना निदेशक को निलंबित कर दिया गया था इस मामले की चिनगारी अभी बुझ नही पायी थी कि आज ब्लाक में निकले गये टेंडरों भारी अनियमितताएं की गयी है हालाकि इस मामले की शिकायत पहले भी उच्चाधिकारियो से की गयी थी इस पर एडीएम ने जांच के आदेश भी किये थे मगर कोई असरन नही हुआ, मगर यहा के ब्लाक प्रमुख व खंड विकास अधिकारी के तनिक भी जू नही रेगता है। लोगो का कहना है कि ब्लाक में टेंडरो पर धांधली होना एक आम बात बन गयी है। ब्लाक में सहायक अभियंता का कार्यभार देख रहे एसबी सिंह जो फतेहपुर का भी कार्यभार लिये है वह किसी भी अधिकारी की बात नही मानने से साफ इंकार कर देते है ठेकेदार वृजकिशोर ने एडीएम को बताया कि पिछले मर्तवा जो ठेका उठाया गया था उसमे नियम कानून का खुला उल्लंघन किया गया था बाहरी ठेकेदार यहा आकर लोगो को डरा धमका कर अपना काम कराने का कई सालो से प्रयास कर रहे है। यदि इस मामले की जांच करा ली जाये तो चौकाने वाले तथ्य सामने आयेगे। यहा के जनप्रतिनिधियों ने शासन को पत्र लिखकर इस मामले में कार्यवाही की मागं की है।

# कांग्रेस के पूर्व विधायक के घर पड़ा ईडी का छापा

**बांदा।** जिले ईडी का पड़ा कांग्रेस के पूर्व विधायक के घर पड़ा ईडी का छापा (लगभग 3 टीमें 40 लोग) कल 5: 00 बजे सुबह से सबको किए हैं नजरबंद सबकेमोबाइल फोन और हथियारभी लिएकब्जे में लैपटॉप हार्ड डिस्क कैश और सोने की हो रही सर्च जिसमें अभी तक सूत्रों के अनुसार लगभग 22 लाख 2 किलो सोना बरामद हुई की बात कही जा रही है इनका डीजियानाकंपनी के कई हाजर करोड़ का साथ बड़ा टरनोबरपकड़ा है ईडी ने पूर्वविधायक दलजीत सिंहजी को पकड़ कर टीम लाई निज निवास बांदा में कांग्रेस के पूर्व विधायक दलजीत सिंह जोकि बालू का बहुत बड़ा कारोबार करते हैं तथा साथ में हवाला कभी कारोबार उनके द्वारा किया जाता है ऐसा जांच एजेंसियों का कहना है ईडी में कई मुकदमे इनके ऊपर नामजद दर्ज है साथ में सीबीआई में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

आपको बताते चलें कि कांग्रेश के पूर्व विधायक दलजीत सिंह बालू के बेशुमार व्यापारी हैं इनके संबंध डीजियाना कंपनी के साथ कई हजार करोड़ का ट्रांजैक्शन की जानकारी ईडी को मिली और कई हजार करोड़ के हवाला कारोबार की भी भनक लगी इसके चलते 25 तारीख 3रू00 बजे प्रात: एक दर्जन गाड़ियां विधायक को पकड़ने के बाद उनके पुश्तैनी घर बांदा जनपद के कालू कुआं एरिया में सभी को नजरबंद किया सभी के मोबाइल और हथियार जप्त कर लिए और एक एक दस्तावेज दीवानों को काट कर कैश सोना और भी आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हालांकि राघवेंद्र ैपदही नाम का विधायक का मैनेजर हार्ड डिस्क और लैपटॉप लेकर फरार हो गया वह हार्डडिस्क शायद टीम के हाथ नहीं लगी कुछ सामान सुधारों के माध्यम से बगल वाले मकान से भी कुछ इधर.उधर किया जा रहा था हालांकि टीम ने काफी मुस्तैदी से गहन जांच पड़ताल में जुटी है लगभग 48 घंटे हो चुके हैं अभी तक पूरे परिवार को नजरबंद किए हैं एनके भाई जिला पंचायत सदस्य दलपत सिंह है और इनका बेटा आलोक सिंह लगभग जिसके नाम 40 डंपर बालू में चलते हैं जितेंद्र सिंह विधायक का भांजा है वह भी फतेहपुर में काफी और बांदा में गड़बड़ किया है इस पर भी पूर्व से भी सीबीआई की जांच चल रही थी कांग्रेस के पूर्व विधायक दलजीत सिंह मूलनिवासी बांदा के एक गांव जौहरपुर का है वहां पर विधायक शुरुआती दौर में आज से 15 साल पहले सिराज सिंह की बालू की खदानों में मुनीम का कार्य करते हैं बालू और हवाला के जरिए आज हजार अरबों खरबों का मालिक बन बैठा है आज आप डिगियाना कंपनी जैसी दर्जनों कंपनी इनकी चल रही है आखिर यह पैसा इनके पास आया कहां से किन.किन देशों में इनका कारोबार है यह अभी जांच चल रही है।

## तीन जगह हुई कार्रवाई

सेल टैक्स बांदा की एसआई बी टीम ने गू लर नाका स्थित प्रतिष्ठान ओम बुक डिपो एवं विद्या प्रिंटर मैं डिप्टी कमिश्नर श्रीमती रश्मि अवस्थी सुनील कुमार वाणिज्य कर अधिकारी नीरज सिंह वाणिज्य कर अधिकारी रविंद्र कुमार असिस्टेंट कमिश्नर एवं भानु कुमार वाणिज्य कर अधिकारी एक टीम बनाकर तीन जगह छापा मारा जिसमें यह ज्ञात हुआ ओम बुक डिपो द्वारा फर्जी डमी लगभग आधा दर्जन फर्म से सामान की सप्लाई स्वास्थ्य विभाग बांदा में की गई और टैक्स देने के नाम पर कई फर्मो ने नक्शा जीरो का भेजा गया है जबकि उनके अकाउंट में लाखों करोड़ों रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है इस को मद्देनजर रखते हुए टीम के अधिकारियों ने सारे दस्तावेज सील करते हुए अपने सुपुर्द ले लिया है और विधिवत जांच शुरू कर दी है जांच के बाद ही पता चलेगा कि इन के ऊपर कितने करोड़ का जीएसटी सेल टैक्स की चोरी का मामला बनता है और इनसे किस तरह से रिकवरी की जाएगी।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा संपन्न कराने को डीएम ने बनाई रणनीति

● जिले में 12 केन्द्रों पर दो पाली में परीक्षा देंगे 11533 परीक्षार्थी



निर्देश देते डीएम-एसपी।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 के आयोजन के संबंध केंद्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षक, मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल आदि अधिकारियों के साथ एक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि यूपीटीईटी परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्वक संपन्न कराया जाये। परीक्षा केंद्रों में अभी से ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाये परीक्षा को सकुशल सुरक्षित संपन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर रेलवे स्टेशन बस स्टैंड तथा भीड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की भी व्यवस्था कराई जाये। परीक्षा कदाचार रहित एवम् शुचिता पूर्ण नकल विहीन शांतिपूर्वक संपन्न कराने का दायित्व परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों का है अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, बैठने हेतु व्यवस्था, शौंचालय तथा साफ-सफाई, विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जायें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक 4 परीक्षा केंद्र पर एक जोनल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है जिन्हें परीक्षा केंद्र आवंटित कर दिया गया है जो सतत निगरानी एवं अनुश्रवण करेंगे इसके अलावा तीन सचल दल भी गठित किया गया है परीक्षा केंद्र पर पालीवार अलग-अलग स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा को सकुशल संपन्न कराना हम आपका दायित्व है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तथा सुरक्षा की व्यवस्था की गई है परीक्षा के दौरान कोई समस्या नहीं होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम ने बताया कि 12 परीक्षा केंद्र प्रथम पाली में, 8 परीक्षा केंद्र द्वितीय पाली में , जिसमें प्रथम पाली में 7140 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 4393 परीक्षार्थी भाग लेंगे प्रथम पाली की परीक्षा प्रात: 10 बजे से 12.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा 2.30 बजे से 5 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने समस्त केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा- 2021 को संपन्न कराने हेतु महत्वपूर्ण बिंदु एवं उत्तरदायित्व जो दिया गया है उसका अच्छी तरह से अध्ययन करके परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जाये। बैठक में जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी शैलेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लापरवाह एमओआईसी से जवाब तलब मासिक समीक्षा बैठक में डीएम सख्त

**हमीरपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यों ध्विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए तथा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं में शिथिलता बरतने वालों एवं दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने में लापरवाही बरतने वाले एमओआईसी से सीएमओ द्वारा स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए।

गर्भवती महिलाओं ,बच्चों के टीकाकरण आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं को शीघ्र टीकाकरण किया जाए, कहा कि कोई भी नियमित टीकाकरण से वंचित नहीं होना चाहिए, डिलीवरी होने के बाद उन्हें टीके की जीरोडोज अवश्य दी जाए, होम डिलीवरी वाले केस में भी माता एवं शिशु को ट्रैक कर शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकत्री,एएनएम एवं लाभार्थियों के विभिन्न योजनाओं के पेंडिंग भुगतानध्मानदेय शीघ्र निस्तारण किया जाय इसमें अनावश्यक देरी ना की जाए, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का समय से भुगतान किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसमें अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए । कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल पर लाभार्थियों का डाटा समय से फीड कराया जाए। कहा कि फैमिली प्लानिंग के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा इसके लिए लोगों की काउंसलिंग की जाए, इसमें डॉक्टरों को जो लक्ष्य दिया गया है लोगों की काउंसलिंग कर उसको प्राप्त किया जाए।

# एसपी धवल जासवाल ने सुनी फरियादियों की समस्याएं



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में जनता की समस्याएं सुन त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इस दौरान ग्रामींण क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को बताया गया कि आप अपनी शिकायत 'जनसुनवाई आपके द्वार' के तहत 'मो0नं0 8810747614' पर वीडियो कॉलिंग के माध्यम से भी कर सकते है, आप लोगों को दूर दराज से यहां तक नहीं आना पडेगा, आपकी शिकायत वीडियो कॉलिंग पर ही सुन ली जायेगी तथा निस्तारण कराया जायेगा, जिससे आप लोगों के समय की तथा आर्थिक बचत होगी। इस दौरान एसपी ने जनसुनवाई आपके द्वार के तहत वीडियो कॉलिंग से प्राप्त शिकायतों को भी सुना एवं उनके त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

# समर्थन मूल्य गारंटी कानून न बनने तक जारी रहेगा आंदोलन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून न बनने तक किसानों का आन्दोलन आर-पार की लडाई तक जारी रहेगा।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश किसान सभा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य का रुद्र प्रसाद मिश्र ने तहसील में प्रदर्शन कर हुई सभा में कहा कि खेती की सम्पूर्ण लागत पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को किसानों का कानूनी हक बनाया जाये, ताकि देश के हर किसान को पूरी फसल पर मूल्य पर खरीद की गारंटी हो सके। सरकार ने वायदा खिलाफी कर विद्युत अधिनियम संशोधन को वापस ले लिया। उप्र किसान सभा ने कहा कि लखीमपुर खीरी कांड के अजय मिश्र उर्फ टेनी को बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाये। आन्दोलन दौरान सात सौ किसान शहादत दे चुके हैं। ऐसे किसानों के परिवारों को मुआवजे व पुर्नवास की व्यवस्था की जाये। प्रदर्शन और सभा में का नाथूराम, अजय सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रामप्रताप विश्वकर्माद्व लल्लूराम त्रिपाठी, चुनकूराम पाल, रामसहाय, शिवशंकर मिश्रा, शिवप्रसाद आदि मौजूद रहे। किसानों की ओर से संयुक्त किसान मोर्चा के छपे पत्र को जनता के बीच बांटा जाये।

## संविधान की खूबसूरती बिगाड़ रही है भाजपाः अनुज यादव



**चित्रकूट।** सपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव समेत पार्टी कार्यकर्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर पार्टी संविधान की शपथ ली। शुक्रवार को सपा जिला कार्यालय में हुई गोष्ठी में जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने भीमराव अम्बेडकर के लम्बे संघर्षों से भरे जीवन के बारे में बताया। दलित, पिछडा, शोषित समाज विकास की धारा से जुडा हुआ है, वह डॉ अम्बेडकर की देन है। भारतीय संविधान समता, समानता, एकता, अखंडता व बंधुत्व का पाठ पढाता है। कुछ साम्प्रदायिक दल धर्म के सहारे लोगों का वोट लेकर संविधान की खूबसूरती बिगाडने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा व आरएसएस को डॉ अम्बेडकर के संविधान पर भरोसा नहीं है। देश की मोदी सरकार लगातार संविधान और लोकतंत्र खत्म कर रही है। भाजपा दोहरे चरित्र की पार्टी है। धर्म सम्प्रदाय के नाम पर गरीब, किसान, मजदूर, दलित और पिछडे समाज के वोट लेकर सरकार में आने के बाद उद्योगपतियों का गुलाम बनाने के कानून बनाते हैं। भाजपा सभी के अधिकार खत्म करना चाहती है। सात वर्ष के शासनकाल में गरीब, शोषित, किसान, मजदूर के लिए कोई काम नहीं किया है। गोष्ठी में जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल, सत्यनारायण पटेल, मो गुलाब खां, जिला महासचिव फराज खान, नरेन्द्र यादव, अनुज निगम, इन्द्रभूषण यादव, आशुतोष अग्रहरि, राधेश्याम निषाद, सीताराम कश्यप, राधे यादव, शांतनु कुमार सिंह, सुरेश यादव, रोहित यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### नदी में नहाने गये बालक की पानी में डूबने से मौत

**रामपुरा (जालौन)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नरौल निवासी शादिक खान पुत्र अनीश खान 17 वर्ष गांव के समीप से बहने वाली पहूज नदी में शुक्रवार को सुबह डूबने से मौत हो गई। मृतक शादिक खान चार भाई बहनों में घर में बड़ा बेटा था। मृतक के पिता अनीश खान बम्बई में मजदूरी का कार्य करते हैं। मृतक सुबह नदी पर नहाने गया हुआ था। जब वो नदी में डूब गया तो आसपास गाय चराने वालों ने मृतक को देख लिया बाद में उसके शव को नदी से बाहर निकाला। तदुपरान्त मृतक को सामुदाय स्वास्थ्य केन्द्र रामपुरा लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के माता पिता को सूचना दे दी गई हैं। घर पर मृतक अपने भाई बहिनों के साथ अकेला था। पुलिस को भी सूचना दे दी गई हैं।

### कैथ गौशाला की देखरेख में लगे दलित कर्मचारी से मारपीट

**जालौन (उरई)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैंथ में गौशाला में लगे कर्मचारी के साथ ग्रामीण ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। दलित गौशाला कर्मचारी ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। कैंथ निवासी पुष्पेंद्र पुत्र हरजू वसोर ने बताया कि वह गांव में संचालित गौशाला में काम करता है। गौशाला के पशुओं के लिए चारे पानी के साथ उनकी रखवाली करते हैं। गुरुवार की रात व घर से गौशाला जा रहा था तभी रास्ते में शिवकुमार मिल गये तथा जबरन गाली-गलौज करने लगे जब गाली देने से मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान गौशाला की चाबी व गले में पहने ओम कहीं गिर गया है। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की है तथा आरोपित के खिलाफकार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के वार्ड चार विद्युत उपकेंद्र के पीछे रहने वाली महिला के घर मे घुसकर बुधवार की रात अज्ञात तीन चोरो ने चोरी करने पर पुलिस ने आज अज्ञात के खिलाफचोरी का मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित महिला रेखा पत्नी रघुलेश सोनकर ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात एक बजे के लगभग अज्ञात तीन लोग मुँह में कपड़ा बांध कर मकान के अंदर घुस आए। तथा डेढ़ साल की बच्ची के साथ सोते समय गर्दन में कुल्हाड़ी लगाकर कहा कि शोर किया तो जान से मार देंगे। तथा अलमारी का ताला तोड़कर उसमे रखे 12500 रुपया नकद, व लाखो के जेवर ले गए। तथा धमकी देकर भाग गए। उनके जाने के बाद महिला ने शोर मचाया तो पड़ोसी व देवर आये। महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफचोरी का मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है।

### बाइक की टक्कर से घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी युवक ने बाइक सवार द्वारा सड़क पार करके घर जाते समय टक्कर मार कर घायल कर दिया वही पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफमुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी सुनीलकुमार ने पुलिस को बताया कि पांच दिन पहले मेरे पिता छोटे लाल हाइवे में बने डिवाइडर को पार करके अपने घर की तरफजा रहे थे। तभी कुरारा से हमीरपुर की तरफजा रहे अज्ञात बाइकचालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए। वहाँ से कानपुर रिफर कर दिया। जहाँ इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफदुर्घटना का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सैनिक परिवार ने पूरे परिवार के साथ दी आत्मदाह की धमकी

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्वा निवासी एक पूर्व सैनिक परिवार ने दबंग परिवार से आजिज आकर आत्महत्या की धमकी दी है,यह जानकारी पुलिस अधीक्षक को दे दी है। सुमेरपुर निवासी राहुल सिंह ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि कस्वे का सरिता यादव का परिवार से उसका लाइट को लेकर विवाद हुआ था मगर तब से वह बेबुनियाद आरोप लगाकर उसके परिवार को तंग करती आ रही है यही नही उसके ऊपर गलत आरोप लगाकर उसे सीआरपीएफकी एसआई पद से बर्खास्त करा दिया था इसके बाद से उसके परिवार को बराबर ब्लैकमेल व प्रताड़ित किया जा रहा है। यही नही सरिता यादब के भाई जीतेंद्र,धर्मेंद्र उसके परिवार से तीन लाख रुपये की बराबर मांग कर रहे है। पुलिस की मिलीभगत से आज भी उसे प्रताड़ित किया जा रहाहै यदि इस मामले में प्रशासन ने कोई कार्यवाही नही की तो उसका परिवार सामूहिक रुपसे आत्मदाह कर लेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रसासन की होगी।

### पुत्री की गोदभराई के चंद मिनट पहले मां फांसी पर झूली

**सुमेरपुर ।** कस्बा सुमेरपुर में आज पुत्री की गोदभराई के चंद मिनट पहले मां ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, सुमेरपुर पुलिस के मुताबिक आज प्रेमदास अनुरागी की पुत्री प्रियंका की गोदभरायी थी मेहमान आना शुरु हो गये थे तभी प्रेमदास की पत्नी दुलारी(50) ने चुपचाप कमरे में जाकर फांसी पर झूल गयी जानकारी होने पर परिवारीजन उसे उतार कर अस्पताल ले गये जहा डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पुत्र नागेंद्र ने बताया कि उसकी मां काफी दिनों से बीमार चल रही थी जिसका उपचार भी कराया जा रहा था , पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

### बाइक से फिसलकर गिरने से शिक्षा मित्र की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के कोठा गांव से बीएलओ की ड्यूटी करके लौट रहे शिक्षा मित्र की बाइक जराखर-मझगवां मार्ग स्थित नौरंगा गांव के पास ब्रेकर पर फिसल कर गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मझगवां थाने के कोठा गांव निवासी बदन सिंह ने बताया कि उसका 40 वर्षीय भतीजा अनिल पुत्र जगदीश कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ले में रहता था। कोठा गांव में स्थित परिषदीय विद्यालय में शिक्षामित्र के पद पर तैनात था। बताया कि वह गुरूवार की रात करीब 10 बजे अपने गांव कोठा से बीएलओ की ड्यूटी करके घर लौट रहा था। तभी जराखर-मझगवां मार्ग स्थित नौरंगा गाँव के पास सड़क से खेतों की सिंचाई के लिए डाली गई पाइप लाइन में बने ब्रेकर पर अचानक उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे गिरकर उसके भतीजे अनिल की मौके पर ही मौत हो गई।

### शिक्षकों ने नारेबाजी कर अफसरों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के दर्जनों शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा परिषद के जिला महामंत्री पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में अधिकारियों के द्वारा शिक्षकों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। उन पर अतिरिक्त कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे शिक्षक मानसिक रूप से तनावग्रस्त हैं। बताया कि इसी अतिरिक्त दबाव व उत्पीड़न के चलते गुरूवार की रात कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी शिक्षक अनिल कुमार की नौरंगा गांव के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया कि वह लोग अपना कार्य पूरी शुचिता के साथ कर रहे हैं। लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों के द्वारा उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी सहित बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर तानाशाही व शिक्षकों का उत्पीड़न करने के गंभीर आरोप लगाये है।

### मारपीट का लगाया आरोप, पुलिस से शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के एक गांव में एक व्यक्ति ने गांव के चार लोगों पर मारपीट कर व पत्नी के साथ छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि गुरूवार की रात करीब 9 बजे वह घर पर था। तभी गांव के चार लोग उसके घर पर आये और गाली गलौज करने लगे। बताया कि जब वह घर के बाहर आया और गाली देने का कारण पूछ तो उक्त लोगों ने उसे जमकर मारापीटा। वह अपनी जान बचाकर घर के अंदर भागा। बताया कि उक्त लोग घर के अंदर भी घुस गये और उसे आंगन में पकड़कर लाठी डंडों से पीटा। आरोप लगाया कि आवाज सुन जब उसकी पत्नी बचाने आईं तो उक्त लोगों ने बुरी नियत से पकड़कर उसके साथ छेड़खानी की और मारापीटा। बताया कि शोर सुन जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो उक्त लोग जानमाल की धमकी देते हुये भाग गये।

### आत्महत्या का किया प्रयास, करंट की चपेट से युवक झुलसा

**राठ (हमीरपुर)।** मुस्करा थाने के खड़ेही लोधन गांव निवासी 40 वर्षीय अखिलेश पत्नी राजवीर ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं कोतवाली के परा गांव निवासी 18 वर्षीय सुनील पुत्र कंधीलाल और मझगवां थाने के जराखर गांव निवासी 30 वर्षीय पूनम पत्नी मनोज कुमार ने पारिवारिक कलह के चलते जहर खा लिया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। जहां चिकित्सक ने अखिलेश और पूनम की हालत नाजुक देख उन्हे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया। चिकासी थाने के जिगनी गांव निवासी 38 वर्षीय अशोक पुत्र पंचू शुक्रवार की सुबह खेत में सिंचाई कर रहा था। सिंचाई करते समय पास में पड़े ट्यूबवेल के तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया।

### संविधान दिवस पर डीएम ने पढ़ाया प्रस्तावना का पाठ

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों /कर्मचारियों को संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान के प्रस्तावना पाठ को सभी को पढ़ाया। उन्होंने हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित कराने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर 1949 ईस्वी मिती मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी संवत दो हजार छह विक्रमी को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मा समर्पित करते हैं। इस अवसर पर सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, विकास सचान, योगेंद्र सिंह, राजेश कुमार, संदीप श्रीवास्तव, कलेक्ट्रेट के अवध नारायण, अरुण कुमार शुक्ला, मनोज कुमार मिश्रा, लवलेश कुमार आदि संबंधितअधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# डेमोंस्ट्रेशन रूम का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

● ईवीएम/वीवीपैट मशीन के संबंध में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने के दिए निर्देशए

संवाददाता। अमेठी


निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी

**भारत निर्वाचन** आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को ईवीएम/वीवीपैट मशीन के संबंध में जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में डेमोंस्ट्रेशन रूम बनाए गए हैं, जिसमें ईवीएमध्वीवीपैट मशीन के संबंध में जागरूक करने के लिए स्थानीय लोगों से वोट डलवा कर उन्हें मशीन के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील गौरीगंज में स्थापित ईवीएमध्वीवीपैट डेमोंस्ट्रेशन रूम का जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिला मजिस्ट्रेट श्री अरुण कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर अधिक से अधिक मतदाताओं को ईवीएमध्वीवीपैट मशीन के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वयं व अन्य लोगों के साथ वोटिंग किया तथा मशीन के संबंध में लोगों को जानकारी दी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक मतदाताओं को बुलाकर उन्हें वोट डलवाने तथा मशीन के संबंध में जागरूक करने के निर्देश दिए साथ ही ईवीएमध्वीवीपैट को लेकर लोगों में जो भ्रांतियां हैं उन्हें दूर करने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को ईवीएमध्वीवीपैट मशीन के बारे में जागरूक करने के लिए जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में डेमोंस्ट्रेशन रूम बनाए गए हैं जिसमें ईवीएमध्वीवीपैट मशीन को रखकर स्थानीय लोगों से वोट डलवा कर उन्हें मशीन के संबंध में जागरूक किया जा रहा है साथ ही लोगों में जो भ्रांतियां हैं उन्हें भी दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू करने की घोषणा के पूर्व तक चलता रहेगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एसपी सिंहए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट रितु चौधरी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में कार की टक्कर से श्रमिक गंभीर रूप से घायल

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग पर कुंदन गंज के एस्सार पेट्रोल पम्प के सामने से सड़क पर कर रहे मोटर साइकिल सवार उदयराज पुत्र सोमवारी निवासी ग्राम राम पुर खास, थाना शिवगढ़ उम्र लगभग 30 वर्ष की कार यूपी 32 जेबी 5524 से टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक कुंदनगंज में ही स्थित सीमेंट कंपनी में मजदूरी का काम करता था। वहीं दुर्घटना करने के बाद कार चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से एंबुलेंस से घायल को बछरावां सीएचसी भेजवाया गया।

# श्रावस्ती पहुंचे बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह

● मण्डलिये अधिकारियों के साथ कि कमिश्नरी बैठक, कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के मूलमंत्र देकर भरा उत्साह

संवाददाता। श्रावस्ती




**इकौना-बीजेपी** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को श्रावस्ती पहुंच कर मण्डलिये अधिकारियों के साथ मण्डलिये समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधानसभा चुनाव के समीप आते ही सभी राजनीतिक दल अपनी पार्टी को मजबूत करने और उसे विस्तार देने में लगे है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को श्रावस्ती में भाजपा के कमिश्नरी बैठक हुई इस बैठक में देवी पाटन मण्डल के भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। श्रावस्ती के इकौना में आयोजित कमिश्नर बैठक में पहुंचे बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने मतदाताओं में जोश भरने का काम किया और कार्यकर्ताओ को विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र दिया। मीडिया के सवालों का जवाब देने के दौरान उन्होंने कहा कि औवेसी यँहा पर आकर अपना काम करे प्रदेश में आकर मौहोल खराब न करे इसे हैदराबाद ना बनाये हम साढ़े 4 सालों से शान्ति के माहौल में रह रहे है कोई भी दंगा फसाद नही हुआ चुनाव आते ही अखलेश को जिन्ना याद आने लगे है और ओवेसी को दंगा याद आने लगा है। लोग यँहा का माहौल ना खराब करें आज उत्तर प्रदेश में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है जँहा हिन्दू मुस्लिम साथ है।प्रदेश में अब दंगाई जेल में है वह वेल भी लेना नही चाह रहे है।

# प्रत्येक गांव में आयोजित होंगे समाधान योजना के कैम्प: प्रवीण गौतम

**तिलोई, अमेठी।** पावर कारपोरेशन गौरीगंज मंडल के विद्युत खंड तिलोई अंतर्गत आज ग्रामीण क्षेत्रों में एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत चल रही छूट की व्यवस्था के तहत कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग पांच लाख से अधिक की राजस्व वसूली विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा की गई है। आज उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन की तरफ से आगामी 30 नवंबर तक चलाई जा रही उपभोक्ताओं के लिए विद्युत व्यवस्था के तहत एकमुश्त समाधान योजना संचालित है। उपरोक्त योजना की जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार गौतम ने बताया कि आज रास्तामऊ , भिखनापुर, सातनपुरवा आदि स्थानों पर कैंप का आयोजन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की निगरानी में लगाया गया जिसमें उपभोक्ताओं को भारी छूट की योजना को अवगत कराते हुए उन्हें समय पर विद्युत बिल जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे उनके ऊपर लगाया गया अधिभार की सौ प्रतिशत छूट मिल सके। एक्ससीएन श्री गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रहित में बिजली की बचत करना जहां नितांत आवश्यक है। वहीं उपभोक्ताओं को समय पर अपना बिल भी जमा करना चाहिए जिससे उसके ऊपर अधिभार की क्षमता न बढ़ने पाए। मोहनगंज विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत रस्तामऊ में आयोजित कैंप में मौजूद एक्ससीएन इंजीनियर प्रवीण कुमार गौतम व उपखंड अधिकारी अभिषेक मल ने उपभोक्ताओं को समाधान योजना की जानकारी दी। वहीं दोनों अधिकारियों ने आयोजित कैंप की मॉनिटरिंग करते हुए बताया कि 5 लाख से अधिक की राजस्व वसूली आज की गई है तथा यह आगामी 30 नवंबर 2021 तक प्रतिदिन संचालित की जाएगी। आधीशासी अभियंता प्रवीण कुमार गौतम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिनके बिल बकाए हैं आसान दरों पर चल रही छूट का लाभ ले सकते हैं। इस अवसर ओर अवर अभियंता संजीव कुमार कनौजिया मौजूद रहे।

# फाइलेरिया अभियान को लेकर विभाग सक्रिय, 30 प्रतिशत लक्ष्य हुआ पूरा

**अमेठी।** जिले में सात दिसंबर तक चलने वाले एमडीए (मास ड्रग एडमिनस्ट्रेशन) कार्यक्रम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी ताकत झोंक दी है जिस के क्रम में जनपद में अब तक लक्ष्य के सापेक्ष 30: फाइलेरिया की दवा लोगों को खिलाई जा चुकी है अभी तक जनपद में 391 लोगो को फाइलेरिया के लक्षण दिखाई पड़े। सबसे ज्यादा बाजार शुकुल में 88 एवं मुसाफिरखाना में सबसे कम 8 लोगों को लक्षण दिखाई पड़े हैंए उनमें हाइड्रोसील के 122 व लिंफेडिया के 269 मरीज शामिल है। इस संबंध में जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर राम प्रसाद ने बताया कि जनपद को मिले लक्ष्य के सापेक्ष 539632 लोगो को फाइलेरिया की दवा खिलाई गईए उन्होंने बताया कि सोमवार, मंगलवार, गुरुवार व शुक्रवार को दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों एवं व्यक्तियों को आशा आंगनवाड़ी की मौजूदगी में 1723 टीमें घर घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिला रही हैं, उन्होंने बताया कि जनपद स्थित सीएससी एवं पीएचसी गौरीगंज 44888 शाहगढ़ 21501 जामो 54184 अमेठी 36892 मुसाफिरखाना 37306 जगदीशपुर 67017 भादर 32629 भेटूआ 28602, संग्रामपुर 24731, बाजार शुकुल 48308, सिंहपुर 54640, तिलोई 39966, फुरसतगंज 48968 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाई गई।

# केंद्र प्रभारी की अनुपस्थिति से नहीं हो पा रही धान की तौल

● तीन दिनों से केन्द्र पर धान तौल के लिए किसान परेशान


धान क्रय केंद्र पर ट्रैक्टर पर लगा हुआ धान

**जगदीशपुर, अमेठी।** जहाँ सरकार द्वारा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का फौरन निवारण कर रही हैं वहीं जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते धान क्रय केंद्रों पर किसानों की नहीं पा रही तौल जिम्मेदार अधिकारी बेखबर है ।

जगदीशपुर स्थित विपणन केन्द्र पर जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते किसान अपना धान तौल के लिए क्रय केंद्रों पर आते हैं लेकिन केन्द्र प्रभारी की उपस्थिति न होने के चलते उन्हें वापस लौटना पड़ता है वहीं परेशान किसानों ने बताया कि तीन दिनों से धान की तौल कराने के लिए केंद्र का चक्कर लगाना पड़ रहा है बावजूद इसके केन्द्र प्रभारी की उपस्थिति न होने के चलते हमारे धान की तौल नहीं हो पा रही है और हम लोगों की सुनने वाला कोई नहीं है जब कि यहाँ पर तैनात केन्द्र प्रभारी जो कि मानको को ताक पर रखकर सरकार की फजीहत कराने में तेज गति से काम कर रहे हैं ।जब कि उच्च अधिकारी आए दिन मौके का निरीक्षण कर कागजों पर सब कुछ ओके बता रहे हैं लेकिन इस केन्द्र पर हो रही लापरवाही पर जिले के आलाधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं वहीं किसानो की समस्याओं को देखते हुए मीडिया कर्मियों ने क्षेत्रीय विपणन अधिकारी से इस सम्बन्ध में बात की तो उन्होंने बताया कि हम दिखवाते है और मामले की जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ।

# राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड ऊँचाहार की 225 मीटर की नवीन लंबी चिमनी बन कर हुई तैयार

संवाददाता। ऊंचाहार, रायबरेली

**राष्ट्रीय** ताप विद्युत निगम लिमिटेड ऊंचाहार में कार्य कर रही सविदा कंपनी कनवर इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड के अभियंताओ ने एक विशाल कारनामा कर इतिहास रच दिया है। बताते चलें कि 225 मीटर की चिमनी को अपने निर्धारित समय से सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्ता पूर्वक निर्माण किया है।

कनवर इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के चिमनी कंस्ट्रक्शन मैनेजर श्री सुमित कुमार शर्मा ने बातचीत के दौरान बताया कि इस चिमनी का व्यास नीचे सतह पर 32 मीटर है,जो ऊपर जाते- जाते कम हो जाता है। इस चिमिनी की लंबाई 220 मीटर ऊंची है। इसमें फ्लू कैन लगेगा जो स्टील स्ट्रक्चर का होगा। इसके जाल से ही धुआं बाहर निकलेगा। इसके बन जाने के बाद इसकी ऊंचाई 225 मीटर हो जाएगी। बताया जा रहा है कि इस चिमनी का व्यास नीचे 19.500 मीटर है, जो ऊपर जाते-जाते कम



हो जाता है। इसके सबसे ऊपरी हिस्से पर इसका व्यास 16.800 मीटर है। सिविल कांस्ट्रक्शंन का कार्य पूरा होने के बाद इसमें लिफ्ट लगाई जाएगी। इस लिफ्ट से 220 मीटर ऊंचाई तक जाया जा सकेगा। आधुनिक तरीके से बनी इस चिमनी की खासियत यह है कि पावर प्लांट से निकलने वाला धुआं पर्यावरण के लिए कम खतरनाक और घातक ना साबित हो इस लिए इसमें फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (थ्ळक) लगेगा। जो धुएं में सल्फर डाई ऑक्साइड गैस को कम करेगा। साथ ही सेलेक्टिव कैटालिटिक रिडक्शन (ैब्) लगेगा, जो धुएं से जहरीली नाइट्रोजन ऑक्साइड गैस को कम करने का कार्य करेगा। कनवर इंटरप्राइजेस प्राइवेट लिमिटेड के प्राइवेट परियोजना प्रबंधक श्री राजेश प्रसाद पांडेय ने बताया कि यह चिमनी हमारे कंपनी की प्रथम निर्माणिक चिमनी है जिसका निर्माण हमारे अभियंताओं और कर्मचारियों ने सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए अपने निर्धारित समय से पहले कुशलता पूर्वक पूर्ण कर दिखाया है। कंपनी की इस बड़ी उपलब्धि पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री के पी सिंह व डिप्टी जनरल मैनेजर मनोज चौधरी ने खुशी जताते हुए चिमिनी कंस्ट्रक्शन मैनेजर इंजीनियर सुमित शर्मा व उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# एनटीपीसी ऊंचाहार की टीम अभ्युदय बनी विजेता



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय द्वारा 23वां उत्तरी क्षेत्र गुणवत्ता चक्र सम्मेलन 2021 का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक देवाशीष सेन के नेतृत्व में द्वि-दिवसीय कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में उत्तरी क्षेत्र की सभी सात परियोजनाओं की कुल 18 टीमों ने भाग लिया, जिनमें से एनटीपीसी ऊंचाहार की प्रचालन विभाग की टीम अभ्युदय विजेता रही। साथ ही ईंधन प्रबंधन विभाग से टीम एवरग्रीन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न टीमों के परिणामों की घोषणा श्री सेन ने की। ऊंचाहार परियोजना प्रमुख कमलेश सोनी ने सभी विजेता टीम को उनके उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण के लिए बधाई दी तथा आगामी राष्ट्रीय स्तर गुणवत्ता चक्र सम्मेलन में भाग लेने के लिए मनोबल प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रूप में उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय से हिम्मत सिंह, महाप्रबंधक टीएस, रोहित छाबड़ा, अपर महाप्रबंधक कमर्शियल एवम क्यूसीएफ़आई से आरिफ खान उपस्थित रहे। सभी टीमों ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) संजय कुमार झा, सभी विभागाध्यक्ष तथा टीम मेंबर्स उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**तिलोई, अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना क्षेत्र के पूरे शिव बक्स मजरे पेंडारा की रहने वाली महिला ने अनमोल दास उर्फ अनिल कुमार पुत्र विशुन देव दास निवासी माधवपुर थाना बहेरा जनपद दरभंगा ;बिहारद्धके खिलाफदुष्कर्म का मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसे शुक्रवार को उपनिरीक्षक श्रीचंद्र ने अहोरवा भवानी चौराहे से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज विवेक सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमेठी।** वर्तमान में जनपद में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 1 नवंबर से 30 नवंबर तक चल रहा है। जनपद अमेठी में जिलाधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में एवं मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर के कुशल मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं इसी क्रम में आज भादर विकासखंड के गुरहा मिनी स्टेडियम में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम कराए गए। जिसमें नुक्कड़ नाटकए रंगोली प्रतियोगिताए मेहंदी प्रतियोगिताए मतदाता जागरूकता के संबंध में निबंध एवं पत्र लेखन इत्यादि कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रम के पश्चात विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गयाए जिसमें ग्रामीणों द्वारा एवं अध्यापकों द्वारा हस्ताक्षर किए गए। आज संविधान दिवस भी है अतः संविधान दिवस 26 नवंबर के अवसर पर समस्त अध्यापकध्अध्यापिका एवं ग्रामीणों को संविधान की शपथ दिलाई गईए इसके साथ.साथ मतदाता जागरूकता की भी शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकध्अध्यापिकाओं को अलग से निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में छात्र छात्राओं के अभिभावकों के खातों में जूता.मोजाए यूनिफॉर्मए स्वेटर एवं बैग हेतु धनराशि प्रेषित की गई है। अध्यापक एवं अध्यापिका अभिभावकों को बुलाकर उनके साथ बैठकर कर उन्हें उपरोक्त सामग्री क्रय करने हेतु प्रेरित करें एवं बच्चों को विद्यालय ड्रेस में स्वेटरए जूता.मोजाए बैगए यूनिफार्म के साथ ही भेजें इसके लिए प्रेरित करें।

### दो दिवसीय कृषक गोष्ठी व भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

**श्रावस्ती।** सिरसिया राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत उप निदेशक उद्यान देवीपाटन मण्डल गोण्डा डा0 डी0के0वर्मा ने दो दिवसीय कृषक गोष्ठी व भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड सिरसिया के ग्राम पंचायत मोतीपुर कला में द्वीप प्रवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने विभाग की योजनाओं की बारे में जानकारी दीए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 रघुवंशी द्वारा कृषि से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी गई। गोष्ठी में उपस्थित कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार द्वारा कृषि रक्षा पर जानकारी उपलब्ध करायी गई। मौके पर उपस्थित भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा भूमि संरक्षण से सम्बन्धित जानकारी लोगों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन उद्यान निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। आयोजित कृषक गोष्ठी में लगभग 400 किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 80 प्रतिशत महिलायें उपस्थित रही।

### दहेज हत्या के आरोपी पति व सास को हुई सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**श्रावस्ती।** थाना इकौना के जयचंद पुर कटघरा गाँव मे 9 दिसम्बर 2013 को दहेज लोभियों ने दहेज की मांग पूरी नही होने पर विवाहिता पुष्पा देवी की हत्या कर दी। इस मामले के आरोपी पति व सास को कोर्ट ने आजीवन सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई है साथ ही 70 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि थाना इकौना अंतर्गत ग्राम जयचंद पुर कटघरा मे दुबे पुरवा निवासी अमेरिका प्रसाद पुत्र छेदी ने अपनी पुत्री पुष्पा देवी की शादी लालन के साथ धूमधाम से की थी। परन्तु शादी के कुछ समय बिताने के बाद से ही उसके पति व सास कम दहेज मिलने को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करने लगे। दहेज लोभियों का जब इतने से मन नही भरा तो अंततः उन्होंने 9 दिसम्बर 2013 को उनकी लड़की की हत्या कर दी सूचना मिलने पर जब वह अपनी लड़की के ससुराल पहुँचे तो उन्होंने देखा कि उनकी लड़की का मृत शव जमीन पर पड़ा था जबकी उसके सभी ससुरालीजन मौके से फरार थे। मृतका के पिता की तहरीर पर थाना इकौना पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना किया। मुकदमे का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट अजय कुमार सिंह ने किया। न्यायालय ने अभियुक्त मृतका के पति लालन व सास सुंदर देवी को मामले में दोषी करार दिया। उन्होंने दोनों अभियुक्तों को आजीवन सश्रम कारावास की सजा के साथ ही 70 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है ।

### एसडीएम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**नसीराबाद, रायबरेली।** उप जिलाधिकारी, सलोन शिखा शंखवार के नेतृत्व में शुक्रवार को छतोह विकास खण्ड के लाल जी डिग्री कालेज बारा में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। उपजिलाधिकारी शिखा संखवार ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी युवा पीढ़ी ही देश की कर्णधार है। आपका वोट अमूल्य है। आपके वोट से से ही बिधायक और सांसद बनते हैं, जो देश को चलाते हैं।आप अच्छे लोगों के हाथ में देश की बागडोर सौपेंगे तो आपके हित की बात होगी, देश तरक्की के रास्ते पर अग्रसर होगा।इस अवसर पर राम लखन सिंह, लेखपाल मुकेश कुमार सोनकर, बीएलओ ओमप्रकाश और कालेज के प्राचार्य सहित पूरा स्टाफमौजूद रहा।

### आरेडिका में संविधान दिवस का आयोजन



**रायबरेली।** भारतीय संविधान की 72वीं वर्षगांठ के अवसर पर आरेडिका में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें महामहिम राष्ट्रपति द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संविधान की उद्देशिका का पाठ किया गया। इसी के साथ आरेडिका महाप्रबंधक विनय मोहन श्रीवास्तव एवं उच्चाधिकारियों द्वारा संविधान की उद्देशिका का पाठ किया गया और आरेडिका के अन्य अधिकारियों और कमर्चारियों ने अपने कायर्स्थल पर ही संविधान की उद्देशिका का पाठ किया। महाप्रबंधक ने बताया कि भारत एक विविधताओं का देश है यहाँ दुनिया के सभी धर्म एवं संस्कृतियों के लोग निवास करते हैं इसीलिए इसे एक उपमहाद्वीप की संज्ञा दी जाती है। इन सबको एक सूत्र में पिरोने का कार्य हमारे देश का संविधान करता है जो सभी नागरिको को समानता, स्वतंत्रता और विकास के समान अवसर प्रदान करता है।

# राजा मयंकेश्वर शरण सिंह वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडेय के आवास पर पहुंचे



**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडेय की मां सुशीला देवी पांडेय पूर्व सभासद के निधन पर शोक जताने तिलोई के विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता राजा मयंकेश्वर शरण सिंह श्री पांडेय के आवास पर पहुंचे और उन्होंने गहरा दुख जताया। आपको बता दें कि, इस मौके पर तिलोई विधायक ने कहा कि, भाजपा से सभासद रही सुशीला देवी पांडेय गरीबों और महिलाओं के लिए लगातार काम करती रही हैं। उनकी ख्याति एक मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में होती रही है। उनके निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। दुख की इस घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ पूरी सहानुभूति रखते हैं। निश्चित रूप से पूर्व सभासद सुशीला पांडे के निधन से समाज को अपूर्णीय छति पहुंची है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी की इस मौके पर उनके साथ पूर्व भाजपा विधायक राजाराम त्यागी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, सिंह, शिवम सिंह, चंद्रपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

संवाददाता। रायबरेली

**ब्लॉक संसाधन** केंद्र सलोन में दिव्याँग बच्चों की तहसील स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता जिला बेसिक शिक्षा विभाग की समेकित शिक्षा इकाई के अंतर्गत आयोजित की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के आदेशानुसार एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शुभा त्रिपाठी के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रजापति के संयोजन में आयोजित की गई जिसमें डीह, छतोह व सलोन के 6 से 14 आयु वर्ग के दृष्टिबाधित ,मूक बधिर ,मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों ने रस्साकशी, छूकर पहचान करना , कुर्सी दौड़, दौड़ मूकबधिर ,एवं दौड़ अस्थि बाधित ,बच्चों के साथ-साथ ब्रेल लेखन ,रंगोली आदि प्रतियोगिताऐं संपन्न कराई गयीं खंड शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रजापति ने दोनों पैरों से पूर्णतया दिव्याँग डीह के अर्पित यादव के हौसले और जज्बे की सराहना की और कहा की इस छात्र ने अपने दोनों हाथों की मदद से दौड़ कर तृतीय स्थान प्राप्त किया जो काबिले तारीफहै और कहा कि ऐसे आयोजनों से दिव्याँग बच्चों के अंदर छुपी बहुत सी प्रतिभाएं भी निकल करसबके सामने आती हैं, इन बच्चों ने यह साबित कर दिखाया है कि दिव्यांगता बाधक नहीं योग्यता में बल्कि बनती है मिशाल। खेल प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका विशेष शिक्षक बृजेश यादव, महेश मोदनवाल व शिवनंदन वर्मा ने निभाई,



संचालन मीडिया प्रभारी मोहम्मद इस्माइल खान ने किया धन्यवाद व आभार विशेष शिक्षक भूपेंद्र बहादुर सिंह ने किया। प्रतियोगिता में डीह, छतोह, सलोन के लगभग 50सामान्य तथा 50दिव्यांग बच्चों ने तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति अपने अभिभावकों के साथ दर्ज कराई। दृष्टिबाधित छूकर प्रतियोगिता में संजना सलोन प्रथम, राज छतोह द्वितीय, सत्यम सलोन तृतीय, 50 मीटर दौड़ में अंकित छतोह प्रथम, सोनू छतोह द्वितीय, अर्पित डीह तृतीय, रस्साकशी प्रतियोगिता में डीह सलोन प्रथम ,छतोह द्वितीय ब्रेल लेखन में डीह के दीपक यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,कुर्सी दौड़ बालक वर्ग में हिमांशु सलोन प्रथम ,गोविंद छतोह द्वितीय ,इरफान डीह तृतीय, कुर्सी दौड़ बालिका वर्ग में खुशी सलोन प्रथम ,सुनैना सलोन द्वितीय लाजमी छतोह तृतीय रहे। प्रतियोगिता संपन्न कराने में भूपेंद्र सिंह, बृजेश यादव, राकेश सिंह, महेश, चंद्रप्रकाश, शिवनंदन, अखिलेश सिंह, कदीर अहमद, राजेश मिश्रा, मोहम्मद इस्माइल खान आदि शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग से मो. मोबीन व एसएमसी अध्यक्ष कम्पोजिट विद्यालय बगहा नेहाल अहमद की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बनकटी की राह पर चला बहादुरपुर

- 20 साल पहले दो व्यक्तियों के हत्या कारण बना था प्रमुख की कुर्सी में धोखा देना
- वहीं धोखा देने वाली घटनाएं आज बहादुरपुर में भी दोहराई जा रही
- पहले तीन लाख की बात थी, और आज तीन करोड़ का मामला

संवाददाता। बस्ती

**आज** से 20 साल पहले जो घटना बनकटी में प्रमुख की कुर्सी को लेकर घटी थी, उसी के पुनरावृत्ति होने की आशंका बहादुरपुर में भी जताई जा रही है। इस घटना में दो व्यक्तियों की जान चली गई थी। यह घटना 11 जून 2006 को घटी थी। चुनाव 2000 में हुआ था, और चार साल तक असली और नकली ब्लॉक प्रमुख के बीच रिश्ता कायम रहा। इस घटना के पीछे भले ही नहर खुदाई में जाने वाली जमीन को माना जा रहा है, मगर कहीं न कहीं इसके पीछे वह रंजिश भी छिपी हुई थी, जिसमें चार साल बाद असली ब्लॉक प्रमुख राम प्रकाश चौधरी ने अचानक उस व्यक्ति से कुर्सी वापस ले ली, जिसने उसे ब्लॉक प्रमुख बनाने में तीन लाख खर्च किया। जबकि बताया जा रहा है, कि अमरढोभा का रहने वाले जिस व्यक्ति को ब्लॉक प्रमुख बनाया वह ब्लॉक प्रमुख बनाने वाले के यहां वाहन चालक की नौकरी करता था। आज वही कहानी बहादुरपुर में दोहराई जाने की आशंका जताई जा रही है। फर्क इतना है, कि इस बार खलीलपटटी निवासी जिस रामकुमार नामक व्यक्ति को जिन लोगों ने ब्लॉक प्रमुख बनाया, और जिसने अचानक पलटी मार दी, उन लोगों का तीन करोड़ खर्च हुआ। लगभग डेढ़ माह अज्ञातवास में रहने के बाद जिस तरह भाजपा से सपा में गए बहादुरपुर ब्लॉक प्रमुख अचानक रामकुमार सपा जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव के साथ प्रकट हुए और ब्लॉक न जाकर सीधे डीएम कार्यालय पहुंचे, उससे लोग चकित रह गए, हैरान करने वाली बात यह रही कि सत्ता के करीबी होने के बाद भी विरोधियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। जब तक पता चलता तब तक काफी देर हो चुकी थी, और वह व्यक्ति परिवार के साथ अज्ञातवास में चला गया। लोगों के समझ में नहीं आ रहा है, कि आखिर ब्लॉक प्रमुख और सपा वाले यह लुकाछिपी का खेल क्यों खेल रहे हैं, जब कि अब रामकुमार पूरी तरह सपाई हो चुका है, तो ऐसे में सपा वाले क्यों नहीं उसे सबके सामने ला रहे हैं, क्यों पूरे ब्लॉक को अंधेरें में रखा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या रामकुमार को किसी से खतरा हैं, और है, तो क्यों नहीं शासन-प्रशासन और पुलिस की मदद ली जा रही है। लोगों को इस बात का डर सता रहा है, कि कहीं बनकटी वाली कहानी न दोहराई जाए।

जिले के अब तक के इतिहास में यह पहली बार है, जब कोई चुना गया ब्लॉक प्रमुख इस तरह छिपता फिर रहा है। इससे सबसे अधिक परेशान ब्लॉक कर्मी और क्षेत्र पंचायत सदस्य लोग हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है, कि उनके द्वारा चुने गए ब्लॉक प्रमुख आखिर किसके डर से छिपते फिर रहे है। अकारी से क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रपाल चौधरी सहित अन्य का कहना है, कि वह लोग तो मुखिया बिना बेसहारा हो गए, कहते कि इसे लेकर क्षेत्र में काफी आक्रोश व्याप्त है। कई बीडीसी का तो यह तक कहना है, कि अगर रामकुमार काम करने में अक्षम है, तो उन्हें इस्तीफा दें देना चाहिए, ताकि वह लोग फिर से किसी अन्य को ब्लॉक प्रमुख चुन सके। इन लोगों का यह भी कहना है, कि रामकुमार ने पूरे ब्लॉक क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था। विकास न होने से क्षेत्र की जनता उनसे कई तरह के सवाल पूछ रही है। कहते हैं कि ऐसे जनप्रतिनिधि होने से क्या लाभ जो जनता के काम न आ सके। पूरे ब्लॉक को अंधकार में जिस तरह ब्लॉक प्रमुख छोड़कर गए, उससे पंचायती राज व्यवस्था की गरिमा गिरी है। सबसे अधिक वे फाइनेंसर परेशान हैं, जिन्होंने ब्लॉक प्रमुख पर तीन करोड़ का दांव लगाया है। इन लोगों का धन के साथ मान सम्मान और प्रतिष्ठा चली गई। इसी को लेकर लोग बनकटी की कहनी दोहराने की आशंका जता रहे है। इस पूरे खेल में सबसे अधिक नुकसान अगर किसी के होने की बाते कही जा रही है, वह है, बिना धन लगाए ब्लॉक प्रमुख का रुतबा पाने वाले रामकुमार का।

# बनकटी के 12 सेक्रेटरियों को कारण बताओ नोटिस

- ब्लॉक में 23 करोड़ की प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का बुरा हाल
- धन होने के बावजूद भी लाभार्थियों को निर्माण को नहीं जारी हो रहा पैसा
- 1924 आवास के निर्माण की प्रगति अति दयनीय

संवाददाता। बस्ती

**...वैसे** तो कुदरहा ब्लॉक की श्रेणी में बनकटी ब्लॉक भी आता है। इस ब्लॉक के लोगों पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगता आ रहा है। योजना के प्रति अधिकारी और सेक्रेटरी कितनी रुचि लेते हैं, इसका अंदाजा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की खराब प्रगति को देखकर लगाया जा सकता है। 23 करोड़ की इस परियोजना के पूर्ण होने पर ही सवाल खड़ा होने लगा है। हालत यह है, कि प्रथम किश्त देने के बाद सेक्रेटरी भूल जाता है, कि दूसरे किश्त की भी डिमांड करनी है, और दूसरा किश्त देने के बाद यह तक ध्यान में नहीं रहता है, कि जब तक तीसरी किश्त जारी होगी तब तक आवास पूर्ण नहीं होगा। खराब प्रगति के चलते जहां ब्लॉक की बदनामी हो रही है, वहीं लाभार्थी आवास को पूरा करने के लिए परेशान रहता है। इसी को लेकर बीडीओ डा. विवेक कुमार ने ब्लॉक के 12 सेक्रेटरियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि आप लोगों की लापरवाही के चलते आवास पूर्ण नहीं हो रहे है। कुल 1924 आवास का लक्ष्य है। जिन सेक्रेटरियों को नोटिस जारी किया गया, उनमें रामकेश यादव, संजय कुमार, रामप्रकाश सिंह, अमित प्रकाश, मदन गोपाल पांडेय, पवन कुमार पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, रणविजय सिंह, कु. टिम्सा उर्फ श्वेता, मायावती त्रिपाठी, रंजीत चौधरी एवं शिवनंदन त्रिपाठी का नाम शामिल है।

### ...कहां से आवास पूर्ण जब 20 से 30 हजार ले लिया जाता

**सवाल** उठ रहे हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाला आवास कहां से लाभार्थी पूर्ण करेगा, जब उससे आवास के नाम पर 20 से 30 हजार पहले ही ले लिया जाता है। आवास में पैसा लेने की शिकायतों का अंबार लगा हुआ है। पायनियर टीम के पड़ताल में भी लाभार्थी खुलकर कैमरे के सामने कहता है, कि उससे पहली किश्त जैसे ही मिलती है, उसी में से 20 से 30 हजार जबरिया ले लिया जाता है। कुदरहा ब्लॉक में तो बकायदा एक दर्जन सेक्रेटरियों ने तत्कालीन बीडीओ पर 30 हजार लेकर देने का आरोप लगा चुके है। हालही में बनकटी ब्लॉक प्रमुख के गांव देवमी में एक लाभार्थी ने सीधे प्रधान पर आरोप लगाया कि उससे 20 हजार रुपया ले लिया गया, कहा कि धन के अभाव में आवास पूरा नहीं हो रहा है। अधिकतर आवास इस लिए पूर्ण नहीं हो ाहे हैं, क्यों कि आवास देने से पहले ही 20 से 30 हजार ले लिया जाता है। आवास के मामले में भले ही जिला कभी अव्वल रहा, मगर अब भ्रष्टाचार के मामले में जिला अव्वल साबित हो रहा।

# जांच अधिकारी ने बीडीओ कुदरहा पर लगाया आरोप

- डीएम, सीडीओ और डीपीआरओ को लिखा, बीडीओ नहीं कर रहे जांच में सहयोग
- बीडीओ के असहयोग के चलते नहीं हो रही छरदही के भ्रष्टाचार की जांच
- छरदही को बर्बाद करने के लिए गांव वाले पहले ही बीडीओ पर लगा चुके हैं आरोप

संवाददाता। बस्ती

**कुदरहा** ब्लॉक के वीआईपी गांव छरदही के लोगों के उन आरोपों की पुष्टि हो रही, जिसमें गांव वालों बीडीओ और ब्लॉक कर्मियों पर गांव के विकास का बर्बाद करने और भ्रष्टाचारियों का साथ देने की बाते निरंतर कहने आ रहे है। शुक्रवार को गांव वालों के आरोपों की पुष्टि जांच अधिकारियों में से एक डीआरडीए के अवर अभियंता दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने डीएम, सीडीओ एवं डीपीआरओ को पत्र लिखकर किया। कहा कि बीडीओ कुदरहा से जब भी जांच की तिथि निर्धारित करने को कहा जाता है, कोई जबाव नहीं देते, कहा कि वह पिछले लगभग ढ़ाई माह से समय मांग कर रहे हैं, मगर हर बार टाल दिया जाता है। कहा कि जब सीडीओ का स्मारक पत्र 23 को मिला, तबभी बीडीओ से जांच का समय मांगा गया, फिर भी कोई जबाव नहीं दिया। फोन और पत्र लिखने के बाद भी समय नहीं दिया जा रहा है। यह टीम प्रधान विधावती के उन आरोपों की जांच करना चाहती है, जिसमें उन्होंने ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद कुमार सिंह पर उसका फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मनरेगा में मजदूरी निकालने की बात शपथ-पत्र के साथ कहा था। यूंही नहीं कुदरहा ब्लॉक को भ्रष्टाचार का केंद्र गांव वाले बता रहे है। इस गांव के लोग पिछले 20 साल से भ्रष्टाचार के शिकायतों की जांच शपथ-पत्र के साथ करते आ रहे हैं। गांव वालों का कहना है, कार्रवाई करना तो दूर की बात जांच करने तक कोई नहीं आया। इस गांव में इतनी दहशत है, कि गांव का नाम सुनते ही अधिकारी बगले झाकंने लगते है। गांव वालों की माने तो पिछले 20 साल में विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों और ब्लॉक वालों ने खूब तिजोरी भरी। इस गांव में शासन-प्रशासन के होने का कोई मतलब नहीं। कहतें है कि अब तो प्रधान तक की भी नहीं सुनी जाती, उनके द्वारा शपथ-पत्र के साथ दी गई शिकायत पर जांच टीम तो बैठा दी गई, मगर जांच करना तो दूर की बात, जबाव तक बीडीओ नहीं देते। भ्रष्टाचार का अंदाजा इस गांव में इस बात से लगाया जा सकता है, कि एक सेक्रेटरी प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर जब मर्जी चाहा मनरेगा से मजदूरी के नाम पर धन निकाल लेता है। देश का यह पहला ऐसा ब्लॉक होगा जहां पर दस हजार रुपया मानदेय पाने वाला कम्पयूटर आपरेटर करोड़पति होगया। यह जनप्रतिनिधियों का इतना चहेता है, कि इसके लिए कुछ भी करने को तैयार रहते है। बीडीओ को जब उनके सीयूजी नंबर 9454464729 पर बात करने का प्रयास किया गया, तो सरकारी मोबाइल बंद मिला।

### शिकायतकर्ता को जेल भेजवाने की दी जाती धमकी

**कुदरहा** ब्लॉक के अगर किसी भी ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार की शिकायत किसी ने करने की हिम्मत की तो समझो उसकर खैर नहीं दी, यहां तक कि मीडिया को बोलने और लिखने की इजाजत नहीं है, दबदबा इतना कि खबर लिखने से पहले इजाजत लेना पड़ता है। अगर किसी ने शिकायत करने की हिम्मत दिखाई तो उसे ब्लॉक बुलाकर जेल भेजवाने की धमकी दी जाती है, न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने तक तैयार रहने को कहा जाता है। मार खाने और जेल जाने के डर से लोगों ने शिकायत करना ही बंद कर दिया, मगर छरदही के लोगों ने जिस तरह से हिम्मत दिखाई, उसी तरह के हिम्मत दिखाने की आवश्यकता अन्य ग्राम पंचायत के लोगों से छरदही के लोग कर रहे है। हालही में एक व्यक्ति ने हिम्मत दिखाया तो उसे दिपावली के दिन थाने भेजवा दिया, जब उपर से दबाव बना तो उसे छोड़ना पड़ा। उसकी गलती मात्र इतनी सी थी कि उसने शिकायत कर दी थी। इस ब्लॉक में भ्रष्टाचारियों का इतना दबदबा है, कि कोई विरोध में बोलने की हिम्मत नहीं करता। इस ब्लॉक में पिछले कई सालों से शासन-प्रशासन का नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों का राज चलता है।

# परिस्थितियों को देखकर मनाया जायेगा मगहर महोत्सवः डीएम

- मगहर महोत्सव समिति पदाधिकारियों ने महोत्सव का आयोजन कराये जाने व बजट के लिए शासन को पत्र लिखने का रखा प्रस्ताव

संवाददाता। संतकबीरनगर


महोत्सव के सम्बन्ध में बैठक करतीं जिलाधिकारी पायनियर

**जिलाधिकारी**/अध्यक्ष, मगहर महोत्सव की अध्यक्षता में मगहर महोत्सव 2022 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ व प्रबन्धकारिणी समिति एवं साधारण सभा की प्रथम बैठक अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ आज कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मगहर महोत्सव का सफल आयोजन कराये जाने के सम्बन्ध में आयोजन समिति के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। महोत्सव समिति के संस्थापक सदस्य शिव कुमार गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार एवं समिति के सदस्य पवन कुमार श्रीवास्तव, सुभाष शुक्ला, नासिर अहमद आदि लोगों ने पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी महोत्सव का आयोजन कराये जाने के पक्ष में अपनी राय से प्रशासन को अवगत कराया। जिलाधिकारी/अध्यक्ष, मगहर महोत्सव ने बैठक में कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी मगहर महोत्सव मनाया जाएगा। यह समिति के सदस्य के समक्ष पारित हुआ। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2020-21 में कोविड-19 कोरोना संक्रमण के कारण मगहर महोत्सव का आयोजन नही हो सका था। कोविड-19/कोरोना संक्रमण का प्रभाव नही है। इस लिए समिति के समक्ष मगहर महोत्सव मनाये जाने का निर्णय लिया गया। अपर जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, मगहर महोत्सव मनोज कुमार सिंह समिति को बैठक में पिछली कार्यवाही पढ़कर सुनाई गयी। जिस पर समिति के सदस्यों कोई आपत्ति नही हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से गतवर्ष की कार्यवाही की पुष्टि की गयी। बैठक में जिलाधिकारी/अध्यक्ष मगहर महोत्सव व समिति द्वारा निर्देशित किया गया है कि महोत्सव आयोजन से सम्बंधित सभी पत्रावली सचिव/मगहर महोत्सव समिति/वरिष्ठ कोषाधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के माध्यम से ही अध्यक्ष मगहर महोत्सव के समक्ष भेजा जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत मगहर संगीता वर्मा, उप जिलाधिकारी मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी जगनारायण झा, जिला पूर्ति अधिकारी राजीव शुक्ल, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, अपर मुख्य चिकित्साधिक्षक डा0 मोहन झा, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत राज कुमार सिंह, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित सम्बंधित अधिकारी व मगहर महोत्सव समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण आदि उपस्थित रहें।

# मेहदावल से सपा नेता सुरेन्द्र मोहन ने की दावेदारी



- सपा सदयस्ता ग्रहण के बाद निषाद समाज में खुशी

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष सुरेन्द्र मोहन निषाद ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर मेहदावल विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का दावेदारी किया। पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष गौहर अली खां ने पार्टी में नये सदस्य का स्वागत किये। पूर्व विधायक अब्दुल कलाम, कोषाध्यक्ष डॉ रामनाथ चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष श्याम जी विश्वकर्मा, मो अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, वरिष्ठ नेता राम दरश यादव, महिला जिला अध्यक्ष शकुन्तला यादव , पिछडा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष नसीम अंसारी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव हरिकेश चौरसिया, राम भरोसे वारसी, मेहरूननिशा सहित सपा नेता उपस्थित रहे।

# संविधान ही हमें आजाद देश के नागरिक का कराता है अहसासः जितेन्द्र चौहान

संवाददाता। कानपुर देहात

**संविधान** ही है जो हमें एक आजाद देश का आजाद नागरिक की भावना का एहसास कराता हैएइतना ही नहीं संविधान दिवस के अवसर पर हमें न सिर्फ स्वतंत्र भारत का नागरिक होने की अहसास होता है बल्कि संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों से हमें अपना हक मिलता है साथ ही लिखित मूल कर्तव्यों से हमें नागरिक के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता हैएयह बात सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने संविधान दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय परिसर में वरिष्ठ आर टी आई कार्यकर्ता और दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मेघराज सिंह द्वारा उन्हें संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित गोष्ठि के अवसर पर भारतीय संविधान की प्रति भेंट करने के अवसर पर कहीए जितेन्द्र चौहान ने कहाकिएसंविधान किसी देश के द्वारा स्वीकार्य शासन के तरीकों का वह दस्तावेज़ या परम्परा है जिसके अनुसार देश के शासन का संचालन होता है।उन्होंने कहाकिए संविधान बुनियादी नियमों और सिद्धांतों का एक समूह है जो शासन करते हैं। सबसे लोकतांत्रिक युग में संविधान के बिना देश के प्रशासन को संचालित करना लगभग असंभव है।जितेन्द्र ने राजनीतिक पार्टियों में परिवार वाद पर तंज कसते हुए कहाकि पारिवारिक राजनीतिक पार्टियां लोकतंत्र में आस्था रखने वालों के लिए चिंता का सबब हैं।वरिष्ठ आर टी आई कार्यकर्ता अधिवक्ता मेघराज सिंह ने कहाकि जहां संविधान के दिए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमें हमारा हक दिलाते हैं, वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य में हमें हमारी जिम्मेदारियां भी याद दिलाते हैं।

### संविधान दिवस समारोह का कलेक्ट्रेट व विकास भवन में हुआ आयोजन

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टेड्ट सभाकक्ष व विकास भवन सभागार कक्ष में संविधान की शपथ दिलायी गयी व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की गयी। कलेक्टेड्ट सभागार कक्ष में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह ने संविधान की शपथ दिलायी, जबकि विकास भवन सभागार कक्ष में प्रभागीय वनाधिकारी ने संविधान की शपथ दिलायी। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने वक्तव्य संविधान के प्रति व्यक्त किये तथा राष्ट्रगान भी किया गया। विकास भवन सभागार कक्ष में वरिष्ठ कोषाधिकारी केके पाण्डेय, प्रभागीय वनाधिकारी ए0के0 द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किये। इसमें उन्होंने संविधान निर्माताओं द्वारा विशिष्ट संविधान देने के लिए धन्यवाद अर्पित किया गया।

# परेड के दौरान एसपी ने डायल-112 वाहन को किया चेक

- जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने का दिया निर्देश

संवाददाता। संतकबीरनगर


निरीक्षण करते एसपी पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे परेड की सलामी ली गयी तदुपरान्त परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में महोदय द्वारा यू0पी0-112 की गाड़ियों का गहनता से निरीक्षण किया गया, पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से गाड़ियों/उपकरणों के बारे में जानकारी ली तथा पीआरवी पर तैनात सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्य के बारे में सजग रहने के लिए निर्देशित किया गया तदोपरान्त महोदय द्वारा आमी बैरक का निरीक्षण किया गया तथा बैरक व उसके आसपास की साफ-सफाई हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन रजनीकान्त ओझा, प्रभारी निरीक्षक महुली रणविजय सिंह, थानाध्यक्ष बेलहरकला संतोष कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा महाकुंभ का हुआ शुभारम्भ

- क्षेत्रीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ने किया उद्घाटन, भाजपा के शीर्ष नेता सहित जनपद स्तरीय अधिकारी रहे उपस्थित

संवाददाता। संतकबीरनगर


मसाल जलाकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि पायनियर

**जनपद** में 26, नवम्बर से आगामी 28 नवम्बर 2021 तक होने वाले सांसद खेल स्पर्धा का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने, उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है, जिससे आगे चलकर युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। इसी उद्देश्य से प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय विभिन्न खेलों यथा-एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट एवं हाकी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकें। मुख्य अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष डा0 धर्मेन्द्र सिंह व सांसद प्रवीण निषाद, विधायक मेंहदावल राकेश सिंह बघेल, जिलाध्यक्ष भाजपा जगदम्बा लाल श्रीवास्तव, जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा कांशीराम स्टेडियम खलीलाबाद में जनपद स्तर की सांसद खेल स्पर्धा महाकुम्भ प्रतियोगिता का मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आये छात्र/छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेल महाकुंभ के भव्य आयोजन के लिए तथा अधिक से अधिक खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए सांसद प्रवीण निषाद को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर देश के सभी संसदीय क्षेत्रों में खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों को खेल के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि इसी प्रकार खेल का आयोजन होता रहा तो निश्चित रूप से जिले का खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बल्कि उनकी प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। इसलिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं कराने का निर्णय लिया गया है ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्राप्त हो सके। जब हमारे युवा अपनी खेल प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन करेगें तो वह राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले खेलों में प्रतिभाग कर देश, प्रदेश व जनपद का नाम रोशन करेगे। सांसद प्रवीण निषाद ने का कि यह खेल महोत्सव प्रधानमंत्री के निर्देशन में पूरे देश में आयोजित हो रहा है। अच्छे प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। यह खेल महाकुम्भ संत कबीर नगर के युवाओं को विकास की नयी उचाइयां प्रदान करेंगा। उन्होने कहा कि चाहे सांसद खेल महाकुम्भ हो या खेल के मैदान, प्रत्येक जनपद में स्टेडियम की सरकार द्वारा युवाओं को सुविधा प्रदान की जा रही है। ओलम्पिक एवं पैरा ओलम्पिक में विजयी प्रतिभागियों को सरकार द्वारा नकद पुरस्कार तथा सम्मान पत्र देंकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एस.एन. श्रीवास्तव, पी.डी. डी.डी. शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, डी.पी.आर.ओ. राजेन्द्र प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता व शिक्षक/शिक्षिकायें, छात्र/छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

### भारत व न्यूजीलैंड टेस्ट मैच के टिकट मिले

**कानपुर।** व्यापारियों तथा ग्राहकों के लिये भारत के प्रमुख डिजिटल पेटीएम ने अपने पार्टनर्स व्यापारी भागीदार के लिये पेटीएम से स्टेडियम की घोषणा की। कंपनी कानपुर में भारत बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच के दौरान हरेक मैच के लिए व्यापारियों को 100 टिकट तक की पेशकश कर रही है। यह ऑफ र मुंबई में होने वाले मैचों के लिये भी होगा। जयपुर, राँची और कोलकाता में सैकड़ों व्यापारी पहले ही इन शहरों में आयोजित होने वाले मैचों के टिकट जीत चुके हैं। भारत में भुगतान का सबसे बड़ा प्लेटफ ॉर्म है, जोकि ग्राहकों,व्यापारियों, लेन-देन और राजस्व की संख्यार पर आधारित है। लेन-देन के मूल्य के साथ ही इसके वॉल्यू म के अनुसार यह कंपनी ऑफलाइन व्यापार क्षेत्र में सबसे आगे है। 30 जून 2021 तक इसके 22 मिलियन रजिस्टर्ड व्यापारी हैं। यह कंपनी व्यापारियों को सभी प्रकार के डिजिटल भुगतान स्वीकार करने और इसे बढ़ावा देने के लिये प्रेरित कर रही है। व्यापारी साझीदार, अपने मर्चेंट कैशबैक पॉइंट को रिडीम कर पेटीएम फॉर बिजनेस एप्प से टिकट पा सकते हैं। वे पेटीएम एप्प से भुगतान लेकर और ग्राहकों को पेटीएम के जरिये भुगतान करने के लिये प्रेरित करए पॉइंट्स पा सकते हैं। व्यापारी साझीदारों को हर भुगतान के लिये कैशबैक पॉइंट्स मिलेंगे।

# आज आडिटोरिएम में होगा वार्षिक सहकारी बैंक का नौंवा अधिवेशन

**बस्ती।** बस्ती एवं संतकबीरनगर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि शनिवार को बैंक का नौंवा वार्षिक अधिवेशन आडिटोरिएम में दिन में साढ़े 11 बजे से होगा। इसके मुख्यअतिथि प्रभारी सहकारिता एवं पूर्व सांसद विधासागर सोनकर, विशिष्ठ अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्रप्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी, सांसद हरीश द्विवेदी, विधायक दयाराम चौधरी, अजय सिंह, रविसोनकर, संजय प्रताप जायसवाल एवं चंद्रप्रकाश शुक्ला उर्फ सीए शामिल रहेंगे। बताया कि पहली बार अधिवेशन को व्यापक रुप दिया जा रहा है।

# श्रेयस अय्यर ने जड़ा शतक

## भारतीय टीम 345 रन बनाकर आउट

### ●जवाब में न्यूजीलैंड की मजबूत शुरूआत

**भाषा**। कानपुर



**तेज** गेंदबाज टिम साउदी के पांच विकेट की मदद से भारत को 345 रन पर आउट करने के बाद अपने सलामी बल्लेबाजों विल यंग और टॉम लाथम की उम्दा अर्धशतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन ठोस शुरूआत करते हुए बिना किसी नुकसान के 129 रन बना लिए। श्रेयस अय्यर के पदार्पण टेस्ट में शतक को छोड़कर दूसरे दिन का खेल न्यूजीलैंड के नाम रहा। पहले दिन काइल जैमीसन के बाद दूसरे दिन साउदी ने पहले सत्र में गेंदबाजी में दबदबा बनाया तो दूसरे सत्र में बल्लेबाजी में यंग और लाथम ने भारत के अनुभवी गेंदबाजों को दबाव नहीं बनाने दिया।

ईशांत शर्मा की रफ्तार भी उनकी राह नहीं रोक सकी और रविचंद्रन अश्विन की फिरकी भी नहीं। यंग ने 180 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 75 रन बना लिए हैं जबकि लाथम 165 गेंद में 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जिसमें चार चौके शामिल हैं। न्यूजीलैंड की टीम भारत के पहली पारी के स्कोर से 216 रन पीछे है और उसके सारे विकेट सुरक्षित हैं।कीवी बल्लेबाजों ने पगबाधा के तीन फैसलों के खिलाफ डीआरएस अपील की और कामयाब रहे।

पिच से तेज गेंदबाजों को सुबह अधिक उछाल मिली जिसकी बदौलत साउदी ने चार विकेट चटकाए। वहीं अश्विन और जडेजा जैसे स्पिनरों को टर्न नहीं मिली। अश्विन, जडेजा और अक्षर पटेल ने मिलकर 41 ओवर डाले और 92 रन दिए जबकि किसी को कामयाबी नहीं मिल सकी। वहीं ईशांत ने छह ओवर मे दस और उमेश ने 10 ओवर में 26 रन दिए।

इससे पहले श्रेयस अय्यर अपने पदार्पण टेस्ट में शतक जमाने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बने लेकिन अश्विन को छोड़कर निचले क्रम के बल्लेबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सके। अश्विन ने 56 गेंद में 38 रन बनाए। अपने कल के स्कोर 75 रन से आगे खेलते हुए अय्यर ने 171 गेंद में 105 रन बनाए। वह अपने पहले टेस्ट में शतक जमाने वाले भारत के 16वें क्रिकेटर बन गए। इस सूची में लाला अमरनाथ, गुंडप्पा विश्वनाथ, सौरव गांगुली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के नाम हैं।

सुबह के सत्र में 81 रन बने लेकिन चार विकेट भी गिरे। यह सत्र साउदी के नाम रहा जिन्होंने 27.4 ओवर में 69 रन देकर पांच विकेट लिए। अपना 80वां टेस्ट खेल रहे साउदी 13वीं बार यह कमाल कर चुके हैं। उन्होंने सबसे पहले दूसरी नई गेंद से रविंद्र जडेजा को आउट किया जो कल के स्कोर 50 रन पर ही लौट गए। रिधिमान साहा 12 गेंद में एक रन बनाकर आउट हुए। दूसरी ओर अय्यर ने काइल जैमीसन को थर्डमैन पर शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 चौके और दो छक्के लगाए। साउदी ने कवर में विल यंग के हाथों लपकवाकर अय्यर की पारी का अंत किया। अश्विन ने अपनी पारी में पांच चौके लगाए जिसमें साउदी को कवर में जड़ा दर्शनीय चौका शामिल है।



विल यंग ने नाबाद 75 रन बनाए

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी** : मयंक अग्रवाल का ब्लंडेल बो जैमीसन 13, शुभमन गिल बो जैमीसन 52, चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो साउदी 26, अजिंक्य रहाणे बो जैमीसन 35, श्रेयस अय्यर का यंग बो साउदी 105, रविंद्र जडेजा बो साउदी 50, रिधिमान साहा का ब्लंडेल बो साउदी 12, रविचंद्रन अश्विन बो पटेल 38, अक्षर पटेल का ब्लंडेल बो साउदी 3, उमेश यादव नाबाद 10, ईशांत शर्मा पगबाधा बो पटेल 00

अतिरिक्त : 12 रन

कुल योग : 111.1 ओवर में 345 रन

विकेट पतन : 1-21, 2-82, 3-106, 4-145, 5-266, 6-288, 7-305, 8-313, 9-339

गेंदबाजी : साउदी 27.4 -6-69-5, जैमीसन 23.2-6-91-3, पटेल, 29.1-7-90-2, सोमेरविले 24-2-60-0, रचिन-7-1-28-0

**न्यूजीलैंड पहली पारी** : टॉम लाथम नाबाद 50, विल यंग नाबाद 75

अतिरिक्त : चार रन

कुल योग : 57 ओवर में 129 रन

गेंदबाजी : ईशांत-6-3-10-0, उमेश 10-3-26-0, अश्विन 17-5-38-0, जडेजा 14-4-28-0, अक्षर 10-1-26-0

## पुरानी गेंद से कौशल में सुधार है साउदी के शानदार प्रदर्शन का राज

**कानपुर**। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने पिछले तीन वर्षों में देश से बाहर अपनी शानदार सफलता का श्रेय विदेशी परिस्थितियों में तेजी से ढलने और पुरानी गेंद से अपने कौशल में निखार को दिया। साउदी ने अपने 80वें टेस्ट में 13वीं बार पांच विकेट चटकाने का कारनामा किया, जिसमें भारत में दूसरी बार पांच विकेट झटकना भी शामिल है। इससे उन्होंने अपनी टीम को यहां शुरूआती टेस्ट के दूसरे दिन मेजबानों के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जहां भारतीय तेज गेंदबाजों को विकेट निकालने में जद्दोजहद करनी पड़ी तो वहीं साउदी ने क्रीज का शानदार इस्तेमाल किया और नई व पुरानी गेंद से धीमी पिच पर स्विंग हासिल कर प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों को परेशान किया। नई गेंद से उनके जोड़ीदार काइल जैमीसन भी इसमें पीछे नहीं रहे। साउदी भारत में सभी प्रारूपों में काफी क्रिकट खेल चुके हैं और यह उनका तीसरा टेस्ट दौरा है। उन्होंने बल्लेबाजों को आगे आकर खेलने के लिए फुललेंथ गेंदबाजी भी की जो भारतीय नहीं कर सके।

# कोविड के नए स्वरूप की वजह से भारत के द. अफ्रीकी दौरे को लेकर चिंता

**भाषा**। कानपुर

**दक्षिण** अफ्रीका में दहशत पैदा करने वाले कोविड-19 के नए स्वरूप के कारण भारत के अगले महीने के दौरे को लेकर चिंता पैदा हो गई है, हालांकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का मानना है कि श्रृंखला पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। भारत ए टीम ब्लोमफोंटेन में तीन अनधिकृत टेस्ट मैच खेलने के लिए अभी दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर है जो कि नई परिस्थितियों में प्रभावित हो सकता है। उसका पहला मैच शुक्रवार को ड्रा छूटा जबकि दूसरा मैच 29 नवंबर से खेला जाएगा।

भारत की सीनियर टीम को 17 दिसंबर से शुरू होने वाले अपने लगभग सात सप्ताह के दौरे में तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। ए मैच चार स्थानों जोहानिसबर्ग, सेंचुरियन, पार्ल और केपटाउन में खेले जाएंगे। देश के उत्तरी हिस्से में मामले बढ़ रहे हैं और टेस्ट श्रृंखला के कम से कम दो स्थलों जोहानिसबर्ग और प्रिटोरिया (सेंचुरियन के करीब) में इस नए स्वरूप की चपेट में आ सकते हैं।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि देखिए जब तक हमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) से वहां की स्थिति का पता नहीं चल जाता तब तक हम अपने अगले कदम के बारे में नहीं बता पाएंगे। वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम को मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला समाप्त होने के बाद आठ या नौ दिसंबर को रवाना होना है।

दौरा भले ही अभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से होने की बात की जा रही है लेकिन बीसीसीआई अगले कुछ दिनों में सीएसए से नए प्रकार बी.1.1.529 के बारे में बात कर सकता है जिसने पूरी दुनिया को सतर्क कर दिया है। इस बीच शुक्रवार को रिपोर्टों के अनुसार नीदरलैंड ने अपना वर्तमान दक्षिण अफ्रीकी दौरा रद्द करने का फैसला किया है। उसने यह कदम तब उठाया जबकि सेंचुरियन में दोनों टीमों के बीच पहला वनडे खेला जा रहा था। इसी स्थान पर अगले दो मैच भी खेले जाने थे।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के अनुसार फैसला अगले दो दिन में किया जाएगा क्योंकि नए स्वरूप के कारण यात्रा प्रतिबंध लागू हो गए हैं जिससे मेहमानों की यात्रा योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। सीएसए ने कहा कि श्रृंखला जारी रखने पर फैसला अगले 24 से 48 घंटों में किया जाएगा। अभी सभी उड़ान विकल्पों पर विचार किया जा रहा है।

बीसीसीआई अधिकारी ने संकेत दिए कि भले ही खिलाड़ियों को मुंबई से जोहानिसबर्ग चार्टर्ड विमान से भेजा जाएगा लेकिन बदली परिस्थितियों में उन्हें तीन या चार दिन के कड़े पृथकवास में रहना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि पहले कड़े पृथकवास का कोई प्रावधान नहीं था लेकिन निश्चित तौर पर खिलाड़ी बायो बबल (जैव सुरक्षित वातावरण) में रहेंगे।

# कपिल देव ने हार्दिक पंड्या की काबिलियत पर उठाए सवाल

**भाषा**। कोलकाता



**भारत** के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को पूछा कि क्या हार्दिक पंड्या को हरफनमौला कहा जा सकता है जबकि वह उतनी गेंदबाजी करते ही नहीं हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारतीय टीम के अभिन्न अंग पंड्या ने हाल ही में टी-20 विश्व कप में सिर्फ दो मैचों में गेंदबाजी की। भारत टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था।

अपनी फिटनेस से जुड़े कई मसलों का खुलासा नहीं करने के लिए भी पंड्या की आलोचना हो रही है।उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में जगह नहीं मिली। भारत ने श्रृंखला 3-0 से जीती। कपिल ने रॉयल कलकत्ता गोल्फ कोर्स पर कहा कि हरफनमौला कहलाने के लिए उसे दोनों काम करने होंगे। वह गेंदबाजी नहीं कर रहा है तो क्या उसे हरफनमौला कहेंगे। वह चोट से उबर चुका है तो पहले उसे गेंदबाजी करने दीजिए। भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि वह भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण बल्लेबाज है। गेंदबाजी के लिए उसे काफी मैच खेलने होंगे और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसके बाद ही हम कह सकेंगे। कपिल ने यह भी कहा कि कोच के रूप में राहुल द्रविड़ बतौर क्रिकेटर मिली कामयाबी से भी अधिक कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि वह अच्छा इंसान है और अच्छा क्रिकेटर भी है।

वह बतौर क्रिकेटर जितना सफर रहा, कोच के रूप में उससे भी अधिक सफल होगा। अपने पसंदीदा हरफनमौला के बारे में पूछने पर कपिल ने रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा का नाम लिया। उन्होंने कहा कि मैं आजकल क्रिकेट का सिर्फ मजा लेने जाता हूं। मेरा काम वही है। मैं आपके नजरिए से नहीं देखता। उन्होंने पसंदीदा हरफनमौला के बारे में कहा कि मैं अश्विन का नाम लूंगा। वह जबर्दस्त है।

## फुटबॉल में भारत को ब्राजील ने 6-1 से हराया

**भाषा**। मानौस ( **ब्राजील** )

**भारतीय** महिला फुटबॉल टीम को ब्राजील जैसी धुरंधर टीम ने चार देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले मैच में शुक्रवार को 6-1 से हरा दिया। विश्व कप 2007 की उपविजेता ब्राजील के लिए डेबोरा ओलिवियरा ने पहले ही मिनट में गोल कर दिया। भारत की मनीषा कल्याण ने आठवें मिनट में बराबरी का गोल किया। जियोवाना कोस्टा ने 36वें मिनट में ब्राजील को फिर बढत दिला दी। दूसरे हाफ में ब्राजील ने चार और गोल दाग दिए। उसके लिए एरियाडिना बोर्गेस (52वां , 81वां मिनट), कैरोलिन फेराज (54वां) और गेसे फेरेइरा (76वां) ने गोल किए। इस मैच के साथ ही ब्राजील की मिडफील्डर फोरमिगा ने 43 वर्ष की उम्र में फुटबॉल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सात ओलंपिक और सात विश्व कप खेले हैं।

# पैट कमिंस आस्ट्रेलिया के नए टेस्ट कप्तान बने

**भाषा**। मेलबर्न



**पैट** कमिंस आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम की पूर्णकालिक कप्तानी करने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए जबकि पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को उपकप्तान बनाया गया है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दोनों घोषणा की। उपकप्तान कमिंस अब टिम पेन की जगह लेंगे जिन्होंने एक महिला सहकर्मी को अश्लील मैसेज भेजने का चार साल पुराना प्रकाश में आने के बाद पिछले सप्ताह कप्तानी छोड़ दी।

टेस्ट स्तर पर आस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले आखिरी तेज गेंदबाज रे लिंडवाल थे जिन्होंने 1956 में एक टेस्ट में कार्यवाहक कप्तान के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। कमिंस आस्ट्रेलिया के 47वें टेस्ट कप्तान हैं। स्मिथ को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गेंद से छेड़खानी मामले के बाद कप्तानी से हटाया गया था। उन्हें दो साल के लिए नेतृत्व दल में शामिल किए जाने पर भी रोक लगा दी गई थी। कमिंस ने एक बयान में कहा कि एशेज से पहले इस जिम्मेदारी को स्वीकार करके मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं टिम पेन के काम को आगे बढा सकूंगा। पहला टेस्ट आठ दिसंबर से ब्रिसबेन में खेला जाएगा।

## भारत की दो मिश्रित युगल जोड़ियां विश्व टेबल टेनिस के अंतिम 16 में

**भाषा**। ह्यूस्टन

**मनिका** बत्रा और जी साथियान तथा अचंता शरत कमल और अर्चना कामथ की भारत की मिश्रित युगल जोड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मनिका और साथियान ने प्यूर्टोरिको के एड्रियाना डियाज और ब्रायन एफानडोर को 3-1 से जबकि शरत और अर्चना ने मिस्र के उमर असार और दीना मेशरेफ को 3-2 से पराजित किया।

साथियान हालांकि पुरुष एकल में विश्व के 17वें नंबर के खिलाड़ी अरुणा कादरी से सात गेम में हार गए। महिला युगल में मनिका और अर्चना ने बेल्जियम की मार्गो डेग्रेफ और नथाली मार्खेती को 3-0 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# अब मैं प्रवीण सर को रात्रिभोज पर आमंत्रित कर सकता हूंः श्रेयस अय्यर

**भाषा**। कानपुर

**श्रेयस** अय्यर ने शुक्रवार को यहां कहा कि टेस्ट पदार्पण पर शतक जड़कर उन्होंने अपने कोच प्रवीण आमरे को घर पर रात्रिभोज के लिए आमंत्रित करने का अधिकार हासिल कर लिया है क्योंकि वह पूर्व भारतीय खिलाड़ी द्वारा उनके सामने रखी गई शर्त को पूरी करने में सफल रहे हैं।

अय्यर के पदार्पण टेस्ट में शतक जड़ने से काफी समय पहले आमरे ने उनसे कहा था कि वह तभी उनके घर रात्रिभोज के लिए आएंगे, जब वह टेस्ट शतक लगा लेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद अय्यर ने कहा, इसलिए आज के मैच के बाद (मैच नहीं) बल्कि आज के शतक के बाद मैं उन्हें संदेश भेजूंगा और उन्हें रात्रिभोज के लिए आमंत्रित करूंगा। अय्यर अपने टेस्ट पदार्पण में शतक जड़ने वाले 16वें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। आमरे ने भी अपने टेस्ट पदार्पण में शतक जड़ा था जो उन्होंने 1992 में दक्षिण अफ्रीका में बनाया था। वह अय्यर को कोचिंग दे रहे हैं।

अय्यर ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि जब भी मैं ट्रेनिंग के लिए जाता हूं, तो प्रवीण सर कहते रहते हैं कि तुमने जिंदगी में काफी कुछ हासिल कर लिया है, तुम आईपीएल टीम की कप्तानी कर चुके हो, तुम इतने सारे रन बना चुके हो, ए कर चुके हो, वो कर चुके हो, लेकिन तुम्हारी मुख्य उपलब्धि तभी होगी जब तुम टेस्ट कैप हासिल करोगे और मुझे पूरा भरोसा है कि जब मुझे यह कैप मिली थी तो उन्हें काफी खुशी हुई होगी। उन्हें यह भी लगता है कि सभी शुभकामना भरे संदेशों को देखकर उन्हें अपने खेलने के शुरूआती दिन याद आ गए। अय्यर ने कहा, मुझे नहीं लगा कि मैंने मौका गंवा दिया है, लेकिन मैं इसे इस तरह सोचता हूं कि मुझे मौका ही नहीं मिला। क्योंकि मैं चोटिल था, लेकिन मैं अच्छी स्थिति में था और अंडर-19 में भी मैं काफी आत्मविश्वास से भरा हुआ था।

उन्होंने कहा कि अब मुझे टेस्ट में मौका मिला और पहले में ही मैंने शतक जड़ दिया और इसका अहसास अलग है, मैं इसे बयां नहीं कर सकता।उन्होंने कहा कि मुझे काफी संदेश मिले और सभी में यही था कि यह एक उपलब्धि है और आप अपने जीवन में जो हासिल करते हो, उसमें यह सर्वश्रेष्ठ चीज है। इससे मुझे मुंबई में क्रिकेट दिनों की याद आ गई। यह अच्छा अहसास है।

# लिटन और मुशफिकुर ने शुरूआती झटकों से उबारा

**भाषा**। चटगांव

**विकेटकीपर** बल्लेबाज लिटन दास के करियर के पहले शतक और अनुभवी मुशफिकुर रहीम के साथ उनकी 204 रन की अटूट साझेदारी से बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां शुरूआती झटकों से उबरकर चार विकेट पर 253 रन बनाए। बांग्लादेश ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए पहले 58 मिनट में 49 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन इसके बाद लिटन (नाबाद 113) और मुशफिकुर (नाबाद 82) ने संभलकर बल्लेबाजी की और दिन के अगले लगभग 69 ओवर तक टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। अपना 26वां टेस्ट मैच खेल रहे लिटन ने अपना पहला शतक पूरा किया। उन्होंने अब अपनी पारी में 225 गेंदों का सामना करके 11 चौके और एक छक्का लगाया है। मुशफिकुर की 190 गेंद की पारी में 10 चौके शामिल हैं। इससे पहले बांग्लादेश के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों का सामना करने में नाकाम रहे।

शाहीन अफरीदी ने पांचवें ओवर में ही सैफ हसन (14) को आउट करके पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई जबकि हसन अली ने दूसरे सलामी बल्लेबाज शदमान इस्लाम (14) को पवेलियन भेजा।

कप्तान मोमिनुल हक केवल छह रन बनाकर ऑफ स्पिनर साजिद खान की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे जबकि फहीम अशरफ ने नजमुल हुसैन को आउट करके स्कोर चार विकेट पर 49 रन कर दिया था।

# सिंधू इंडोनेशिया ओपन के सेमीफाइनल में

**भाषा**। बाली



**भारत** की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने एक गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए दक्षिण कोरिया की सिम युजिन को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरूष युगल जोड़ी ने मलेशिया के गोह जे फेई और नूर इजुद्दीन को सीधे गेम में 21-19 21-19 से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिससे भारतीय दल के लिए दिन शानदार हो गया। मौजूदा विश्व चैम्पियन तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने युजिन को क्वार्टरफाइनल में एक घंटे और छह मिनट में 14-21, 21-19, 21-14 से हराया।

अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की इंतानोन रेचानोक से होगा जिन्होंने 850,000 डॉलर की ईनामी राशि के टूर्नामेंट के दूसरे क्वार्टर फाइनल में जापान की असुका ताकाहाशी को 21-17, 21-12 से हराया। भारत के बी साइ प्रणीत पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में ओलंपिक चैम्पियन और पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन से खेलेंगे। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज प्रणीत ने फ्रांस के 70वीं रैंकिंग वाले क्रिस्टो पोपोव को 21-17, 14-21, 21-19 से हराया। सिंधू के लिए युजिन के खिलाफ मैच आसान नहीं था। उसने एक समय 7-1 की बढत बना ली लेकिन जापानी खिलाड़ी ने लगातार छह अंक लेकर वापसी की और फिर ब्रेक तक 11-10 की बढत बना ली। उसने इस लय को कायम रखते हुए पहला गेम जीता।

दूसरे गेम में भी शुरूआत आक्रामक रही लेकिन सिंधू ने अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण रखकर उसे लंबी रेलियों में उलझाया। अपने अपार अनुभव का प्रयोग करते हुए सिंधू ने यह गेम जीता।

# एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी हॉकी में भारत की कप्तानी करेंगे मनप्रीत

**भाषा**। भुवनेश्वर

**ओलंपिक** कांस्य पदक विजेता कप्तान मनप्रीत सिंह ढाका में अगले महीने होने वाली हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की 20 सदस्यीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश टीम में नहीं हैं। स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। यह टूर्नामेंट 14 से 22 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। टोक्यो ओलंपिक के बाद यह भारत का पहला टूर्नामेंट है और टीम में कई नए चेहरों को जगह दी गई है।

श्रीजेश को आराम दिया गया है और गोलकीपिंग का जिम्मा केबी पाठक तथा सूरज करकेरा पर रहेगा। डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह के साथ गुरिंदर सिंह, जरमनप्रीत सिंह, नीलम संजीप सेस, दिप्सन टिर्की, वरूण कुमार और मनदीप मोर होंगे। मिडफील्ड की कमान मनप्रीत, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, सुमित, राजकुमार पाल, शमशेर सिंह और आकाशदीप सिंह संभालेंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में ललित उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, गुरसाहिबजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा होंगे। गत चैम्पियन भारत का सामना पहले दिन कोरिया से होगा। टूर्नामेंट में जापान, मलेशिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश भी खेलेंगे।

मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि हमने भविष्य को ध्यान में रखकर टीम चुनी है। खिलाड़ियों को मौके देने जरूरी है तभी मजबूत टीम तैयार होगी। इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। भारत को 14 दिसंबर को कोरिया से, 15 को बांग्लादेश से, 17 को पाकिस्तान, 18 को मलेशिया और 19 दिसंबर को जापान से खेलना है। सेमीफाइनल 21 दिसंबर को और फाइनल 22 दिसंबर को खेला जाएगा।

# भारत के लिए पोलैंड के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला

### जूनियर हॉकी विश्व कप

**भाषा**। भुवनेश्वर

**कनाडा** जैसी कमजोर टीम पर धमाकेदार जीत दर्ज करके अपने अभियान को ढर्रे पर लाने वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम को एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए शनिवार को पोलैंड के खिलाफ पूल बी का आखिरी मैच हर हालत में जीतना होगा।

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले प्रबल दावेदार माने जा रहे भारत को पहले ही मैच में फ्रांस ने 5-4 से हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इससे भारत के अभियान को करारा झटका लगा और पूल में शीर्ष रहने की उसकी उम्मीदों पर भी पानी फिर गया। एक जीत और एक हार के बाद भारत पूल बी में दूसरे स्थान पर है जबकि फ्रांस दोनों मैच जीतकर शीर्ष पर है। पोलैंड तीसरे स्थान पर है। क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना यूरोपीय दिग्गज और शीर्ष वरीयता प्राप्त बेल्जियम से हो सकता है जो पूल ए में शीर्ष रह सकती है।

ऐसे में भारत को आत्ममुग्धता से बचकर खेलना होगा। फ्रांस के खिलाफ भारतीय टीम बिल्कुल लय में नहीं दिखी। दूसरे मैच में कनाडा के सामने हालांकि उसने चिर परिचित लय का प्रदर्शन किया।

अब यहां से भारत को हर मैच जीतना होगा। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा कि फ्रांस से मिली हार को लेकर अब कुछ नहीं किया जा सकता। यहां से हमें हर मैच जीतना होगा, तभी खिताब बरकरार रख सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभी पूरा फोकस पोलैंड के खिलाफ मैच पर है। उसे जीतकर हीआगे के बारे में सोच सकते हैं।। टीम के लिए यह सबक रहा है। हर मैच कुछ सिखाता है। यही मैं सीनियर खिलाड़ियों से भी कहता हूं। दोनों मैचों में भारत ने गोल करने के मौके बनाए लेकिन उन्हें पूरी तरह भुनाने में नाकाम रहा।

उपकप्तान और स्टार ड्रैग फ्लिकर संजय ने लगातार दो मैचों में हैट्रिक लगाई जबकि उत्तम सिंह ने फॉरवर्ड पंक्ति में अच्छा प्रदर्शन किया। अराइजीत सिंह हुंडल ने भी कनाडा के खिलाफ हैट्रिक लगाई। संजय, हुंडल और शारदानंद तिवारी के रूप में भारत के पास तीन अलग अलग शैली के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ है।

**पूर्वी रोहित पुगलिया महिलाओं के लिए उत्तम औपचारिक पोशाक तैयार करने में मदद करती हैं, एक उत्तम दर्जे के आफिस-लुक के साथ :**

# महिलाओं की औपचारिक पोशाक





भारत, अपने सभी विविध सांस्कृतिक और कार्य-उपयुक्त परिधानों के साथ, उत्तम दर्जे के जातीय संगठनों से लेकर ठाठ पश्चिमी औपचारिकताओं तक, महिलाओं के लिए औपचारिक परिधान के लिए अनगिनत विकल्प प्रस्तुत करता है। कार्यस्थल पर सुस्वादु लेकिन ट्रेंडी ड्रेसिंग ओम्फ में जोड़ती है और आपको आत्मविश्वास से पुरस्कृत करती है।

कार्यालय के लिए सही प्रकार की पोशाक चुनना एक दुविधा है जिससे आप मुश्किल से बच सकते हैं। और घंटों अपनी कोठरी को घूरते रहना कई लोगों के लिए एक आम रस्म है। हालांकि, आम धारणा के विपरीत, आपको काम पर अपना सर्वश्रेष्ठ कपड़े पहनने में सक्षम होने के लिए एक अलग अलमारी की आवश्यकता नहीं है। आपको बस इतना करना है कि एक पहनावा में फेंकने में सक्षम हो जो कि सार्टोरियल लालित्य में रस्सियों को सहजता से रखता है।

ये छह चरण आपको बोर्डरूम में एक स्थायी छाप बनाने में मदद करेंगे।

## अपना औपचारिक पोशाक चुनें

भारतीय फैशन फॉर्मल वियर में अपने कई पसंद विकल्पों के लिए प्रसिद्ध है। आप या तो भारतीय फॉर्मल जैसे साड़ी या सलवार सूट और लेगिंग के साथ कुर्तियां चुन सकते हैं या वेस्टर्न फॉर्मल का विकल्प चुन सकते हैं जिसमें ड्रेस, शर्ट और ट्राउजर या ब्लाउज और स्कर्ट शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की एक अनूठी अपील है और आप उनके बीच वैकल्पिक कर सकते हैं जैसा आप फिट देखते हैं।

## फिट हो जाओ

औपचारिक पोशाक चुनना केवल इतना ही जाता है। सही फिट पाने के लिए बड़ा सौदा है। बदले हुए कपड़े एक स्टाइलिंग विजार्ड हैं जिन्हें आप नहीं जानते थे कि आपको उनकी जरूरत है। लोगों को छोटी फिटिंग के विवरणों पर ध्यान दिए बिना रैक से कपड़े उठाने और काम पर पहनने की आदत है। हर किसी का आकार अनोखा होता है और आपके कपड़े ऐसे दिखने चाहिए जैसे वे आपके लिए बने हों। अपने शरीर के प्रकार के अनुरूप टॉप्स या कुर्तियां बदलवाएं और बॉटम्स को आपको एक साफ और ट्रिम लुक देने के लिए सिलवाया जाए।

## अपने रंग चुनें

अपने कार्यक्षेत्र के अनुरूप सही रंग चुनना आपके पेशेवर व्यक्तित्व को एक पायदान ऊपर ले जाएगा। पेस्टल और पाउडर टिंट, ब्लैक और बेज और ब्लूज़ और ब्राउन जैसे आंखों पर आराम करने वाले रंगों के लिए जाएं। कुछ ठोस और बोल्ड रंग एक शानदार फैशन स्टेटमेंट भी बना सकते हैं, अगर आप उन्हें आसानी से कैरी कर सकते हैं।

## अपने जूतों का मिलान करें

कोई भी औपचारिक पोशाक इसके साथ जाने के लिए सही जोड़ी के जूते के बिना पूरी नहीं होती है। हालांकि, एक आम पहेली यह चुनना है कि पोशाक के साथ सबसे अच्छा क्या है। स्टिलेटोस या नुकीली एड़ी एक कॉर्पोरेट पसंदीदा है और पतली पतलून और ब्लाउज के साथ जोड़े जाने पर उत्तम दर्जे की दिखती है। जबकि यदि आप एक भारतीय औपचारिक पोशाक पहन रहे हैं, तो मंच ऊँची एड़ी के जूते या संगठन के साथ स्ट्रैपी सैंडल एक अच्छा काम है।

## इसे एक्सेसरीज के साथ बढ़ाएं


सही प्रकार की एक्सेसरीज़ आपके वर्कवियर में एक अतिरिक्त बढ़त जोड़ सकती हैं। यह आदर्श व्यक्तित्व-वर्धक है। हालांकि, गहनों के साथ एक अनकहा नियम यह है कि थोड़ा बहुत लंबा रास्ता तय करता है। क्लासिक स्टड और सॉलिटेयर के लिए जाएं, जबकि नेक-पीस भी अधिमानत: सुंदर होने चाहिए। एक आधुनिक घड़ी और एक ब्रेसलेट बांधें और आप कॉर्पोरेट ग्लैम लुक पर राज करने के लिए तैयार हैं।

## बैग के साथ तारीफ

पावर-ड्रेसिंग का एक बड़ा हिस्सा आपके द्वारा ले जाने वाले बैग से संबंधित है। जब स्टाइल स्टेटमेंट बनाने की बात आती है तो वे अपने लिए बोलते हैं। एक बैग जो महिलाओं के लिए ऑफिस-वियर की तारीफ करता है, वह परिष्कृत और फाइलों या नोटपैड के लिए पर्याप्त होना चाहिए। एक टोट बैग आदर्श है क्योंकि यह एक गंभीर स्वर सेट करता है, उसके बाद एक सैचेल या एक संरचित बॉक्सी बैग होता है। अगर आप क्लासीनेस को बढ़ाना चाहते हैं तो ब्रीफ-केस बैग भी आपकी मदद कर सकते हैं।

**( लेखिका वेस्टर्न वर्कवियर ब्रांड नॉट सो पिंक की सह-संस्थापक हैं।)**

# आतंकवाद को परस्पर संबंधों की हमारी कहानी को जाया करने देने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए : अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने तीन दिनों तक खिंची स्याह रात को याद करते हुए शुक्रवार को कहा कि 26/11 आतंक्वादी हमला लंबे समय तक जहन में रहने वाला और उपमहाद्वीप को अब भी निराश करने वाला अशांत इतिहास बन गया है। बच्चन ने मुंबई में 60 घंटे तक चले आतंकवादी हमले की 13वीं बरसी पर इंडियन एक्सप्रेस अखबार में लिखा कि आतंकवाद की किसी भी कार्रवाई को हमारी कहानियों के परस्पर संबद्ध और हमारी बहुसंख्यक एकता को बर्बाद करने की ताकत नहीं मिलनी चाहिए। मुंबई में हुए इस हमले में 166 लोग मारे गए थे जब पाकिस्तान से 10 आतंकवादी समुद्री मार्ग से शहर में घुस आए थे। भारत की सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बच्चन ने कहा कि भारत ने हमले के बाद उल्लेखनीय संयम और धैर्य के साथ काम लिया। उन्होंने कहा, अत्यधिक दबाव के बावजूद, वह पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्वाई करने की उत्तेजना के आगे नहीं झुका - मोहम्मद अजमल कसाब के पकड़े जाने और डेविड हेडली के खुलासों से पाकिस्तान की सैन्य समर्थित आईएसआई प्रतिष्ठान में उसके नियंत्रण के बाहर राज्एतर तत्वों के होने की जानकारी होने के बाद भी, और पाकिस्तान को शर्मसार करने में भी भारत ने कोई कसर नहीं छोड़ी। बच्चन (79) ने खुद को भय से विकृत और परिभाषितै तथा संदेह की नजर से देखने के खिलाफ आगाह किया। उन्होंने लिखा, सच्चाई यह है कि 26। 11 लंबे समय तक जहन में रहने वाला है और यह ऐसा अशांत इतिहास बन गया है जिसके जम अब भी हमारे उपमहाद्वीप के जहन में हरे हैं। अपने दुर्लभ, समाचार पत्र लेख में, अभिनेता ने कहा कि हम जो कहानियां सुनाते हैं, वे अक्सर हमसे बड़ी हो सकती हैं,... सीमाओं के पार से, कभी क्रिकेट के जरिए, कभी फिल्म के माध्यम से। अपनी इस बात को साबित करने के लिए उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली का पाकिस्तान के मोह मद रिजवान और बाबर आजम से गले मिलने का, फिल्म बजरंगी भाईजान आदि का उदाहरण दिया।

# ‘साथी दिखने में अच्छा हो’

**बेटरहाफ.एआई सर्वेक्षण के अनुमानों ने कुछ महत्वपूर्ण कारकों का खुलासा किया जो एक मैच-मेकिंग साइट पर पार्टनर-खोज प्र‍ि या को प्रभावित करते हैं, जिसमें अधिकांश युवा लुक को सबसे अधिक प्रभाववादी मानते हैं। प्रस्तुत है पवन गुप्ता का विश्लेषण :**

हम सभी ने समाचार पत्रों में विवाह सूची को देखा है जिसमें दुल्हन या दूल्हे के प्रकार की आवश्यकता होती है। यह आमतौर पर एक विशिष्ट जाति / धर्म से एक शिक्षित, घरेलू लेकिन आधुनिक दुल्हन की आवश्यकता का उल्लेख करता है जिसमें सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली विशेषता है - निष्पक्ष-चमड़ी और सुंदर। भले ही हम डिजिटल रूप से संचालित दुनिया में रहते हैं जहां युवा शहरी भारतीय अपने साथी को ऑनलाइन खोजते हैं, निर्णय लेने का मानदंड वही रहता है।


युवा भारतीयों की मैच-मेकिंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, बेटरहाफ.एआई ने हाल ही में एक ऑनलाइन सर्वेक्षण किया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि लोग अपने साथी की खोज करते समय किन सबसे महत्वपूर्ण कारकों पर विचार करते हैं और इन कारकों को दूर करने के लिए वे कितना महत्वपूर्ण महसूस करते हैं। सर्वेक्षण के अनुमानों में कुछ महत्वपूर्ण कारक सामने आए हैं जो मोबाइल स्क्रीन के पीछे भागीदार-खोज प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।

निष्कर्षों के अनुसार, 286 उत्तरदाताओं में से 43 प्रतिशत अविवाहित भारतीय वैवाहिक प्रोफ़ाइल पर लुक को पहली चीज़ मानते हैं। हालांकि यह कारक भौतिकवादी दृष्टिकोण पर आधारित है, अविवाहित भारतीय वैवाहिक जीवन में रुचि दिखाने से पहले दिखने पर विचार करते हैं। दूसरी ओर, 22 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उम्र, 19 प्रतिशत पेशे पर विचार किया, जबकि 16 प्रतिशत पहले वेतन को वैवाहिक प्रोफ़ाइल पर देखते हैं।

जबकि हम सभी के लिए एक सामाजिक पहचान बनाने की बात करते हैं, हमें यह भी समझना चाहिए कि मैच बनाने वाली साइटों पर किसी व्यक्ति का ऑनलाइन प्रतिनिधित्व भी महत्वपूर्ण है और आपके द्वारा डाली गई तस्वीरें आपकी पहली छाप हैं। तो, यहां दिखने का मतलब यह नहीं है कि आप अच्छे दिखने वाले या बुरे दिखने वाले हैं, लेकिन चित्रों की नियुक्ति, चित्रों की गुणवत्ता, चित्रों की विविधता जो किसी प्रोफ़ाइल को रोचक और भरोसेमंद बनाती है, वह भी मेक-या-ब्रेक पॉइंट हो सकता है एक ऑनलाइन दुनिया में प्रोफाइल।

कहानी की नीति ? अपनी ऑनलाइन पहचान बनाने में समय लगाना वास्तव में आपके पक्ष में काम कर सकता है। अधिकांश एकल युवा सहस्त्राब्दी अपने लिए जीवन साथी खोजने की प्रक्रिया में हैं। जबकि पार्टनर-खोज एक चिंताजनक प्रक्रिया है, प्रोफाइल को बाहर निकालने का पारंपरिक तरीका समान या उच्च पारिवारिक आय वर्ग, जाति, आयु, धर्म, कुंडली और भाषा जैसे कारकों द्वारा कुछ नाम रखने के लिए मानदंड पर आधारित है।

साथी-खोज प्रक्रिया के दौरान, आजकल लोग जाति, धर्म, समुदाय और संस्कृति पर विचार करने के अन्य पारंपरिक मानदंडों पर, प्रोफ़ाइल में अपनी रुचि दिखाने से पहले पेशे और वेतन पर भी विचार करते हैं।



सर्वेक्षण में इस बात पर भी जोर दिया गया कि क्या भारत में शादियां कभी भी मैच-मेकिंग के पारंपरिक कारकों को दूर करने में सक्षम होंगी या नहीं। निष्कर्ष बताते हैं कि 58 प्रतिशत मानते हैं कि ये कारक उनके प्राथमिक फ़िल्टर नहीं हैं जबकि 42 प्रतिशत उन्हें बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं। निष्कर्ष स्पष्ट रूप से बताते हैं कि जातिवाद, उम्रवाद और धर्म की समस्याएं हमारे देश में जीवन साथी खोजने की प्रक्रिया को अत्यधिक प्रभावित करती हैं। हालांकि, शहरी भारतीयों की मानसिकता धीरे-धीरे और तेजी से पुराने मैचमेकिंग मानदंडों के बजाय संगतता के आधार पर अधिक यथार्थवादी दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही है।

ऑनलाइन दुनिया में विकल्पों की आमद को ध्यान में रखते हुए, व्यस्त एकल भारतीय अपनी विशिष्ट आधुनिक प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बेहतर और कुशल वैवाहिक साइटों और ऐप्स की तलाश करते हैं। जीवन साथी-खोज प्रक्रिया धीरे-धीरे बदल रही है और एक स्वप्निल परी कथा की तुलना में अधिक तार्किक होती जा रही है।

**( लेखक बेटरहाफ.एआई के सीईओ हैं, जो माता-पिता की भागीदारी के बिना भारत का पहला वैवाहिक आवेदन है )**

# सोशल मीडिया बनाम मानसिक स्वास्थ्य

**‘अनुजा कपूर’ का कहना है कि सोशल मीडिया पर अपने एक्सपोजर को सीमित करने से आपकी चिंता और अवसाद कम होगा :**

सोशल मीडिया एक अन्य कारक है जो इसके द्वारा किए जाने वाले अच्छे पर इसके प्रतिकूल प्रभावों से अधिक है। सोशल मीडिया आपको चिंतित, उदास महसूस करवा सकता है और यहां तक कि आपको एक असफल व्यक्ति के रूप में भी चित्रित कर सकता है। इस नकारात्मक प्रभाव के पीछे का कारण यह है कि सोशल मीडिया साइटों को लगातार आपके दोस्तों, सहकर्मियों, या यहां तक कि परिवार के सदस्यों का आनंद लेने, पार्टी करने, यात्रा करने, सही नौकरी पाने या शादी करने की तस्वीरें और स्थिति के साथ अपडेट किया जा रहा है। किसी तरह यह आपको महसूस कराता है कि हर कोई सपना जी रहा है और आप अपने माता-पिता के साथ घर पर फंस गए हैं, या अपनी शिक्षा के कारण कर्ज में डूबे हुए जीवन जी रहे हैं या आपके ऊपर गृह ऋष्टा लटका हुआ है। हमें यह महसूस करने की आवश्यकता है कि हमें हजारों वर्षों से सोशल मीडिया की आवश्यकता नहीं है, इसलिए हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि यदि हमारे पास नहीं है तो जीवन समाप्त हो गया है।


सोशल मीडिया नकारात्मक अनुभवों को बढ़ावा दे सकता है जैसे :

## थोड़ा लग रहा है

आमतौर पर, सोशल मीडिया पर छवियों में हेराफेरी की जाती है, लेकिन फिर भी यह दर्शकों के जीवन में एक चिंता और असुरक्षा को सफलतापूर्वक जन्म देती है। हालाँकि, हमें इस बात से अवगत होने की आवश्यकता है कि यह उच्च है कि लोग अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, और निम्न को छोड़ देते हैं। मुस्कुराहट और उपलब्धियां आपके भीतर ईर्ष्या और असंतोष की भावना पैदा करती हैं क्योंकि आप समुद्र तट की छुट्टी या पेशेवर मोर्चे पर पदोन्नति के आसपास केंद्रित मित्र की प्रोफ़ाइल के माध्यम से स्क्रॉल कर रहे हैं, और इसी तरह।

## छूटा हुआ महसूस कर रहा है

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में छूटे जाने की भावनाओं को बढ़ाने की क्षमता है क्योंकि अन्य लोग मौज-मस्ती कर रहे हैं या ऐसा जीवन जी रहे हैं जो आप चाहते थे। कुछ चीजों को याद करने का विचार आपके आत्म-सम्मान को प्रभावित कर सकता है, चिंता को ट्रिगर कर सकता है और सोशल मीडिया के अधिक से अधिक उपयोग / दुरुपयोग को बढ़ावा दे सकता है। यहां तक कि यह आपको हर दो मिनट में अपडेट लेने, स्क्रॉल करने और जांचने के लिए प्रेरित करता है या हर अलर्ट पर जुनूनी प्रतिक्रिया देता है - भले ही इसका मतलब है कि आप ड्राइविंग करते समय जोखिम लेना, रात में नींद से गायब होना, या वास्तविक पर सोशल मीडिया इंटरैक्शन को प्राथमिकता देना- विश्व संबंध।




## एकांत

एक अध्ययन से पता चलता है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का अत्यधिक उपयोग अकेलेपन की भावना को कम करने के बजाय बढ़ा देता है। अध्ययन में आगे बताया गया है कि सोशल मीडिया के उपयोग को कम करने से आप कम अकेला और अलग-थलग महसूस कर सकते हैं और अपनी भलाई में सुधार कर सकते हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं

मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मनुष्य को आमने-सामने संपर्क की आवश्यकता होती है। कोई भी चीज़ तनाव को कम नहीं करती है और आपके मूड को किसी ऐसे व्यक्ति के साथ आँख से आँख मिलाने की तुलना में तेज़ या अधिक प्रभावी ढंग से बढ़ा देती है जो आपकी परवाह करता है। जितना अधिक आप व्यक्तिगत संबंधों पर सोशल मीडिया इंटरैक्शन को प्राथमिकता देते हैं, उतना ही आपको चिंता और अवसाद जैसे मूड विकारों के विकास या तेज होने का खतरा होता है।

## साइबर हमलों का शिकार होने के नाते

अधिकांश किशोरों को सोशल मीडिया पर साइबर धमकी का शिकार होना पड़ा है, विशेष रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियों का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हानिकारक अफवाहें, झूठ और गालियां फैलाने के लिए एक हॉटस्पॉट हैं जो स्थायी भावनात्मक निशान छोड़ सकते हैं।



## आत्मकेंद्रित होने की भावना

सोशल प्लेटफॉर्म पर लगातार सेल्फी और अपनी अंतरतम भावनाओं को साझा करने से एक अयोग्य और असंगत व्यक्ति बन जाता है, जो आपको वास्तविक जीवन के परिदृश्यों से दूर कर देता है।

अपने जीवन को सकारात्मक रूप से बदलने और इसे योग्य बनाने के लिए, सोशल मीडिया डिटॉक्स का प्रयास करें। जांच करने के लिए कोई सूचना नहीं, देखने के लिए कोई फ़ोटो नहीं, और रीट्वीट करने के लिए कोई ट्वीट नहीं, आप देखेंगे कि आपकी उत्पादकता और जीवन में खुशी बढ़ती जा रही है। इस प्रकार, सोशल मीडिया से बचने के कुछ कारण यहां दिए गए हैं :

- सोशल मीडिया से दूर रहने से सूचनाओं की अधिकता को रोककर आपकी नींद में सुधार होता है।
- हेरफेर से बचने के लिए
- मीडिया साइटों के साथ आपका डेटा बिक्री के लिए है, भले ही आप जिस गोपनीयता के लिए बीमाकृत हैं, उसकी परवाह किए बिना।
- सोशल मीडिया आपके बाध्यकारी व्यवहार को बढ़ाने के सबसे बड़े कारकों में से एक है
- यह जीवन में असंतोष और अकेलापन मंत्र देता है
- समय सार का है लेकिन सोशल मीडिया सिर्फ इसका हत्यारा है

आपकी भलाई की बात करें तो, सोशल मीडिया से दूर रहना आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। शोध से पता चलता है कि सोशल मीडिया के लिए अपने जोखिम को सीमित करने से चिंता और अवसाद कम हो जाता है। यह सीधे तौर पर सोशल मीडिया से लगातार विचलित न होकर आपके कार्य प्रदर्शन में सुधार को दर्शाता है। जबकि सोशल मीडिया दुनिया भर के लोगों के साथ संपर्क में रहने का एक बेहतरीन साधन है, लोगों के साथ आमने-सामने उलझने से बढ़कर कुछ नहीं है। यदि आप अपने सोशल मीडिया खातों को हटा नहीं सकते हैं, तो अपने उपयोग को सीमित करने का प्रयास करें।

**( लेखक मनोवैज्ञानिक और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ हैं।**